सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

मंगलवार, 03 फरवरी, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 33, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स ने लगायी 943 अंक की छलांग

आम बजट के दिन भारी गिरावट का सामना करने वाले घरेलू शेयर बाजार ने सोमवार को जोरदार वापसी की और सेंसेक्स 943 अंक चढ़कर बंद हुआ } 14

## आईबीसी संशोधन विधेयक पेश करेगी सरकार

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार की नौ मार्च से शुरू होने वाले बजट सत्र के दूसरे चरण में दिवाला एवं ऋण शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक, 2025 पेश करने की योजना है। } 16

# लखनऊ मेट्रो के ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर निर्माण का टेंडर जारी

विशेष संवाददाता



लखनऊ। राजधानी में चारबाग से बसंतकुंज रूट पर ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर में मेट्रो दौड़ाने के लिए पहली प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (यूपीएमआरसी) ने लखनऊ मेट्रो लाइन के दूसरे फेज ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर के डिजाइन कंसल्टेंट कॉन्ट्रैक्ट के लिए 'आयशा' को चयन कर लिया है।

- आयशा तैयार करेगी डिपो व स्टेशनों की डिटेल डिजाइन

लखनऊ मेट्रो फेज 1बी परियोजना के तहत, आयशा की 15.90 करोड़ रुपये की बोली के आधार पर इस कंसल्टेंसी कॉन्ट्रैक्ट की जिम्मेदारी दी गई है। लखनऊ मेट्रो की लाइन-2 परियोजना के अंतर्गत चारबाग रेलवे स्टेशन से वसंत कुंज तक पुराने लखनऊ के रास्ते 11.165 किमी लंबी लाइन-2 का निर्माण शामिल है, जिसमें 12 स्टेशन होंगे। तीन बोगियों वाली ब्लू लाइन मेट्रो के निर्माण पर कुल 5801 करोड़ रुपये खर्च हो सकते हैं। इस प्रोजेक्ट पर खर्च होने वाली आधी धनराशि केंद्र व राज्य सरकार प्रदान करेंगी। वहीं, शेष का ऋण यूपीएमआरसी लेगा। यूपीएमआरसी करीब 2900 करोड़ रुपये का ऋण लेगा। केंद्र ...शेष पृष्ठ 14 पर

# राहुल ने संसद की गरिमा घटायीः भाजपा

## राहुल गांधी ने लोकसभा अध्यक्ष के फैसले की अवहेलना करते हुए सदन में झूठे आरोपों से भारतीय सैनिकों का मनोबल गिराया

एजेंसी


नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के फैसले की अवहेलना करते हुए सदन में भारत-चीन सीमा मुद्दे पर अपने झूठे आरोपों से संसद की गरिमा को कम किया और भारतीय सैनिकों का मनोबल गिराया। लोकसभा में उस समय हंगामा हो गया जब विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पूर्व सेना प्रमुख जनरल एम एम नरवणे के एक अप्रकाशित संस्मरण को उद्धृत करने का प्रयास करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पर निशाना साधा।



हालांकि, रक्षा मंत्री और अन्य भाजपा सदस्यों ने इसका कड़ा विरोध किया और कांग्रेस नेता पर सदन को गुमराह करने का आरोप लगाया। इस मुद्दे पर गतिरोध के कारण सदन की बैठक दो बार के स्थगन के बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कांग्रेस नेता से कई बार यह अपील की कि वह पुस्तक या किसी पत्रिका को सदन में उद्धृत नहीं कर सकते, हालांकि राहुल गांधी ने पूर्व सेना प्रमुख का हवाला देते हुए चीन के साथ भारत के सैन्य तनाव का विषय उठाने का प्रयास किया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए आरोप लगाया कि यह "जानबूझकर" और भारत को बदनाम करने तथा देश की सेना का मनोबल गिराने की सोची-समझी साजिश" का हिस्सा था। रीजीजू ने कहा, राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ खिलवाड़ न करें और भारत-विरोधी तत्वों की भाषा न बोलें। राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे को राजनीतिक हथियार न बनाएं। उन्होंने कांग्रेस नेता से यह भी कहा कि उन्हें कांग्रेस सरकार के दौरान भारत के हिस्से को चीन के हाथों गंवाने पर देश से माफी मांगनी चाहिए। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने राहुल पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता संसद में दुश्मनों की भाषा बोल रहे थे। सिंह ने संसद भवन परिसर में कहा कि वह सदन के अंदर, देश के अंदर और विदेश में दुश्मनों की भाषा बोलते हैं। यह सोनिया गांधी का घर नहीं है। यह लोकसभा है। यह लोकसभा अध्यक्ष की दी गई व्यवस्था से और नियम पुस्तिका में बताए गए नियमों के अनुसार चलेगी। भाजपा के मुख्य प्रवक्ता अनिल बलूनी ने लोकसभा अध्यक्ष की व्यवस्था के बावजूद इस मुद्दे पर बोलने पर अड़े रहने के लिए कांग्रेस नेता की आलोचना ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### दलाई लामा को मिला ग्रैमी अवार्ड



लॉस एंजिल्स। तिब्बत के आध्यात्मिक गुरु, दलाई लामा को यहां रविवार देर रात संपन्न हुए 68वें ग्रैमी अवाड्र्स में 'बेस्ट ऑडियोबुक, नरेशन एंड स्टोरीटेलिंग रिकॉर्डिंग' श्रेणी में विजेता चुना गया। इससे चीन की तिलमिलाहट बढ़ गई है। गौरतलब है कि इस श्रेणी के लिए चार अन्य लेखक भी दौड़ में थे लेकिन दलाई लामा को पुरस्कार के लिए चुना गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान उनके ऑडियोबुक प्रोजेक्ट 'मेडिटेशंस: द रिफलेक्शंस ऑफ हिज होलीनेस द दलाई लामा' के लिए मिला है। उनके अलावा इस श्रेणी में मशहूर कॉमेडियन ...शेष पृष्ठ 14 पर

### धर्मांतरण कानून के मामले में केंद्र व 12 राज्यों को नोटिस

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने धर्मांतरण रोधी कानूनों की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली नेशनल काउंसिल ऑफ चर्चेज इन इंडिया (एनसीसीआई) की नयी याचिका पर सोमवार को केंद्र के साथ-साथ राजस्थान और अरुणाचल प्रदेश सहित 12 राज्यों को नोटिस जारी किया। एनसीसीआई द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ता मीनाक्षी अरोड़ा के जरिये दाखिल इस जनहित याचिका में धर्मांतरण रोधी कानूनों के क्रियान्वयन पर तत्काल रोक लगाने का अनुरोध किया गया है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने एनसीसीआई की दलीलों पर संज्ञान लेते हुए केंद्र तथा 12 राज्य सरकारों से चार सप्ताह के भीतर जवाब तलब किया। ...शेष पृष्ठ 14 पर

# दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा भारत : योगी

## दूरदर्शी बजट के लिए पीएम मोदी व वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति जताया आभार



विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर से तेजी से आगे बढ़ा है। केंद्रीय बजट की विशेषताओं को लेकर आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने दूरदर्शी बजट प्रस्तुत करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहला बजट है जो कर्तव्य भवन से तैयार होकर सामने आया है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि यह बजट हर भारतीय को अपने कर्तव्यों का बोध कराता है और इसमें भविष्य के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। योगी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में देश की 25 करोड़ से अधिक आबादी गरीबी रेखा से बाहर निकलकर भारत की प्रगति में अपना योगदान दे रही है। उन्होंने कहा कि इसी का परिणाम है कि भारत आज दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2015 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 26 नवंबर को संविधान दिवस घोषित किया था और उनका निरंतर आग्रह रहा है कि हमें राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ कार्य करना चाहिए। उन्होंने मौलिक अधिकारों के साथ-साथ मौलिक कर्तव्यों पर भी राष्ट्रव्यापी चर्चा का आह्वान किया था। योगी ने कहा, हम मौलिक अधिकारों की तो बात करते हैं, लेकिन अपने कर्तव्यों पर चर्चा नहीं करते। राष्ट्र और समाज के प्रति प्रत्येक नागरिक के कर्तव्यों को समझना और निभाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति, महिलाएं, गरीब और वंचित वर्ग को केंद्र में रखकर तथा पूरे देश में समान और समावेशी विकास के उद्देश्य से वित्त मंत्री ने वर्ष 2026-27 का बजट संसद में प्रस्तुत किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 11 ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सपा को पीडीए से ज्यादा परिवार की चिंता

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव के पीडीए नारे पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि विपक्षी दल को पीडीए से ज्यादा परिवार की चिंता है। योगी ने तंज कसते हुए कहा, "पीडीए तो बहाना है, असली लक्ष्य तो परिवार है। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय बजट में पीडीए को नजरअंदाज करने के सपा प्रमुख के आरोप पर सवाल उठाते हुए कहा, जो लोग यह दावा करते हैं, उनसे यह पूछा जाना चाहिए कि जब सरकार ने उत्तर प्रदेश के छह करोड़ लोगों सहित पूरे देश में 25 करोड़ लोगों को गौरव और सम्मान के साथ आगे बढ़ने में मदद की, तो उनके कार्यकाल में ऐसा क्यों नहीं हो सका? पीडीए का मुद्दा तब भी जरूर रहा होगा। उन्होंने कहा, मैं पूछना चाहता हूं कि उस समय पीडीए पर चर्चा क्यों नहीं हुई? अपनी पार्टी (सपा) के शासनकाल में उन्हें (अखिलेश को) सिर्फ परिवार की ही चिंता क्यों थी? योगी समेत भाजपा के शीर्ष नेताओं ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर वंशवादी राजनीति करने का आरोप लगाया।

प्रधानमंत्री ने राष्ट्र को परिवार के रूप में देखने का दृष्टिकोण प्रस्तुत किया है। हमारा मुख्य उद्देश्य गरीबों, युवाओं और किसानों की सहायता करना है। हमारा लक्ष्य उच्च श्रेणी की अवसंरचना सुनिश्चित करना है, जो आत्मनिर्भर और विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से बनाई गई है। मुख्यमंत्री ने कहा, यह दृष्टिकोण बजट में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है, लेकिन दूरदृष्टिहीन लोग, भविष्य की कोई योजना न रखने वाले लोग ऐसी निरर्थक बातों में उलझे रहते हैं। योगी ने लोकसभा में विपक्ष के नेता व कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा बजट की आलोचना को भी खारिज कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय बजट में रक्षा क्षेत्र के लिए बढ़ाए गए आवंटन से उत्तर प्रदेश को मदद मिलेगी, जो देश में रक्षा विनिर्माण का एक बड़ा केंद्र बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि इससे राज्य के साथ-साथ निवेशकों को भी लाभ होगा। योगी ने कहा कि केंद्रीय बजट के आधार पर प्रदेश सरकार फरवरी में बजट प्रस्तुत करेग और डबल इंजन सरकार के इस बजट का लाभ देश की सबसे बड़ी आबादी को प्राप्त होगा।

# बजट से मिली विकास को नयी दिशाः धामी

## भाजपा ने केंद्रीय बजट पर प्रदेश कार्यालय में आयोजित की प्रेसवार्ता

प्रमुख संवाददाता

देहरादून (उत्तराखंड)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय बजट 2026-27 को उत्तराखंड के आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय परिवर्तन का आधार बताते हुए कहा कि यह बजट राज्य को आत्मनिर्भर बनाने के साथ विकसित भारत @2047 के राष्ट्रीय संकल्प को सशक्त करता है।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित मीडिया संवाद में मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट आने वाले दशकों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जो विकास और समावेशन के बीच संतुलन स्थापित करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में पूंजीगत व्यय को प्राथमिकता देकर अवसंरचना, औद्योगिक निवेश और



रोजगार सृजन के नए अवसर तैयार किए गए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट को आर्थिक मजबूती के साथ देश की रणनीतिक आत्मनिर्भरता को आगे बढ़ाने वाला बताया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि बजट की सोच समाज के प्रत्येक वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की है। ग्रामीण क्षेत्रों, सीमांत और पर्वतीय इलाकों, महिलाओं, युवाओं, ...शेष पृष्ठ 14 पर

# सीबीआई की साइबर वित्तीय अपराध के खिलाफ देशव्यापी कार्रवाई

## 35 स्थानों पर व्यापक तलाशी अभियान में दो को किया गिरफ्तार

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने साइबर वित्तीय अपराधों पर व्यापक बहुराष्ट्रीय कार्रवाई के तहत देश में 35 स्थानों पर एक व्यापक तलाशी अभियान चलाने के बाद दो कथित साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

ऑपरेशन साइस्ट्राइक नाम से यह कार्वाई 30 जनवरी को अमेरिका, ब्रिटेन, कुवैत, आयरलैंड और सिंगापुर की कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ समन्वय में शुरू की गई थी। सीबीआई अधिकारियों ने दिल्ली, बिहार, महाराष्ट्र, कर्नाटक, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल सहित 10 राज्यों में 35 स्थानों पर तलाशी ली। अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान के तहत देश में कई साइबर अपराध नेटवर्क के खिलाफ कार्वाई की गई, जो अमेरिका, ब्रिटेन, कुवैत, आयरलैंड, सिंगापुर और भारत में लोगों को निशाना बनाते थे। सोमवार को





सीबीआई प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, तलाशी अभियान के दौरान, सीबीआई ने नयी दिल्ली से आरोपियों द्वारा संचालित एक अंतरराष्ट्रीय साइबर वित्तीय अपराध नेटवर्क का भंडाफोड़ किया, जो ऑनलाइन माध्यम से अमेरिकी नागरिकों को निशाना बनाता था। उन्होंने बताया कि केंद्रीय एजेंसी ने एक और अंतरराष्ट्रीय साइबर वित्तीय अपराध नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है, जो नयी दिल्ली, गाजियाबाद और कर्नाटक से संचालित हो रहा था। यह नेटवर्क कुवैती ई-वीजा उपलब्ध कराने और भारतीय नागरिकों को पैसे के बदले कुवैत की प्रमुख कंपनियों में नौकरी दिलाने की आड़ में संचालित किया जा रहा था। प्रवक्ता ने बताया कि तलाशी अभियान के दौरान लैपटॉप, मोबाइल फोन, कंप्यूटर हार्ड डिस्क जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए गए, जिनमें जाली कुवैती ई-वीजा और कुवैत की प्रमुख कंपनियों में काम करने के लिए नियुक्ति पत्र थे। इसके अलावा, 60 लाख रुपये नकद भी बरामद किए गए। उन्होंने कहा, तलाशी अभियान के दौरान, सीबीआई ने आरोपियों द्वारा संचालित अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराध नेटवर्क का भी भंडाफोड़ किया, जो ब्रिटेन, आयरलैंड और सिंगापुर के नागरिकों को ऑनलाइन निशाना बनाकर उनसे धोखाधड़ी कर रहे थे। इसके फर्जी खातों की पहचान कर उन्हें निष्क्रिय कर दिया गया है।



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 23.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 12.00 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**

- जीएसटी संग्रह बढ़कर 1.74 लाख करोड़ पर (पृष्ठ-02)
- गेहूं की बुवाई पूरी, फसल की स्थिति बेहतर (पृष्ठ-02)
- देश के विनिर्माण क्षेत्र में हुआ सुधार: पीएमआई (पृष्ठ-14)
- रुपया 42 पैसे चढ़कर 91.51 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-14)
- बिहार में ऋण-जमा अनुपात बढ़कर 56.54 प्रतिशत पर (पृष्ठ-14)

विशेष खबर — रेलमंत्री ने प्रेस वार्ता में कहा कि रेल बजट में की गयी ऐतिहासिक बढ़ोतरी, दिल्ली-वाराणसी और वाराणसी-सिलीगुड़ी बुलेट ट्रेन से बेहतर होगी कनेक्टिविटी

# यूपी के लिए बुलेट ट्रेन समेत 92 हजार करोड़ की परियोजनाओं को मंजूरी

विशेष संवाददाता

दिल्ली। केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि वर्ष 2026-27 के केंद्रीय बजट में उत्तर प्रदेश में रेलवे की परियोजनाओं के लिए अब तक का सर्वाधिक धन राशि का आवंटन किया गया है, जो पिछल सरकार की तुलना में लगभग 18 गुना अधिक है।

केंद्रीय रेल मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के लिए किये गये एक लाख करोड़ रुपये के वायदे के अनुरूप अब तक करीब 92 हजार करोड़ रुपये की रेलवे परियोजनाएं स्वीकृत/प्रगतिरत हो चुकी हैं। रेल मंत्री ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी दी कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के लिए दो नये बुलेट ट्रेन (हाई-स्पीड रेल) प्रोजेक्ट्स को बजट में स्वीकृति प्रदान की गई है। पहला प्रोजेक्ट दिल्ली-वाराणसी और दूसरा वाराणसी-पटना होते हुए सिलीगुड़ी तक का है। रेल मंत्री ने कहा कि दिल्ली-वाराणसी बुलेट ट्रेन से यात्रा समय घटकर मात्र 3 घंटे 50 मिनट रह जायेगा, जिससे उत्तर प्रदेश के कई प्रमुख शहर जुड़ेंगे और पूर्वांचल तक तेज, सुरक्षित व आरामदायक कनेक्टिविटी उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि वाराणसी-सिलीगुड़ी बुलेट ट्रेन से यह यात्रा लगभग 2 घंटे 55 मिनट में पूरी की जा सकेगी।





अश्विनी वैष्णव ने बताया कि बुलेट ट्रेन परियोजना के प्रथम चरण में मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल का कार्य तेजी से प्रगति पर है और अगले वर्ष इसके वाणिज्यिक संचालन की शुरूआत की जायेगी। इसी सफलता के आधार पर सरकार ने दूसरे चरण की घोषणा की है, जिसमें कुल सात हाई-स्पीड रेल प्रोजेक्ट्स शामिल है, इनमें दो प्रोजेक्ट उत्तर एवं पूर्व भारत के तथा पांच पश्चिम एवं दक्षिण भारत के हैं। इससे दिल्ली से सिलीगुड़ी तक उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल को जोड़ने वाला एक दीर्घ हाई-स्पीड इकोनॉमिक कॉरिडोर विकसित होगा। रेल मंत्री ने कहा कि रेलवे का इलेक्ट्रिफिकेशन कार्य अभूतपूर्व गति से आगे बढ़ रहा है और उत्तर प्रदेश 100 प्रतिशत विद्युतीकृत हो चुका है। इसके अलावा अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत राज्य में 157 स्टेशनों का नवनिर्माण/पुनर्विकास किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि अमृत भारत ट्रेनों का संचालन शुरू हो चुका है। अब तक चार ट्रेनें चालू की जा चुकी हैं और कई अन्य पाइपलाइन में हैं, जिन्हें निर्माण पूर्ण होते ही चरणबद्ध रूप से शुरू किया जायेगा। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि ये सभी पहलें विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में रेलवे ...शेष पृष्ठ 14 पर

# एसआईआर पीड़ित परिवारों संग मुख्य निर्वाचन आयुक्त से मिलीं ममता बनर्जी

एजेंसी

नयी दिल्ली। विरोध के प्रतीक के रूप में काली शॉल ओढ़े हुए, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कुछ एसआईआर प्रभावित परिवारों और पार्टी नेताओं के साथ सोमवार को यहां मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार से मुलाकात की।

पिछले हफ्ते, मुख्य निर्वाचन आयुक्त कुमार ने बनर्जी को सोमवार को मुलाकात के लिए समय दिया था। बनर्जी चुनावी राज्य पश्चिम बंगाल में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को रोकने की मांग कर रही हैं। रविवार को राजधानी पहुंचीं बनर्जी के साथ तृणमूल सांसद अभिषेक बनर्जी और कल्याण बनर्जी भी मौजूद थे। इससे पहले, पत्रकारों को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा कि बंगाल के लोग निर्वाचन आयोग के समक्ष अपनी समस्याएं उठाने आए हैं, लेकिन उन्हें धमकी दी जा रही है। उन्होंने बंग भवन परिसर के बाहर भारी पुलिस तैनाती पर भी सवाल उठाया। सूत्रों के अनुसार, पश्चिम बंगाल में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से प्रभावित लगभग 50 परिवारों को राष्ट्रीय राजधानी लाया गया है। तृणमूल कांग्रेस के नेताओं ने दावा किया कि निर्वाचन आयोग के शीर्ष अधिकारियों से मिलने वाले 12 प्रतिनिधि एसआईआर से प्रभावित परिवारों से हैं। उन्होंने कहा कि इनमें वे लोग शामिल हैं जिन्हें गलत ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

## फार्म 7 में फर्जी हस्ताक्षर कर किये जा रहे जमा

**लखनऊ।** सपा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन देकर शिकायत की है कि भाजपा के जिलाध्यक्ष, विधायक, पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं द्वारा कई लाख फार्म-7 में मतदाता का नाम व ईपिक नम्बर प्रिंट करवाकर फर्जी आवेदक का हस्ताक्षर बनाकर प्रदेश के समस्त विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रो के पोलिंग बूथों पर बीएलओ व ईआरओ के पास जमा करा दिया गया है। फार्म-7 में प्रिन्ट मतदाता का नाम व ईपिक नम्बर सपा समर्थक मतदाताओं विशेष कर मुस्लिम समुदाय व पीडीए मतदाताओं के नाम है।










# अन्त:फसली खेती को मिशन मोड में लागू करें

## गन्ना क्षेत्र में तिलहन-दलहन जोड़कर यूपी को आत्मनिर्भर बनायें: योगी

- रबी में सरसों-मसूर, जायद में उर्द-मूंग को बड़े पैमाने पर बढ़ावा देने के निर्देश

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उत्तर प्रदेश को कृषि क्षेत्र में नई छलांग दिलाने का सबसे प्रभावी तरीका 'गन्ना के साथ तिलहनी एवं दलहनी अन्तःफसली खेती' को बड़े पैमाने पर लागू करना है। उन्होंने कहा कि यह मॉडल गन्ना किसानों की आय को केवल दोगुना नहीं, बल्कि 'बहु-गुणित' करने की क्षमता रखता है। मुख्यमंत्री सोमवार को इस विषय पर आयोजित उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गन्ने के साथ सरसों, मसूर, उर्द और मूंग जैसी उच्च मूल्य वाली फसलों की अंतःफसल किसानों को अतिरिक्त उत्पादन, कम लागत और पूरे वर्ष स्थिर आय उपलब्ध कराती है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति अधिक मजबूत होती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कृषि योग्य भूमि का क्षैतिज विस्तार अब संभव नहीं है, इसलिए ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी के लक्ष्य के लिए उत्पादन बढ़ाने का एकमात्र रास्ता इकाई क्षेत्रफल से अधिक फसल उत्पादन है। उन्होंने कहा कि 'गन्ना आधारित अंतःफसली खेती उत्तर प्रदेश के कृषि भविष्य का नया मॉडल है। यह किसानों को अधिक उत्पादन, अधिक कमाई और जोखिम से सुरक्षा तीनों प्रदान करती है। मुख्यमंत्री ने इस योजना को वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक मिशन मोड में लागू करने के निर्देश दिए। वर्तमान में प्रदेश में 29.50 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में गन्ने की खेती होती है, जिसमें 14.64 लाख हेक्टेयर नया बोया गया क्षेत्र और 14.86 लाख हेक्टेयर पेड़ी शामिल है। उन्होंने कहा कि इतने बड़े क्षेत्र में तिलहन और दलहन की अंतःफसल जोड़ने से उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि होगी और साथ ही प्रदेश एवं देश की तिलहन-दलहन के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को नई मजबूती मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि कृषि विज्ञान केंद्र एवं कृषि विश्वविद्यालयों के माध्यम से क्रियान्वित करते हुए अंतःफसल का चयन वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक आधार पर किया जाए। उन्होंने आईआईएसआर की सिफारिशों के अनुसार रबी सीजन में सरसों और मसूर तथा जायद सीजन में उर्द और मूंग को प्राथमिकता देने का सुझाव दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गन्ने की पैदावार प्रभावित किए बिना अतिरिक्त फसल, अतिरिक्त लाभ और अतिरिक्त सुरक्षा, यही इस मॉडल की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने इस योजना के लिए वर्षवार रोडमैप तैयार करने को कहा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अतिरिक्त उत्पादन सीधे किसानों की आय में वृद्धि करेगा और राज्य के जीवीए में बड़ा योगदान देगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए सहायता और अनुदान का ढांचा स्पष्ट होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि बड़े पैमाने पर अंतःफसलों को अपनाने से किसानों को तेज नकदी प्रवाह मिलेगा और एकल फसल जोखिम कम होगा, जिससे कृषि अधिक स्थिर और टिकाऊ बनेगी। उन्होंने कहा कि यह योजना केवल गन्ना क्षेत्र से जुड़े किसानों के लाभ तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसे प्रदेश के व्यापक कृषि परिदृश्य के परिवर्तन के रूप में लागू किया जाना चाहिए।

# अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं, दोषियों पर करें कड़ी कार्रवाई

- बच्ची ने किया सैल्यूट तो सीएम बोले-खूब मन लगाकर पढ़ाई करो

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को जनता दर्शन में एक-एक कर सभी प्रार्थियों से उन्होंने मुलाकात की और उनके प्रार्थना पत्र लिए। सीएम ने जनता की समस्याओं के उचित निस्तारण का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों, राजस्व से जुड़े अधिकारियों व पुलिस प्रशासन को निर्देश दिया कि सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए लोगों की समस्याएं सुनें और जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई करें। जनता दर्शन में पहुंची एक बच्ची ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सैल्यूट किया। इस पर सीएम योगी ने उसे आशीर्वाद देते हुए खूब मन लगाकर पढ़ाई करने को कहा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष जनता दर्शन में अवैध कब्जे से जुड़े कुछ प्रकरण भी आए। सीएम ने सभी लोगों की बातें सुनीं, फिर प्रार्थना पत्र लेते हुए उचित कार्रवाई का आदेश दिया। मुख्यमंत्री ने जनपदों में तैनात अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वे वहां भी समस्याएं सुनते हुए प्रार्थियों को न्याय दिलाएं और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करें। जनता दर्शन में एक महिला अपने बच्चे के साथ पहुंचीं। उनके बच्चे का केजीएमयू में इलाज चल रहा है।

महिला ने मुख्यमंत्री से इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग की। इस पर मुख्यमंत्री ने इलाज के लिए आर्थिक सहायता दिलाने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि 25 करोड़ प्रदेशवासी मेरा परिवार हैं। सरकार सभी के सुख-दुख में खड़ी है। पहले दिन से ही इलाज के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। आगे भी यह क्रम चलता रहेगा। धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। अभिभावकों के साथ कुछ बच्चे भी पहुंचे। प्रार्थियों से मिलने के क्रम में मुख्यमंत्री एक महिला के पास पहुंचे और उनका प्रार्थना पत्र लिया। महिला के साथ आई बच्ची ने सीएम योगी को देख उन्हें सैल्यूट किया। इस पर सीएम योगी ने मुस्कुराते हुए बच्ची से उसका नाम और पढ़ाई के बारे में पूछा।

मुख्यमंत्री ने सभी बच्चों को चॉकलेट दी और कहा कि खूब मन लगाकर पढ़ाई करो। जनता दर्शन में मां के संग आई एक बच्ची ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को कविता सुनाई। बच्ची की कविता सुनकर मुख्यमंत्री ने उसकी खूब तारीफ की। सीएम ने बच्ची से पूछा कि स्कूल जाएगी, मेहनत से पढ़ेगी? बच्ची के हां कहने पर सीएम ने एडमिशन कराने का आदेश दिया। बच्ची ने सीएम योगी को कविता भी सुनाई-हम शेर बच्चे, शेर बच्चे, शेर बच्चे हैं। हम छोटे हैं तो क्या हुआ, हम दिल के सच्चे हैं। हम बड़े होकर देश की शान बढ़ाएंगे। जय हिंद। कविता सुनकर सीएम ने बच्ची का उत्साहवर्धन भी किया।

# यूपी में निवेश विस्तार को लेकर सिंगापुर की कम्पनी उत्साहित

- सिंगापुर की कम्पनी 'एपी मोलर माएर्स्क के प्रमुख ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को वैश्विक निवेश मानचित्र पर मजबूती से स्थापित करने की दिशा में राज्य सरकार के प्रयासों को विदेशी निवेशकों से निरंतर समर्थन मिल रहा है। इसी क्रम में सिंगापुर की अग्रणी एकीकृत कंटेनर लॉजिस्टिक्स कंपनी एपी मोलर माएर्स्क के प्रबंध निदेशक रीन पील पेडरसन ने सोमवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट की। इस दौरान उत्तर प्रदेश में निवेश विस्तार को लेकर गहन चर्चा हुई। पेडरसन के साथ विवेक शर्मा, हेड बिजनेस डेवलपमेंट एवं रेगुलेटरी अफेयर्स (भारत, बांग्लादेश एवं श्रीलंका क्षेत्र) भी मौजूद रहे।

बैठक के दौरान उत्तर प्रदेश में निवेश की व्यापक संभावनाओं, उद्योगों के लिए अनुकूल कारोबारी माहौल तथा राज्य सरकार की निवेश प्रोत्साहन नीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज देश के सबसे तेजी से विकसित हो रहे राज्यों में शामिल है और यहां निवेशकों के लिए सुरक्षित, स्थिर और पारदर्शी वातावरण उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सिंगल विंडो सिस्टम, त्वरित स्वीकृतियां, नीति आधारित प्रोत्साहन और मजबूत कानून व्यवस्था के माध्यम से सरकार निवेशकों को हर स्तर पर सहयोग दे रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक्सप्रेसवे नेटवर्क, लॉजिस्टिक्स हब, औद्योगिक कॉरिडोर और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के चलते उत्तर प्रदेश निवेश के लिए गंतव्य बन चुका है। उन्होंने एपी मोलर माएर्स्क को राज्य में अपने निवेश का विस्तार करने के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि सरकार आवश्यक भूमि, कनेक्टिविटी और नीतिगत सहयोग सुनिश्चित करेगी।

इस अवसर पर विवेक शर्मा ने बताया कि हमने उत्तर प्रदेश में निवेश के अवसरों और यहां के निवेश अनुकूल माहौल को लेकर बहुत अच्छी और सार्थक चर्चा की। हमारी कंपनी पिछले 20 वर्षों से अधिक समय से इस राज्य में निवेश कर रही है। इस विशेष चर्चा के दौरान हमने प्रदेश की कानून-व्यवस्था, भ्रष्टाचार मुक्त वातावरण और अपने व्यवसाय के विस्तार में राज्य सरकार से मिले पूर्ण सहयोग को लेकर अपने सकारात्मक अनुभव साझा किए। हम भविष्य में भी उत्तर प्रदेश में अपने कारोबार के विस्तार के लिए नए निवेश अवसरों की तलाश करने के लिए उत्सुक हैं। उल्लेखनीय है कि एपी मोलर माएर्स्क शिपिंग, बंदरगाह, जल परिवहन और अंतदेर्शीय लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में वैश्विक स्तर की कंपनी है।

# नयी और आधुनिक 'बीज नीति' समय की मांग

- पांच वर्षों में तैयार होंगे पांच बीज पार्क
- हर क्लाइमेटिक जोन में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस विकसित करने के निर्देश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कृषि उत्पादन की वास्तविक शक्ति उच्च गुणवत्ता वाले, भरोसेमंद और प्रमाणित बीजों में निहित है। उन्होंने कहा है कि प्रदेश के लिए नई और आधुनिक 'बीज नीति' समय की मांग है। भूमि जोत लगातार घट रही है, ऐसे में ध्यान केवल रकबे पर नहीं, बल्कि प्रति हेक्टेयर उत्पादकता बढ़ाने पर होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि उच्च उपज, रोग-प्रतिरोधी और जलवायु-सहिष्णु किस्मों के विकास को प्राथमिकता देते हुए ऐसी बीज नीति तैयार की जाए जो आने वाले वर्षों की कृषि चुनौतियों का समाधान प्रस्तुत करे।



बीज नीति पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने अगले पांच वर्षों के लिए प्रदेश की बीज उत्पादन क्षमता, गुणवत्ता और उपलब्धता को नए स्तर तक ले जाने के लिए ठोस रोडमैप तैयार करने पर बल दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीज उत्पादन, प्रसंस्करण और भंडारण की पूरी प्रक्रिया में आधुनिक तकनीक का अधिकतम उपयोग आवश्यक है, ताकि प्रमाणित बीज की कमी न हो और किसान सशक्त बन सकें। मुख्यमंत्री ने भरोसेमंद बीज आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए हर बीज की एंड-टू-एंड ट्रेसेबिलिटी को लागू करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि मिलावटी या अमानक बीजों के प्रति कोई भी ढिलाई स्वीकार्य नहीं होगी। किसानों तक पहुंचने वाला हर बीज पैकेट प्रमाणित, परीक्षणित और पूरी तरह मानक होना चाहिए। उन्होंने कृषि विश्वविद्यालयों, आईसीएआर संस्थानों, उपकार तथा निजी बीज उद्योग को एक साझा मंच पर लाकर बीज अनुसंधान, नवाचार और किस्म-रिलीज प्रक्रिया को तेज करने की आवश्यकता बताई। फसल विविधीकरण को गति देने के लिए मुख्यमंत्री ने दलहन, तिलहन, मक्का, बाजरा, ज्वार और बागवानी फसलों के उच्च गुणवत्ता वाले बीजों की उपलब्धता हेतु विशेष रणनीति तैयार करने को कहा।

इसी क्रम में प्रदेश में अगले पांच वर्षों में कम से कम पांच सीड पार्क स्थापित करने की दिशा में तेजी से काम करने के निर्देश दिए। ये सीड पार्क उत्पादन, प्रसंस्करण, गुणवत्ता परीक्षण और भंडारण की सभी सुविधाओं से सुसज्जित एकीकृत परिसर होंगे। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि प्रदेश के सभी कृषि विज्ञान केंद्रों को बीज विकास कार्यक्रमों से सीधे जोड़ा जाए, ताकि अनुसंधान, प्रशिक्षण और खेत-स्तर पर तकनीक के प्रसार के बीच सुदृढ़ समन्वय स्थापित हो सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश के नौ क्लाइमेटिक जोन के अनुरूप एक-एक कृषि विज्ञान केंद्र को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जाए, जिससे क्षेत्र-विशेष की फसलों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले बीज और तकनीकी समाधान तैयार किए जा सकें। मुख्यमंत्री ने प्रगतिशील किसानों को भी बीज विकास कार्यक्रमों से जोड़ने पर जोर दिया, ताकि स्थानीय अनुभव और आधुनिक तकनीक का प्रभावी समन्वय बन सके।

मुख्यमंत्री ने कृषि में ऊर्जा दक्षता बढ़ाने पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि अधिकाधिक ट्यूबवेलों को सौर ऊर्जीकरण से जोड़ा जाए, जिससे किसानों का सिंचाई खर्च कम हो और कृषि में स्वच्छ ऊर्जा का उपयोग बढ़े। इसके साथ ही उन्होंने प्रदेश में स्थापित सोलर पैनल इकाइयों को प्राथमिकता देने के निर्देश देते हुए कहा कि स्थानीय निर्माण को बढ़ावा मिलने से रोजगार, निवेश और कृषि अवसंरचना को मजबूती मिलेगी।

संक्षेप

## ट्रक की चपेट में आने से मासूम की मौत, कोहराम



प्रतापगढ़। ट्रक की चपेट में आने से मासूम की मौत हो गयी। मौत की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे वैशन आहरबीहर गांव निवासी राजू सरोज के अनुसार उसकी तीन वर्षीया पुत्री मान्या सोमवार को दोपहर करीब एक बजे दरवाजे के बगल से गुजरी सड़क के किनारे खेल रही थी। इसी दौरान उधर से गुजर रही एक ट्रक की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गयी। घटना की जानकारी होते ही परिजन वहां पहुंचे और घायल मासूम को इलाज के लिए स्थानीय चिकित्सक के पास ले गये। जहां परीक्षण के बाद चिकित्सक ने मासूम को मृत घोषित कर दिया। इधर आसपास के लोगों ने घेराबंदी कर चालक समेत ट्रक को कब्जे मे लेकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। मासूम की मौत को लेकर परिजनों में कोहराम मचा है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि शव को पीएम के लिए भेजवाया गया है। जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

## बाइक चालक के खिलाफ लापरवाही का केस दर्ज

प्रतापगढ़। दुर्घटना में घायल होने पर पुलिस ने चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे मनऊ अगई निवासी मनीष तिवारी पुत्र नन्हेंलाल तिवारी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती तीस जनवरी की शाम करीब साढ़े छः बजे उसके पिता रामपुर कसिहा से घर लौट रहे थे। रास्ते में पीछे से पहुंचे सूरज यादव पुत्र राजेन्द्र यादव निवासी पूरे अहिरन अगई ने लापरवाहीपूर्वक बाइक चलाते हुए नन्हेंलाल को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद आरोपी चालक के खिलाफ लापरवाही का मुकदमा दर्ज किया गया है।

## मारपीट व धमकी को लेकर दर्ज हुआ केस

प्रतापगढ़। मारपीट व धमकी की घटना को लेकर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे लम्बरदार रांकी गांव निवासी मो0 युसुफ पुत्र लियाकत अली ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती इक्तीस जनवरी की शाम करीब पांच बजे रंजिश को लेकर गांव के ही आरोपी मो0 सिराज पुत्र युनुस व वतसैफ उर्फ सोनू पुत्र गुलाम ने गालीगलौज करते हुए मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## विद्यालय में चोरी, दी तहरीर

प्रतापगढ़। विद्यालय में चोरी की घटना को लेकर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली के मादामई गांव निवासी एएन लॉजिकल कान्वेंट स्कूल के प्रबन्धक मुरलीधर शुक्ल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती इक्तीस जनवरी की रात अज्ञात चोरों ने विद्यालय की दीवार में सेंधमारी कर अंदर कमरे में रखे दो लैपटॉप व दो डेस्कटॉप कम्प्यूटर चुरा ले गये। पीड़ित दो फरवरी सोमवार की सुबह विद्यालय पहुंचा तो चोरी की घटना की जानकारी हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस छानबीन कर वापस लौट गयी। पीडित का यह भी आरोप है कि यह उसके विद्यालय में चोरी की तीसरी घटना है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

मिर्जापुर। जिले में ट्रेन की चपेट में आने से सोमवार को एक महिला की मौत हो गई। दुर्घटना चुनार थानाक्षेत्र के जमुई बाजार स्थित ओवर ब्रिज के ऊपर हुई। चौकी प्रभारी सदानंद सिंह ने बताया कि मृतका की पहचान चदरी देवी (70) निवासी मिश्रान टोला निवासी के रूप में हुई। चदरी देवी गृह कलेश से परेशान होकर रविवार रात को घर छोड़कर जमुई बाजार आ गई थी।

# महिला वकील से मारपीट दो टोलकर्मी गिरफ्तार

सोनभद्र। जिले में टोल प्लाजा पर एक महिला अधिवक्ता, उनके परिजनों और रिश्तेदारों के साथ टोलकर्मियों द्वारा कथित तौर पर मारपीट किए जाने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस क्षेत्राधिकारी रणधीर मिश्रा ने बताया कि महिला अधिवक्ता आरती पांडेय ने राबर्ट्सगंज थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया कि वह रविवार को अपने परिजनों और रिश्तेदारों के साथ कार से ओबरा जा रही थीं। शिकायत में कहा गया कि अपराह्न करीब तीन बजे जब वे ग्राम लोढ़ी स्थित टोल प्लाजा पर पहुंचे तो वाहनों की कतार के कारण जाम की स्थिति थी, ऐसे में उनके जीजा नवीन सिंह टोलकर्मियों से जाम का कारण पूछने गए जिस पर कर्मचारियों ने उन्हें कथित तौर पर अपशब्द कहे व जान से मारने की धमकी दी। महिला ने आरोप लगाया कि कर्मचारियों ने नवीन के साथ मारपीट की, जिससे उनके सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। शोर सुनकर बीच-बचाव करने पहुंचे अवनीश दुबे को भी आरोपियों ने लाठी-डंडों से पीटा, जिससे उन्हें भी गंभीर चोटें आईं।

आरती पांडेय ने पुलिस को बताया कि टोलकर्मियों ने उनके और उनके साथ यात्रा कर रहीं गरिमा सिंह के बाल पकड़कर खींचे तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस के अनुसार, इस मामले में शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की प्रासंगिक धाराओं में दो नामजद और सात-आठ अज्ञात कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बताया कि नामजद आरोपी हमीरपुर के भौली कुरारा निवासी रामजी तिवारी व आंबेडकर नगर जिले के करमिशीपुर निवासी सर्वेश यादव को गिरफ्तार कर लिया गया जबकि अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। इस बीच कांग्रेस नेएक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वकील आरती पांडेय अपने परिवार के साथ कार से जा रही थीं। टोल प्लाजा पर भारी जाम था और उनकी गाड़ी करीब 10-15 मिनट तक वहां फंसी रही।

### नमाज पढ़वाने के आरोप में सरकारी स्कूल के प्रधानाचार्य निलंबित

मथुरा। जिले के नौझील क्षेत्र के एक सरकारी प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य को विद्यार्थियों से नमाज पढ़वाने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है और उनके खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है। बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) रतन कीर्ति ने बताया कि प्रधानाचार्य जान मोहम्मद के खिलाफ 30 जनवरी को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नौझील ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गेश चौहान ने शिकायत दर्ज कराई थी।

## सरकारी खर्च पर वीआईपी महोत्सव नेता-अफसर अंदर, जनता बाहर




सिद्धार्थनगर। कपिलवस्तु महोत्सव 2026 का समापन समारोह आम जनता के लिए नहीं, बल्कि वीआईपी और वीवीआईपी के लिए सिमट कर रह गया। सरकारी खजाने से आयोजित इस महोत्सव का उद्देश्य संस्कृति और मनोरंजन को बढ़ावा देना था, लेकिन 1 फरवरी को भोजपुरी स्टार पवन सिंह के कार्यक्रम में आम लोगों को प्रवेश नहीं मिला।

महोत्सव परिसर में प्रवेश के लिए सत्ताधारी नेताओं की सिफारिश या प्रशासनिक अधिकारियों का प्रभाव महत्वपूर्ण रहा। प्रवेश द्वार पर पास या कार्ड के बजाय मोबाइल फोन पर बड़े अधिकारियों या नेताओं से बात कराने वालों को प्राथमिकता दी गई। इसके विपरीत, बच्चों और परिवार के साथ पहुंचे आम लोग घंटों गेट के बाहर खड़े रहे। मीडिया की टीम ने बिना आधिकारिक पास के फोन और रसूख के दम पर अंदर जाते लोगों को कैमरे में कैद किया। इस पर प्रशासन असहज दिखा। मौके पर मौजूद एसडीएम शशांक शेखर राय से जब प्रवेश नियमों को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने जवाब देने के बजाय कैमरा बंद करा दिया। प्रशासन का यह रवैया पारदर्शिता पर सवाल खड़े करता है।

## ऑपरेशन शील्ड के तहत एसिड बिक्री पर सख्त निगरानी



श्रावस्ती। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मिशन शक्ति फेजझ्र5.0 के अंतर्गत जनपद श्रावस्ती में ह्वऑपरेशन शील्डह्व अभियान के तहत एसिड की अवैध बिक्री एवं वितरण के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अपर पुलिस महानिदेशक, महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन उत्तर प्रदेश, लखनऊ पद्मजा चौहान के निदेशों के क्रम में पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में यह अभियान संचालित किया गया। अभियान की निगरानी अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चन्द्र उत्तम (नोडल अधिकारी, महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन) तथा क्षेत्राधिकारी भिनगा सतीश कुमार शर्मा और क्षेत्राधिकारी इकौना भरत पासवान द्वारा की गई। इस दौरान थाना नवीन मॉडर्न, थाना सोनवा, थाना कोतवाली भिनगा, थाना गिलौला की मिशन शक्ति टीमों एवं महिला थाना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रों में विभिन्न दुकानों व सार्वजनिक स्थानों पर गहन जांच की गई। चेकिंग अभियान के दौरान एसिड की अवैध बिक्री अथवा वितरण से संबंधित कोई भी मामला सामने नहीं आया। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि भविष्य में इस प्रकार की किसी भी अवैध गतिविधि की रोकथाम के लिए क्षेत्र में सतत निगरानी और सतर्कता बरती जा रही है। पुलिस प्रशासन की इस सक्रियता से आमजन में सुरक्षा का भरोसा मजबूत हुआ है।

## इंडो-नेपाल सीमा पर पुलिस-एसएसबी की पैनी निगाहे



श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक जनपद श्रावस्ती राहुल भाटी के निर्देशन में इंडो-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत, प्रभावी एवं सतर्क बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस एवं सशस्त्र सीमा बल द्वारा संयुक्त रूप से लगातार गश्त एवं सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना सिरसिया पुलिस एवं एसएसबी की संयुक्त टीम ने इंडो-नेपाल सीमा के सोनपथरी क्षेत्र में पैदल गश्त करते हुए व्यापक चेकिंग अभियान संचालित किया। अभियान के दौरान सीमावर्ती इलाकों में गहन निगरानी रखी गई तथा सीमा क्षेत्र में आने-जाने वाले व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी गई, ताकि किसी भी अवांछनीय या संदिग्ध गतिविधि को समय रहते रोका जा सके। पुलिस प्रशासन द्वारा जनपद के अन्य सीमावर्ती थाना क्षेत्रों में भी इसी प्रकार नियमित रूप से संयुक्त गश्त एवं निगरानी अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान पूर्णतः शांतिपूर्ण, सतर्कता-पूर्ण एवं कुशलतापूर्वक संपन्न हुआ। श्रावस्ती पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें तथा यदि कहीं कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो उसकी सूचना तत्काल नजदीकी पुलिस थाना अथवा डायल 112 पर दें, जिससे समय रहते आवश्यक वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# युवक को चोर समझकर पीटा, वीडियो वायरल

सिद्धार्थनगर- डुमरियागंज थाना क्षेत्र के टड़वा गांव में एक युवक को चोर समझकर पेड़ से बांधकर पीटने का मामला सामने आया है। शनिवार और रविवार की मध्यरात्रि हुई इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। जिससे इलाके में सनसनी फैल गई है। वीडियो सामने आने के बाद कानून-व्यवस्था और पुलिस की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। पीड़ित युवक की पहचान कादीराबाद निवासी शैलेंद्र कुमार उर्फ पिंटू के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, शैलेंद्र किसी निजी कारण से देर रात टड़वा गांव पहुंचा था। इसी दौरान कुछ ग्रामीणों की नजर उस पर पड़ी और उन्होंने उसे संदिग्ध मानकर पकड़ लिया। ग्रामीणों ने युवक को गांव के बाहर एक पेड़ से बांध दिया। इसके बाद लाठी-डंडों से उसकी बेरहमी से पिटाई की गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक खुद को निर्दोष बताता रहा और बार-बार छोड़ने की गुहार लगाता रहा, लेकिन भीड़ ने उसकी एक न सुनी। यह घटना कई घंटों तक चलती रही। घटना के दौरान किसी व्यक्ति ने पूरी वारदात का वीडियो बना लिया। वीडियो में युवक को बंधे हुए हालत में पीटा जाता देखा जा सकता है। वीडियो वायरल होने के बाद स्थानीय पुलिस हरकत में आई। डुमरियागंज थानाध्यक्ष श्री प्रकाश यादव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है। दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# डॉ. अंशुमान कर रहे नवजात शिशुओं का बेहतर उपचार

- चिकित्सा क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा वात्सल हॉस्पिटल



**सिद्धार्थनगर।** जनपद में जाना माना वात्सल्य हॉस्पिटल नवजात शिशु बच्चों एवं गंभीर बीमारियों से जूझ रहे बच्चों व मरीजो के लिए किसी संजीवनी वरदान से कम नहीं है। जनपद के कई तहसील क्षेत्र के दर्जनों बच्चों के माता-पिता गम्भीर बीमारी से जूझ रहे बच्चों का इलाज कराकर थक हार चुके माता पिता के शिशु बच्चों का बेहतर उपचार कर पूर्णतया स्वस्थ कर नया जीवन प्रदान करने में वात्सल्य हॉस्पिटल के एमबीबीएस एमडी डा0अंशुमान त्रिपाठी ने बेहतर उपचार कर सैकड़ों शिशु बच्चों को स्वस्थ किया, इतना ही नहीं गोरखपुर लखनऊ आदि महानगरों से नवजात शिशु छोटे बच्चों का इलाज करा कर थक हार चुके बच्चों के माता-पिता ने जनपद के वात्सल्य हॉस्पिटल के आखिरी उम्मीद व विश्वास के रूप समझे जाने वाले एम 0 बी 0बी0एस0 एम 0डी0 (पीडियाट्रिक्स) एवं पूर्व चिकित्सक - संजय गांधी मेमोरियल हॉस्पिटल, नई दिल्ली बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ डा 0 अंशुमान त्रिपाठी ने जिंदगी की जंग हार गंभीर बीमारियों से जूझ रहे व मौत के करीब पहुंचे नवजात शिशु बच्चों का बेहतर उपचार कर पूर्णतया स्वस्थ करते हुए सैकड़ों छोटे बच्चों सहित नवजात शिशु बच्चों को स्वस्थ कर बच्चों के माता-पिता के चेहरे पर मुस्कान लाया गया। ऐसे में कहां जा रहा कि जनपद के जाने माने वात्सल हॉस्पिटल के बतौर चिकत्सक डा 0 अंशुमान त्रिपाठी नवजात शिशु बच्चों के लिए किसी संजीवनी वरदान से कम नहीं है,। स्वास्थ्य हुए मरीजों एवं शिशु बच्चों के माता-पिता ने उक्त के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि जनपद के अशोक मार्ग तिराहा बेलहिया -उसका सड़क मार्ग स्थित वात्सल्य हॉस्पिटल में छोटे बच्चों व विशेष कर नवजात शिशु बच्चों का बेहतर उपचार किया जाता है डा0 अंशुमान त्रिपाठी द्वारा मरीजों एवं शिशु बच्चों का उपचार कर सैकड़ो बच्चों को नया जीवन प्रदान किया गया है,एम0बी0बी0एस0 एम0डी0 (पीडियाट्रिक्स) डा0 अंशुमान त्रिपाठी ने बताया कि हमारे यहां एन0 आई0 सी0 यू0 , नेबुलाइजेशन , टीकाकरण, ग्लूकोमिन , बेबी वार्मर, फोटोथेरेपी , पल्स ऑक्सीमेट्री , सेंट्रल ऑक्सीजन , पैथोलॉजी, , सर्जरी , इमरजेंसी एवं एंबुलेंस आदि सुविधा 24 घंटे उपलब्ध । मरीजों के लिए अपने बेहतर सुविधा एवं उपचार के चलते डा0 अंशुमान त्रिपाठी अभूतपूर्व सफलता प्राप्त कर चिकित्सा के क्षेत्र में जनपद में कीर्तिमान स्थापित किया है।

# रिटायर्ड राजस्व निरीक्षक की समारोहपूर्वक की गयी विदाई



प्रतापगढ़। तहसील सभगार में आयोजित कार्यक्रम में रिटायर्ड राजस्व निरीक्षक रामचंद्र त्रिपाठी का अधिकारियों व साथियों ने समारोहपूर्वक सम्मान करते हुए उपहार भेंट किया और सुखद जीवन की कामना की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी शैलेन्द्र वर्मा ने रिटायर्ड राजस्व निरीक्षक के स्वस्थ व सुखद जीवन की कामना करते हुए कहा कि उन्होने अपने कार्यकाल में अपने व्यवहार से सभी का दिल जीता। कार्यक्रम में मौजूद बतौर अतिथि तहसीलदार गरिमा वर्मा तथा नायब तहसीलदार पंकज कुमार व वीरेन्द्र कुमार मिश्र ने रिटायर्ड राजस्व निरीक्षक रामचन्द्र त्रिपाठी के कार्य व्यवहार की भूरि भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए लेखपाल संघ के अध्यक्ष केके सरोज ने कहा कि रिटायर्ड राजस्व निरीक्षक के मार्गदर्शन में कर्मचारियों को सीखने का सुअवसर मिला। वे कर्मचारियों के लिए प्रेरणास्पद हैं। इससे पूर्व राजस्व निरीक्षकों, लेखपालों व अन्य राजस्वकर्मियों ने रिटायर्ड राजस्व निरीक्षक रामचंद्र त्रिपाठी का माल्यार्पण व अंगवस्त्रम से सारस्वत सम्मान किया। साथियों ने उन्हें उपहार भेंटकर स्वस्थ व सुखद जीवन की कामना की। कार्यक्रम का संचालन लेखपाल संघ के महामंत्री मो0 अकरम ने किया। इस मौके पर कुलदीप राव, विनोद यादव, राकेशकांत मिश्र, शरदचंद्र, विद्या प्रकाश, स्नेहा सिंह, शिप्रा दुबे, सुनील कनौजिया, जितेन्द्र शुक्ल आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य का आगमन कल



**श्रावस्ती।** राज्य महिला आयोग की सदस्या डॉ. प्रियंका मौर्या बुधवार, 04 फरवरी 2026 को जनपद श्रावस्ती के महत्वपूर्ण, संवेदनशील एवं उद्देश्यपूर्ण दौरे पर आ रही हैं। उनके आगमन का उद्देश्य महिला उत्पीड़न की रोकथाम, पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाना तथा महिला जनसुनवाई, समीक्षा एवं निरीक्षण करना है, जिससे न्यायिक पारदर्शिता, सामाजिक सुरक्षा, मानवीय संवेदना एवं प्रशासनिक उत्तरदायित्व को और अधिक सशक्त किया जा सके। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सदस्या पूर्वान्ह 09:30 बजे सर्किट हाउस, भिनगा पहुंचेंगी। इसके उपरांत महिला जनप्रतिनिधियों के साथ गंभीर, सार्थक एवं परामर्शात्मक बैठक करेंगी। पूर्वान्ह 11:00 बजे पुलिस लाइन सभागार कक्ष में महिला जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पीड़ित महिलाएं अपनी समस्याएं सीधे सदस्या के समक्ष निडरता, विश्वास एवं आशा के साथ प्रस्तुत कर सकेंगी। जनसुनवाई के पश्चात अपरान्ह 03:00 बजे से सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का स्थलीय, व्यवस्थागत एवं गुणवत्ता आधारित निरीक्षण किया जाएगा। अपरान्ह 04:00 बजे आंगनवाड़ी केंद्र तथा सायं 05:00 बजे बालिका/महिला गृह का समग्र, मानकानुसार एवं संवेदनशील निरीक्षण माननीय सदस्या द्वारा किया जाएगा। उक्त जानकारी जिला प्रोबेशन अधिकारी मोहम्मद मुमताज ने दी है।

# महिला ने उपनिरीक्षक पर छेड़खानी का लगाया आरोप

### बेटियों की बरामदगी के बहाने गुजरात– मुंबई ले जाकर खर्च कराये, होटल में अभद्रता की

सिद्धार्थनगर- पुलिस की कार्यप्रणाली और महिला सुरक्षा को लेकर गंभीर आरोप लगा है। एक महिला ने डुमरियागंज थाने में तैनात उपनिरीक्षक अरविंद मौर्य पर बेटियों की बरामदगी के बहाने गुजरात और मुंबई ले जाकर आर्थिक शोषण और छेड़खानी का आरोप लगाया हैं। मामला डुमरियागंज थाना क्षेत्र का है। पीड़िता महिला ने एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि 20 नवंबर 2025 को उसकी दो बेटियां लापता हो गई थीं। स्थानीय थाने में शिकायत करने के बावजूद प्रारंभिक स्तर पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। बाद में एसपी के हस्तक्षेप पर मोबाइल सर्विलांस के माध्यम से बेटियों की लोकेशन ट्रेस की गई। महिला के अनुसार, जांच में एक बेटी गुजरात और दूसरी मुंबई में पाई गई। बड़ी बेटी को मुंबई के एक होटल से अरबाज नामक युवक के साथ बरामद किया गया। महिला का आरोप है कि इस पूरी बरामदगी की प्रक्रिया के दौरान उपनिरीक्षक अरविंद मौर्य उसे अपने साथ लेकर गए थे। पीड़िता का कहना है कि बेटियों की बरामदगी के नाम पर पूरी यात्रा का खर्च उससे ही कराया गया। इसमें खाने-पीने, होटल में ठहरने, वाहन के ईंधन और रास्ते की अन्य खरीददारी तक का भुगतान महिला ने अपने मोबाइल फोन से ऑनलाइन किया। महिला का दावा है कि इन सभी भुगतानों के डिजिटल साक्ष्य उसके पास मौजूद हैं। जिन्हें वह जांच के दौरान प्रस्तुत कर सकती है। महिला ने आरोप लगाया कि मुंबई और अन्य स्थानों पर ठहरने के दौरान उपनिरीक्षक अरविंद मौर्य ने होटल में उसके साथ जबरदस्ती करने का प्रयास किया और छेड़खानी की। पीड़िता के विरोध करने पर उसे धमकाया गया कि शिकायत करने पर उसे और उसकी बेटियों को झूठे मुकदमों में फंसा दिया जाएगा। महिला का आरोप है कि जिस युवक अरबाज के साथ उसकी बेटी होटल में मिली थी। उसके खिलाफ कोई विधिक कार्रवाई नहीं की गई और उसे रास्ते में ही छोड़ दिया गया। पीड़िता का दावा है कि उस पर और उसकी बेटियों पर बयान बदलने का दबाव बनाकर दस्तखत भी कराए गए। आरोप है कि ऐसा न करने पर धारा 420 सहित अन्य मामलों में जेल भेजने की धमकी दी गई। मामले के सामने आने के बाद एसपी के निर्देश पर सीओ बांसी कार्यालय में महिला और उसकी बड़ी बेटी के बयान दर्ज किए गए हैं। हालांकि, अब तक आरोपी उपनिरीक्षक के खिलाफ किसी प्रकार की निलंबन या विभागीय कार्रवाई की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। बांसी सीओ रोहिणी यादव ने बताया कि एसपी ने जांच के आदेश दिए है। सभी बयानों को दर्ज कर जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद एसपी को जांच रिपोर्ट सौंप दी जाएगी।

# स्वास्थ्य और शिक्षा में सुधार सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : विधायक

## जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में सम्पूर्णता अभियान 2.0 का भव्य शुभारम्भ

जिला संवाददाता




**श्रावस्ती।** नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा संचालित आकांक्षात्मक जनपद कार्यक्रम एवं आकांक्षात्मक ब्लाक कार्यक्रम के अंतर्गत निर्धारित इंडीकेटर्स के लक्ष्यों को संतृप्त करने के उद्देश्य से सम्पूर्णता अभियान- 2.0 का शुभारम्भ कलेक्ट्रेट स्थित तभागत हाल में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ अध्यक्ष जिला पंचायत दद्दन मिश्र, विधायक श्रावस्ती रामफेरन पाण्डेय एवं मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने सम्पूर्णता अभियान की शपथ ली तथा शपथ बैनर पर हस्ताक्षर भी किए। साथ ही अभियान के पोस्टर का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, आईसीडीएस, ग्राम्य विकास विभाग, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग एवं पंचायती राज विभाग द्वारा स्टाल लगाए गए, जिनका अध्यक्ष जिला पंचायत, विधायक एवं मुख्य विकास अधिकारी ने अवलोकन कर योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। यह अभियान 28 जनवरी, 2026 से 14 अप्रैल, 2026 तक चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य आकांक्षात्मक ब्लाकों में चयनित संकेतकों की पूर्ण संतृप्ति सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत ने कहा कि देश के अपेक्षाकृत पिछड़े एवं दूरदराज क्षेत्रों के तीव्र विकास हेतु केंद्र सरकार द्वारा आकांक्षी जनपद एवं आकांक्षी ब्लाक कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया था। इसकी सफलता के आधार पर आज आकांक्षी ब्लाक कार्यक्रम 2.0 के अंतर्गत सम्पूर्णता अभियान चलाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, पेयजल, स्वच्छता, कृषि, जल संसाधन, वित्तीय समावेशन एवं अवसंरचना जैसे क्षेत्रों में आवश्यक सरकारी सेवाओं की पूर्ति कर आकांक्षी ब्लाकों को विकसित श्रेणी में लाना इसका मुख्य उद्देश्य है। विधायक श्रावस्ती ने कहा कि देश व प्रदेश सरकार द्वारा पिछड़े एवं अति पिछड़े जनपदों को विकसित जनपदों की श्रेणी में लाने हेतु यह योजना प्रारम्भ की गई है। सम्पूर्णता अभियान के द्वितीय चरण के माध्यम से स्वास्थ्य, शिक्षा एवं पोषण जैसे बुनियादी क्षेत्रों में सुधार लाना डबल इंजन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी कहा कि विकास खंड जमुनहा के लिए निर्धारित सभी छह प्रमुख संकेतकों को समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद ने बताया कि नीति आयोग के आकांक्षी जनपद एवं आकांक्षी ब्लाक कार्यक्रम के अंतर्गत यह अभियान 14 अप्रैल, 2026 तक संचालित होगा। इसका उद्देश्य निर्धारित छह प्रमुख इंडीकेटर्स की परिपूर्णता अर्जित करना है।

उन्होंने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि लक्ष्यों की संतृप्ति हेतु अपेक्षित कार्यवाही सुनिश्चित करें, विकास खंड स्तर पर कार्ययोजना तैयार करें तथा मासिक प्रगति की नियमित समीक्षा करें। साथ ही विभागीय एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा क्षेत्र भ्रमण कर सतत मॉनिटरिंग एवं समवर्ती मूल्यांकन करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अजय कुमार यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजय कुमार गुप्ता, जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन राजकुमार त्रिपाठी, जिला समन्वयक अजीत उपाध्याय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि0**
अधीक्षण अभियन्ता –तकनीकी, गोमती नगर क्षेत्र, लखनऊ

**ई–निविदा सूचना:** वि०आ०सं० 430 दिनांक: 22.01.2026

1.42/SE(T)/2025–26, अधिशासी अभियन्ता, 11 के०वी० एण्ड एल०टी० इन्दिरा नगर, लखनऊ के कार्यक्षेत्र में क्षतिग्रस्त परिवर्तक को बदलकर अन्य परिवर्तक स्थापित करने सम्बन्धी कार्य, प्रपत्र शुल्क रू0 1180.00, धरोहर राशि रू0 8330.00

2.43/SE(T)/2025–26, अधिशासी अभियन्ता, 11 के०वी० एण्ड एल०टी० इन्दिरा नगर, लखनऊ के कार्यक्षेत्र एस०टी०/पी०सी०सी० पोलों को बदलने, एस०टी० पोलो को मरम्मत करवाने एवं लाइनों के मेंटीनेंस का कार्य, प्रपत्र शुल्क रू0 1180.00, धरोहर राशि रू0 8450.00

3.44/SE(T)/2025–26, अधिशासी अभियन्ता, 11 के०वी० एण्ड एल०टी० इन्दिरा नगर, लखनऊ के कार्यक्षेत्र में अनुरक्षण कार्य हेतु विकेन्द्रीयकृत सामग्री का क्रय, प्रपत्र शुल्क रू0 3540.00, धरोहर राशि रू0 23800.00

4.45/SE(T)/2025–26, अधिशासी अभियन्ता, 11 के०वी० एण्ड एल०टी० इन्दिरा नगर, लखनऊ के कार्यक्षेत्र में जमा योजना के सापेक्ष स्वीकृत विभिन्न पैकजों के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्य, प्रपत्र शुल्क रू0 3540.00, धरोहर राशि रू0 30,000.00

**ई–निविदा की अन्तिम तिथि:–** 17 फरवरी, 2026, 16:00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचानाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जायेगी।

# आजीविका मिशन और सीएम योगी के विजन का दिख रहा असर

## डेयरी सेक्टर से जुड़कर गोरखपुर मंडल की 47 हजार महिलाएं बन रहीं आत्मनिर्भर

- राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत बना है श्री बाबा गोरखनाथ कृपा मिल्क प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन, महिलाएं हैं शेयरहोल्डर
- दो साल दो माह में 192 करोड़ हुआ इस मिल्क प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन का टर्नओवर
- महिला शेयरहोल्डर्स को किया 155 करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान

घनश्याम कुमार





गोरखपुर। ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए आजीविका मिशन के रूप में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का विजन धरातल पर नजर आ रहा है। सीएम योगी की प्रेरणा से डेयरी सेक्टर से जुड़कर गोरखपुर मंडल की 47 हजार महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो रही हैं। इसका जरिया बना है श्री बाबा गोरखनाथ कृपा मिल्क प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन (एमपीओ)। इस एमपीओ की शेयरहोल्डर ग्रामीण महिलाएं ही हैं और इनके बल पर इस संस्था ने महज दो साल दो माह में 192 करोड़ रुपए का टर्नओवर हासिल कर लिया है।

श्री बाबा गोरखनाथ कृपा एमपीओ का गठन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के सहयोग से किया गया है। यह एमपीओ 26 नवंबर 2023 से क्रियाशील हुआ। इसके मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) धनराज साहनी के अनुसार क्रियाशीलता के दो साल दो माह में, 31 जनवरी 2026 तक गोरखपुर मंडल की 47 हजार महिलाएं इससे जुड़कर अपनी आर्थिकी मजबूत कर रही हैं। इस अवधि में एमपीओ का टर्नओवर 192 करोड़ रुपये का है। अब तक एमपीओ द्वारा 155 करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान महिला शेयरहोल्डर्स को किया जा चुका है।

**प्रतिदिन डेढ़ लाख लीटर दूध का संग्रह, दो हजार महिलाएं बनीं लखपति दीदी**

एमपीओ की शेयरहोल्डर महिलाएं प्रतिदिन डेढ़ लाख लीटर से अधिक दूध का संग्रह करती हैं। एमपीओ से जुड़ी करीब दो हजार महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं। इस एमपीओ का कार्यक्षेत्र मंडल के चार जिलों गोरखपुर, महराजगंज, देवरिया और कुशीनगर है। एमपीओ द्वारा 500 से अधिक मिल्क पूलिंग पॉइंट्स के माध्यम से संग्रहित दूध की आपूर्ति मदर डेयरी को की जाती है। लखपति दीदियों के अलावा एमपीओ से जुड़ी अन्य महिलाएं भी औसतन प्रतिमाह सात से आठ हजार रुपये की आय घर बैठे प्राप्त कर रही हैं। सीईओ धनराज शाहनी का कहना है कि एमपीओ की यह उपलब्धि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन का परिणाम है। उनकी प्रेरणा और दूरदर्शी दृष्टिकोण से ग्रामीण क्षेत्र की हजारों महिलाएं आत्मनिर्भरता और समृद्धि की दिशा में आगे बढ़ रही हैं।

**शेयरहोल्डर्स को 53.16 लाख रुपये की निष्ठा प्रोत्साहन राशि व लाभांश का वितरण**

श्री बाबा गोरखनाथ कृपा एमपीओ का गठन बुंदेलखंड की बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी की तर्ज पर किया गया है। इसके परिणाम भी उसी के अनुरूप आ रहे हैं। इस एमपीओ ने दीपावली पर महिला शेयरहोल्डर्स को 53.16 लाख रुपये की निष्ठा प्रोत्साहन राशि और लाभांश का वितरण कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन को कारगर सिद्ध किया है। प्रोत्साहन राशि और लाभांश का वितरण इस बात का भी प्रमाण है कि पशुपालन व दुग्ध उत्पादन से जुड़कर मंडल की हजारों महिलाएं स्वावलंबन की डगर पर सफलतापूर्वक आगे बढ़ रही हैं। एमपीओ द्वारा निष्ठा प्रोत्साहन राशि महिलाओं को कारोबार में उनके योगदान के आधार पर दी गई, जबकि इक्विटी शेयर पर लाभांश 8 रुपये प्रति शेयर की दर से दिया गया। इस एमपीओ के प्रति शेयर का अंकित मूल्य 100 रुपये है।

## बाइक सवार को पिकअप ने मारी टक्कर, गई जान



इकदिल, इटावा। कस्बा के ओवरब्रिज के पास रविवार शाम तेज रफ्तार दूध की पिकअप की टक्कर से बाइक सवार पिता की मौत हो गई, जबकि उनका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। वह सराफ का काम करते थे। हादसे के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। इकदिल थाना क्षेत्र के रितौर गांव निवासी 50 वर्षीय विवेक उर्फ छुट्टन तिवारी पुत्र महेश तिवारी की कस्बा के स्टेशन रोड पर सरार्फा की दुकान है। रविवार की शाम वह अपनी दुकान बंद कर अपने 20 वर्षीय पुत्र लालजी तिवारी के साथ गांव पृथ्वीपुर से निमंत्रण खाकर अपने घर लौट रहे थे। बेटा लालजी बाइक चला रहा था और पिता पीछे बैठे हुए थे तभी इकदिल ओवरब्रिज पास पहुंचने पर पीछे से आ रही दूध केन लोड किए पिकअप ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी बाइक पर पीछे बैठे पिता उछल कर नीचे जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा होते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद दुकानदारों और राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी और एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। जिला अस्पताल में तैनात डॉक्टर शिवम राजपूत ने विवेक तिवारी के सिर में गंभीर चोट होने के कारण उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं, उनके पुत्र लालजी तिवारी का प्राथमिक उपचार किया गया। इधर, विवेक तिवारी की मौत की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए। शव देखते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और परिवार का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। हादसे के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दूध की पिकअप को कब्जे में ले लिया, जबकि चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह ने बताया कि चालक की तलाश की जा रही है।

## रविदास जयंती पर कार्यक्रम आयोजित



इटावा। आजाद समाज पार्टी कांशीराम के पदाधिकारियों द्वारा जसवंतनगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम संतोषपुर पचार में संत शिरोमणि सतगुरु रविदास महाराज की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य संत रविदास की सामाजिक समता, भाईचारे और मानव समानता की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना रहा। उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आजाद समाज पार्टी के प्रदेश सचिव बलवीर सिंह जाटव रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि संत रविदास जी, बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर और मान्यवर कांशीराम की विचारधारा ही बहुजन समाज को सम्मान और अधिकार दिलाने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि बेगमपुरा की संकल्पना आज भी शोषणमुक्त और समान समाज का रास्ता दिखाती है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि जयप्रकाश जाटव, लाल सिंह जाटव एवं हर्ष चैधरी रहे। इस अवसर पर आजाद समाज पार्टी के जिलासंयोजक भाईचारा मोनू आजाद, पूर्व जिला महासचिव रामनारायण गौतम, कप्तान जाटव, हरिश्चंद्र गौतम, धर्मवीर दिवाकर, शिवम कठेरिया, राकेश यादव, अमरचंद्र, सुधीर कुमार गौतम, दिवाकर, अनुज जाटव, मूंज जाटव, राकेश आजाद, डॉ. वीरेंद्र जाटव सहित पार्टी पदाधिकारी एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

## बजट औद्योगिक विकास दर को उच्च रखने वाला है: दीपक

इटावा। वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत किया गया बजट विश्व स्तर पर भारत की औद्योगिक विकास दर को उच्च रखने वाला है। अमेरिका द्वारा भारत से ट्रेड डील न करने को लेकर 25 परसेंट तथा अतिरिक्त 25 परसेंट मिलकर 50: टैरिफ लगा दिए गए थे। ऐसे में भारत के सामने विषम परिस्थिति उत्पन्न हो गई थी। भारत द्वारा प्रस्तुत बजट में उसने अमेरिका के टैरिफ का ही जवाब नहीं दिया अपितु अपने निर्यातकों के हितों का संरक्षण करते हुए वैकल्पिक बाजारों को तलाशते हुए उसने कई विकल्प पैदा कर दिए। जिसमें फ्रांस, यूनाइटेड किंगडम, यूरोपीय संघ, अरब लीग के 22 देश तथा अन्य देशों से लगातार संपर्क कर उन्हें फ्री ट्रेड एग्रीमेंट के लिए राजी कर भारत ने अमेरिकी टैरिफ से किसी हद तक नुकसान की भरपाई पूरी कर ली है।

# आम बजट को सत्ता पक्ष ने सराहा तो विपक्ष ने बताया लॉलीपाप

गगहा, गोरखपुर। केंद्र की मोदी सररकार की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा एक फरवरी को आम बजट पेश किया गया है। मोदी सरकार द्वारा पेश किए गए बजट पर ग्रामीण क्षेत्रों में गहन चर्चा हो रही है। बजट को लेकर समाज के विभिन्न वर्गों के बीच जमकर चर्चा छिड़ी हुई है। वहीं ग्रामीण महिलाएं भी बजट को लेकर अपनी राय बेबाकी से रख रही। बजट मुद् दे वहीं राधामोहन सिंह ने कहा कि बजट देशहित में है। जिसमें पात्र व्यक्तियों का समुचित ख्याल रखा गया है। किसानों का भी विशेष ख्याल रखा गया है। बच्चियों के उच्च शिक्षा के लिए जिले पर गर्ल्स हास्टल बनाए जाने का भी बजट में रखा गया। जिससे बच्चियों को उच्च शिक्षा ग्रहण में कोई दिक्कत नहीं होगी और वह शिक्षा ग्रहण कर देश के लिए अपना योगदान देंगी।

### बजट से देश के विकास को मिलेगी रफ्तार : रामनगीना त्रिपाठी



क्षेत्र के सेवानिवृत्त चीफ इंजीनियर राम नगीना त्रिपाठी ने कहा कि बजट काफी संतुलित हैं इससे देश के विकास की रफ्तार बढ़ेगी गरीबों को गम्भीर बिमारियों के इलाज के लिए दवाएं सस्ती हुई है। जिसका लाभ आम नागरिकों को मिलेगा इस बजट में स्वास्थ्य शिक्षा और सड़क पर काफी ध्यान दिया गया है। यह बजट स्वागत योग्य है।

### महिलाओं के उत्थान के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं : नेहा उपाध्याय



नेहा उपाध्याय ने कहा कि सरकार महिलाओं के उत्थान के लिए कोई खास योजना नहीं लाई है। जिससे आधी आबादी भी घर के चूल्हा और चौका से बाहर निकल सके। ग्रामीण क्षेत्रों की 90 प्रतिशत महिलाएं बेरोजगार हैं। जो पुरूषों पर आश्रित रहतीं हैं। सरकार को गांवों में निवास करने वाली महिलाओं के स्वरोजगार के लिए योजनाएं लानी चाहिए थी। जिससे परिवार का और देश का स्तर और ऊंचा हो सके। बेरोजगार महिलाओं के उत्थान के लिए कोई खास योजनाएं नहीं लायी गयी है।

### जनता के साथ छलावा है बजट : पंकज शाही



पूर्व प्रदेश सचिव व सपा नेता पंकज शाही ने कहा कि यह बजट एक छलावा है। यह जनता को लालीपाप वाला बजट बताते हुए कहा की गरीबों के लिए कोई खास योजनाएं नहीं है बल्कि उद्योगपतियों के लिए यह बजट बरदान साबित होगा महंगाई बेरोजगारी चरम सीमा पर उस सरकार का कोई ध्यान नहीं हैं।

### बजट में हर वर्ग के लिए हितकारी : सबल सिंह पालीवाल



भाजपा के जिला महामंत्री सबल सिंह पालीवाल ने कहा कि कैंसर सहित गम्भीर बिमारियों की चिकित्सा आदि में भारी छूट, महिला उद्यमियों को उनके उत्पाद बेचने हेतु सी मार्ट बनाए जाने की घोषणा, छोटे व्यापारियों को जी एस टी भुगतान में सरलता, ए आई तकनीक के माध्यम से दिव्यांगों को आजीविका की व्यवस्था के साथ किसानों के लिए सहुलियत व युवाओं के लिए रोजगार तक की व्यवस्था की गयी है।

## कार ऑटो की भिड़ंत में आठ घायल, एक की मौत



बकेवर, इटावा। लखना मार्ग पर देर शाम आठ बजे बकेवर की ओर से तेज गति से आ रही लखना सामाजिक वानिकी की मार्शल कार व लखना की ओर से सवारियां लेकर आ रहे दो आटो से भिडन्त नगला बनी के सामने हनुमान मंदिर के पास हो गई जिसमे 8 लोग गम्भीर रुप से घायल हुए वहीं 33 बर्षीय एक युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना की सूचना राहगीरों ने एम्बुलेंस व थाना बकेवर पुलिस को दी तब घायलों को 50 शैय्या अस्पताल लाया गया जहाञ इमरजेंसी में उपचार जारी है। रविवार की रात आठ करीब बजे लखना सामाजिक वानिकी की मार्शल का चालक लापरवाही व तेज गति से बकेवर की ओर से लखना जा रहा था जैसे नगला बनी के सामने लखना रोड हनुमान मंदिर के सामने पहुंचा तो लखना की ओर से आ रहे आटो में टक्कर मारी जिसमें पांडरी बाबा की पूजा करके लौट रहे आशुतोष मिश्रा पुत्रराजेश, शालिनी पत्नी आशुतोष, अर्चना पत्नी देवेश मिश्रा विजयलक्ष्मी पत्नी अखिलेश निवासीगण अजीतमल औरैया को टक्कर मारते हुए दूसरे आटो में टक्कर मार दी जिसमें सवार रोहित पुत्र भैरोंसिंह लखना पुराना पुलजगतसिंह पुत्र बेटालाल निवासी ककरैया, सनी पुत्र राजनारायण निवासी ग्राम मडौली, रामकिशन पुत्र जयश्रीराम निवासी ग्राम करौंधी गम्भीर रुप से आटो पलटने से गम्भीर घायल हो गये।

# चिकित्सकीय स्टाफ की उपस्थिति बायोमेट्रिक मशीन से शुरू

बकेवर, इटावा। 50 शैय्या अस्पताल के अब चिकित्सकों व चिकित्सकीय स्टाफ की उपस्थिति बायोमेट्रिक मशीन से शुरू हो गयी। पहले दिन ही तीन चिकित्सक अनुपस्थिति हुए। जबकि अन्य चिकित्सकीय स्टाफ समय से पहुंचा। शाषन के निदेशों के तहत कस्बा के 50 शैय्या अस्पताल प्रशाषन ने चिकित्सकों की व चिकित्सकीय स्टाफ की ड्यूटी उपस्थिति की हाजिर लगने को अस्पताल में अब बायोमेट्रिक मशीन लगवा दी गयी है। 1 फरवरी से हाजिरी बायोमेट्रिक होने से देर से आने वाले चिकित्सकों में हड़कम्प मचा है। 1 फरवरी को रविवार होने से मात्र इमरजेंसी ही चालू थी। अस्पताल में बायोमेट्रिक मशीन लगने के बाद सोमवार को पहले दिन ही अस्पताल से तीन चिकित्सक गैरहाजिर रहे। अस्पताल के सीएमएस डॉ संदीप गुलाटी ने बताया कि शाषन के निर्देश पर स्टाफ की उपस्थिति के लिए बायोमेट्रिक मशीन लगवा दी गयी है। मशीन में सभी चिकित्सकों व स्टाफ के अँगूठा निशान सुरक्षित करा दिए गए हैं समय भी फीड करा दिया गया हैं। सभी स्टाफ को बायोमेट्रिक हाजिरी देने के निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। सोमवार को तीन चिकित्सक महिला रोग विशेषज्ञ डॉ सुनीता गौतम, नेत्र सर्जन डॉ ऋतु व हड्डी रोग विशेषज्ञ अभिषेक स्वर्णकार गैरहाजिर रहे। उक्त लोगों ने कोई अवकाश के लिए पोर्टल पर भी कोई आवदेन नहीं किया था।

# विरासत गलियारा बना व्यापारियों के लिए आफत

- ठेकेदार की गुंडई, अव्यवस्था और निर्माण में भारी देरी से उफान पर आक्रोश, मंडलायुक्त-डीएम को सौंपा ज्ञापन



गोरखपुर। विरासत गलियारा परियोजना इन दिनों विकास का प्रतीक नहीं बल्कि आसपास के व्यापारियों के लिए अभिशाप बनती जा रही है। निर्माण कार्य में भारी सुस्ती, बेतरतीब खुदाई और ठेकेदार की खुलेआम गुंडई से त्रस्त व्यापारी आखिरकार सड़क पर उतर आए। समस्त व्यापार मंडल के नेतृत्व में व्यापारियों ने मंडलायुक्त और जिलाधिकारी से मिलकर ज्ञापन सौंपा और चेतावनी दी कि यदि हालात नहीं सुधरे तो आंदोलन के अलावा कोई रास्ता नहीं बचेगा।

व्यापारियों का आरोप है कि नालियों के निर्माण के नाम पर महीनों पहले गड्ढे खोद दिए गए, जिन्हें भरने या काम आगे बढ़ाने की कोई सुध नहीं ली गई। सड़कों पर चारों ओर गड्ढे और मलबा फैला हुआ है, नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। हालात ऐसे हैं कि दुकान तक पहुंचना मुश्किल हो गया है, ग्राहक आना बंद हो गए हैं और व्यापार पूरी तरह से चौपट हो चुका है। समस्त व्यापार मंडल के नितिन जायसवाल के नेतृत्व में तथा गुड्स एंड ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष सिंह के साथ धर्मशाला से जटाशंकर तक के व्यापारी मंडलायुक्त और जिलाधिकारी से मिले। नितिन जायसवाल ने दो टूक कहा कि व्यापारी विरासत गलियारा परियोजना के खिलाफ नहीं हैं, बल्कि अव्यवस्थित कार्यप्रणाली के खिलाफ हैं। लोक निर्माण विभाग और ठेकेदार बिना किसी ठोस प्लानिंग के गड्ढे खोदकर छोड़ दे रहे हैं, जिससे दुर्घटनाएं हो रही हैं और सैकड़ों परिवारों की रोजी-रोटी छिनने की कगार पर है। कई व्यापारी भुखमरी की स्थिति में पहुंच चुके हैं।

व्यापारियों ने मांग की कि जहां काम होना हो वहां एक-दो दिन पहले ही खुदाई की जाए और उसी गति से काम पूरा किया जाए। काम वाले स्थान से मलबा तत्काल हटाया जाए, नालियों की नियमित सफाई कराई जाए और सड़कों पर पड़े गड्ढों को तत्काल भरा जाए। गुड्स एंड ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष सिंह ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि ठेकेदार के लोग व्यापारियों द्वारा परेशानी बताने पर गाली-गलौज और मारपीट पर उतर आते हैं। भय के माहौल में व्यापारी अपनी ही दुकानों पर असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

मंडलायुक्त ने व्यापारियों की पीड़ा को गंभीरता से सुनते हुए जिलाधिकारी को तत्काल निर्देश दिए कि व्यापारियों से संवाद कर समस्याओं का समाधान कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ठेकेदार को चेतावनी दी जाएगी और ऐसे लोगों को परियोजना से हटाया जाएगा जो जनता से अभद्र व्यवहार कर रहे हैं। साथ ही पब्लिक से संवेदनशील व्यवहार सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। इस दौरान देवेश वैश्य, अनूप कुमार गुप्ता, आलोक कुमार वैश्य, अनुराग गुप्ता, सुशील कुमार, कविता रमानी, विनोद कुमार गुप्ता, योगेंद्र वैश्य, साहिल जायसवाल, मनीष सिंह, देवेश सहित दर्जनों व्यापारी मौजूद रहे और अपनी पीड़ा मुखर होकर रखी।

## बीहड़ वाली मजार की तरफ आने-जाने पर रोक

इटावा। सफारी पार्क के पीछे बीहड़ इलाके में स्थित सैय्यद बाबा मजार के रास्ते पर वन विभाग ने नोटिस चस्पा कर आने जाने पर रोक लगा दी है। मजार से जुड़े दस्तावेजों को लेकर वन विभाग द्वारा ध्वस्तीकरण और कार्रवाई का नोटिस जारी किए जाने के बाद बड़ी संख्या में लोग मजार की ओर पहुंचने लगे थे। हालात को देखते हुए वन विभाग ने मजार तक जाने वाले रास्ते पर पूरी तरह रोक लगा दी है। रास्ता बंद कर दिया गया है, चेतावनी बोर्ड लगाए गए है, कांटेदार झाड़ियां डाली गई है और 24 घंटे वन कर्मियों की तैनाती कर दी गई है। पुलिस और खुफिया विभाग भी पूरे मामले की नजर बनाए हुए है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना NER-LJN-2026-22**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है –

**ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2026-22, कार्य का नाम :** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल : लखनऊ सिटी स्टेशन के ऐशबाग छोर पर स्थित पुराने एफओबी का उन्नयन/सुधार, **अनुमानित लागत :** रु. 1,71,56,612.39, **अग्रिम धन :** रु. 2,35,800.00, **समापन अवधि :** 06 माह।

1. उपरोक्त ई-निविदा संख्या **NER-LJN-2026-22** के लिए ई-निविदा दिनांक **24.02.2026** को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेगी। 2. उपरोक्त ई-निविदा से संबंधित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से संबंधित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धिपत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग,**
**मुजाधि/डब्ल्यू-445 पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ**

**ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें**

## एसएसपी ने सुनी समस्याएं

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस कार्यालय में नियमित रुप से होने वाली जनसुनवाई की गयी।

**सूचना**

सर्व विदित हो कि हमने अपने पुत्र मोहम्मद सईद एवं पुत्र वधू रुखसार बानो को गलत चाल चलन के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल व सारे संबंध समाप्त कर दिया है। भविष्य में इन दोनों पति पत्नी के द्वारा किये गए किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। **अब्दुल अजीज खान पुत्र स्वर्गीय अब्दुल मजीद खान, जरीना बानो पत्नी अब्दुल अजीज खान निवासी 155/243 क चमर टोलिया मौलवीगंज थाना अमीनाबाद लखनऊ**

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने एक कच्चा प्लाट मौजा-लडाकापुरवा जे.ए. परगना व जिला बांदा जिसका गाटा सं.-1203 में क्रय किया था जो उपनिबन्धक कार्यालय बांदा में दिनांक 28.03.2009 को पंजीकृत हुआ था जिसका जिल्द सं.-3093 पृष्ठ सं. 71 से 90 पर क्रमांक 1745 को विक्रेता श्रीमती कोयली पत्नी राम सेवक नि.मु.कालू कुआ शहर बांदा से क्रय किया था। **श्रीमती संगीता देवी पत्नी विरेन्द्र कुमार नि. ग्राम महोखर परगना व जिला बांदा।**

# स्ट्रीट लाइट लगने से ग्रामीणों में हर्ष, की सराहना



गीडा, गोरखपुर। विकास खंड पिपरौली के अंतर्गत ग्राम पंचायत बसुधा में जनसुविधा और सुरक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया है। ग्राम पंचायत निधि के माध्यम से प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण और पंचायत भवन परिसर में लगभग 2 लाख रुपए की लागत से आधुनिक स्ट्रीट लाइटें लगवाई गई। सोमवार को ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मोनू कन्नौजिया ने बताया कि पंचायत भवन और प्राथमिक विद्यालय सार्वजनिक संपत्ति होने के साथ-साथ गाँव की गतिविधियों के मुख्य केंद्र हैं। रात के समय इन परिसरों में अंधेरा होने के कारण सुरक्षा का खतरा बना रहता था। ग्रामीणों और छात्रों की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए पंचायत निधि से यहाँ लाइटिंग की व्यवस्था कराई गई है। वही पंचायत के इस कार्य की सराहना करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार यादव ने कहा कि स्कूल प्रांगण में रोशनी होने से विद्यालय की संपत्ति सुरक्षित रहेगी। ग्रामीण जसवंत सिंह, पारस सिंह बुद्धिराम, ओम प्रकाश सिंह, मंटू सिंह, किशुन सिंह, घनश्याम उपाध्याय व सचिन भारती समेत आदि लोगों ने कहा कि इस तरह के विकास कार्यों से न केवल गाँव की सुंदरता बढ़ती है, बल्कि असामाजिक तत्वों पर भी अंकुश लगाने में मदद मिलती है।

# जल सहेलियों की यमुना यात्रा इटावा पहुंची

इटावा। यमुना नदी को अविरल और निर्मल बनाने के उद्देश्य से बुंदेलखंड की जल सहेलियों द्वारा निकाली जा रही श्अविरल निर्मल यमुना यात्राश इटावा जनपद पहुंच गई है। यह यात्रा 29 जनवरी को जालौन के पचनदा धाम से शुरू हुई थी। यह दल लगभग 500 किलोमीटर की पदयात्रा करते हुए उत्तर प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली से होकर दिल्ली के वासुदेव घाट तक जाएगा। यात्रा के दौरान गांव गांव जाकर लोगों से संवाद किया जा रहा है। प्रेस क्लब भवन में आयोजित प्रेसवार्ता में यात्रा की पूरी जानकारी दी गई। जल सहेलियों ने बताया कि इस यात्रा का मकसद केवल पदयात्रा करना नहीं है, बल्कि समाज को नदी से जोड़ना और यमुना की मौजूदा हालत से लोगों को अवगत कराना है। उनका कहना है कि जब तक समाज की नदी को अपनी जिम्मेदारी नहीं मानेगा तब तक कोई भी सरकारी योजना स्थायी समाधान नहीं दे पाएगी। यह यात्रा नदी संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। जल सहेली संस्थान के संस्थापक डा. संजय सिंह ने कहा कि यह यात्रा किसी एक संगठन की नहीं बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी को जगाने का प्रयास है। उन्होंने बताया कि जल सहेलियां वर्षों से तालाबों, कुओं व सूखी नदियों के पुनर्जीवन पर काम कर रही है और उसी अनुभव के आधार पर अब यमुना को लेकर समाज के बीच संवाद कर रही है।

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि०**
अधीक्षण अभियन्ता (तकनीकी), जानकीपुरम क्षेत्र, लखनऊ

**ई–निविदा सूचना** वि०आ०सं०–261 दिनांक 02.02.2026

1.09/SE/TECH/JZ/2025–26 अधिशासी अभियन्ता 11 के0वी0 एवं एल० टी० जानकीपुरम् के 33/11 के०वी० विद्युत उपकेन्द्र. साढामऊ, मामपुरबाना व बौरूमऊ के कार्यक्षेत्रान्तर्गत स्थापित विभिन्न क्षमता के क्षतिग्रस्त परिवर्तकों की दुलाई व स्थापना का कार्य, ई–निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 3540.00 धरोहर राशि रू0 25000.00

2.10/SE/TECH/JZ/2025–26 अधिशासी अभियन्ता 11 के0वी0 एण्ड एल०टी० जानकीपुरम् के 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र, इटौंजा, कठवारा व कुम्हरावाँ के कार्यक्षेत्रान्तर्गत स्थापित विभिन्न क्षमता के क्षतिग्रस्त परिवर्तकों की ढुलाई व स्थापना का कार्य, ई–निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 3540.00 धरोहर राशि रू0 25000.00

ई–निविदा की अन्तिम तिथि 17 फरवरी 2026

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट "https://etender.up.nic.in" पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनायें वेबसाइट पर प्रदर्शित की जायेगी।

संक्षेप

## विधायक की मौजूदगी में मनी संत रविदास जयंती

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। विधानसभा क्षेत्र गोला के अंतर्गत विकास खंड बिजुआ के ग्राम मुड़ा सवारान में संत रविदास जयंती के अवसर पर सेंट रविदास अकैडमी जूनियर हाई स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक अमन गिरी ने सहभागिता कर संत रविदास एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर विधायक ने उपस्थित क्षेत्रीय नागरिकों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों को देखा और उनकी सराहना की। उन्होंने संत रविदास जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संत रविदास और बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचार सामाजिक समरसता, समानता और भाईचारे का मार्ग प्रशस्त करते हैं। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि कश्मीर सिंह ह्वाविड़, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि वीरेंद्र भूषण, ग्राम प्रधान ओमकार सिंह, लाल बिहारी, मिंटू सिंह, राजवीर, पूर्व प्रधान मुनेश वर्मा, यशपाल सिंह, निशान सिंह, कुलदीप सिंह, राजू राठौर सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक एवं गणमान्य लोग मौजूद थे।

## एलडीएम ने दिलाया मशरूम का प्रशिक्षण

लखीमपुर खीरी। 10 दिवसीय मशरूम उत्पादन कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया गया। 23 जनवरी 2026 से शुरू हुए इस 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में लखीमपुर ब्लॉक के लगुचा गांव की 32 महिलाएं भाग ले रही थीं, जिन्हें मशरूम उत्पादन और उद्यमिता विकास में प्रशिक्षण दिया गया। इस सन्दर्भ में जिला अग्रणी प्रबंधक अशोक कुमार गुप्ता ने बताया कि समापन समारोह मे प्रमाण पत्र वितरण का कार्यक्रम इंडियन बैंक के इंडसेटी निदेशक पूजा शुक्ला की उपस्थिति में हुआ।अग्रणी जिला प्रबंधक द्वारा महिलाओं से समूह से , सी सी एल से एवं सी एम युवा में ऋण लेकर काम को शुरू करने एवं बढ़ाते रहने का आह्वन किया। उन्होंने प्रशिक्षुओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की साथ ही एक सफल उद्यमी बनने के लिए प्रोत्साहित भी किया गया ।इस अवसर पर संकाय सदस्य मोहम्मद ओवेश, शिवसागर, नैमिष कुमार सहित आदि उपस्थित रहे।

## बार एसोसिएशन चुनाव कार्यक्रम की घोषणा

मोहम्मदी खीरी। तहसील बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव को लेकर चुनाव अधिकारी द्वारा कार्यक्रम की घोषणा करते ही सरगर्मियां तेज हो गई है। मुख्य चुनाव अधिकारी रामखिलावन मिश्रा और जेष्ठ समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र नाथ गुप्ता ने संयुक्त रूप से जानकारी देकर बताया कुल 22 पदों पर चुनाव होना है जिसमें 3 फरवरी को 10 से 3 बजे तक नामांकन के बाद 4 बजे तक आपत्ति निस्तारण किया जाएगा बाद फाइनल सूची जारी की जाएगी। 4 फरवरी को 10 बजे से 2 बजे तक नाम वापसी लिए जाएंगे जिसके बाद उम्मीदवारों की फाइनल सूची जारी की जाएगी। मतदान 7 फरवरी सुबह 10 बजे से 4 बजे तक होगा उसी दिन मतगणना के बाद परिणाम की घोषणा की जाएगी।

# अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद का धरना आश्वासन के बाद समाप्त



जिला संवाददाता(vol)

तिकुनिया खीरी। कस्बे के पावर हाउस पर रविवार से सोमवार तक अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद तथा बजरंग दल व महिला मोर्चा के संयुक्त रूप से पावर हाउस के अवर अभियंता तथा स्टाफ की कार्यशैली से नाराज संगठन द्वारा चलाया गया क्रमिक अनशन अधिशासी अभियंता रविंद्र कुमार सिंह यादव तथा ए के त्रिपाठी अधिशासी अभियंता मीटर के आश्वासन पर समाप्त हो गया अधिकारियों ने कहा जल्दी ही मांगों पर अमल किया जाएगा।

रविवार को अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद में पांच सूत्री मांगों को लेकर जिसमें अवर अभियंता दिलीप पटेल का स्थानांतरण किए जाने, 15 दिन का नोटिस देकर ही बकाया बिजली बिल का कनेक्शन काटे जाने, बिजली बिल हर माह उपभोक्ताओं तक भेजे जाने तथा बिजली कर्मचारियों द्वारा अभद्रता का व्यवहार किए, जाने से नाराज होकर पावर हाउस परिसर में क्रमिक अनशन शुरू किया था। जिस पर सोमवार को अधिशासी अभियंता रविंद्र कुमार सिंह यादव तथा तथा एके त्रिपाठी अधिशासी अभियंता मीटर विद्युत वितरण खंड निघासन ने पावर हाउस पहुंचकर हिंदू परिषद का मांग पत्र लेकर सभी मांगों का समाधान जल्दी ही किए जाने का आश्वासन दिया है। इस बाबत अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के सुनील श्रीवास्तव व विजेंद्र चौहान ने बताया कि सभी मांगे मान ली गई हैं इसलिए अनशन समाप्त किया जाता है।

## दुधवा में हुआ विश्व आर्द्रभूमि दिवस और बर्ड फेस्टिवल का आयोजन

पलियाकलां खीरी। विश्व आर्द्रभूमि दिवस एवं बर्ड फेस्टिवल के अवसर पर दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग, पलिया खीरी की समस्त रेंजों में जागरूकता, शैक्षिक एवं संरक्षण आधारित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इन कार्यक्रमों का उद्देश्य आर्द्रभूमियों के संरक्षण, प्रवासी एवं स्थानीय पक्षियों के महत्व तथा जैव विविधता के प्रति जन-जागरूकता को बढ़ावा देना रहा। दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग अंतर्गत विभिन्न विद्यालयी विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता के साथ चित्रकला प्रतियोगिता, जागरूकता गोष्ठियाँ, प्रकृति शिक्षण सत्र एवं शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यार्थियों को आर्द्रभूमि क्षेत्रों में ले जाकर पक्षियों की विभिन्न प्रजातियों, उनके आवास, प्रवास व्यवहार तथा आर्द्रभूमियों की पारिस्थितिक भूमिका के बारे में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रमों के माध्यम से यह बताया गया कि आर्द्रभूमियाँ जल संरक्षण, बाढ़ नियंत्रण, भूजल पुनर्भरण, जैव विविधता संरक्षण एवं जलवायु संतुलन बनाए रखने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। साथ ही आर्द्रभूमियों के संरक्षण हेतु स्वच्छता, अतिक्रमण नियंत्रण एवं सामुदायिक सहभागिता के महत्व पर भी बल दिया गया।




इसी क्रम में किशनपुर रेंज अंतर्गत कटैया चौकी परिसर में 02.02.2026 को एक विशेष जागरूकता, गोष्ठी एवं बर्ड वॉचिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन दुधवा टाइगर रिजर्व के बायोलॉजिस्ट विपिन कपूर सैनी द्वारा किया गया। उन्होंने विश्व आर्द्रभूमि दिवस की थीम, आर्द्रभूमियों की परिभाषा, उनके प्रकार तथा पारिस्थितिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। अपने संबोधन में उन्होंने बताया कि आर्द्रभूमियाँ प्राकृतिक जल भंडारण इकाइयाँ हैं, जो वर्षा जल को संचित कर बाढ़ नियंत्रण, भूजल पुनर्भरण एवं सूखे के प्रभाव को कम करने में सहायक होती हैं।

## समरसता तहरी भोज से भाईचारे का संदेश



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। माघ पूर्णिमा के पावन पर्व पर नगर पालिका परिषद की पूर्व अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल ने अपने आवास पर समरसता तहरी भोज एवं कन्या भोज का आयोजन किया।

आयोजन में नगर के बुजुर्ग, युवा और महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल होकर सामूहिक भोज में सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया। उपस्थित लोगों ने एक साथ बैठकर तहरी भोज ग्रहण किया, जिससे सामाजिक समरसता और आपसी सौहार्द का वातावरण बना रहा। मीनाक्षी अग्रवाल ने कहा कि ऐसे धार्मिक व सामाजिक आयोजनों से समाज में भाईचारा, परस्पर प्रेम और एकता की भावना स्वतः विकसित होती है। उन्होंने माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर सभी नगरवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं।

## यूजीसी एक्ट के समर्थन में ओबीसी महासभा ने दिया ज्ञापन

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। यूजीसी द्वारा 13 जनवरी से लागू प्रावधानों के समर्थन में ओबीसी महासभा ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर उच्च शिक्षण संस्थानों में भेदभाव-मुक्त, सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण सुनिश्चित करने की मांग उठाई है। महासभा ने कहा कि यह व्यवस्था सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों के छात्रों के अधिकारों की रक्षा के लिए आवश्यक है और इसे प्रभावी रूप से लागू किया जाना चाहिए।



ओबीसी महासभा के राष्ट्रीय महासचिव रामनिवास वर्मा ने कहा कि यह कदम शैक्षणिक समानता और सामाजिक न्याय को मजबूत करता है। उनके अनुसार, उच्च शिक्षा परिसरों में समावेशी माहौल और स्पष्ट जवाबदेही व्यवस्था से छात्रों का भरोसा बढ़ेगा और भेदभाव जैसी शिकायतों पर प्रभावी रोक लगेगी। महासभा ने ज्ञापन में शासन-प्रशासन से अपील की कि यूजीसी के प्रावधानों को यथावत लागू करते हुए सभी संस्थानों में जागरूकता, निगरानी और शिकायत निस्तारण तंत्र को सुदृढ़ किया जाए, ताकि छात्र बिना किसी भय या भेदभाव के शिक्षा प्राप्त कर सकें। ज्ञापन पर ओबीसी महासभा उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों और कार्यकताओं में महेश वर्मा, राजाराम यादव, रमेश चंद्र, विवेक गौतम, अशली लाल गौतम, हुकुम सिंह, फूलचंद गौतम, रामकुमार गौतम, शिव भगवान, संत कुमार भारती, रमाकांत चौधरी, केके यादव, वीरेंद्र कुमार वर्मा, देव नारायण, दीपक सिंह, रघुनाथ, विकास, सत्यराम (लल्लन), इंदर, महेश कुमार, राम सिंह, रंजीत गलौजिया, वेद प्रकाश वर्मा, सर्वजीत वर्मा, सचिन सिंह, संदीप वर्मा, आशीष कुमार भार्गव समेत अन्य लोग शामिल रहे।

## धर्मान्तरण गतिविधियों में शामिल 40 हिरासत में



जौनपुर ।केराकत कोतवाली क्षेत्र के तरियारी गांव में मतांतरण की सूचना पर पुलिस ने एक मकान पर छापा मारकर करीब 40 लोगों को हिरासत में लिया और उनसे पूछताछ शुरू की। हिरासत में लिए गए लोगों में पुरुष, महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। पूछताछ के बाद महिलाओं व बच्चों को छोड़ दिया गया नरहन निवासी बाबा रामजनम नागर ने गांव में लंबे समय से मतांतरण गतिविधियां चलने की शिकायत पुलिस से की थी। इसी शिकायत के आधार पर पुलिस टीम ने गांव की पुष्पा देवी के आवास पर दबिश दी। पुलिस का कहना है कि मौके से कुछ धार्मिक पुस्तकें और फोटो सामग्री बरामद हुई है। पुलिस सभी लोगों को दो पिकअप वाहनों से थाने लेकर आई, जहां उनसे पूछताछ की गयी। इस संबंध में बाबा रामजनम नागर ने चार लोगों के खिलाफ मतांतरण कराने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। देर शाम पुलिस ने महिलाओं व बच्चों को छोड दिया है। जबकि सात पुरूष पुलिस अभी तक हिरासत में है। मतांतरण की सूचना पर पुलिस ने तरियारी गांव में छापा मारा, जहां प्रार्थना सभा चल रही थी, से कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ हो रही है। तहरीर पड़ी है, जिसके आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। सीओ अजीत कुमार रजक ने बताया कि मतांतरण की सूचना पर पुलिस तरीयारी गांव में छापा मारा। एक घर में प्रार्थना सभा चल रही थी, कुछ लोगों का हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## शिव उत्सव की तैयारियों को लेकर विधायक ने की बैठक



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। 22 फरवरी को आयोजित होने वाले छोटी काशी शिव उत्सव की तैयारियों को लेकर मेला मैदान स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में विस्तृत बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक अमन गिरि ने नगर के विभिन्न पुजारियों, शास्त्रियों और जनप्रतिनिधियों के साथ महोत्सव की रूपरेखा, व्यवस्थाओं और धार्मिक कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की।

बैठक में तय किया गया कि उत्सव के दिन पूरे नगर में धार्मिक और आध्यात्मिक वातावरण बनाया जाएगा। मंदिरों के साथ-साथ घर-घर दीप प्रज्ज्वलन कर दीपोत्सव जैसा दृश्य तैयार करने की अपील की गई, ताकि यह आयोजन केवल एक कार्यक्रम न रहकर नगर की परंपरा और आस्था का वार्षिक पर्व बन सके। विधायक ने कहा कि यह उत्सव गोला नगर की धार्मिक पहचान को प्रदेश स्तर पर नई पहचान दिलाने का अवसर है और इसमें सभी वर्गों की सहभागिता जरूरी है। विधायक ने उपस्थित पुजारियों और शास्त्रियों से आयोजन को विधि-विधान, शास्त्रसम्मत और गरिमामय ढंग से संपन्न कराने के लिए सुझाव मांगे और आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव समाज को एक सूत्र में बांधने का कार्य करेगा और नगर की सांस्कृतिक विरासत को सशक्त करेगा। बैठक में रामबाजपेई, मुनेंद्र प्रताप शुक्ला, केके शुक्ला गुरुजी, रामदेव शास्त्री, अशोक जोशी, आनंद त्रिवेदी, सभासद संजय अवस्थी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## सुरेन्द्र तोलानी ने जाना मरीजों का हाल



लखीमपुर खीरी। लायंस क्लब उपकार नेत्र चिकित्सालय सलेमपुर कोन लखीमपुर नेत्र चिकित्सालय में 09 मरीजों के मोतियाबिन्द का ऑपरेशन डॉ० रूपक टण्डन नेत्र सर्जन द्वारा किया गया। नेत्र चिकित्सालय के अध्यक्ष सुरेन्द्र तोलानी ने मरीजों का हाल जाना। श्री तोलानी भट्ठा व्यवसाय से जुड़े है। आदर्श मुख बधिर विद्यालय सहित कई सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी भी हैं। श्री तोलानी ने बताया कि वित्तीय वर्ष में 115 मराजों का इलाज किया जा जुका है। उपकार नयन चिकित्सालय में मरीज का निशुल्क ऑपरेशन संस्था के माध्यम से किया जाता है। उन्होने कहा कि कोई भी कमजोर व्यक्ति उनसे संपर्क कर सकता है। संस्था द्वारा उनकी मदद की जाएगी। उपकार नयन चिकित्सालय में हाल-चाल लेने के मौके पर संस्था के सचिव प्रबन्धक राजवीर सिंह भी मौजूद रहे।

## 12वीं के छात्रों को दी गयी भावभीनी विदाई




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। लक्ष्मनजती स्थित श्री राजेन्द्र गिरि मेमोरियल अकादमी में कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं को समारोहपूर्वक तिलक लगाकर स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए विदाई दी गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विद्यालय में बिताए अपने वर्षों के अनुभव साझा किए।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, गीत-संगीत और रोचक खेलों से समारोह में उत्साह का माहौल रहा। समारोह में अनमोल प्रीत सिंह को मिस्टर फेयरवेल और मनप्रीत कौर को मिस फेयरवेल चुना गया। मो. समी मिस्टर पॉपुलर और अनुष्का सिंह मिस पॉपुलर रहीं। अंशिव व शिवम मिस्टर इंट्रोवर्ट तथा अलीशा व खुशबू मिस इंट्रोवर्ट चुनी गईं। यथार्थ मिस्टर परफेक्ट और तनिष्का मिस परफेक्ट रहीं। सिमरन व परमवीर बेस्ट इन स्पोर्ट्स, अनिकेत मिस्टर डिसिप्लिन्ड व उमान मिस डिसिप्लिन्ड, देव भसीन मिस्टर हैंडसम और अवनी कात्यानी मिस ब्यूटीफुल चुनी गईं। विदाई के अवसर पर कई छात्र-छात्राएं भावुक हो उठे। विद्यालय के प्रबंध निदेशक एवं गोला विधायक अमन गिरि ने दूरभाष पर विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। निदेशक मोहित पुरी, प्रधानाचार्य आलोक कुमार मिश्र और शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों को भविष्य के लिए प्रेरक संदेश दिए। निदेशक मोहित पुरी ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे उच्च शिक्षा के दौरान अपने आचरण और परिश्रम से अभिभावकों, शिक्षकों और विद्यालय का नाम रोशन करें। प्रधानाचार्य आलोक कुमार मिश्र ने कहा कि इस उम्र में सफलता के अनंत अवसर उपलब्ध हैं, अनुशासन और मेहनत से छात्र नए कीर्तिमान स्थापित कर सकते हैं।

## रविदास जयंती पर शोभा यात्रा निकली

मोहम्मदी खीरी। संत शिरोमणि रविदास की जयंती पर नगर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जगह-जगह पर लोगों ने सजी झांकियां के ऊपर पुष्प वर्षा कर सूक्ष्म जलपान कराया है ।यात्रा के समापन पर आयोजित बैठक में उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताए गए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया है।



रविवार को आयोजित कार्यक्रम के तहत आयोजन समिति के रामसागर एड, अमर गौतम, रामनाथ गौतम, किशोरी लाल, बबलू, गौतम, राजू, बेचेलाल, राजीव, जितेंद्र, सुशील ने शंकरपुर छावनी में संत रविदास जी के मंदिर परिसर से भव्य शोभा यात्रा निकाली जिसमें संत रविदास जी के जीवन को लेकर सजी मनमोहक झांकियां ने लोगों को पर उनके बताए हुए आदर्शों पर चलने को आकर्षित किया है। नगर में जगह-जगह शोभा यात्रा पर नगर वासियों ने पुष्प वर्षा कर जलपान कराया है मंदिर परिसर में पहुंचने पर बैठक का आयोजन किया गया जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा कन्हैया ने कहा रविदास जी ने कहा मुख में राम हाथ में काम होना चाहिए, व्यक्ति के कर्म ऊंचा नीचा बनाते हैं जन्म से कोई ऊंचा नीचा नहीं होता है। इस शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं बच्चे और पुरुष सम्मिलित हुए हैं।

## किसान क्रेडिट कार्ड नवीनीकरण के लिए शिविर आयोजित

लालगंज, मीरजापुर। किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) नवीनीकरण अभियान के तहत सोमवार को क्षेत्र के पतुलकी गांव में शिविर लगाया गया। शिविर में बड़ी संख्या में किसानों ने पहुंचकर केसीसी नवीनीकरण कराया। बैंक अधिकारियों ने किसानों को योजना से जुड़ी सुविधाओं और नवीनीकरण न कराने पर होने वाले नुकसान की जानकारी दी। प्रयागराज स्थित इंडियन बैंक के महाप्रबंधक अरुण कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि केसीसी योजना किसानों की आर्थिक मजबूती का आधार है। समय से नवीनीकरण कराने पर कम ब्याज दर पर कृषि ऋण के साथ फसल बीमा और दुर्घटना बीमा का लाभ मिलता है। नवीनीकरण न होने की स्थिति में खाता एनपीए हो सकता है, जिससे आगे ऋण लेने में परेशानी आती है। क्षेत्रीय महाप्रबंधक हेमंत मिश्रा ने बताया कि बैंक किसानों को सरल और पारदर्शी सेवाएं देने के लिए लगातार गांव-गांव शिविर लगा रहा है। उन्होंने किसानों से अपील की कि आवश्यक दस्तावेज समय से शाखा में जमा करें और किसी भी जानकारी के लिए सीधे बैंक से संपर्क करें।

## संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता की मौत मृतका के पिता ने हत्या का लगाया आरोप

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के गांव दुबहा में संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत हो गई मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी है। पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। मृतका के पिता दुर्गा निवासी कोटावारी थाना सिधौली शाहजहांपुर ने पुलिस को सूचना देकर बताया उसने अपनी पुत्री आलपी 26 वर्षीय का विवाह 4 वर्ष पूर्व गांव दुबहा निवासी विशाल के साथ किया था जिससे उसकी पुत्री ने दो बच्चे पुत्री प्रतिज्ञा थी 3 वर्ष और एक पुत्र 7 महीने का है। 28 जनवरी को दामाद विदा कराकर अपने घर ले गया था। सोमवार को सुबह गांव के लोगों ने बेटी की मौत की सूचना दी है। गांव पहुंचकर उसकी पुत्री मृत अवस्था में चारपाई पर लिटाकर बिस्तरों से छुपाकर भाग निकले सूचना पर पहुंचे एस आई शिवबहादुर ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। निरीक्षक उमेश चौरसिया के अनुसार शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है मेडिकल रिपोर्ट मिलते कार्रवाई की जाएगी।

## सेंट्रल बार एसोसिएशन चुनाव में विभिन्न पदों पर नामांकन दाखिल

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सेंट्रल बार एसोसिएशन के वर्ष 2026 के चुनाव को लेकर विभिन्न पदों के लिए अधिवक्ताओं ने नामांकन पत्र दाखिल किए। चुनावी प्रक्रिया के तहत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मंत्री, संयुक्त मंत्री एवं कोषाध्यक्ष पदों पर प्रत्याशियों ने अपनी दावेदारी प्रस्तुत की। सोमवार को अध्यक्ष पद के लिए राम कुमार गौतम ने नामांकन किया। उपाध्यक्ष पद पर राजीव कुमार मिश्रा मैदान में हैं। मंत्री पद के लिए संदीप कुमार अवस्थी और जितेंद्र कुमार वर्मा ने नामांकन दाखिल किया। संयुक्त मंत्री पद पर नवीन प्रकाश श्रीवास्तव ने पर्चा भरा। कोषाध्यक्ष पद के लिए वीरेंद्र कुमार, गौरव झा और सुरेन्द्र कुमार ने नामांकन किया। मुख्य चुनाव अधिकारी लाल बिहारी वर्मा ने बताया कि मंगलवार को नामाकंन दाखिल करने का अन्तिम दिन है। इस मौके पर सहायक चुनाव अधिकारियों में आदर्श कुमार वर्मा, सत्यपाल मित्र, विजेंद्र यादव और जितेंद्र कुमार पांडे मौजूद रहे।

## सीमा पर इतिहास रचती गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा

तिकुनियां-खीरी। गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा सीमावर्ती अंचलों में स्वास्थ्य की रोशनी के साथ-साथ सेवा, विश्वास और सामाजिक परिवर्तन की मिसाल बनता जा रहा है। भारतझनेपाल सीमा से सटे थारू जनजाति, वनवासी एवं अति पिछड़े गांवों की सबसे बड़ी पीड़ा वर्षों से एक स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव की रही है। ऐसे उपेक्षित अंचलों में यदि कोई प्रयास आशा, भरोसे और संवेदना का प्रतीक बनकर उभरा है, तो वह है नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन द्वारा संचालित गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा ही है, पिछले छह वर्षों से निरंतर चल रही यह यात्रा आज केवल एक स्वास्थ्य कार्यक्रम नहीं रही, बल्कि सीमावर्ती समाज के लिए अपनत्व और भरोसे का स्थायी प्रतीक बन चुकी है। यह यात्रा आज अपने छठवें वर्ष में भारतझनेपाल सीमा क्षेत्र के 26 गांवों तक पहुँच चुकी है। नदी और जंगलों से घिरे चौगुर्जी जैसे अति पिछड़े गांव, जहाँ कभी स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचना असंभव माना जाता था, वहाँ मेडिकल कॉलेजों के विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपस्थिति, स्वास्थ्य शिविरों के बाद पूरे गांव में विकास की बयार और लंबी नदी पर पीपा पुल का निर्माण इस यात्रा की ऐतिहासिक उपलब्धियों को रेखांकित करता है। वर्ष 2026 में 6 एवं 7 फरवरी को गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा के अंतर्गत पुनः 26 गांवों में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। सह जिला संयोजक डॉ. सुनील सत्यार्थ का कहना है कि गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवा पहुँचाने का संकल्प है। यह सिद्ध करता है कि जब सेवा संगठन और संवेदना के साथ जुड़ती है, तो वह स्थायी परिवर्तन का माध्यम बन जाती है। भारतझनेपाल सीमा के इन गांवों में स्वास्थ्य केवल सुविधा नहीं, जीवन का प्रश्न है ।यह यात्रा केवल बीमारी का इलाज नहीं करती, बल्कि उस टूटे विश्वास को लौटाती है, जो वर्षों की उपेक्षा से खत्म हो चुका था। 6 व 7 को इन गांवों में रहेगी स्वास्थ्य सेवा यात्रा- 6 फरवरी को बेलपरसुआ, कड़िया, भूलनपुर, गंगानगर, टांडा, जसनगर, रायपुर, सुथना बरसोला, हरद्वाही, बनवीरपुर, चौगुर्जी, खखरौला। 7 फरवरी को डांगा, रामनगर मुझहा, बदालपुरवा, तकियापुरवा, ढकैनी, बाबा पुरवा, लालापुर, सिसवारी, बरसोला कलां, कोल्हौरी, भौका, चीमा टांडा और रमवापुर गांव शामिल है।

## श्रीमद्भागवत कथा यज्ञ का शुभारंभ



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर के लक्ष्मी नगर कॉलोनी स्थित बाबा धर्मेश्वर नाथ मंदिर में पंचम दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा यज्ञ का शुभारंभ हो गया। कार्यक्रम के प्रथम दिन मंदिर परिसर से भव्य कलश यात्रा देवकली तीर्थ के लिए निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तजन शामिल हुए। आयोजकों के अनुसार भागवत कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक तथा सायं 7 बजे से 10 बजे तक रहेगा। कथा वाचन आचार्य श्री पंकज महारथी द्वारा किया जाएगा। कलश यात्रा में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल, पूजा गुप्ता, प्रेमलता दीक्षित, राहुल मिश्रा, सत्येंद्र प्रकाश मिश्रा, पुष्कर पांडे, दिनेश दीक्षित, सुमित पांडे, मोनू मिश्रा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## बाबू जगदेव प्रसाद कुशवाहा की मनी जयंती

आजमगढ़। बाबू जगदेव प्रसाद कुशवाहा की जयंती समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सोमवार को मनाई गई। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि विधायक दुर्गा प्रसाद यादव, विशिष्ट अतिथि डा संग्राम यादव, व आयोजक करूणाकांत मौर्य आदि ने बाबू जगदेव प्रसाद कुशवाहा के चित्र के समक्ष पुष्पाजंलि अर्पित कर उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा किया। अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष हवलदार यादव व संचालन करूणाकांत मौर्य ने किया ।जयंती समारोह को संबोधित करते हुए विधायक दुर्गा प्रसाद यादव ने कहाकि जगदेव प्रसाद कुशवाहा के शहादत के बदौलत दलित, पिछड़ा समाज में जागरूकता आई है। उन्होंने शोषित समाज के लिए पूरे जीवनपर्यंत संघर्ष किया। उन्हें बिहार लेलिन के नाम से जाना जाता है। इनके प्रयास से बिहार में पहली बार गैर कांग्रेसी सरकार बन सका ।विशिष्ट अतिथि विधायक डा संग्राम यादव ने कहाकि बाबू जगदेव प्रसाद कुशवाहा ने समाज सुधार की शुरूआत अपने घर से शुरू किया।

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**
अधीक्षण अभियन्ता (तकनीकी), अमौसी क्षेत्र, लखनऊ
ई-निविदा सूचना :-दिनांक- 27-01-2026
निविदा सं. एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण
1-47/SE(T)/Amausi Zone/2025-26:- अमौसीजोन के क्षेत्रान्तर्गत 11 के.वी. एण्ड एल.टी. न्यू आलमबाग लखनऊ के अन्तर्गत लाइनो के अनुरक्षण तथा क्षतिग्रस्त परिवर्तकों की ढुलाई हेतु प्रपत्र शुल्क- रू. 3540, धरोहर राशि रू. 45500.00।
2-48/SE(T)/Amausi Zone/2025-26 :- अमौसीजोन के क्षेत्रान्तर्गत 11 के.वी. एण्ड एल.टी. नादरगंज लखनऊ के अन्तर्गत लाइनो के अनुरक्षण तथा क्षतिग्रस्त परिवर्तकों की ढुलाई हेतु प्रपत्र शुल्क- रू. 3540, धरोहर राशि रू. 45500.00।
3-49/SE(T)/Amausi Zone/2025-26:- अमौसीजोन के क्षेत्रान्तर्गत 11 के.वी. एण्ड एल.टी. काकोरी लखनऊ के अन्तर्गत लाइनो के अनुरक्षण तथा क्षतिग्रस्त परिवर्तकों की ढुलाई हेतु। प्रपत्र शुल्क- रू. 3540, धरोहर राशि रू. 45500.00।
ई-निविदा की अंतिमतिथि :- 18-02-2026
विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https//etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जायेगी।

संक्षेप

## पीड़ित ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

आजमगढ़। दबंगों द्वारा अवरूद्ध रास्ते किए गए रास्ते को खुलवाने को लेकर पीड़ित ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपा और न्याय की गुहार लगाई है। एसपी को सौंपे गए शिकायती पत्र में तरवा थानांतर्गत विशुनपुर (धिर धार) निवासी रामवृक्ष चौहान पुत्र स्व. इन्द्रजीत चौहान ने बताया कि गांव में स्थित पुश्तैनी घर के रास्ते को विपक्षी ने अवरूद्ध कर दिया है। जबकि उनके पट्टिदार द्वारा समझौता में नाली व खड़जा हेतु जगह देने की बात कहीं गई थी। समझौता उपरांत इधर दस दिनों से उक्त रास्ते को दबंग विपक्षी ने बांस-बल्ली लगाकर अवरूद्ध कर घर में आने जाने नहीं दे रहे है और जानमाल की धमकी दे रहे है। पीड़ित का आरोप है कि अवरूद्ध रास्ते को लेकर जब वह जब तरवां थाने पर जाता है तो उसे डांटकर भगा दिया जाता है। अवरूद्ध रास्ते को खोले जाने को लेकर पीड़ित ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई है।

## कैश वैन ट्रक की टक्कर से पलटी रूपया सुरक्षित

जौनपुर। बदलापुर कोतवाली क्षेत्र के सरोखनपुर फोरलेन पर सोमवार दोपहर एक बड़ा हादसा हुआ। रुपयों से भरी एक कैश वैन अज्ञात ट्रक की टक्कर से सड़क पर पलट गई। गनीमत की बात यह रही कि कैश वैन में सवार चालक सहित सभी सुरक्षाकर्मी पूरी तरह सुरक्षित हैं और किसी को कोई गंभीर चोट नहीं आई जानकारी के अनुसार, वाराणसी से यूपी 32 एच0168 नंबर की यह कैश वैन सेंट्रल बैंक की सुईथाकला शाखा के लिए नकदी लेकर जा रही थी। वैन को चालक अमित कुमार सिंह चला रहे थे। सरोखनपुर फोरलेन पर पहुंचते ही पीछे से आए एक अज्ञात ट्रक ने कैश वैन को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वैन अनियंत्रित होकर पलट गई हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही बदलापुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शेष कुमार शुक्ला पुलिस बल के साथ तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए कैश वैन को कब्जे में लिया और उसे थाने भिजवाया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कैश पूरी तरह सुरक्षित है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और फरार ट्रक चालक की तलाश जारी है।

## असलहा के साथ पुलिस ने दबोचा

जौनपुर। बदलापुर कोतवाली पुलिस ने अपराध नियंत्रण अभियान के तहत एक संदिग्ध युवक को अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी परमहंस मोड बलुआ क्षेत्र में चेकिंग के दौरान हुई। पुलिस के अनुसार संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन चेकिंग अभियान के तहत थाना बदलापुर पुलिस टीम परमहंस मोड बलुआ गांव के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए युवक को मौके से पकड़ा। तलाशी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से एक .315 बोर का तमंचा, एक .315 बोर का जिंदा कारतूस और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान हार्दिक यादव उर्फ हैप्पी पुत्र संजय यादव, निवासी खमपुर वीरभानपुर चचेर, थाना बक्शा, जनपद जौनपुर के रूप में हुई है। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना बदलापुर में धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पुलिस द्वारा नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तारी में उपनिरीक्षक मुन्ना राम और हेड कांस्टेबल दीपक सिंह की भूमिका रही।

## अंडर पास की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

जौनपुर। औड़िहार जौनपुर रेल प्रखंड पर पूरनपुर गांव के सामने अंडर पास की मांग को लेकर किसान नेता अजीत सिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। मांग के समर्थन में रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव को रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से ज्ञापन भेजा ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने कहा कि औड़िहार जौनपुर रेल प्रखंड पर पूरनपुर गांव के सामने से रेल लाइन पार कर आधा दर्जन से अधिक गांवों की 10 हजार की आबादी दशकों से अपनी रोजमर्रा की आवश्यकताओं के लिए चंदवक बाजार आती जाती है। आवागमन को देखते हुए दोनों तरफ पिच मार्ग का निर्माण भी सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा किया गया है। उक्त रेल प्रखंड के दोहरीकरण के बाद अब दो दिन पहले रेलवे ने दोनों तरफ रोड से गार्डर लगाकर आवागमन पूरी तरह अवरुद्ध कर दिया। अजीत सिंह ने कहा कि इस समस्या के समाधान के लिए पूर्वांचल किसान संगठन का पूरा समर्थन है।

# हर पात्र व्यक्ति को मिले सरकारी योजनाओं का लाभ



जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जन शिकायतों की सुनवाई और उनके निस्तारण के लिए प्रत्येक सोमवार को नगरीय निकायों में समाधान दिवस सम्भव का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को रूबी प्रसाद, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद की अध्यक्षता में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस का आयोजन किया गया।

इस दौरान नगर पालिका परिषद सोनभद्र में 3, नगर पंचायत घोरावल में 1, नगर पंचायत चुर्क घुर्मा में 3, नगर पंचायत चोपन में 4, नगर पंचायत ओबर में 4, नगर पंचायत रेनुकूट में 1, नगर पंचायत पिपरी में 2, नगर पंचायत दुद्धी में 2, नगर पंचायत डाला बजार में 1 और नगर पंचायत अनपरा में 1 शिकायत प्राप्त हुई। इन शिकायतों में मुख्य रूप से साफ-सफाई, पेयजल और मार्ग प्रकाश से संबंधित समस्याएं शामिल थीं। रूबी प्रसाद ने बताया कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सरकार की सारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति को मिले, यह उनकी प्राथमिकता होगी। इस मौके पर जेई राज कुमार राज, सभासद अनवर अली, मनोज चैबे, राकेश, अजित सिंह, सुजीत, संत सोनी, अजय कुमार, राजीव कुमार आदि उपस्थित रहे।

## श्रीराम-सीता विवाहः आदर्श दाम्पत्य जीवन और त्याग का प्रतीक



सोनभद्र। रावर्ट्सगंज नगर के अशोक नगर अकड़हवा पोखरा स्थित राम जानकी मंदिर पर चल रहे नव दिवशीय श्रीरामकथा के छठवें दिन सीताराम विवाह महोत्सव बड़े ही श्रद्धा के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर झांकी भी निकाली गई। कथा वाचक मानस किंकर नीरजानन्द महाराज ने श्रीराम और सीता के विवाह को केवल ऐतिहासिक प्रसंग नहीं, बल्कि दाम्पत्य जीवन मयार्दा और त्याग का शाश्वत संदेश बताया। उन्होंने कहा कि श्रीराम और माता सीता का विवाह गृहस्थ जीवन को दिशा प्रदान करने वाला है। कथा के दौरान जनकपुरी में जैसे ही विवाह की झांकी का वर्णन हुआ, भक्त भाव विभोर हो उठे और सीताराम की झांकी का स्वागत करने के लिए पुष्प वर्षा की गई। भजन कीर्तन, मंगल गीत और शहनाई की मधुर ध्वनि से वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया गया। संचालन राम जानकी मंदिर के प्रधान पुजारी पं० नीरजानन्द मिश्र द्वारा किया गया। उन्होंने नगर वासियों से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में राम कथा में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करें। इस मौके पर रामचरित मानस के परायण कर रहे मानस हंस श्यामबली पाठक व यज्ञ के आचार्य पं० राजन पाण्डेय व पं० मनोज कुमार दीक्षित, पं० अनूप पाण्डेय, पं० मुख्य यजमान अरविन्द देव पाण्डेय, कपिल मुनि मिश्र, राजेश शुक्ल, अनीता मिश्रा, संतोष सिंह, मनोरथ मिश्र, राजू पाण्डेय, संजय पाण्डेय, कृष्ण कुमार मिश्र, विनय कुमार, मनोज सिंह, नितेश पाठक, अरविंद दुबे, हर्ष एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## वन स्टॉप सेन्टर का निरीक्षण कर विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



आजमगढ़। उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेशार्नुसार एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निदेर्शों के अनुपालन में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीतिका राजन द्वारा सोमवार को जनपद में स्थित वन स्टॉप सेन्टर का निरीक्षण कर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

निरीक्षण के दौरान श्रीमती सरिता पाल, केन्द्र प्रबन्धक वन स्टाप सेन्टर, श्रीमती रीना एम0टी0एस0, ममता यादव केस वर्कर, अनिता मिश्रा, उमा वर्मा महिला कान्सटेबल, निधि, नेहा होमगार्ड, रानी सिंह सोशल वर्कर, श्रीमती बबिता यादव, पराविधिक स्वयं सेवक उपस्थित पाये गये।

सचिव द्वारा वन स्टॉप सेन्टर में रखे गये अभिलेखों का निरीक्षण किया गया, जिसमें अद्यतन स्थिति दर्ज पायी गयी तथा वन स्टॉप सेन्टर के सभी कर्मचारी उपस्थित पाये गये। निरीक्षण के समय केन्द्र प्रबन्धक द्वारा बताया गया कि आज की तिथि में कुल 08 (05 नाबलिग व 03 बालिग) बालिकायें वन स्टॉप सेन्टर में निरूद्ध हैं, जिनको आवश्यकतानुसार चिकित्सीय सुविधा, आश्रय सुरक्षा, परामर्श सेवा, कानूनी सहायता, पुलिस सहायता प्रदान की जाती है।

निरीक्षण के दौरान सचिव द्वारा सभी बालिकाओं से बातचीत की गयी तथा उनके समस्याओं के बारे में पूछा गया तथा बालिकाओं द्वारा किसी प्रकार की समस्या से अवगत नहीं कराया गया। निरीक्षण के दौरान साफ सफाई उचित पायी गयी। निरीक्षण के उपरान्त विधिक जागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें सचिव द्वारा महिलाओं के कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी प्रदान की गयी। सचिव द्वारा बताया गया कि घरेलू हिंसा से पीड़ित महिला तथा पॉक्सो से सम्बन्धित बालिकाओं को वन स्टॉप सेन्टर द्वारा सहायता प्रदान की जाती है। इस मौके पर वन स्टॉप सेन्टर के समस्त सदस्य, पराविधिक स्वयं सेवक, महिला पुलिसकर्मी उपस्थित रही।

## वी बी जी राम जी बिल खत्म कर मनरेगा की बहाली करे सरकारः खरपत्तू

आजमगढ़। उत्तर प्रदेश खेत मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष खरपत्तू राजभर के अगुवाई में 13 सूत्री मांगों को लेकर प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा गया। प्रदर्शन को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी माक्सवादी सहित उत्तर प्रदेश किसान सभा का भी समर्थन रहा।

प्रदेश अध्यक्ष खरपत्तू राजभर ने कहा कि मनरेगा एक्ट में 90 प्रतिशत बजट भारत सरकार और 10 प्रतिशत बजट की व्यवस्था प्रदेश सरकारें करती थी, फिर भी सभी को 100 दिन काम नहीं मिल पाता था, इसके ठीक विपरीत, विकसित भारत रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) एक्ट में भारत सरकार को 60 प्रतिशत और प्रांतीय सरकारों को 40 प्रतिशत बजट की व्यवस्था करनी होगी। जबकि प्रांतीय सरकारें लम्बे लम्बे कर्ज में डूबी हुई हैं, ऐसे में प्रांतीय सरकारें धन की व्यवस्था नहीं कर पायेगी और भारत सरकार अतिरिक्त धन की व्यवस्था नहीं करेगी। परिणाम होगा कि वी बी जी राम जी एक्ट धन के अभाव में अन्तिम सांस लेने लगेगा और भाजपा सरकार को इस योजना को बन्द करने का आसान बहाना मिल जाएगा। उप्र किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष इम्तेयाज बेग ने कहा कि सरकार को इस बिल को वापस लेकर मनरेगा को बहाल करना चाहिए। जिला मंत्री दुर्बली राम ने बताया कि हमारी 13 सूत्री मांगों में वी बी जी राम जी एक्ट को जनहित में रद्द किया जाए, मनरेगा जैसे ऐतिहासिक एक्ट को पुराने रूप में बहाल किया जाए, खेत एवं ग्रामीण मजदूरों को काम न मिलने पर मुआवजा दिया जाना सुनिश्चित हो, खेत मजदूरों को 55 वर्ष की उम्र पूरी होने के बाद दस हजार रूपए मासिक पेंशन दिया जाए, सभी खेत मजदूरों को वर्ष में 200 दिन काम और 700 रूपए प्रतिदिन न्यूनतम गारंटीशुदा मजदूरी दिया जाए, सभी खेत मजदूरों को 55 वर्ष की उम्र पूरी हो जाने के बाद दस हजार रूपए मासिक पेंशन दिया जाए। मनरेगा में भारत सरकार और प्रांतीय सरकारों द्वारा दिये जाने वाले पुराने बजट व्यवस्था को जारी रखा जाए, खेत मजदूरों दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों महिलाओं अल्पसंख्यकों को सामाजिक सुरक्षा की गारंटी दी जाए, खेत और ग्रामीण मजदूरों एवं आदिवासियों के प्राकृतिक संसाधनों जल, जंगल, जमीन को अविलम्ब वापस किया जाए।

## दुष्कर्म के दोषी जगनारायण को उम्रकैद

सोनभद्र। करीब साढ़े सात वर्ष पूर्व डगडहरा जंगल में गाय चराने गई 12 वर्ष 3 माह की नाबालिग लड़की के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अमित वीर सिंह की अदालत ने सोमवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दुष्कर्म के दोषी जगनारायण खरवार को कठोर आजीवन कारावास की सजा सुनाई। जो उसके शेष प्राकृतिक जीवन काल के लिए कारावास रहेगा। उसके ऊपर एक लाख रुपए अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अर्थदंड की धनराशि में से 80 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक ओबरा थाना क्षेत्र निवासी पीड़िता की मां ने 23 जुलाई 2018 को ओबरा थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि 22 जुलाई 2018 को शाम 4 बजे उसकी नाबालिग बेटी गाय चराने डगडहरा जंगल में गई थी जहां पर अकेला पाकर जगनारायण खरवार पुत्र रामदेव निवासी पनारी टोला सेमरतर, थाना ओबरा, जिला सोनभद्र ने जबरन दुष्कर्म किया और जान मारने की धमकी देकर चला गया। इस तहरीर पर ओबरा पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। विवेचना के दौरान पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, 8 गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दुष्कर्म के दोषी जगनारायण खरवार (35) वर्ष को कठोर उम्रकैद जो उसके शेष प्राकृतिक जीवनकाल के लिए कारावास होगा एवं एक लाख रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी।

## बाल विवाह मुक्ति के तहत हस्ताक्षर अभियान



जौनपुर। मुंगराबादशाहपुर थाना परिसर में सोमवार को बाल विवाह मुक्त भारत जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में आएं क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों व छात्र छात्राओं को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता किया गया।

इस दौरान सीओ प्रतिमा वर्मा ने हस्ताक्षर अभियान चलाकर लोगों को शपथ दिलाई। सीओ प्रतिमा वर्मा ने लोगों को बाल विवाह की दुष्परिणामों के प्रति आगाह किया। कहा कि कई बार परिवार के अशिक्षित होने के कारण लडकियां इस पीडा की शिकार हो जाती हैं। सामाजिक दबाव के चलते भी परिवार छोटी उम्र में अपनी बेटियों का विवाह कर देते हैं, जो एक अपराध की श्रेणी में आता है।उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा बाल विवाह पर अंकुश लगाने के लिए कानून बनाया गया है। लेकिन यह तभी लागू हो पाएगा जब सबलोग मिलकर इसे जन अभियान का रूप देंगे। कहा कि अज्ञानता और सामाजिक दबाव के चलते परिवार बाल्यावस्था में ही अपनी बेटियों का विवाह कर देते हैं, जबकि उन्हें यह ज्ञात होता है कि इस उम्र में बालिका ना तो शारीरिक रूप से सक्षम होती है और ना ही जीवन से जुडे महत्वपूर्ण निर्णय लेने की स्थिति में होती है।जिला प्रोबेशन विभाग से आए चाइल्ड हेल्पलाइन जिला समन्वयक शिवम कुमार सिंह ने बाल विवाह प्रतिरोध कानून की जानकारी देते हुए बताया कि इसकी शुरूआत अंग्रेजी शासन काल में शारदा एक्ट के रूप में हुई थी। स्वतंत्रता के बाद इस कानून में संशोधन कर बाल विवाह को संज्ञेय व घर जमानती अपराध की श्रेणी में शामिल किया गया।उन्होंने बताया कि बाल विवाह, बाल आश्रम के मामले में 1098, 112 व बाल कल्याण समिति को शिकायत करें जिससे आपकी मदद हो सके। सीओ प्रतिमा वर्मा, शिवम् सिंह व चौकी इंचार्ज गंगासागर मिश्र ने साइबर क्राइम हुआ ऑनलाइन शिकायती नंबरों के प्रति जागरुक करते हुए बाल विवाह मुक्त भारत अभियान में सभी लोगों को शपथ दिलाते हुए हस्ताक्षर करवाया।

## समय पर न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से न्यायिक स्तर पर तेज किये गये प्रयास




लालगंज, मीरजापुर। गांवों में बढ़ते मुकदमों को कम करने और आम लोगों को समय पर न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से न्यायिक स्तर पर प्रयास तेज किए जा रहे हैं।

जनपद न्यायाधीश अरविंद कुमार मिश्रा ने कहा कि गांव को मुकदमा बिन बनाने का सपना देखा गया है और उसी दिशा में योजनाबद्ध ढंग से कार्य किया जा रहा है। सोमवार को वह विंध्य युवा अधिवक्ता समिति के शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित कर रहे थे। जनपद न्यायाधीश ने बताया कि न्याय तक आमजन की पहुंच आसान बनाने के लिए जमालपुर में विधिक सेवा केंद्र खोला गया है। उन्होंने कहा कि यदि कोई विवाद पंचायत स्तर से आगे बढ़कर न्यायालय तक आता है तो उसे भी गलत नहीं माना जाना चाहिए, क्योंकि इससे विवादों का विधिसम्मत और स्थायी समाधान संभव हो पाता है। उन्होंने बताया कि तहसील स्तर पर विवादों के त्वरित निपटारे के लिए पांच विधिक सेवा केंद्र खोले जाने की योजना है। इसके माध्यम से छोटे-छोटे मामलों को समय रहते सुलझाया जा सकेगा और न्यायालयों पर बोझ भी कम होगा। बुजुर्ग माता-पिता से जुड़े मामलों का उल्लेख करते हुए जनपद न्यायाधीश ने कहा कि भरण-पोषण और मेंटेनेंस के खर्च को लेकर कई बार मुकदमे की आवश्यकता पड़ती है। ऐसे मामलों में वरिष्ठ नागरिकों को त्वरित और प्रभावी विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि जनपद स्तर पर एक सहायता केंद्र खोला जाएगा। जहां बाहर से आने वाले वादकारियों को यह जानकारी मिलेगी कि उन्हें किस न्यायालय में जाना है और संबंधित अधिवक्ता के चेंबर तक कैसे पहुंचना है।उन्होंने अधिवक्ताओं से सकारात्मक सोच के साथ मिलकर कार्य करने का आह्वान किया और कहा कि अधिवक्ताओं की ओर से रखी गई मांगों पर अपने स्तर से जो संभव होगा।उस पर विचार किया जाएगा। कार्यक्रम में ग्राम न्यायाधिकारी जीनत परवीन ने कहा कि यदि व्यक्ति अच्छाई और सच्चाई के मार्ग पर चलकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करता है तो उसके परिणाम स्वतः ही अच्छे होते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी ने कहा कि न्याय की अपनी एक निर्धारित प्रक्रिया होती है, जिसका समाज और व्यवस्था से गहरा संबंध होता है। इससे पूर्व संघ के संस्थापक अधिवक्ता मनोज दुबे ने अतिथियों का स्वागत किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष जनार्दन प्रसाद मिश्र ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता चंद्रदत्त त्रिपाठी द्वितीय एवं दिलीप दुबे ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अभय राज सिंह, तहसीलदार दीक्षा पांडे, नायब तहसीलदार प्रताप नारायण ओझा, धनेश्वर गौतम, बालकृष्ण मिश्रा, बृजभूषण पांडे सहित शिवम पांड आदि मौजूद रहे।

## स्वामी विवेकानंद ने देश को किया गौरवान्वित

आजमगढ़। स्वामी विवेकानंद सामाजिक संस्थान द्वारा श्री अग्रसेन महिला पीजी कालेज के सभागार में जन्म जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ दीवाकर तिवारी, इन्द्रासन सिंह ने स्वामी जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर किया। तत्पश्चात विभिन्न विद्यालयों से आए बच्चों ने भारतीय सभ्यता और परंपरा के अनुरूप एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया और इसके बाद अशोक श्रीवास्तव, हरि गोविन्द सिंह के हाथों संस्था के स्मारिका का विमोचन कर विभिन्न विद्यालय के बच्चों में पुरस्कार वितरण एवं विभिन्न संगठन के लोगों को समाज सेवा हेतु सम्मानित किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए दीवाकर तिवारी ने कहा कि स्वामी जी ओजस्वी वक्ता थे जिन्होंने पूरी दुनिया में भारत का परचम लहराया। यह उस दौर की बात है जब पूरे देश में तरह-तरह की विसंगतियां फैली हुई थी तब स्वामी विवेकानंद जी उम्मीद की ऐसी अनोखी किरण बनकर आए जिन्होंने न सिर्फ हिंदू धर्म को दुनिया के सामने परिभाषित किया बल्कि हिन्दू संस्कृति को बढ़ाते हुए पूरे विश्व में देश को गौरवान्वित किया। जिसकी सराहना पूरी दुनिया में हुई।

डा. रविन्द्र राय ने कहा कि ऐसे आयोजन से समाज और आज की युवा पीढ़ी को अपने महापुरुषों को जानने व समझने का अवसर मिलता है जिसके लिए वामी विवेकानंद सामाजिक संस्थान बधाई की पात्र है और आपसी समरसता की धारा बढ़ाने का नेक काम कर रही है। आज के समय में ऐसे कार्यक्रमों की महत्ता बढ़ जाती है क्योंकि आज हम भौतिकता पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं पाश्चात्य संस्कृति हमारे ऊपर हावी हो रही है।गोष्ठी में डॉ अखिलेश सिंह, सुबाष चन्द्र तिवारी कुन्दन, अनिल राय ने स्वामी जी के जीवन पर प्रकाश डाला। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम में तपस्या क्रियेटिव, मनन मंथन के साथ, प्रतिभा निकेतन व अन्य कलाकारों द्वारा भारतीय संस्कृति के अनुरूप कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। इसके बाद कलाकारों को संस्था द्वारा प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित कियागया। संस्था द्वारा डा. निधि सिंह को शिक्षा में विशेष योगदान के लिए सम्मानित किया गया। संचालन अभय तिवारी व संस्था के महाप्रबंधक विभाष सिन्हा ने किया। आंगतुकों के प्रति आभार जताते हुए संस्था के महाप्रबंधक विभाष सिन्हा ने संस्था के उद्देश्य के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रभुनाथ नारायण प्रेमी, अमित श्रीवास्तव एड, विजय लक्ष्मी मिश्र, डा. गीता सिंह, डा.आशा सिंह, पूनम सिंह, डा. डी.डी. सिंह सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## शिक्षा एक सतत और सर्वांगीण विकास की प्रक्रिया



जौनपुर। शिक्षा एक सतत और सर्वांगीण विकास की प्रक्रिया है जिसमें कर्म करते रहने से अधिकार स्वतः प्राप्त होते है। उक्त बातें पूर्व गृह राज्यमंत्री कृपाशंकर सिंह ने रामआधार सिंह इंटर कालेज बैजारामपुर के वार्षिकोत्सव समारोह को संबोधित करते हुए कही। आगे उन्होंने कहाकि यह विद्यालय बच्चों को उच्च स्तरीय शिक्षा देने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है यही कारण है कि यहां पढ़ रहे बच्चों में प्रत्येक वर्ष कोई न कोई जिला व प्रदेश लेबल पर टॉप करता है। भाजपा प्रवक्ता ओमप्रकाश सिंह ने कहाकि इस विद्यालय का उद्देश्य छात्र-छात्राओ को अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता रहा है, तभी विद्यालय के बच्चे हर वर्ष एक विशेष स्थान बनाये रखते हैं। इस मौके पर सत्येन्द्र सिंह फंटू, श्यामराज सिंह, अखिलेश सिंह, धर्मेन्द्र, सत्यम सहित आदि शिक्षक उपस्थित रहे। आभार प्रबंधक विनोद सिंह ने व्यक्त किया।

## पुण्य तिथि पर याद किए गए आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

मीरजापुर। आचार्य रामचन्द्र शुक्ल स्मारक शिक्षण संस्थान की ओर से बरौंधा कचार स्थित आचार्य रामचन्द्र शुक्ल पार्क में आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के प्रतिमा पर श्यामसुंदर केसरी नगर पालिका अध्यक्ष की अध्यक्षता में माल्यार्पण करके 85 वीं पुण्य तिथि मनाई गई। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि हमारा सौभाग्य है कि आचार्य रामचन्द्र शुक्ल जैसे महान साहित्यकार ने मिजार्पुर को अपना कार्य क्षेत्र बनाया उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा हूं। संस्था के प्रबंधक आचार्य शुक्ल के पौत्र राकेश चंद्र शुक्ल ने कहा कि आचार्य रामचन्द्र शुक्ल समाज के अमूल्य, हिंदी साहित्य के पुरोधा थे। अनुज प्रताप सिंह समाजसेवी ने कहा कि आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने विपरीत परिस्थितियों में भी हिंदी साहित्य का इतिहास लिखने का कार्य किया जो प्रशंसनीय, सराहनीय है। रमेश चंद्र दुबे, समाजसेवी ने कहा कि आचार्य रामचन्द्र शुक्ल सच्चे राष्ट्रवादी भी थे। गुलाब सिंह गहरवार ने कहा कि आचार्य रामचन्द्र शुक्ल हिंदी जगत में न अस्त होने वालें मार्तंड थे। हौसला प्रसाद मिश्र समाजसेवी ने कहा कि आचार्य रामचन्द्र शुक्ल जी ने हिंदी विधा में जो योगदान दिया उसी का प्रतिफल है जो आज भी हिंदी विकास की ओर अग्रसर है। इस अवसर पर आशीषचंद्र शुक्ल प्रधानाचार्य, पं नरेश शर्मा, देवी प्रसाद तिवारी, आनंद अमित प्रजापति,कवि साहित्यकार,विजय प्रजापति सभासद, मानस मोहल्ले अशर्फी लाल पटवा, इंद्रजीत शुक्ल,अमरनाथ सिंह वरिष्ठ साहित्यकार भोलानाथ कुशवाहा आदि गण मान्य लोग आचार्य शुक्ल जी को भावमिनी श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## बेर के पेड़ से गिरने से किसान की हुई मौत



मीरजापुर। ड्रमड़गंज थाना क्षेत्र के महोगढ़ी गांव में रविवार शाम को बगीचे में बेर का फल तोड़ रहा किसान अचानक पेड़ से नीचे गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी होने पर परिजन उपचार हेतु निजी अस्पताल में ले गए जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। महोगढ़ी गांव निवासी किसान शिवराज सिंह (55) रविवार शाम को अपने खेत के पास बगीचे में बेर का फल तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़े थे अचानक पैर का संतुलन बिगड़ने से पेड़ से नीचे गिर पड़े।घटना की जानकारी होने पर परिजन आनन फानन में उपचार हेतु एक निजी अस्पताल में ले गए जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मृत किसान के पुत्र अरूण कुमार सिंह की सूचना पर पुलिस ने घटना की जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृत किसान को तीन पुत्र और तीन पुत्रियां हैं। पत्नी गीता देवी व स्वजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## मेहनत, समर्पण और अनुशासन से हर लक्ष्य हासिल करना संभवः बाइचुंग भूटिया

सोनभद्र। एनसीएल में ह्ययंग अचीवर्स प्रोग्राम के तहत ह्यलर्निंग फ्रॉम लीजेंड कार्यक्रम में विद्यार्थियों से मुखातिब हुए पूर्व फुटबॉलर बाइचुंग भूटिया, सफलता बड़ी जिम्मेदारियों के साथ आती है क्योंकि जब आप एक सफल व्यक्ति बन जाते हैं तब लोग आपको एक उदाहरण के रूप में देखते हैं। शारीरिक और मानसिक फिटनेस जीवन की किसी भी विधा में सफलता के लिए आवश्यक है। खेल हमें सफलताओं को संभालने और असफलताओं के साथ सामंजस्य बैठाना सिखाते हैं। सोमवार को एनसीएल के दूधिचुआ ग्राउंड में आयोजित ह्ययंग अचीवर्स प्रोग्राम के तहत लर्निंग फ्रॉम लीजेंड कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए ये बातें दिग्गज भारतीय फुटबॉलर और पूर्व फुटबॉल कप्तान, पद्मश्री एवं अर्जुन अवार्ड से सम्मानित बाइचुंग भूटिया ने कहा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों से मुखातिब होते हुए बाइचुंग भूटिया ने फुटबॉल के मैदान के अपने अनुभवों को जीवन के विविध आयामों से जोड़ा। फिटनेस पर अपनी बात रखते हुए उन्होंने कहा कि अच्छे फूड हैबिट के साथ अल्पाहार और नियमित व्यायाम फिट रहने के लिए आवश्यक है स साथ ही योग और सूर्य नमस्कार को नियमित आचरण में लाने हेतु उपस्थित विद्यार्थियों सहित सभी को प्रेरित किया स उन्होंने कार्यक्रम में



उपस्थित अभिभावकों को बच्चों की रुचि के हिसाब से करियर चुनने की आजादी देने व उसी अनुरूप वातावरण उपलब्ध करवाने का सुझाव दिया। सिक्किम के छोटे से गाँव तिंकिताम से निकलकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाले श्री भूटिया ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि अगर आप में प्रतिभा है तो संसाधनों की कमी आपकी सफलता में कभी बाधा नहीं बन सकती। उन्होंने बच्चों को अपने पैशन (जुनून) को फॉलो करने तथा चुनौतियों के लिए सदैव तत्पर रहने की सीख दी। इसके साथ ही श्री भूटिया ने कोल इंडिया और एनसीएल द्वारा खेल एवं सामुदायिक विकास की दिशा में किए जा रहे सार्थक प्रयासों की सराहना की। इस दौरान अपने उद्बोधन में सीएमडी एनसीएल, बी.साईराम ने बाइचुंग भूटिया को फिटनेस आइकॉन बताते हुए उनके खेल के प्रति समर्पण, अनुशासन और धैर्य को अनुकरणीय बताया। उन्होंने कहा कि फिजिकल एंड्यूरेंस के साथ मानसिक स्थिरता के बल पर श्री भूटिया ने विश्वस्तरीय सफलता अर्जित की है। भारत में फुटबॉल के प्रति बढ़ते रुझान के आलोक में उन्होंने सिंगरौली परिक्षेत्र के युवाओं को फुटबॉल सहित अन्य खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर एनसीएल के निदेशक (मानव संसाधन), मनीष कुमार, निदेशक (वित्त), रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी/ संचालन), आशुतोष द्विवेदी, मुख्य सतर्कता अधिकारी, अजय कुमार जायसवाल, पूर्व निदेशक (तकनीकी/ संचालन), सुनील प्रसाद सिंह, कंपनी जेसीसी सदस्यगण, सीएमओआई प्रतिनिधि, कृति महिला मंडल उपाध्यक्षागण, मुख्यालय एवं परियोजनाओं से महाप्रबंधकगण एवं विभागाध्यक्षगण, अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में एनसीएल के विद्यालयों से विद्यार्थी, प्राचार्य, शिक्षक और अभिभावक उपस्थित रहे। गौरतलब है कि पूरे सत्र को तीन भागों में विभाजित किया गया था जिसमें मोटिवेशनल, मॉडरेटर और इंटरैक्टिव सत्र शामिल थे। इन सत्रों के दौरान विद्यार्थियों के साथ-साथ अन्य ने भी बड़े उत्साह के साथ बाईचुंग भूटिया से खेल, कैरियर एवं जीवन से संबन्धित सवाल पूछे। इस दौरान एनसीएल की ओर से मॉडरेटर की भूमिका में प्रबंधक (मानव संसाधन), पाणि पंकज पांडे रहे। उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन में एनसीएल कल्याण विभाग और दुधीचुआ टीम की अहम भूमिका रही।

संक्षेप

## भारत बौद्ध आईकेएस राष्ट्रीय परीक्षा-2026 का सफल आयोजन

मथुरा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 के अनुरूप भारत बौद्ध आईकेएस (भारतीय ज्ञान परंपरा) राष्ट्रीय परीक्षा 2026 का आयोजन 31 जनवरी 2026 को सफलतापूर्वक किया गया। इस परीक्षा का उद्देश्य लोकशिक्षा संस्कार को प्रोत्साहित करना है, जिसमें संवैधानिक मूल्यों, भारतीय ज्ञान परंपरा तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास पर आधारित मूल्य-आधारित शिक्षा पर विशेष बल दिया गया। यह राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा कुलपति प्रो. डॉ. अभिजित मित्र के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। परीक्षा का संयुक्त आयोजन विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान एवं दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली द्वारा किया गया। ब्रज प्रांत में परीक्षा के लिए 7 परीक्षा केंद्रों पर कुल 2,168 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया। इनमें से उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल गो-अनुसंधान संस्थान (डुवासू), मथुरा के महाविद्यालयों से 302 विद्यार्थियों ने पंजीकरण किया।

# उपमुख्यमंत्री का फाजिलनगर आगमन तय करेगा क्षेत्र विकास की दिशाः राजेश जायसवाल

जिला संवाददाता

कुशीनगर। प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आगामी 7 फरवरी को प्रस्तावित फाजिलनगर आगमन को लेकर पूरे क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है।

जनसभा को ऐतिहासिक और शक्ति प्रदर्शन के रूप में स्थापित करने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां चल रही हैं। स्वागत की तैयारियां युद्ध स्तर पर की जा रही हैं और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता व समर्थक पूरी ताकत के साथ मैदान में डटे हुए हैं। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजेश जायसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि उपमुख्यमंत्री की जनसभा को लेकर ग्राम प्रधानों एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों को सक्रिय जिम्मेदारी सौंपी गई है। सभी अपने-अपने क्षेत्रों में सघन जनसंपर्क कर आम जनता से अधिक से अधिक संख्या में सभा स्थल पर पहुंचने की अपील कर रहे हैं। राजेश जायसवाल ने कहा कि उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का फाजिलनगर आगमन न केवल राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह क्षेत्र के विकास की दिशा तय करने वाला साबित होगा। यह विशाल जनसभा क्षेत्रीय विधायक सुरेंद्र कुमार कुशवाहा के मजबूत, प्रभावी और जमीनी नेतृत्व में आयोजित की जा रही है, जो फाजिलनगर को विकास के नए दौर में प्रवेश कराएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं बिना भेदभाव के आम जनता तक पहुंच रही हैं। जनता में सरकार की नीतियों को लेकर भरोसा लगातार बढ़ रहा है और यह जनसभा उस विश्वास को और मजबूती देगी। उन्होंने दावा किया कि फाजिलनगर की जनता इस जनसभा के माध्यम से सरकार की विकास नीति पर अपनी मुहर लगाएगी।

## मोमो खिलाने के बदले किशोर से 85 लाख के गहने ले गये तीन युवक

देवरिया। जिले में तीन युवकों ने एक किशोर को कथित तौर पर बहला-फुसलाकर मोमो खिलाने के बदले उससे 85 लाख रुपये मूल्य के जेवरात ले लिये। पुलिस ने बताया कि रामपुर कारखाना थाने में किशोर के पिता की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। वाराणसी के एक मंदिर में पुजारी शिकायतकर्ता विमलेश मिश्रा ने आरोप लगाया कि देवरिया-कसया मार्ग के डुमरी चौराहा पर मोमो का ठेला लगाने वाले तीन युवक उनके परिवार के गहने लेकर फरार हो गए। मामला तब सामने आया जब किशोर की बहन ने अपने गहने मांगे। अलमारी खोलने पर देखा कि सभी गहने गायब थे। इस पर सातवीं कक्षा के छात्र किशोर ने बताया कि उसने गहने मोमो के बदले में युवकों को दे दिए। थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि फरार आरोपियों की तलाश जारी है और मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

# केंद्रीय बजट में किसान कर्ज माफी का नहीं है जिक्रः माकपा



कसया, कुशीनगर। भारत की मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के पदाधिकारियों समीक्षा बैठक कर केंद्रीय बजट पर कहा कि आम जनता के लिए नहीं कार्पोरेट को मजबूत करने वाला बजट है। सरकार द्वारा बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार को लेकर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। किसान कर्ज माफी के लिए बजट में कोई जिक्र न होने से किसान मायूस हैं।

कसया नगर स्थित गांधी चौक स्थित माकपा के कैंप कार्यालय पर पार्टी जिला सचिव अयोध्या लाल श्रीवास्तव, जवाहर शर्मा, राजेंद्र सिंह, बीपी गुप्ता, गेंदा सिंह, कैलाश गिरी, शंकर प्रसाद, ने समीक्षा बैठक में कहा कि फसलों की एम एस पी कानून की गारंटी बिना किसानों की आय दोगुनी होना संभव नहीं है। कृषि का बजट तो बढ़ाया जा रहा है लेकिन खेती पर बढ़ रही लागत जिसमें खाद, बीज, उर्वरक, डीजल, कृषि यंत्र पर बजट में भारी सब्सिडी जैसा कुछ नहीं है। जिससे किसानों को राहत मिले। देश के अधिसंख्य किसान कर्ज में डूबे हुए हैं। उनके कर्ज की माफी के लिए बजट में प्राविधान होना चाहिए। बजट में नवजवानों को स्थाई रोजगार का कोई स्पष्ट दिशा निर्देश नहीं है। जबकि बेरोजगारी दूर करने के लिए भारी बजट की आवश्यकता है। उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में बजट बढ़ाया जाना चाहिए। छोटी आय के लोगों से टैक्स न लेकर और बड़े आय एवं पूंजीपतियों के टैक्स से सरकारी आय बढ़ाने का कोई जिक्र नहीं है।

## भरत मुनि और सन्त शिरोमणि सन्त रविदास की जयंती मनायी गयी



कुशीनगर। संस्कार भारती गोरक्ष प्रान्त के निर्देश पर श्रीराम जानकी नगर वार्ड में माघी पूर्णिमा के पवित्र अवसर पर नाट्यशास्त्र के प्रणेता भरत मुनि एवं सन्त शिरोमणि सन्त रविदास की जयन्ती मनायी गयी। मुख्य वक्ता विभाग बौद्धिक शिक्षण प्रमुख सुरेश प्रसाद गुप्त ने कहा कि कलाओं के अग्रदूत भरत मुनि नाट्यशास्त्र के प्रणेता हैं। इस नाट्यशास्त्र में 36 अध्याय हैं। इसमें भरत मुनि द्वारा समस्त कलाओं नाटक, साहित्य, भाषा, छंद बद्ध, मनोविज्ञान, संगीत, नृत्य, कला, चित्रकला, गायन, वादन सभी का सूक्ष्म विवेचन किया गया है। नाट्यशास्त्र को पंचम वेद भी कहा गया है। आगे कहा कि सन्त रविदास जी सन् 1377 में वाराणसी में जन्में सामाजिक समरसता के सन्त थे। रविदास अलमस्त फक्कड़ थे। वे एक मामूली झोपड़ी में रहते थे। जूते बनाकर अपनी जीविका चलाते थे। पास में ही श्रीठाकुर जी की चतुर्भुजी मूर्ति निहार निहार कर भजन गाते रहते थे। उनका प्रसिद्ध भजन था प्रभुजी तुम चन्दन हम पानी। पूर्व महामन्त्री विरेश कुमार राय ने कहा कि रविदास चर्मकार थे, सन्त शिरोमणि से विभूषित रविदास मीराबाई के गुरू थे। अध्यक्षता आलोक कुमार श्रीवास्तव और संचालन उमेश चन्द्र गुप्त उर्फ कुन्नू ने किया। आभार दिव्यांशु प्रियदर्शी ने प्रगट की। हिमांशु, निखिल, दिव्य अंश आदि उपस्थित रहे।

## भटनी स्टेशन पर रेलकर्मियों का प्रदर्शन मांग अधिकार दिवस के तहत उठी आवाज

भटनी (देवरिया)। पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल अंतर्गत भटनी रेलवे स्टेशन परिसर में एन ई रेलवे मजदूर यूनियन के तत्वावधान में रेल कर्मचारियों ने शांतिपूर्ण किंतु जोरदार प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन ऑल इंडिया रेलवेमेन्स फेडरेशन के आह्वान पर प्रस्तावित देशव्यापी मांग अधिकार दिवस के तहत आयोजित किया गया। प्रदर्शन एन ई रेलवे मजदूर यूनियन, वाराणसी मंडल के मंडल मंत्री कामरेड एन. बी. सिंह के निर्देश पर संपन्न हुआ। इस दौरान रेलकर्मियों ने अपनी विभिन्न लंबित एवं जायज मांगों को लेकर रेल प्रशासन से शीघ्र समाधान की मांग की। प्रदर्शन में शाखा मंत्री मनोज सिंह, अशोक गौतम, आलोक सिंह, अनिल कुमार, शुभम मिश्रा, मुकेश मुर्मू, अजय गुप्ता, सुनील, रामनिवास, आदर्श सिंह, हरे राम यादव सहित बड़ी संख्या में रेलकर्मी मौजूद रहे। प्रदर्शनकारियों ने प्रमुख मांगों में रनिंग कर्मचारियों के माइलेज रेट में 25 प्रतिशत वृद्धि कर उसके 70 प्रतिशत भाग को आयकर से मुक्त करने, 8वें वेतन आयोग को शीघ्र लागू करने, सभी विभागों के कैडर रिस्ट्रक्चरिंग के आदेश जारी करने, यूपीएस योजना में ओपीएस के समान सुविधाएं देने, पीएलबी बोनस भुगतान की 7000 रुपये की सीलिंग हटाकर वर्तमान दर पर भुगतान करने, ट्रैक मेंटेनर कर्मचारियों को शीघ्र लेवल-6 का लाभ देने तथा रेलवे की सभी सेफ्टी कैटेगरी के कर्मचारियों को रिस्क अलाउंस प्रदान करने की मांग उठाई। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि इन मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई तो कामरेड शिवगोपाल मिश्रा के नेतृत्व में मजदूर आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## 22 फरवरी को होगा वृहद विधिक साक्षरता मेगा शिविर का आयोजन

देवरिया। शैलजा मिश्रा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/सिविल जज (सी0डी0)ने आज राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, के तत्वावधान एवं जनपद न्यायाधीश, श्री धनेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में राजकीय इण्टर कालेज देवरिया के परिसर में जनपद स्तरीय करियर मेला में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/सिविल जज (सी0डी0)देवरिया द्वारा उपस्थित आम जनमानस को उनके अधिकारों के बारें में अवगत करा कर बच्चों का अपने लक्ष्य को कैसे प्राप्त करे इस पर विस्तार से वर्णन किया गया। उक्त अवसर पर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/सिविल जज (सी0डी0)देवरिया श्रीमती शैलजा मिश्रा ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा अलग-अलग विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए 22.फरवरी को वृहद विधिक साक्षरता एवं सेवा शिविर का आयोजन किये जाने के निर्देश दिये गये है। सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से आम जनमानस को इस अवसर पर लाभांवित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस मेघा शिविर का मुख्य उद्देश्य विभागों द्वारा सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं जैसे वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, सामूहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, श्रमिक पेंशन योजना, विश्वकर्मा सम्मान योजना समेत किसानों से जुड़ी योजनाओं, दिव्यांगजनों के लिए संचालित योजनाओं के अलावा बाकी भी सभी विभागों से जुड़ी योजनाओं का लाभ प्रदान करना है।

इस शिविर के माध्यम से आम जनता को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। न्यायाधीश द्वारा उक्त के सन्दर्भ में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया के समस्त पैरा-लीगल वालंटियर्स को शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में आम लोगों को जागरूक और सशक्त बनाते हुए उन्हें अलग अलग योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने हेतु निर्देशित किया गया।

# सरस्वती संगीत महाविद्यालय का वार्षिकोत्सव संपन्न

देवरिया। न्यू कालोनी स्थित सरस्वती स्नातकोत्तर महाविद्यालय का वार्षिक उत्सव रविवार को भाव एवं सांस्कृतिक वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन ,चित्र पर माल्यर्पण कर किया। शुभम पांडे सलोनी विश्वकर्मा पूजा मिश्रा प्रियांशी गुप्ता प्रीति तिवारी और स्वागत गीत श्वेता विश्वकर्मा सोनम गिरी काजल मालती आस्था शुक्ला द्वारा प्रस्तुत किया गया। वार्षिक उत्सव में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने शास्त्री गायन लोकगीत गजल की मनोहारी परिस्थितियों देकर बड़ी संख्या में उपस्थित श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। शास्त्री गायन में राग यमन भैरवी की प्रशंसा उइ प्रस्तुतियो ने संगीत प्रेमियों की विशेष सहना बिटोरी वही लोकगीत प्रीत कइके पिया पछटाइले हो में क्षेत्रीय संस्कृत की संजीव झलक देखने को मिली। गजल गायन देखा तो कोई और था--के दौरान प्रेम विवाह और सामाजिक संवेदनाओं और राम राम रटते रटते बीती रे उमरिया भजन पर पूरा पंडाल भक्तिमय हो गया। वाद्य यंत्रों पर रचनाओं ने श्रोताओंको मंत्र मुक्त कर दिया प्रत्येक प्रस्तुति पर सभागार तालिया की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर भाजपा विधायक डॉ शलभ मणि त्रिपाठी ने महाविद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि देवभूमि देवरिया में अनेक हीरे मोती जैसे उदीयमान कलाकार हैं इन्हें उचित मंच मिले तो न केवल जिले , प्रदेश का बल्कि देश का नाम भी रोशन करेंगे। उन्होंने महाविद्यालय के प्रति शुभकामना व्यक्त करते हुए हर मदद देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय द्वारा संगीत के क्षेत्र के नामचीन कलाकारों श्री नारायण मिश्र संगीत प्रवक्ता रघुराज सिंह इंटर कॉलेज बहियारी बघेल और बिहार के अजय कुमार दुबे (तबला वादक) को प्रशस्ति पत्र देकर और महाविद्यालय की छात्राओं मनीष तिवारी दीक्षा बाजपेई कीर्ति गुप्ता अनीशा मौर्य अमन कुमार अक्षय सिंह अमन सिंह विवेक मिश्रा विनय कुमार और रोहित शर्मा को पुरस्कृत किया।



प्रबंधक सौदागर सिंह प्राचार्य मोहन शर्मा द्वारा मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों का अंग वस्त्र और माल्यार्पण तथा प्रतीक चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उ प ा स्थि त ा प्रधानाचार्यो, कवियों, साहित्कारों, का प्रबन्धक सौदागर सिंह द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। महाविद्यालय के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्रबन्धक/ कवि सौदागर सिंह ने कहा कि संगीत न केवल मनोरंजन का साधन है बल्कि जीवन में संस्कार अनुशासन और प्रबंधन का विकास करता है। कार्यक्रम का संचालन शिव कुमार मिश्र ने किया।

## नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण

मथुरा। नगर आयुक्त जग प्रवेश द्वारा आज वृंदावन जोन में हजारीमल सोमानी इंटर कॉलेज के निकट स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत निमार्णाधीन गेस्ट हाउस का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त महोदय ने कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता का विस्तार से अवलोकन करते हुए निर्माण कार्य की मानक अनुरूपता की जांच की। नगर आयुक्त ने कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण, मानक अनुरूप तथा निर्धारित समयावधि के भीतर पूर्ण किया जाए। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त चंद्र प्रकाश पाठक , सहायक नगर आयुक्त अनुज कौशिक, जोनल सेनेटरी अधिकारी श्री महेशचंद्र उपस्थित रहे।

## स्काउट-गाइड के प्रशिक्षण से बच्चों का होता है अध्यात्मिक और बौध्दिक विकासः मृत्युंजय कुमार राय

भटनी(देवरिया)। सिध्देश्वर शीतलदेव नारायण महाविद्यालय भरहेचोरा मे बी एड का स्काउट/गाइड का विशेष प्रशिक्षण शिविर सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच हुआ सकुशल सम्पन्न। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मृत्युंजय कुमार राय थानाध्यक्ष भटनी विशिष्ट अतिथि सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त गोरखपुर मोहित कुमार चौधरी द्वारा स्काउट झण्डे के ध्वजारोहण के साथ किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार राय ने कहा कि स्काउट/गाइड प्रशिक्षण बच्चों में शारीरिक मानसिक बौध्दिक आध्यात्मिक एवं संवेगात्मक शक्तियों का विकास होता है। जिससे समाज देश एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सहयोगात्मक भावनाओं का विकास के साथ साथ साथ समाज व देशमें शान्ति स्थापित करने में अहम भूमिका निभाते हैं। विशिष्ट अतिथि मोहित चौधरी ने कहा कि प्रत्येक प्रशिक्षु स्काउटिंग के नौ नियमो का अपने जीवन मे.आत्मसात कर ले , तो वे सदैव सफल होते रहेंगे। स्काउटिंग के तीन प्रमुख सिध्दांत ईश्वर के प्रति कर्तव्य दुसरो के प्रति कर्तव्य एवं स्वयं के प्रति कर्तव्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रशिक्षण शिविर के दौरान प्रशिक्षुओं को कैप क्राफ्ट बिना वर्तन भोजन बनाने कैम्प फायर एवं.उपयोगी कार्यक्रम का सफल प्रदर्शन किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ सम्पूर्णानन्द तिवारी रणविजय किशोर सिंह अध्यापक कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबन्धक अजीत कुमार सिंह ने व सफल संचालन सूरज चन्द जिला संगठन आयुक्त ने किया। रोवर विशाल यादव नंदनी सैनी का विशेष योगदान रहा।

## ग्राम संतृप्तिकरण अभियान की शुरूआत, 17,670 स्वयं सहायता समूह गठन का लक्ष्य

देवरिया। ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के क्रम में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत जनपद में ग्राम संतृप्तिकरण अभियान की शुरूआत की गई है। अभियान के अंतर्गत जनपद में 17,670 नए स्वयं सहायता समूहों का गठन कर 2,29,970 सदस्यों को जोड़ने तथा पूर्व में गठित समूहों में 83,175 नए सदस्यों को शामिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस अभियान के माध्यम से जनपद के सभी विकास खंडों की 1,121 ग्राम पंचायतों में पात्र एवं वंचित परिवारों की महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा जाएगा। विशेष रूप से अन्त्योदय व पात्र गृहस्थी राशन कार्ड धारक, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लाभार्थी, मनरेगा जॉब कार्ड धारक तथा जीरो पॉवर्टी सूची में शामिल परिवारों की महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी।

अभियान का शुभारंभ ग्राम पंचायत तवकलपुर, विकास खंड तरकुलवा में मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह के निर्देशन में परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण अनिल कुमार द्वारा जन-जागरूकता एवं प्रचार-प्रसार रैली को हरी झंडी दिखाकर किया गया। रैली में स्वयं सहायता समूह की 148 सदस्याओं सहित 73 अन्य महिलाओं ने प्रतिभाग किया। रैली के उपरांत आयोजित अभिमुखीकरण कार्यक्रम में छह स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने ह्यअपनी कहानी-अपनी जुबानीह्न के माध्यम से समूह से जुड़ने के बाद अपने जीवन में आए सकारात्मक बदलावों को साझा किया। इससे उपस्थित महिलाओं को समूह से जुड़ने के लिए प्रेरणा मिली परियोजना निदेशक अनिल कुमार ने बताया कि जिन पात्र एवं वंचित परिवारों की महिलाएं अब तक स्वयं सहायता समूह से नहीं जुड़ पाई हैं, उन्हें इस अभियान के माध्यम से जोड़ा जाएगा। मार्च 2026 तक यह अभियान जनपद की सभी ग्राम पंचायतों में चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं को प्रशिक्षण, वित्तीय साक्षरता एवं विभिन्न आजीविका गतिविधियों से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भरजाएगा।

# सीएम सामूहिक विवाह योजना के तहत 97 जोड़ों का विवाह संपन्न





देवरिया। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत जनपद में सोमवार को ओम मैरेज हॉल, मेन रोड तरकुलवा में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुल 97 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया, जिनमें 83 हिन्दू एवं 14 मुस्लिम जोड़े शामिल रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सूर्य प्रताप शाही, कैबिनेट मंत्री (कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार) रहे।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, भाजपा महामंत्री रविन्द्र कौशल, राजू भारती, श्रीनिवास मणि त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष दुष्यंत राव, ब्लॉक प्रमुख तरकुलवा रामआशीष गुप्ता, गन्ना विकास समिति चेयरमैन अवधेश सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष हेतिमपुर वीरेंद्र यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष तरकुलवा जनार्दन कुशवाहा, पूर्व क्षेत्रीय मंत्री जितेंद्र प्रताप राव, समाजसेवी संजय सिंह सहित जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी एवं संबंधित खंड विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

उपस्थित अतिथियों एवं गणमान्य नागरिकों ने नवदंपतियों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद एवं सफल वैवाहिक जीवन की कामना की जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधीर पाण्डेय ने बताया कि योजना के अंतर्गत प्रत्येक जोड़े पर एक लाख रुपये व्यय का प्रावधान है, जिसमें 60 हजार रुपये कन्या के बैंक खाते में हस्तांतरित किए जाते हैं, 25 हजार रुपये की उपहार सामग्री प्रदान की जाती है तथा 15 हजार रुपये आयोजन पर खर्च किए जाते हैं।

समाज कल्याण विभाग द्वारा इस योजना के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सामाजिक एवं आर्थिक सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

## संस्कार और अनुशासन है महान शिक्षा : सन्तोष मद्धेशिया

बरहज, देवरिया। गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में करूअना स्थित दुर्गावती देवी शिक्षण संस्थान में आयोजित सम्मान समारोह में विद्यालय के छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वच्छ भलुअनी स्वस्थ भलुअनी (यूथ ब्रिगेड) के संस्थापक सन्तोष मद्धेशिया वैश्य, विशिष्ट अतिथि पत्रकार मनोज कुमार मद्धेशिया एवं विजय उपाध्याय ने समारोह को सम्बोधित किया। छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि आप छात्र ही कल के भविष्य हैं और अनुशासन व संस्कार के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए अपने परिवार, विद्यालय एवं राष्ट्र का नाम रोशन करें। विशिष्ट अतिथि मनोज कुमार मद्धेशिया ने आत्मविश्वास के साथ शिक्षा ग्रहण करने की सीख दी। विशिष्ट अतिथि विजय उपाध्याय ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी छात्र परिश्रम करेंगे तो कल आपकी एक अलग पहचान बनेगी।

कार्यक्रम में छात्रो ने सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नृत्य से सभी का मन मोह लिया। संचालक सुरेश पाण्डेय ने सभी अतिथियों का स्वागत कर आभार प्रकट किया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाओं सहित सैकड़ों छात्र उपस्थित रहे।

## राज्य महिला आयोग की सदस्य का आगमन आज

देवरिया। जिला परिवीक्षा अधिकारी अनिल कुमार सोनकर ने बताया कि राज्य महिला आयोग की माननीय सदस्य 04 फरवरी 2026 को जनपद भ्रमण पर रहेंगी। इस दौरान वह पूर्वान्ह 11:00 बजे से अपरान्ह 2:00 बजे तक महिला जनसुनवाई आयोजित कर महिलाओं की शिकायतों एवं समस्याओं की सुनवाई करेंगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत संबंधित विभागों का निरीक्षण भी किया जाएगा तथा प्राप्त प्रकरणों के त्वरित निस्तारण हेतु अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे।

# विद्यालय व विद्युत विभाग के लापरवाही की बिजली से झुलसी मासूम

कुशीनगर। जनपद के पड़रौना नगर पालिका क्षेत्र में संचालित गायत्री विद्यापीठ में सोमवार को उस समय अफरा-तफरी मंच गयी जब विद्यालय प्रशासन व विद्युत विभाग की घोर लापरवाही के कारण लंच ब्रेक के दौरान कक्षा तीन की दस वर्षीय शालू हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गई। यह कोई हादसा नहीं, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही, स्कूल प्रबंधन की घोर संवेदनहीनता और बिजली विभाग की कुंभकर्णी निद्रा का नतीजा बताया जा रहा है।

बतादे कि विद्यालय के बिल्डिंग के ऊपर पहले से मौत बनकर लटक रही थी हाई वोल्टेज लाइन लंबे समय से मौत को दावत दे रहा था। इसके बावजूद न तो स्कूल प्रबंधन ने सुरक्षा घेरा बनाया, न चेतावनी बोर्ड लगाए और न ही बिजली विभाग ने तार को सुरक्षित करने की जहमत उठाई। परिणाम यह हुआ कि लंबे समय से खतरे की चेतावनी दे रही हाई वोल्टेज विद्युत लाइन सोमवार को लंच के समय खेल रही मासूम शालू की जिंदगी करंट की चपेट में आ गई।

### स्कूल बना, लेकिन सुरक्षा इंतजाम नहीः

प्रश्न यह है कि जब स्कूल के आसपास जानलेवा हाई वोल्टेज तार मौजूद थी, तो ऐसे स्थान पर स्कूल संचालन की अनुमति कैसे मिली? क्या मान्यता देने से पहले सुरक्षा मानकों की जांच हुई थी या फिर सब कुछ पैसे और कागजों के दम पर चलता रहा? सवाल यह भी उठता है कि विद्यालय संचालन के बाद अगर हाई वोल्टेज लाइन दौडायी गयी है तो फिर बिजली विभाग के जेई और जिम्मेदार अधिकारी क्या कर रहे थे? किसने विद्यालय के छत के उपर से हाई वोल्टेज लाइन दौड़ाने का आदेश दिया? विद्यालय प्रशासन ने नौनिहालों के जिन्दगी की सुरक्षा के लिए क्या कदम उठाया?

### जिंदगी और मौत से जूझ रही शालूः

हादसे के बाद स्कूल में अफरा-तफरी मच गई। बच्ची को आनन-फानन में जिला मुख्यालय स्थित मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां मासूम शालू क हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना की खबर मिलते ही पिता मुन्ना प्रसाद, जो पेशे से ऑटो चालक हैं, अस्पताल पहुंचे। गरीब परिवार के लिए इलाज का खर्च और बेटी की हालत दोनों ही किसी सदमे से कम नहीं हैं।

### स्थानीय लोगों मे आक्रोशः

घटना के बाद क्षेत्र में गुस्से का माहौल है। लोगों का कहना है कि ह्यअगर समय रहते हाई वोल्टेज तार को सुरक्षित कर दिया गया होता, तो आज एक मासूम अस्पताल में जिंदगी की जंग नहीं लड़ रही होती।ह्न लोगों ने दोषियों के खिलाफ एफआई आर, स्कूल की मान्यता रद्द करने और बिजली विभाग के जिम्मेदार अफसरों पर कार्रवाई की मांग की है।

# कुशीनगर ने गोरखपुर को दो विकेट हराकर ट्रॉफी जीती




कसया कुशीनगर। बुद्ध इंटर कॉलेज कुशीनगर के स्टेडियम में सोमवार को स्व. रोहन मणि त्रिपाठी क्रिकेट टूनामेंट के बैनर तले एक दिवसीय महिला क्रिकेट मैच का आयोजन गोरखपुर क्रिकेट एकेडमी और कुशीनगर क्रिकेट एकेडमी के बीच केसीए के कोच अजहर अली की देख रेख खेला गया, जिसमे कुशीनगर एकेडमी की टीम ने गोरखपुर को हराकर ट्रॉफी को जीत लिया। मैच का शुभारम्भ दोनों टीमों के बीच टॉस उछाल कर किया गया। टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी गोरखपुर की टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 97 रन बनाई। जवाब में उतरी कुशीनगर की टीम ने 17.3 ओवर में 8 विकेट खोकर 98 रन बनाकर मैच जीत लिया। मैन ऑफ मैच अमृता राव चुनी गई। अमृता 4 ओवर में 9 रन देकर 3 विकेट ली। अतिथियों ने विजेता और उप विजेता टीम को ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया।

मैच में अम्पायरिंग अमन राय व रामप्रकाश तथा स्कोरर विकास सिंह व कमेंट्री सत्यप्रकाश तिवारी ने किया। इस अवसर पर मौजूद अतिथि राधा कृष्ण शर्मा, संतोष पाठक रविशंकर मिश्रा, सर्वेश सिंह, अरुण चौबे, सचिन पाठक, मिर्जा वकील बेग, अशोक सिंह, सभासद अजेंद्र सिंह आदि ने अपने उद्बोधन से टीम के खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। आयोजक अंशु मणि त्रिपाठी ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए टूनामेंट में प्रतिभागी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनायें दी।

## सखनी ताल पर गूंजा आर्द्रभूमि संरक्षण का संदेश,ः जागरूकता रैली में उमड़े छात्र

देवरिया। विश्व आर्द्रभूमि दिवस के अवसर पर सोमवार को समाजिक वानिकी प्रभाग देवरिया की ओर से देवरिया रेंज के पथरदेवा सेक्शन स्थित ऐतिहासिक सखनी ताल के तट पर पवित्र मंदिर प्रांगण में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष की वैश्विक थीम ह्लआर्द्रभूमि और पारंपरिक ज्ञान : सांस्कृतिक विरासत का उत्सव के तहत आर्द्रभूमियों के संरक्षण और उनके पारिस्थितिक महत्व पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम के तहत सेन्ट्रल पब्लिक हायर सेकेंड्री स्कूल, पथरदेवा के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक जागरूकता रैली निकाली। प्रधानाचार्य दिनेश सिंह एवं अरविन्द जायसवाल के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर ग्रामीणों को आर्द्रभूमि (वेटलैंड) के महत्व, जल संरक्षण और पर्यावरण संतुलन के प्रति जागरूक किया इस दौरान बर्ड वॉचिंग कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। बच्चों को पक्षियों की विभिन्न प्रजातियों तथा उनके प्राकृतिक आवास के बारे में जानकारी दी गई। ग्राम सभा सखनी के प्रधान शंभू कुशवाहा एवं स्थानीय ग्रामीणों ने मंदिर की पौराणिकता और सखनी ताल की ऐतिहासिक महत्ता पर प्रकाश डाला।

विभागीय अधिकारियों ने संबोधन में बताया कि आर्द्रभूमियां जल को शुद्ध करने, बाढ़ नियंत्रण, भू-जल संरक्षण तथा जैव विविधता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इन्हें ह्यधरती के गुर्देह्न भी कहा जाता है।

# डीएम ने पंचायत सचिव को किया निलंबित



सीतापुर। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने विकास खंड गोंदलामऊ की ग्राम पंचायत कुर्सी स्थित पंचायत भवन का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पंचायत स्तर पर व्याप्त अव्यवस्थाओं और लापरवाही को लेकर जिलाधिकारी खासे नाराज नजर आए और संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने पंचायत भवन के सभाकक्ष का निरीक्षण किया, जहां मास्टर रजिस्टर न मिलने पर उन्होंने गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने पंचायत भवन में संचालित कार्यों की कार्ययोजना की जानकारी ली। पंचायत भवन की प्रकाश व्यवस्था संतोषजनक न पाए जाने पर खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार पर नाराजगी व्यक्त की गई। इसके साथ ही पंचायत सचिव द्वारा पंचायत भवन के कार्यों में लापरवाही बरतने और नियमित रूप से पंचायत भवन में उपस्थित न रहने पर अनुशासनिक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान पंचायत सचिव विकास तिवारी के पास मास्टर रजिस्टर और आवश्यक पत्रावलियां उपलब्ध नहीं पाई गईं। इसके अलावा अन्नपूर्णा भवन का निर्माण न होना, उसका स्थान चिन्हित न होना तथा शासन की मंशानुरूप कार्य न किए जाने जैसी गंभीर कमियां सामने आईं। इन सभी बिंदुओं को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने सचिव विकास तिवारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए। साथ ही ग्राम प्रधान की भी इन लापरवाहियों में सहभागिता पाए जाने पर उन्हें नोटिस जारी करने के आदेश दिए गए। इसके अलावा नाली निर्माण से संबंधित पत्रावलियां प्रस्तुत न करने पर ग्राम विकास अधिकारी पर नाराजगी जताते हुए नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने मनरेगा के तहत कराए गए कार्यों का भी अवलोकन किया और बीते एक वर्ष में हुए कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान टेक्निकल असिस्टेंट द्वारा कार्य कम होने, पत्रावलियां न होने और लापरवाही सामने आने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने पंचायत भवन में पत्रावलियां सही ढंग से न दिखाए जाने और अभिलेखों की कमी पर एडीओ पंचायत को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि शासन की योजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## नीरज बने महोली बार एसो. के अध्यक्ष



महोली, सीतापुर। तहसील के महोली बार एसोसिएशन चुनाव में अध्यक्ष तथा महासचिव पद पर चुनाव हुआ। इस दौरान वोटर लिस्ट के कुल 89 वोट में 88 वकीलों ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। चार बजे के निर्धारित समय तक चली वोटिंग के दौरान एक वोट शेष रह गया। जहां बार के चुनाव में अधिवक्ताओं ने जमकर वोटिंग की तो 99.9ः रिकार्ड मतदान हुआ। उल्लेखनीय है कि तहसील की इल्डर्स कमेटी के चेयरमैन रामाश्रय अवस्थी के द्वारा बार एसोसिएशन महोली के चुनाव की घोषणा की गई। जिसके बाद निर्वाचन की तिथि घोषित कर अधिवक्ता यदुवीर सिंह को चुनाव अधिकारी नामित किया गया। चुनाव अधिकारी ने अनुराग शुक्ला पीयूष दीक्षित तथा अवनीश भास्कर को चुनाव सहायक बनाया। बार के चुनाव में अध्यक्ष पद पर नीरज मिश्र व हरिकरन नाथ दीक्षित और महासचिव पद पर विजय त्रिपाठी तथा राकेश कुमार यादव ने नामांकन दाखिल किया। 20 जनवरी को वैध नामांकन के बाद कई दिनों तक चले चुनाव में दो फरवरी को मतदान के बाद मतगणना की गई। महासचिव पद पर विजय त्रिपाठी को 47 मत मिले और राकेश कुमार यादव को 41 मत प्राप्त हुये। अध्यक्ष पद पर जहां नीरज मिश्रा को 44 तथा हरिकरन दीक्षित को भी 44 मत मिले और दोनों बराबर रहे। जिस पर निर्णय कमेटी के चेयरमैन पर छोड़ दिया गया। चुनाव अधिकारी ने महासचिव पद पर विजय त्रिपाठी को विजयी घोषित किया वहीं अध्यक्ष पद बिना किसी निर्णय के साथ अगले दिन शाम तक के लिए बढ़ा दिया गया।

## बिसवां में निर्माणाधीन मकान से चोरी

बिसवां नगर, सीतापुर। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक निर्माणाधीन मकान में घुसकर अज्ञात चोरों ने चोरी को अंजाम दिया। पीड़ित ने 112 डायल कर पुलिस को जानकारी दी और कोतवाली में तहरीर दी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। बिसवां के मोहल्ला रायगंज में रविवार तड़के अज्ञात चोरों ने निमार्णाधीन मकान में घुसकर 5 बंडल सिंचाई पाइप, 3 पंखे डिब्बा सहित नए, 4 बंडल केबल वायर 4 एमएम, 4 इलेक्ट्रिक मशीन कारपेंटर की और हार्डवेयर का सामान पार कर दिया। रायगंज निवासी राजेश कुमार घर से कुछ दूर अमरनगर रोड रायगंज पुलिया के पास एक मकान बनवा रहे हैं। निर्माण कार्य अंतिम दौर में है। राजेश ने बताया कि रविवार की रात अज्ञात चोर मकान में घुसकर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया।

## कलश यात्रा संग ज्वालागंज में भागवत कथा शुरू

फतेहपुर ।ज्वालागंज चौराहे पर सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य शुभारंभ, कलश यात्रा ने बांधा समांफतेहपुर। शहर के हृदय स्थल ज्वालागंज चौराहे के पास सोमवार को सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का विधिवत पूजन-पाठ के साथ धूमधाम से शुभारंभ हुआ। यह आयोजन भक्ति रस से ओत-प्रोत वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कथा का उद्देश्य भगवान की लीलाओं, भक्ति मार्ग और जीवन मूल्यों का प्रसार करना है, जो सात दिनों तक




चलेगा ।कार्यक्रम की शुरूआत भव्य कलश यात्रा से की गई, जो ज्वालागंज चौराहे से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मंदिरों का नगर भ्रमण करते हुए वापस कथा स्थल पर समाप्त हुई। यात्रा का मार्ग ज्वालागंज से बाकरगंज बड़ा शिवाला, चौंक शिव मंदिर, हनुमान मंदिर, कोतवाली रोड शीतला मंदिर होते हुए गणेश मंदिर तक रहा। प्रत्येक मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना, मंगल आरती और भजन-कीर्तन के साथ यात्रा आगे बढ़ी। महिलाओं ने पारंपरिक लहंगा-चोली धारण कर डीजे की मधुर धुनों पर नृत्य किया, जिससे पूरा मार्ग भक्ति उल्लास से गूंज उठा। कलशों को सजाए सिर पर धारण किए महिलाओं और पुरुषों की टोली ने हरि ॐ, जय श्री राम आदि नारों से वातावरण गुंजायमान कर दिया। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने फूल-पत्ते बरसाए और प्रसाद वितरण किया ।कथा स्थल पर पहुंचने के बाद मंच पर विधिवत पूजन कराया गया। प्रख्यात कथा वाचक पंडित श्रीकांत शुक्ला ने श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा का रसपान कराना प्रारंभ किया। उन्होंने कहा, श्रीमद्भागवत कथा जीवन को दिशा प्रदान करती है। यह भक्ति, कर्म और मोक्ष का संदेश देती है। आने वाले सात दिनों में भगवान कृष्ण की लीलाओं, भागवत के सूक्ष्म रहस्यों और आधुनिक जीवन से जुड़े उपदेश श्रोताओं को सुनाए जाएंगे ।इस पावन अवसर पर आयोजकों परिक्षित विनय, सुशील चंद्र गुप्ता, नीतू गुप्ता, अनंत राम गुप्ता, विनय गुप्ता, पंकज गुप्ता, नीरज गुप्ता, शैलेन्द्र कुमार गुप्ता, दशरथ, आर्यन, अरिहंत, सूजल, आरती, संध्या, वंदना, सिमरन, सुमन, ममता, मोहित गुप्ता, हीरालाल यादव सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, महिलाएं एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजकों ने सभी का स्वागत कर आभार व्यक्त किया ।कथा स्थल पर विशाल पंडाल, रंग-बिरंगे झंडे, फूलों की मालाएं और भव्य सज्जा ने दिव्यता का वातावरण बनाया।

## भगवान चित्रगुप्त मंदिर में हिंदू सम्मेलन आयोजित

सीतापुर। सकल हिंदू समाज द्वारा स्थानीय सिविल लाइंस में जी आई सी के निकट स्थित भगवान चित्रगुप्त मंदिर में एक हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। उपस्थित अतिथियों के स्वागत एवं माल्यार्पण और उनके द्वारा भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन के उपरान्त इंजी. अम्बरीष श्रीवास्तव अम्बर ने सर्वप्रथम स्वरचित भारत माता गान का उपस्थित जनसमूह के साथ समवेत स्वर में गायन किया तत्पश्चात शिवप्रताप सिंह चैहान ने सरस्वती वंदना तथा हिंदू जागरण गीत प्रस्तुत किया तत्पश्चात आगा कालोनी स्थित जोगीधाम के सन्त अरुणेश मिश्र ने सकल हिन्दू समाज को संबोधित करते हुए कहा, यद्यपि आदि काल से ही हमारे उदार एवं सहिष्णु हिन्दू समाज द्वारा आक्रांताओं के स्तर से सपने प्रति किए प्रत्येक उत्पीड़न का सदैव ही धैर्यपूर्वक यथोचित उत्तर दिया जाता रहा है तदपि आज भी हम अपने अस्तित्व की लड़ाई ही लड़ रहे हैं। वास्तविकता तो यह है कि विभिन्न वर्गों में बंटा हुआ हिन्दू समाज मात्र कहने को ही बहुसंख्यक है ऐसे में हमें अपने उत्थान के लिए भगवान श्रीकृष्ण द्वारा सुझाए गए मार्ग पर चलने की नितांत आवश्यकता है। कार्यक्रम का सफल संचालन अरुण शर्मा बेधड़क ने किया। अंत में श्री श्रीवास्तव ने सबके प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। भारत माता की आरती के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में अश्विनीजी, विशालजी, रविजी, राजेश जी, मोहित सेवक शुक्ल, शिव कुमार भारद्वाज, रामदास वैश्य रामू, देशदीपक श्रीवास्तव, सुरेश कुमार, कुलदीप सक्सेना, शरद श्रीवास्तव , कमलापति त्रिपाठी, अर्पित मिश्रा तेजस, महर्षि मिश्रा, महेंद्र श्रीवास्तव, कमलेशजी आदि सहित पर्याप्त संख्या में हिन्दू समाज के नागरिक उपस्थित थे।

## उप्र राज्य महिला आयोग की सदस्या का आगमन 4 को

सोनभद्र। अपर जिलाधिकारी प्रोटोकाल ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग गीता विश्वकर्मा का आगमन 04 फरवरी,2026 को जनपद में होगा। इस दिन वह दोपहर 11 बजे महिला उत्पीड़न से सम्बन्धित शिकायतों की सुनवाई सर्किट हाउस सभागार में करेंगी। इस दौरान जनपद में महिला उत्पीड़न से सम्बन्धित समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी देगीं उसके पश्चात सदस्या सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा बालिका/महिला गृह व आगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण करेंगी। इस दौरान वह प्राथमिक व समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों को मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी लेगीं एवं आगनबाड़ी केन्द्रों का भ्रमण कर केन्द्रों पर भी उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लेंगी।

## संक्षेप

### युवक ने फांसी लगायी

असोहा, उन्नाव। क्षेत्र के जोरावरगंज गांव में शराब के ठेके के बगल में बारासगवर थाना क्षेत्र के कांटी गांव के अशोक सिंह के पुत्र 32 वर्षीय शेरा सिंह कैंटीन चलाता है, आज सुबह लगभग साढ़े सात बजे ग्रामीणों ने उसका शव बरामदे में रस्सी के सहारे लटका देख पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए शेरा सिंह के परिजनों को सूचना देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा, ग्रामीणों ने बताया कि अभी सुबह ही उसने कैंटीन में झाड़ू पोंछा किया था। ग्रामीणों की मानें तो शेरा सिंह शराब का लती था बराबर शराब पिये रहता था, जिसकी वजह से आये दिन लोगो से उसकी बहस हुआ करती थी। ग्रामीणों ने बताया कि पत्नी से कुछ अनबन चल रही थी जिसके चलते वो अक्सर कहा करता था कि किसी दिन फांसी लगा जान दे दूँगा। प्रतक अपने पीछे पत्नी दीपांशी सिंह, पुत्र शौर्य सिंह तथा पुत्री गौरी सिंह को छोड़ गया है। थानाध्यक्ष फूल सिंह ने बताया कि मृतक के शाले अभिषेक सिंह की तरफ से प्रत्यु का प्रार्थना पत्र मिला है जांच में ऐसा प्रतीत होता है कि पारिवारिक कलह के चलते फांसी लगाई है, पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

### सड़क हादसे में एक बाइक सवार की मौत दो घायल

सीतापुर। खैराबाद थाना क्षेत्र के कैथाभारी के पास तेज रफ्तार एर्टिगा कार और बाइक की आमने-सामने टक्कर में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसके दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार ग्राम निजामाबाद निवासी अंकित अपने चाचा देशराज और साथी लक्ष्मीनारायण के साथ होटल में कैटरिंग का काम खत्म कर बाइक से घर लौट रहा था। देर रात जैसे ही बाइक कैथाभारी के पास पहुंची सामने से आ रही तेज रफ्तार एर्टिगा कार ने सीधी टक्कर मार दी। जिससे बाइक चला रहे अंकित को सिर और शरीर में गंभीर चोटें आईं और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं देशराज और लक्ष्मीनारायण लहूलुहान हालत में सड़क पर पड़े रहे। हादसे के बाद स्थानीय लोग मौके पर दौड़े और पुलिस को सूचना दी। एंबुलेंस की मदद से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। वहां प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए दोनों को लखनऊ रेफर कर दिया। सूचना मिलने पर खैराबाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे में शामिल एर्टिगा कार को पुलिस ने जब्त कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह ने बताया कि हादसे में शामिल कार को कब्जे में ले लिया गया है। परिजनों की तहरीर मिलते ही मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कार चालक की तलाश जारी है। इस हादसे ने एक बार फिर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के खतरनाक नतीजों की याद दिला दी है।

### वन विभाग ने आयोजित किया जागरूकता कार्यक्रम

रेउसा, सीतापुर। बिसवां रेंज वन विभाग ने सोमवार को अंतरराष्ट्रीय आर्द्रभूमि दिवस के अवसर पर अज्जेयपुर झील में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम स्कूली बच्चों के साथ उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस दौरान वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने बच्चों को आर्द्रभूमियों के महत्व से अवगत कराया। उन्हें पक्षियों की प्रजातियों, उनके संरक्षण और पर्यावरण संतुलन में आर्द्रभूमियों की भूमिका के बारे में विस्तार से बताया गया। बच्चों को समझाया गया कि आर्द्रभूमियाँ न केवल पक्षियों और जलीय जीवों का सुरक्षित आश्रय होती हैं, बल्कि जल संरक्षण, बाढ़ नियंत्रण और जैव विविधता बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वन अधिकारियों ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण, जल स्रोतों की सुरक्षा और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे और प्रकृति के रक्षक बनने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बिसवां रेंजर अहमद कमाल सिद्दीकी, डिप्टी रेंजर आदित्य सिंह चैहान, डिप्टी रेंजर सुशील कुमार, प्रदुमन त्रिपाठी, अनिल कुमार, वन दरोगा हिमांशु वर्मा और वन रक्षक अभय सिंह सहित वन विभाग के कई अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। वन विभाग की इस पहल को ग्रामीणों और विद्यालय स्टाफ ने सराहा।

## सीपीएस में 12वीं के विद्यार्थियों का हुआ विदाई समारोह




फतेहपुर। चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल सी.पी.एस.,प्रांगण में शैक्षणिक सत्र अंतर्गत कक्षा 12वीं के मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में एक अत्यंत भावनात्मक, सांस्कृतिक एवं प्रेरणादायक विदाई समारोह एक नई शुरूआतह्व का शानदार आयोजन किया गया।

यह समारोह न केवल विदाई का प्रतीक था, बल्कि विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की नई यात्रा की शुरूआत का संदेश भी देता था। स्कूल के विशाल सभागार में गरिमामय वातावरण में सजी संपूर्ण व्यवस्था ने सभी उपस्थितजन को प्रभावित किया ।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों के पारंपरिक स्वागत और दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसमें मंगल ध्वनि और फूलों की वर्षा ने दिव्यता का संचार किया। तत्पश्चात कक्षा 11वीं की छात्राओं एवं शिक्षिका ओइंद्रिला द्वारा प्रस्तुत ह्लदिव्य चरणह्व प्रार्थना नृत्य ने समारोह को आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत कर दिया। इस नृत्य ने सभी के मन में सकारात्मकता का संचार करते हुए कार्यक्रम का आधार तैयार किया ।कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को भविष्य की मशाल वाहकह्व के रूप में विशेष सम्मानित किया गया। प्रत्येक विद्यार्थी को स्मृति चिन्ह, प्रमाण-पत्र और शुभकामना पत्र भेंट किए गए। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या पूनम श्रीवास्तव ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा जीवन एक निरंतर यात्रा है। हमेशा आगे बढ़ते रहें, सफलता की ऊंचाइयों को छूएं और अपने परिवार, विद्यालय तथा फतेहपुर शहर का नाम रोशन करें। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं दीं ।सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की श्रृंखला ने समारोह को और भी जीवंत बना दिया। कक्षा 11वीं की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत लयबद्ध नृत्य अभिव्यक्ति की धुनगीत ने भावनाओं को शब्दों से परे व्यक्त किया। इसके बाद कक्षा 11वीं के छात्रों का ताल में कदम नृत्य और शानदार ह्लचाल रैंप वॉक ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इन प्रस्तुतियों में पारंपरिक संगीत और आधुनिक शैली का अनोखा मिश्रण देखने को मिला। विशेष आकर्षण की कविता भावों की कविता और सुर-ताल से भरपूर गीत की प्रस्तुति रही, जिसमें कक्षा 12वीं के छात्र आदित्य पाल ने अपनी मधुर गायन कला से सभी की तालियां बटोर लीं। संगीत विभाग द्वारा प्रस्तुत ह्लविरासत को आगे बढ़ानाह्व ने सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण और निरंतरता के महत्व को रेखांकित किया ।कक्षा 12वीं के छात्र आर्यन और कक्षा 11वीं के छात्र विपुल पाल ने अपने भावपूर्ण विदाई भाषणों में विद्यालय से जुड़ी अमिट स्मृतियों को साझा किया। आर्यन ने कहा, यह स्कूल हमारा दूसरा घर रहा, जहां हमें न केवल ज्ञान मिला, बल्कि जीवन के मूल्य भी सीखे ।ह्व विपुल ने शिक्षकों और सहपाठियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की ।समारोह के क्लाइमेक्स में कक्षा 12वीं से कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों तक सैश वितरण समारोह हुआ।

## नायब तहसीलदार की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक



पुरवा, उन्नाव। आगामी त्यौहार शब-ए-बारात व महाशिवरात्रि, होली के दृष्टिगत थाना स्थानीय पर नायब तहसीलदार कृष्णानन्द बाजपेई की अध्यक्षता व प्रभारी निरीक्षक अमरनाथ की उपस्थिति में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में उपरोक्त आगामी त्यौहार के संबंध में शासन एवं उच्चाधिकारियों द्वारा जारी आदेशों निर्देशों से उपस्थित सभी आगंतुकों को अवगत कराया गया तथा त्यौहार को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं कानून-व्यवस्था के अनुरूप मनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान यह भी अवगत कराया गया कि पूर्व में संपन्न हुए किसी भी त्यौहार के संबंध में किसी प्रकार का कोई विवाद प्रकाश में नहीं आया है। उक्त बैठक में मस्जिद के मौलवी धर्मगुरुओ, अन्य संभ्रांत व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी उपस्थित व्यक्तियों द्वारा त्यौहार को शांति एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाने तथा पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया गया ।बैठक शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। बैठक मे उपनिरीक्षको में सियाराम चैरसिया, गंगा प्रसाद रामेश्वर सिंह सहित अन्य पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

## मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन

सीतापुर। अन्नपूर्णा साहित्य संगम की मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन अन्नपूर्णा सेवा संस्थान कार्यालय नई बस्ती सीतापुर में किया गया। संस्था अध्यक्ष नवीन द्विवेदी के संरक्षण तथा मंजर यासीन की अध्यक्षता में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक यासीन इब्ने उमर तथा संचालक राम किशोर श्रीवास्तव ने सभी कवियों व शायरों का स्वागत किया। गीता किशोर श्रीवास्तव की वाणी वंदना के माध्यम से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर अध्यक्षता कर रहे मंजर यासीन ने अपनी सुमधुर आवाज में उत्कृष्ट काव्य पाठ प्रस्तुत किया। हास्य कवि नदीम सीतापुरी ने हास्य व्यंग के माध्यम से लोगों के हंसने और खिलखिलाने पर मजबूर कर दिया। रामकिशोर श्रीवास्तव ने श्रृंगार की रसधारा बहाते हुए सुंदर रचनाएं प्रस्तुत कीं, तो वहीं यासीन इब्ने उमर ने एकता और भाईचारे का संदेश देते हुए अपनी रचना प्रस्तुत की। कवित्री सुमन मिश्रा ने अपने मधुर कंठ से बेहतरीन गजल प्रस्तुत की, तो वहीं रियाजुद्दीन रियाज ने सामाजिक ताने-बाने को जोड़ते हुए देश प्रेम पर आधारित रचना सुनाई। हरेंद्र विक्रम सिंह ने ओज पूर्ण रचना प्रस्तुत करते हुए लोगों में जोश भरने का काम किया। तो रामदास वैश्य रामू जी ने सामाजिक विसंगतियों पर व्यंग प्रस्तुत किया। गीता किशोर श्रीवास्तव ने श्रृंगार रस में डूबी हुई रचना प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अंत में संस्था संस्थापक अनिल द्विवेदी के द्वारा शुरू किए गए साहित्यिक सफर को सदा आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया। अंत में वरिष्ठ साहित्यकार अवधेश शुक्ला जी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई, तथा दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा हेतु शांति की प्रार्थना की गई।

## समर्पण सेवा फाउंडेशन ने स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन




उन्नाव। समर्पण सेवा फाउंडेशन द्वारा पीताम्बर नगर उन्नाव में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में स्थानीय लगभग एक सैकड़ा लोगो ने नेत्र चिकित्सक को आँखों की जाँच कराई, वहीं दाँत चिकित्सक में भी दर्जनों मरीजो की दांतो को समस्याएं सुनकर निशुल्क दवा वितरण की. इस शिविर का मुख्य उद्देश्य स्थानीय नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना और नेत्र व दंत रोगों के प्रति जागरूक करना था। समर्पण सेवा फउंडेशन द्वारा शहर के पीताम्बर नगर में नेत्र व दाँत के अनुभवी विशेषज्ञों द्वारा मरीजों की दृष्टि की जांच की गई और मोतियाबिंद जैसे रोगों की पहचान की गई। जरूरतमंदों को चश्मे और दवाएं भी वितरित की गईं। वही दाँत चिकित्सक ने मरीजों को दांतों की सड़न, पायरिया और मुख स्वास्थ्य की जांच की और उचित परामर्श प्रदान किया। स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन डॉ मयंक प्रताप सिंह के द्वारा किया गया। जांच टीम में डॉक्टर मयंक प्रताप सिंह एवं डॉ नीरज सिंह राठौर और उनकी टीम शामिल थी। संगठन ष्सेवा ही समर्पण है, समर्पण ही सेवा हैष्के भाव के साथ लगातार स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर रहा हैं, और सैकड़ो मरीजों को स्वास्थ्य लाभ दे रहा हैं. संस्था के अध्यक्ष श्रद्धा सिंह व सचिव सौम्या दीक्षित ने बताया कि समाज के वंचित वर्गों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाना हमारा प्राथमिक लक्ष्य है। भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी डॉक्टरों और सहयोगियों को सम्मानित किया गया।

## किसानों को लेकर कृषक बैठक का आयोजित



जिला संवाददाता

उन्नाव। तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन क्षेत्र के अंतर्गत ऊच गांव में सोमवार को नमामि गंगे यू पी डा( कृषि विभाग ) सपोर्ट एजेंसी उर्वर एग्रो बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड उन्नाव द्वारा क्षेत्रीय किसानों के लिए प्रशिक्षण बैठक का आयोजन किया गया जिसमें जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए देसी तकनीकी जानकारी विशेषज्ञ द्वारा दी गई।

प्रशिक्षण गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिला परियोजना समन्वयक डॉक्टर राजू वर्मा ने गोष्टी को संबोधित करते हुए किसानों को जानकारी देते हुए बताया कि किसान अधिकतर देसी व जैविक तरीके से अपनी खेती करें जिससे उनका उत्पादन बढ़ सके और भूमि सुरक्षित व संरक्षित रह सके उन्होंने जीवामृत के संबंध में जानकारी व उसके प्रयोग की विधि के संबंध में विस्तार से चर्चा की और बताया कि जीवामृत सूचना जीवाणुओं का महासागर है, जो पेड़ पौधों के लिए कच्चे पोषक तत्वों को पकाकर उनके लिए भोजन तैयार करते हैं। प्रशिक्षण शिविर में जिला प्रभारी शिवपाल सिंह ने किसानों को जानकारी दी और बताया कि जैविक खेती के लिए पंचगव्य महत्वपूर्ण है इसके इसके प्रयोग की विधि के संबंध में बताया की 5 किलो देसी गाय का ताजा गोबर 3 लीटर देशी गाय का ताजा गौमूत्र 2 लीटर देशी गाय का ताजा कच्चा दूध 2 लीटर देशी गाय का दही 500 ग्राम देशी गाय का घी 500 ग्राम गुड़ तथा 12 पके हुए केले से इसे तैयार किया जा सकता है। परियोजना सहायक अमित कुमार ने किसानों के प्रशिक्षण के दौरान बताया कि जैविक खेती में अग्नियास्त्र संजीवक जैसे तत्वों को मिलाकर जैविक खाद तैयार की जा सकती है जो खेती के लिए अत्यधिक उपयोगी होती है। किसान सूरज सिंह ने भी किसनों से जैविक खेती पर बल देते हुए कहा कि इससे आपकी भूमि भी सुरक्षित और उर्वरक होगी और आने वाली पीढ़ी के लिए सहायक सिद्ध होगी। प्रशिक्षण बैठक को ब्लॉक प्रभारी उदय प्रताप एलआर पी मुकेश सिंह ने भी संबोधित किया। इस मौके पर शिवबीर सिंह वीरू, बच्चा सिंह सुरेश मिश्रा, शिवम तिवारी आदि बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## समरसता तहरी भोज का आयोजन

सीतापुर। राष्ट्रीय सेवा परिषद द्वारा ऋतु परिवर्तन के दौर मे आपसी सौहार्द को मजबूत करने के लिए समरसता तहरी भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि समाजसेवी नमिन्द्र अवस्थी, विशिष्ट अतिथि मे विश्वीर गुप्ता, सुभाष गुप्ता, अनूप खेतान, आशीष शास्त्री, सुशील अग्रवाल, आकाश अग्रवाल, विश्वम्भर दयाल तिवारी, हरीश त्रिपाठी, राजन गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, संजय शर्मा रहे। परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश राय व जिला महासचिव विजय शुक्ला ने सभी पदाधिकारियों को पटका पहना कर स्वागत किया। समरसता भोज के दौरान मुख्य अतिथि श्री अवस्थी ने कहा इस प्रकार के समरसता भोज मे विचारों का आदान प्रदान होता है। ठंड के मौसम में गर्म तहरी पाकर बड़ी संख्या में लोगों ने इसे ग्रहण किया और आयोजकों के प्रयास की सराहना की ।कार्यक्रम के अंत मे वंदना राय ने मुख्य अतिथि को बुके भेट की व परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश राय ने सभी का आभार जताया।

## कलश यात्रा के साथ महाविष्णु यज्ञ शुरू



बिसवां नगर, सीतापुर। बिसवा नगर के श्रीरामचरित मानस धाम पर यज्ञाचार्य के द्वारा यजमान से प्रायश्चित गौदान करवाकर कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय श्री महा विष्णु यज्ञ का शुभारंभ हो गया ।

मिली जानकारी अनुसार बिसवा नगर के जहांगीराबाद मार्ग पर बाबा मंशाराम मोड़ पर सोमवार दोपहर को सैकड़ों सुहागिन महिलाओं के द्वारा बयालीसवा श्री महा विष्णु यज्ञ की कलश यात्रा निकाली गई यह यात्रा बाबा मंशाराम मंदिर से होती हुई बड़ा हनुमान मंदिर पत्थर शिवाला मंदिर होते हुए शारदा सहायक नहर के पुरैनी पुल पर गई जहां यज्ञाचार्य अवधेश कुमार शुक्ल की वैदिक मंडली द्वारा जल देवता वरुण देवता सूर्य देवता जल मातृकाएं आदि का वैदिक विधि से पूजन आदि करवाया गया फिर वह कलश यात्रा मध्य मार्ग पर क्षेत्रपाल पूजन के बाद यज्ञ मंडप में पहुंची जहां उपस्थित वैदिक मंडली द्वारा यजमान आदि महिलाओं का मंडप पूजन करवाकर मंडप प्रवेश करवाया गया ।तथा फिर आचार्य वरण विधिवत देवताओं का आवाहन पूजन आदि कार्य संपन्न करवाया गया। इस विष्णु महा यज्ञ में जिला बाराबंकी से पधारे कथा व्यास श्री दीपक शुक्ल जी द्वारा प्रतिदिन दोपहर एक से पांच तथा रात्रि में आठ से साढ़े दस बजे तक संगीतमाई श्री राम कथा सुनाई जाएगी समित अध्यक्ष श्री राम किशोर शुक्ल बैद्यजी ने बताया कि इस कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा लोग उपस्थित होकर पुण्य का भागीदार बने ।इस मौके पर वैद्य श्री राम किशोर शुक्ल यज्ञ यजमान अजय रस्तोगी सपत्नीक तथा रामनाथ शुक्ल दिलीप शुक्ल मनोज शुक्ल सानुज शुक्ल गया प्रसाद अवस्थी अंशु शुक्ल अश्वनी त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

## पति पर लगाया आर्थिक ब्लैकमेलिंग का आरोप

ललितपुर (वीओएल)। मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम रोंडा में रहने वाली सीतू राजा पुत्री महेन्द्र सिंह बुन्देला ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसका विवाह विगत 16 वर्ष पहले झांसी महानगर के नगरा के राजीव नगर निवासी उदय प्रताप सिंह परमार पुत्र जयपाल सिंह परमार के साथ हिन्दी रीति रिवाज के अनुसार सम्पन्न हुआ था। शादी के बाद उसे एक पुत्र तनिस राज भी है, जिसकी उम्र वर्तमान में 8 वर्ष है। सीतू राजा का आरोप है कि शादी के बाद से उसका पति आये दिन गाली-गलौज करते हुये मारपीट करता था, जिस कारण पति ने ही उसे करीब पांच वर्ष पहले पुत्र सहित घर से निकाल दिया था, जिसके बाद से अब तक वह अपने मायके ग्राम रोंडा में ही निवासरत है। बताया कि जब भी वह अपने ससुराल जाती है तो उसका पति गालियां देते हुये घर से निकाल देता है। अब वह मेहनत-मजदूरी करके अपना व बच्चे का भरण-पोषण करती है। यह भी बताया कि पति बार-बार फोन करके गालियां देता है और उसकी ननद शिल्पा राजा, ससुर जयपाल सिंह परमार, सास कृष्णा राजा एकराय होकर उसे प्रताड़ित करते हैं और उसके साथ मारपीट करते रहते हैं। सीतू राजा का आरोप है कि पति द्वारा अवैध रुपयों की मांग की जाती है और पैसे न देने पर ब्लैकमेल करने की धमकी देते हुये पति द्वारा आत्महत्या करने की भी धमकी दी जाती है। पीड़िता सीतू राजा की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने पति समेत ससुरालियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 85, 352, 115 (2), 351 (2) व दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## अमल गार्डन में हुआ विराट हिन्दू सम्मेलन

आगरा। आगरा दिनांक। फरवरी दिन रविवार को अमल गार्डन में महार्षि अरविन्द नगर का विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया विराट हिन्दू सम्मेलन समिति और राष्ट्रीय भगवा दल के तत्वावधान में किया गया से हिन्दू सम्मेलन के मुख्य वता स्वामी सत्यमित्रानन्द जी महाराज श्रीधाम प्रन्दावन रहे। कार्य कम के अध्यक्ष टी.पी भदौरिया राष्ट्रीय भगवा दल के अध्यक्ष अमोल दीक्षित व मंच का संचालक सीमा सिंह, व नवीन कुलश्रेष्ठले किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री चन्द्रशेखर श्री व मुख्य आतीर्थ प्रो आशुतोष भण्डारी जी रहे समिति -के सचिव अजय सुदस्य कोश कान्त शर्माआदि उपस्थित रहे।

# वन डिस्ट्रिक्ट, वन वेटलैंड के लक्ष्य की ओर अग्रसर है यूपीः पर्यटन मंत्री

जिला संवाददाता

ललितपुर (वीओएल)। ललितपुर के देवगढ़ स्थित महावीर स्वामी वन्यजीव अभ्यरण में सोमवार को विश्व आर्द्रभूमि दिवस के अवसर पर नेचर एण्ड बर्ड फेस्टिवल का आयोजन किया गया। आयोजन का उ0प्र0 शासन के मंत्री, पर्यटन एवं संस्कृति जयवीर सिंह, वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री अरुण कुमार सक्सेना एवं राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और झांसी-ललितपुर क्षेत्र में 24 करोड़ से अधिक की पर्यटन विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया।

- नदियां, वेटलैंड्स, प्रवासी पक्षी हमारी धरोहर-वन मंत्री अरुण सक्सेना
- झांसी-ललितपुर क्षेत्र में 24 करोड़ से अधिक की पर्यटन विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया
- देवगढ़ स्थित महावीर स्वामी वन्यजीव अभ्यरण में नेचर एण्ड बर्ड फेस्टिवल का किया गया आयोजन

कार्यक्रम की शुरुआत में सभी अतिथियों ने आयोजन स्थल से पहले बनाए गए बर्ड विलेज में ठहरकर प्रकृति के लुभावने दृश्यों का आनन्द लिया, इसके बाद मुख्य आयोजन स्थल की ओर रवाना हुए। यहां पर उन्होंने सर्वप्रथम फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और 24 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का पट्टिकाओं का अनावरण कर लोकार्पण किया। उन्होंने परिसर में लगाये गए फोटो गैलरी, चित्र प्रदर्शनी व स्टॉलों का निरीक्षण कर सराहना की। उन्होंने मंच पर पहुंचकर मॉं सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन किया तत्पश्चात प्रधान मुख्य वन संरक्षक, विभागाध्यक्ष सुनील कुमार चौधरी, मण्डलायुक्त बिमल कुमार दुबे, जिलाधिकारी सत्य प्रकाश, पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक, डीएफओ नवीन शाक्य सहित अन्य अधिकारीगणों ने मंत्रीगणों का स्वागत किया।

कार्यक्रम में सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिलाध्यक्ष भाजपा हरीशचन्द्र रावत, प्रमुख सचिव पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन अनिल कुमार सहित जिले के अन्य जनप्रतिनिधिगण, निदेशक इको पुष्प कुमार के० सहित इको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड, पर्यटन विभाग एवं वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, प्रकृति प्रेमी, स्थानीय नागरिक, बर्डिंग एवं ट्रैकिंग से जुड़े विशेषज्ञ एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के कलाकार उपस्थित रहे।

इसके उपरान्त कार्यक्रम में सारस गणना 2025 कॉफी टेबिल बुक व डॉक्युमेन्ट्री का विमोचन किया गया, इसके बाद फोटोग्राफी, स्लोगन व चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किये गए।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि पर्यटन विभाग और वन विभाग संयुक्त रूप से उत्तर प्रदेश में ईको टूरिज्म को शिखर पर पहुंचाने के लिए कटिबद्ध है। हमारा प्रयास है कि वैश्विक इको पर्यटन मानचित्र पर बुंदेलखंड को विशिष्ट स्थान प्राप्त हो, बर्ड फेस्टिवल इसकी आधारशिला है।

मंत्री जयवीर सिंह ने आगे कहा कि ललितपुर का देवगढ़ क्षेत्र ऐतिहासिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक रूप से अत्यंत समृद्ध है। यहां प्राचीन काल के जैन मंदिर, बौद्ध गुफाएं, दशावतार मंदिर के साथ-साथ बेतवा नदी के किनारे जैव-विविधता और वन्यजीवों के संरक्षण का अद्भुत केंद्र है। केवल देवगढ़ ही नहीं पूरा ललितपुर पर्यटन आकर्षणों से भरा है। नेचर एंड बर्ड फेस्टिवल के दौरान आमलोग पक्षियों को देख सकते हैं, प्रकृति के बीच भ्रमण कर सकते हैं तथा आर्द्रभूमि संरक्षण से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का हिस्सा बन सकते हैं।



वन डिस्ट्रिक्ट, वन वेटलैंडश की दिशा में बढ़ रहे है। पर्यटन मंत्री ने कहा कि हमारा प्रयास है कि प्रत्येक जनपद के अल्पज्ञात पर्यटन स्थलों का भी विकास किया जाए। हाल में ही यूके, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका से आए प्रतिनिधि न केवल राज्य के सौंदर्य से आकर्षित हुए, बल्कि उत्तर प्रदेश के डेस्टिनेशन को अपनी आइटनरी में शामिल भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड घरेलू और विदेशी पर्यटकों की पहली पसंद बने। पर्यटन स्थलों और पर्यटकों की सुविधाओं पर तीव्र गति से कार्य किया जा रहा है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अरुण सक्सेना, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने कहा, नेचर एंड बर्ड फेस्टिवल-2026 उत्तर प्रदेश की समृद्ध जैव-विविधता, पक्षी संरक्षण और पर्यावरणीय संतुलन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का उदाहरण प्रस्तुत करता है। यह उत्सव न केवल प्रदेश के वेटलैंड्स, वन क्षेत्रों और प्रवासी पक्षियों की महत्ता को रेखांकित करता है, बल्कि नागरिकों विशेषकर युवाओं को प्रकृति के संरक्षण के लिए जागरूक और प्रेरित भी करता है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को समृद्ध प्राकृतिक विरासत मिल सके। इसके उपरान्त मंचासीन अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

## प्रकाश पर्व पर सजा अलौकिक कीर्तन दरबार

आगरा। सिख धर्म के सातवें गुरु हर राय साहब जी के पावन प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा दशमेश दरबार शहीद नगर में भव्य अलौकिक कीर्तन का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम गुरु घर के ग्रंथि भाई मनसा सिंह जी ने रेहरास साहिब जी का पाठ किया तत्पश्चात भाई हरजिंदर सिंह ने अमृतमई वाणी का गायन किया उसके पश्चात प्यारे वीर महेंद्र पाल सिंह जी ने अपनी मधुर रसना से अमृतमई बानी का गायन करके सभी को भावविभोर कर किया। उन्होंने शबद ₹वडे मेरे साहिबा वडी तेरी वडयाई₹ का गायन करते हुए कहा की गुरु हरराय साहिब जहां कोमल हृदय व दयालुता का प्रतीक थे वही उन्होंने गुरबाणी का अदब सत्कार जी भर के किया प्रकृति प्रेमी होने के साथ-साथ उन्होंने हर तरह के रोगियों के लिए ऐसे दवा खानों का प्रबंध किया। जहां मुश्किल से मुश्किल रोगों का इलाज हो जाता था मुगल बादशाह शाहजहां के पुत्र दारा शिकोह को भी वहीं से आराम मिला उन्होंने कहा गुरु से प्रेम दिखावे के साथ नहीं करना बल्कि दिल के साथ करना है क्योंकि गुरु हमारे अंतर्मन की जानते हैं। उसके बाद उन्होंने शब्द ₹धन-धन पिता, धन-धन कुल, धन धन सो जननी, जिन गुर जणया माए₹ का गायन किया। खचाखच भरे दरबार हॉल में समूह संगत मंत्र मुग्ध होकर गुरबाणी का आनंद लेती रहे।

## सहायक अध्यापक पर संगीन आरोपों के चलते बीएसए ने किया निलम्बित

लि संवाददाता

ललितपुर (वीओएल)। अध्यापक पूरे मनोयोग एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ परिषदीय विद्यालयों में पढ़ रहे विद्यार्थियों को पढ़ायें, अध्यापक स्वयं अपना आचरण ऐसा रखें जिससे दूसरे उनसे सीख लें। यह बात जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रणवीर सिंह ने कही।

- अध्यापक पूरे मनोयोग और कर्तव्यनिष्ठा के साथ बच्चों को पढ़ाएं: बीएसए

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि अमर्यादित अध्यापकों को बख्शा नहीं जायेगा और कर्तव्यपरायण अध्यापकों को प्रशंसा सहित पुरस्कृत किया जायेगा। बीएसए रणवीर सिंह ने बताया कि उन्हें पूर्व में ग्रामीणों द्वारा दिये गये ज्ञापन, शिकायती पत्रों सहित सोसल मीडिया प्लेटफार्म एवं मीडिया द्वारा प्रकाशित खबरों के आधार पर सहायक अध्यापक पूर्व माध्यमिक विद्यालय झरकौंन विकासखंड बिरधा रविकांत ताम्रकार को निलम्बित किया जा चुका है।

उन्होंने बताया कि उक्त अध्यापक पर विद्यालय में बच्चों एवं अभिभावकों के साथ दुर्व्यवहार, मनमानी, दबंगई एवं अनैतिक आचरण करते हुये विद्यालय का माहौल खराब करने के आरोप लगाये जा रहे थे। उन्हें ग्रामवासियों के ज्ञापन पत्र में उक्त अध्यापक की कार्यशैली एवं उसके खराब चालचलन से विद्यालय का माहौल खराब होने की जानकारी भी लगातार मिल रहीं थी। बीएसए ने बताया कि उक्त अध्यापक द्वारा बच्चों पर रौब गांठना, अध्यापन कार्य न करना और विद्यालय समय में केवल मोबाइल पर वक्त बिताने सहित महिला सहकर्मी अनुदेशिका के साथ बैठकर बातचीत करना एवं टोकने पर धमकी दिखाने आदि के गंभीर आरोप ग्रामीणों द्वारा शिकायती प्रार्थना पत्रों में लगाये गये थे। बीएसए द्वारा जारी आदेश में उक्त अध्यापक पर अनैतिक एवं अमर्यादित होने सहित अपने कर्तव्यों का पालन नहीं करने का आरोप लगाया गया। बीएसए द्वारा ग्रामवासियों, अभिभावकों सहित बच्चों द्वारा सहायक अध्यापक रविकांत ताम्रकार पर लगाये गये संगीन आरोपों को गम्भीरता के साथ लेते हुये इसे शिक्षक की गरिमा, आचरण एवं उत्तरदायित्व के प्रतिकूल मानते हुये तत्काल प्रभाव से निलम्बित करते हुये विभागीय कार्यवाही शुरू कर दी है।

# संत शिरोमणि गुरू रविदास की जयंती पर चेयरपर्सन पुत्र शाहनवाज खलील सम्मानित

जिला संवाददाता vol )

नगीना, बिजनौर। संत शिरोमणि गुरू रविदास जी की जयन्ती क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। बैंड़ बाजों, अखाड़ों व कई मनोहारी झांकियों के साथ नगर में संत रविदास जी की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, सीओ डॉ अंजनी कुमार चतुर्वेदी, एसडीएम विजय शंकर व थाना प्रभारी अवनीत मान शोभायात्रा पर नजर रखे हुए थे।

नगर के मोहल्ला चैधराना स्थित देवता मन्दिर से रविवार को पूरे विधि विधान से हवन पूजन के उपरांत एक दर्जन से अधिक मनोहारी व आकर्षक झांकियों तथा अखाड़ों के साथ शुरू हुई शोभायात्रा नगर के मुख्य बाजार पहाड़ी दरवाजा, बाजार सराफा, बड़ा मंदिर, लुहारी सराय, नगर पालिका, गांधी मूर्ति झंडा चैक होते हुए शाम को स्टेशन रोड स्थित अम्बेडकर स्मारक पार्क पर पहुंचकर एक सभा में परिवर्तित हो गई। सभा में वक्ताओं ने संत गुरु रविदास को सच्चा समाज सेवी बताते हुये लोगों से उनके जीवन चरित्र से प्रेरणा लेकर उनके आदर्शों पर चलने का आव्हान किया। शोभा यात्रा का नेतृत्व रविदास सभा के पदाधिकारी बाबू मदन पाल सिंह, रोहित कुमार लाइनपार, चंद्रपाल सिंह, रविकांत, सतीश गौतम, सुगमचंद, दीपक कुमार विशनोईसराय, अमन कुमार आदि कर रहे थे। मार्ग में अनेक स्थानों पर समाजसेवियों ने शोभा यात्रा में शामिल लोगों का स्वागत किया गया। शोभायात्रा में नगर पालिका परिषद की चेयरपर्सन ताहिरा बेगम के पुत्र निकाय संघ के जिलाध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील, पूर्व सांसद व पूर्व मंत्री ओमवती, पूर्व सांसद डॉक्टर यशवंत सिंह, रिटायर्ड आईएएस आर के सिंह, पूर्व विधायक लवकुश कुमार, भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चैहान, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अजीत अग्रवाल, नीरज विश्नोई, भाजपा नगर अध्यक्ष के पति सौरभ मित्तल, महामंत्री पंडित सचिन शर्मा, लवी मित्तल आदि सहित बडी संख्या में संत रविदास के अनुयायियों सहित नगर के गणमान्य लोग शामिल रहे। नगर पालिका द्वारा नगर में विशेष सफाई व्यवस्था कराई गई। शांति व्यवस्था व सुरक्षा की दृष्टि से अपर जिलाधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) ने दोपहर बाद नगर क्षेत्र का दौरा कर थाने पहुंच कर सुरक्षा का जायजा लेते हुए सीओ व थाना प्रभारी को दिशा निर्देश दिए। वहीं शोभा यात्रा में एसडीएम विजय शंकर मिश्रा, पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉ अंजनी कुमार चतुर्वेदी व थाना प्रभारी अवनीत मान पुलिस बल के साथ शोभायात्रा मे मौजूद रहे।




## बुंदकी चीनी मिल ने 17 करोड से अधिक के गन्ना मुल्य का भुगतान बैंकों को भेजा

नगीना, बिजनौर। द्वारिकेश समूह की इकाई बुंदकी चीनी मिल ने चालू गन्ना पेराई सत्र में 26 जनवरी 2026 तक खरीदे गए गन्ने का मूल्य भुगतान बैंकों को भेज दिया है। द्वारिकेश मिल के वरिष्ठ अधिशासी उपाध्यक्ष (कॉर्पोरेट) सलिल एस0 आर्य ने बताया कि चीनी मिल ने सोमवार को चालू गन्ना पेराई सत्र के एस0ए0पी0 की दर से 20 जनवरी से 20 जनवरी 2026 तक खरीदे गए गन्ने के मूल्य भुगतान की 17 करोड़, 18 लाख, 12 हजार रुपये से अधिक की धनराशि का भुगतान संबंधित बैंकों में भेज दिया है। उन्होंने इस अवधि में मिल को गन्ना आपूर्ति करने वाले मिल क्षेत्र के गन्ना किसानों से संबंधित बैंकों से अपना गन्ना मूल्य भुगतान प्राप्त करने की अपील की है। उधर, द्वारिकेश चीनी मिल बुंदकी के मुख्य महाप्रबंधक (गन्ना) अनिल कुमार चैहान व सहायक महाप्रबंधक (गन्ना) यशपाल सिंह ने गन्ना किसानों से मिल को ताजा, जड़-पत्ती, अगोला व मिट्टी रहित गन्ने की ही आपूर्ति करने और गन्ना विभाग व चीनी मिल द्वारा सत्यापित गन्ना नर्सरी प्लांटों से ही गन्ना बीज प्राप्त कर स्वीकृत प्रजाति के उन्नतशील गन्ने की ही बुवाई करने का आह्वान करते हुए किसी भी दशा में रोगग्रस्त गन्ना प्रजाति 0238 की बुवाई नहीं करने की अपील की है।

## स्टंट करने वाले दो वाहन सीज अन्य की तलाश जारी




बांदा। सोशल मीडिया पर स्टंट का वीडियो डालने वाले युवकों के चार पहिया वाहनों को सीज कर यातायात पुलिस ने चालान किया है। सोशल मीडिया पर निगरानी के दौरान वीडियो में जानकारी मिली कि कुछ नाबालिग युवक अनियंत्रित तरीके से चार पहिया वाहनों में खतरनाक स्टंट कर रहे हैं। यातायात पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वाहन यूपी 90 ए जे 0672 के मालिक पवन पुत्र बृजमोहन निवासी ग्राम महोखर थाना कोतवाली नगर के वाहन को सीज कर 12 हजार 500 रुपये का चालान व वाहन यूपी 90 ए एच 8190 के मालिक रामू पुत्र रामसनेही निवासी कालू कुआं शहर थाना कोतवाली नगर के वाहन को सीज कर 9 हजार 500 रुपये का चालान किया। पुलिस ने वाहन मालिकों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्रवाई करने के साथ ही कड़ी हिदायद दी है। बताते चलें कि पुलिस स्टंट करने वाले अन्य वाहनों की भी तलाश कर सीज करने की कार्रवाई कर रही है। यातायात पुलिस ने लोगों से अपील की है कि सोशल मीडिया पर वायरल होने के लिए इस तरह के खतरनाक स्टंट न करें। यह स्वयं व अन्य लोगों के लिए जानलेवा हो सकता है। लोग यातायात नियमों का पालन करें।

## स्कूली बच्चों व ग्रामीणों ने किया हवन, योगाभ्यास



बांदा। विश्व योग सेवा ट्रस्ट व गायत्री शक्ति पीठ के संयुक्त तत्वावधान में शिवाजी पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिंहपुर में रमेश राजपूत ने स्कूल के बच्चों, अभिभावकों तथा ग्रामीणों को योगाभ्यास कराया। ट्रस्ट के चेयरमैन ने लोगों को आहार-विहार दैनिक दिनचर्या अपनाने और करें योग रहें निरोग को लेकर विस्तार से जानकारी दी। योग के महत्व को स्पष्ट करते हुए कहा कि योग से शरीर को स्वस्थ्य और रोगों से बचाने में बड़ी मदद मिलती है। इस दौरान गायत्री परिवार की 21 गर्भवती धात्री महिलाओं का पुंशवन संस्कार कराया गया और ग्राम सिंहपुर, जमुआ, मरका, तोरिया के 300 से अधिक ग्रामीणों ने हवन यज्ञ में शामिल होकर पुण्य अर्जित किया। सिंहपुर गांव के प्रवीण सिंह पटेल ने एक बुराई दान करने के संकल्प के क्रम में वेद माता गायत्री के सम्मुख मौजूद ग्रामवासियों ने शराब नही पीने व प्रतिदिन अखंड गायत्री मंत्र जाप करने का संकल्प लिया। विद्यालय के संरक्षक एवं समाजसेवी रज्जू प्रसाद त्रिपाठी व प्रबंधक रमेश सिंह पटेल, अंतर्राष्ट्रीय दिवारी कलाकार रमेश पाल ने विद्यालय के मेधावी छात्रों को प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान रामबरन पाल, विनय त्रिपाठी, गोरेलाल वर्मा, डॉ अरविंद पटेल, प्रधानाचार्य अनिल पटेल व बड़ी संख्या में महिला, पुरूष मौजूद रहे।

# सोने चांदी के जेवरात गिरवी रखकर हड़पने का आरोप

ललितपुर (वीओएल)। सोने-चांदी की कीमतें लगातार घटने-बढ ? का मामला एक तरफ और कम दाम में सोना-चांदी गिरवी रखकर उसका लाभ उठाकर लोगों के जेवरात वापस नहीं करने का मामला प्रकाश में आया है। इस सम्बन्ध में ग्रामीणों ने लामबंद होकर कोतवाली पुलिस को एक लिखित शिकायती पत्र दिया है। दरअसल, निकटवर्ती ग्राम पटौराखुर्द में रहने वाले ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि

- ग्रामीणों ने लामबंद होकर कोतवाली पुलिस को दिया शिकायती पत्र

उसके साथ कल्यानपुरा निवासी विजय पुत्र खिलान सिंह, पर्वत पुत्र रघुवीर, ग्राम रोंडा निवासी कुसुम पत्नी जगदीश बुनकर, नदनवारा निवासी रामसिंह, सिलगन निवासी नन्दलाल कुशवाहा, पटौराखुर्द निवासी जाहर सिंह, रोडा निवासी सूरज, गनगौरा निवासी सुम्मेर सिंह व हरप्रसाद पुत्र रमुआ ने जूता-चप्पल मार्केट लाइन में जायसवाल का वाडा में सोने-चांदी की दुकान किये दो सगे भाईयों जिनके नाम व पता ग्रामीण जानते हैं के यहां वर्ष 2023 व 2025 में जेवर गिरबी रखे हुये थे, तबकि आज की मंहगाई के कारण उक्त युवकों के पिता ग्रामीणों को गुमराह कर अपने पुत्रों को गायब कर देता है। आरोप है कि पुलिस को भी गुमराह करते हुये सारा जेवर रख लिया है। आरोप है कि विगत दिवस सभी ग्रामीण



जब उसके पास पहुंचे तो पिता-पुत्र दोनों दुकान पर मिले, जिन्होंने दो दिन बाद जेवर ले जाने की बात कही। इस पर ग्रामीण सोमवार को जेवर लेने दुकान पर पहुंचे तो उक्त लोगों ने जेबर वापस नहीं दिया और झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी। ग्रामीणों ने बताया कि इस सम्बन्ध में पूर्व में भी शिकायती पत्र दिये, लेकिन कार्यवाही नहीं की। ग्रामीणों ने आमरण अनशन करने की चेतावनी देते हुये पुलिस से कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है। इस दौरान पर्वत सिंह, रामसिंह, विजय सिंह, नन्दलाल कुशवाहा, हरप्रसाद, कुसुम के अलावा अनेकों ग्रामीण मौजूद रहे।

# बजट ने साबित किया दिव्यांग विरोधी है सरकार : एमआर पाशा

जिला संवाददाता vol )

स्योहारा, बिजनौर। दशकों से दिव्यांगों के हकों की लड़ाई लड़ रहे राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष/निर्वाचन आयोग के सदस्य एम0आर पाशा सरकार द्वारा पेश किए गए बजट से बेहद आहत हैं। हर बार की तरह एम आर पाशा को पूरी उम्मीद थी कि इस बार सरकार के बजट में दिव्यांगों का बजट जरूर होगा लेकिन बजट में दिव्यांगों की अनदेखी कर इस सरकार ने भी यह साबित कर दिया है कि यह दिव्यांग विरोधी है। भारत में दिव्यांग जनों की संख्या 11 करोड़ से भी अधिक है। सरकार द्वारा पेश किए बजट में धनराशि बहुत ही कम है। राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एम0आर पाशा ने सरकार द्वारा पेश किए गए बजट से आहत होकर कहा की पूरे भारत देश में दिव्यांग जनों की संख्या 11 करोड़ से अधिक है लेकिन उनको आज तक कोई भी सरकारी सुविधा नहीं मिल पा रही है। दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 अभी तक लागू नहीं हो पाया है और ना ही दिव्यांग आयोग का गठन किया गया है और ना ही दिव्यांगजनों की पेंशन पांच हजार रुपए हो पाई है जो दिव्यांगों के हकों का हनन है। पूरे देश में दिव्यांग जनों के लिए उन्हें कोई भी योजना लागू नहीं की गई है, ऋण का आवेदन करते हैं तो उनको रोजगार के लिए ऋण नहीं मिल पाता है ना ही उनको सरकारी नौकरी मिल पाती है 4 प्रतिशत आरक्षण के मुताबिक सरकार की ओर से उनको आरक्षण नहीं दिया जाता उन्होंने यह भी कहा कि आगामी चुनाव 2027 विधानसभा की तैयारी के रूप में भाजपा सरकार की हर फ्लेक्सी बैनर या सरकारी दफ्तरों के बाहर खड़े बड़े-बड़े होडिंगों पर साफ बड़े-बड़े शब्दों में लिखा हुआ है कि मोदी यानी गारंटी लेकिन दिव्यांग उत्थान के लिए किए गए मोदी सरकार द्वारा सभी वादे धनाशाह है और बजट में दिव्यांगों का बजट का बजट ना रखने से यह सब जग जाहिर है। मोदी सरकार भी दिव्यांग विरोधी सरकार है। राष्ट्रीय अध्यक्ष एम आर पाशा भारत आश्वासन देते हुए कहां है कि भले ही सरकार उनके उज्जवल भविष्य के लिए कुछ भी ना कर रही हो लेकिन एम0आर पाशा सभी दिव्यांगों के हकों की लड़ाई अकेले ही हमेशा लड़ते रहेंगे।

## वाहन खड़ा करने के लिए बने 26 पार्किंग स्थल

बांदा। मुख्यमंत्री के निर्देश के चलते सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाए जाने के लिए एक्सप्रेस-वे, राष्ट्रीय राज्यमार्ग, राज्यमार्ग और अन्य प्रमुख मार्गों पर सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े वाहनों को हटाने तथा उन्हे सुरक्षित तरीके से रूकने के लिए होल्डिंग एरिया चिन्हित किया जाएगा। इसे लेकर अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज और सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन श्यामलाल ने संयुक्त रूप से सर्वेक्षण कर जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्यमार्ग, प्रमुख जिला मार्गों और अन्य महत्वपूर्ण मार्गों पर 26 पार्किंग स्थलों को चिन्हित किया गया है। इनमें बांदा फतेहपुर मार्ग में कोतवाली नगर, कालू कुआं, मंडी, तिंदवारी बाईपास चैराहा, कोतवाली देहात, महोखर चैराहा, बुंदेलखण्ड एक्सप्रेस-वे के नीचे, जसईपुर तिंदवारी आउटर, कैप्टन ढाबा, नरेन्द्र ढाबा जौहरपुर, विजय ढाबा जौहरपुर, छोटू ढाबा जौहरपुर, कोतवाली नगर, कन्हैया ढाबा मेडिकल कॉलेज के पास, बड़ोखर बुजुर्ग पेट्रोल पंप, गिरवां, गिरवां पेट्रोल पंप, नरैनी पेट्रोल पंप नहर के पास, कोतवाली देहात, मवई आउटर, एक्सप्रेस-वे के नीचे, जमालपुर कोतवाली देहात, चिल्ला मार्ग, ललौली बाईपास रोड, चिल्ला तिराहा, हाजी का ढाबा मटौंध से पहले, मटौंध, जियो पेट्रोल पंप, मटौंध मंडी के पास, बुंदेलखण्ड ढाबा मटौंध से पहले, बांदा महोबा मार्ग में जियो पेट्रोल पंप मटौंध मंडी के पास, बुंदेलखण्ड ढाबा भूरागढ़ तिराहा, कोतवाली नगर, कनवारा चैराहा, अतर्रा बदौसा मार्ग, अतर्रा मंडी, बबेरू तिंदवारी मार्ग, बबेरू मंडी हैं। इन चिन्हित पार्किंग, होल्डिंग स्थलों का उद्देश्य सड़क किनारे खड़े होने वाले बस, ट्रक, टैक्सी, ऑटो रिक्शा, ट्रैक्टर ट्राली व अन्य वाहनों को निर्धारित स्थानों पर खड़ा कराना है ताकि सड़क दुर्घटनों पर रोक लगाई जा सके। जिलाधिकारी ने वाहन स्वामियों और चालकों को निर्देश दिए हैं कि वह अपने वाहनों को चिन्हित पार्किंग स्थलों पर ही खड़ा करें। सड़क किनारे, एक्सप्रेस-वे, राष्ट्रीय राजमार्ग तथा प्रमुख मार्गों पर वाहन खड़ा करना मोटर वाहन अधिनियम 1988 एवं केन्द्रीय मोटर वाहन नियमावली 1989 तथा उत्तर प्रदेश मोटर यान नियमावली 1998 के तहत दण्डनीय अपराध है।

## 379 उर्स मुबारक पाक के लिए पहली एक अहम बैठक सम्पन्न हुई

आगरा। हजरत सैय्यद जलाल शाह बुखारी रहमतुल्लाह आलेह दरगाह ताज गंज ताज महल पश्चिमी गेट पार्किंग के पास स्थित है। आने वाले 379 उर्स मुबारक पाक के लिए पहली एक अहम बैठक की गई। जिसमें कमेटी के अध्यक्ष हाजी मुकीम की अध्यक्षता में मीटिंग की गई ओर संचालन मोहम्मद रफीक साहब ने किया। कमेटी के अध्यक्ष हाजी मुकीम साहब ने बताया कि उर्स पाक रमजान में ओर चांद की 3,4, ओर 5 तारीख को हर साल की तरह इस साल में मोहब्बत और एक लाख अदब और एतराम के साथ मनाया जाएगा। बैठक में हाजी मुकीम अध्यक्ष, मो, जावेद उपाध्यक्ष, रफीक उद्दीन सचिव/मेला संचालक, मो, यूसुफ गद्दी नशीन, सूफी हाजी बुन्दन मियां, इरशाद अहमद आदि उपस्थित रहे।

## विशाल भंडारा आयोजित

आगरा। संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 649वीं जयंती के पावन अवसर पर रविवार को चेतना सत्संग ह्यगुरु घरह्न, एन.एच.-2, नगला परस सुख, फिरोजाबाद रोड, आगरा में श्रद्धा, भक्ति और सेवा भाव से परिपूर्ण भव्य कीर्तन समागम का आयोजन किया गया। यह आयोजन प्रेरणास्रोत हरिचरन मुल्ला जी की प्रेरणा दशकों से किया जा रहा है। इस पावन समागम में श्री गुरु गोबिंद सिंह साहिब जी के पवित्र स्थान श्री हेमकुंठ साहिब से पधारे हजूरी रागी भाई साहब हरपाल सिंह ने कीर्तन के माध्यम से संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की महिमा, उपमा एवं जीवन दर्शन का काव्यात्मक वर्णन किया। उनके मधुर एवं भावविभोर कर देने वाले कीर्तन से पूरा वातावरण गुरुमय हो उठा और संगतें निहाल हो गईं, कार्यक्रम के दौरान गुरु रविदास जी की शिक्षाओं, समता, प्रेम, सेवा और मानवता का संदेश जन-जन तक पहुँचा।

# खाद्य विभाग की नीति के चलते किसान आढ़तियों को बेच रहे धान

बांदा। प्रदेश सरकार किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए गंभीर है लेकिन खाद्य विभाग की गलत नीतियों के चलते धान की खरीद में बड़ी लापरवाही सामने आई है। एक तरफ लाखों अन्नदाता अपना धान सरकारी खरीद केन्द्रों पर बेंचने की बजाय औने-पौने दाम पर व्यापारियों को बेंचने पर मजबूर हो रहा हैं, दूसरी ओर क्रय किए गये धान की डिलिवरी न होने के कारण क्रय एजेंसियों के अधिकारियों, कर्मचारियों की नौकरी दांव पर लगती नजर आ रही है। बताते चलें कि खाद्य विभाग ने बिना किसी तैयारी के धान की खरीद शुरू करा दी लेकिन समय से पर्याप्त मात्रा में जूट बोरे का आर्डर कलकत्ता समय पर प्रेसित न किए जाने के कारण बीते एक माह से प्रदेश के किसी भी जिले में खाद्य विभाग के अलावा अन्य क्रय एजेंसियों के पास एफ सी आई को सीएमआर डिलिवरी किए जाने के लिए नया जूट बोरा उपलब्ध नही है।

- गोपनीय जांच में बड़े अधिकारियों का फंसना तय
- एफआरके की डिलिवरी में हुआ बड़ा खेल

जिस कारण सीएमआर डिलिवरी बंद हो गयी है। खाद्य विभाग के पोर्टल पर यह व्यवस्था है कि किसी मिलर के डिलिवरी किए गये सीएमआर के सापेक्ष ही धान की डिलिवरी हो पाएगी, सीएमआर की डिलिवरी नही होने के कारण केन्द्रों से धान का डिस्पैच नही हो रहा है और डिस्पैच न होने पर केन्द्र धान से भर गये हैं जिससे खरीद बंद हो गयी है। जनवरी माह के शुरू से ही बोरे का अकाल पैदा होने से कई सौ करोड़ का धान केन्द्रो पर डंप है, जिसके संड़ने, अंकुरित होने, भीगने व चूहों से नुकसान होने की संभावना के कारण क्रय एंजेंसियों के अधिकारियों की नींद गायब है। यदि सीएमआर समय से डिलिवरी नही होता है अथवा 30 अप्रैल के बाद डिलिवरी होने से अवशेष रहता है तो ऐसी स्थिति में सभी अधिकारियों के खिलाफ मुख्यालय रिकवरी आदेश पारित कर उनके वेतन से वसूली कराएगा। खरीद की शुरूआत से एफआरके चावल न उपलब्ध होने, तीन गुने दाम पर ब्लैक में एफआरके चावल प्राप्त होने की शिकायतें प्रदेश के सभी जिलों के 90 फीसदी मिलर्स ने की थी लेकिन यह शिकायतें उच्च स्तर पर न पहुंचने के कारण एफआरके की डिलिवरी में बहुत बड़ा खेल हुआ है। यदि बोरा की डिमांड विलंब से किए जाने व तीन गुनी दर पर ब्लैक में एफआरके चावल की डिलिवरी की जांच प्रदेश सरकार गोपनीय ढंग से कराए तो इसमें बड़े अधिकारियों का फंसना तय है।

# अमरीका की रक्षा नीति

अमरीका में जिस तरह के बदलाव हो रहे हैं, अगर वे स्थायी हैं और इनके साथ अमरीकी लोग, डीप स्टेट और तमाम स्टॉकहोल्डर भी हैं, तो यह मानना चाहिए कि अब अमरीका वर्तमान विश्व व्यवस्था का निर्माता या उसका नेतृत्वकर्ता नहीं है। अमरीका तेजी से खुद में सिमट रहा है। अगर इसके पीछे कोई संस्थागत विजन नहीं है, तो 20 जनवरी 2029 को जब व्हाइट हाउस में दूसरा राष्ट्रपति आयेगा तो एक बार फिर से अमरीकी नीतियों में आमूलचूल बदलाव देखने को मिलेगा। लेकिन अगर अमरीकी बदलाव संस्थागत हैं, तो यह मानकर चलना होगा कि अब अमरीका बदल रहा है। बीते सप्ताह अमेरिका की संघीय सरकार ने गत सप्ताह राष्ट्रीय रक्षा रणनीति (एनडीएस) जारी की। यह एक ऐसा दस्तावेज है जिसमें बल प्रयोग की प्राथमिकताओं को रेखांकित किया जाता है और जिसे आमतौर पर हर चार साल या उसके आसपास जारी किया जाता है। यह दस्तावेज काफी हद तक राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति या एनएसएस के आसपास ही होता है जिसे दिसंबर के आरंभ में जारी किया गया था और जो काफी हद तक यह दिखाता है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल में अमेरिका को उस भूमिका से दूर करना चाहते हैं जो उसने बीते 80 वर्षों से पुरानी विश्व व्यवस्था में अपना रखी है। एनडीएस तो एनएसएस से भी आगे बढ़कर यह संकेत करती है कि अमेरिका के पुराने सहयोगियों को अपनी रक्षा की जिम्मेदारी खुद संभालनी चाहिए। वह इस बात पर भी जोर देती है कि अमेरिका की दुनिया के दूसरे हिस्सों में छिड़े संघर्षों में कोई खास रुचि नहीं होनी चाहिए। इसके बजाय अमेरिका को अपने नागरिकों की वास्तविक चिंताओं पर अधिक ध्यान देना चाहिए। इनमें प्रवासन और नशीली दवाओं का कारोबार शामिल है जिनके बारे में मौजूदा सत्ता प्रतिष्ठान मानता है कि उन पर अकेले पश्चिमी गोलार्द्ध पर दबदबा बनाकर नियंत्रण किया जा सकता है। यह अपने निष्कर्ष में कहता है कि चीन की चुनौती से निपटने के लिए सबसे बेहतर तरीका यही है कि चीन से सीधे टकराव के बजाय शक्ति का प्रदर्शन करके ऐसा किया जाये। यह सोचना मुश्किल है कि चीनी नेता सच में इस बात से इतने प्रभावित होंगे कि अमेरिकी सेना वेनेजुएला या किसी दूसरे लैटिन अमेरिकी देश के अस्तित्व के खतरे से कितनी कुशलता से निपटती है। यह एशिया में चीन के सिवा किसी के लिए भी अच्छी खबर नहीं है। वास्तव में, ताइवान को अधिक चिंतित होना चाहिए, क्योंकि एनडीएस उसे लेकर अमेरिकी नीति के संदर्भ में भयावह रूप से मौन है। यह धारणा कि यह रणनीतिक अस्पष्टता है, जल्दी ही खारिज की जा सकती है। इस समय, कोई भी यह विश्वास नहीं करेगा कि अमेरिका किसी संधि प्रतिबद्धता का सम्मान करने का इरादा रखता है। यदि दस्तावेज ने वास्तव में ताइवान पर पारंपरिक अमेरिकी रुख को दोहराया होता, तो रणनीतिक अस्पष्टता की संभावना हो सकती थी। अमेरिका के अन्य पूर्वी एशियाई सहयोगियों के लिए, यह घटनाक्रम बहुत अधिक चिंताजनक है, लेकिन पूरी तरह अप्रत्याशित नहीं। उदाहरण के लिए, जापान सरकार ने पहले ही ताइवान के इर्द-गिर्द अपनी बयानबाजी को तेज कर दिया है, ताकि अमेरिकी प्रतिक्रिया के आसपास की अनिश्चितता का फायदा उठाया जा सके। यूरोप में अमेरिकी सहयोगियों में से कई देश इस समय यह आशा कर रहे होंगे कि ग्रीनलैंड प्रकरण और राष्ट्रपति के यूक्रेन के प्रति रवैये के बाद, अमेरिका उनके महाद्वीप पर कम ध्यान दे। उनके अपने हथियार उत्पादन को पूर्ण क्षमता तक पहुंचने में एक दशक लगेगा। भारत अपने आप में अलग स्थिति में है। चीन के उभार को लेकर अमेरिका की चिंताओं का लाभ लंबे समय से भारत को मिलता रहा है। भारत के उभार का समर्थन करना किसी भी अमेरिकी प्रशासन के लिए कम कोशिशों और अधिक लाभ वाली रणनीति प्रतीत हुई, और यही कारण है कि दोनों ने इस नीति को अपनाया। लेकिन बदलती हुई परिस्थिति में अब भारत के सामने एशिया और यूरोप में अपना प्रभाव बढ़ाने का बेहतरीन मौका भी है।



**अमरीका पुरानी विश्व व्यवस्था से हाथ खींच रहा है और अपने सहयोगियों की मदद से बचना चाहता है। भारत के लिए यह प्रभाव बढ़ाने का मौका भी है।**

## विचार

किसी भी प्रकार की गरीबी हमारा ईश्वर से उचित संबंध जोड़ देती है। जबकि मन या धन की अमीरी हमारा सबसे विच्छेद कर देती है।

–फ्रैंक कासले.

किसी से घृणा मत करो। सबको हृदय से लगाओ। घृणित वह नहीं है जिससे घृणा की जाती है किन्तु घृणित वह है जो घृणा करते हैं, क्योंकि उसके ही हृदय में घृणा भरी है।

–भगवान महावीर.

चिता मृत मनुष्य को एक ही बार जलाती है, परन्तु चिंता जीवित मनुष्य को रह रहकर जलाती है।

–चैनिंग.

संयम और परिश्रम मनुष्य के दो सर्वोत्तम चिकित्सक हैं। परिश्रम से भूख तेज होती और संयम अति भोग से रोकता है।

–रूसो.

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग–द्वेष शांत नहीं होते, तब तक मनुष्य इन्द्रियों का गुलाम बना रहता है।

–विनोबा भावे.

# अनिश्चितता के बीच स्थिरता की तलाश



लोकमित्र




वैश्विक अर्थव्यवस्था जिस तरह अनिश्चितताओं और धीमी वृद्धि दर से जूझ रही है, वैसे में अगर भारत अमरीकी टैरिफ का दबाव झेलते हुए अपनी घरेलू मांग और निवेश के बल पर विकास को सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहा है, तो यह स्वाभाविक ही है। शायद इसलिए बीती 1 फरवरी 2026 को लगातार अपना 9वां केंद्रीय बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने 85 मिनट लंबे भाषण में बड़ी सजगता से कोई बड़ा ऐलान नहीं किया। दरअसल जब अर्थव्यवस्था स्थिर होती है, तो सरकारें बजट में कोई बड़ा ऐलान करने से बचती हैं। भारत की अर्थव्यवस्था इस समय 7 प्रतिशत सालाना विकास के दर से आगे बढ़ रही है और किसी हद तक यह विकास दर स्थिर भी है। शायद यही कारण है कि वित्त मंत्री ने कोई बड़ा लोकलुभावन ऐलान तो नहीं किया, लेकिन बजट के साइज को बढ़ा दिया है। इस साल का बजट 53.47 लाख करोड़ रुपये का है, जो कि पिछले साल के बजट के मुकाबले 7.1 फीसदी ज्यादा है। अगर गौर से देखा जाए तो वित्त मंत्री ने इस बार अपने बजट को स्थिर रखकर लोगों की अपेक्षा से उलट उनके खर्च करने की हैसियत को बढ़ाने पर फोकस किया है। यह बजट भारत की आर्थिक, सामाजिक और राजकोषीय स्थितियों को भली भांति दर्शाता है। बजट के समूचे गठन को अगर हम गहराई से देखें तो भले इसमें कोई बड़ी घोषणा शामिल न हो, लेकिन इसका मूल लक्ष्य विकास को गति देना, नौकरियां पैदा करने की कोशिशों को बढ़ावा देना, विदेशी निवेश आकर्षित करना और सामाजिक कल्याण सुनिश्चित करना है।

इस बार के केंद्रीय बजट के कुछ महत्वपूर्ण आंकड़े इस तरह हैं- जहां बजट में कुल व्यय का अनुमान 53.5 लाख करोड़ रुपये आंका गया है, वहीं नॉन-डेट रिसिप्ट 36.5 लाख करोड़ रुपये है। जबकि राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 4.3 फीसदी पर रखने की कोशिश की गई है और कुल ऋण जीडीपी के अनुपात में 55.6 फीसदी है। बजट ने राजकोषीय अनुशासन को प्राथमिकता दी है और राजकोषीय घाटे को 4.3 फीसदी पर केंद्रित रखा, जो पिछले अनुमान 4.4 फीसदी से कम है। यह ऋण प्रबंधन वास्तव में वित्तीय नियंत्रण का संकेत है, खासकर तब जब सरकार बड़े पैमाने पर पूंजीगत खर्च कर रही हो। साल 2026 के केंद्रीय बजट का सकारात्मक पक्ष यह है कि सार्वजनिक वित्तीय स्वास्थ्य में सुधार का इरादा साफ दिखता है। लेकिन आलोचना के केंद्र में यह प्रश्न भी है कि क्या घटी हुई घाटा दर विकास की गति को सीमित नहीं करेगी? जैसा कि कई अर्थशास्त्री तर्क देते हैं उच्च पूंजीगत निवेश और खर्च की भारी आवश्यकता होती है, जब बेरोजगारी, अवसंरचना के अंतर और ग्रामीण क्षेत्र की चुनौतियां एक साथ मौजूद हों। इसके बावजूद बजट ने पूंजीगत व्यय को 12.2 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ाया है।

**भारत की अर्थव्यवस्था इस समय 7 प्रतिशत सालाना विकास के दर से आगे बढ़ रही है और किसी हद तक यह विकास दर स्थिर भी है। शायद यही कारण है कि वित्त मंत्री ने कोई बड़ा लोकलुभावन ऐलान तो नहीं किया, लेकिन बजट के साइज को बढ़ा दिया है।**

**बजट–2026**

देखा जाए तो यह पिछले सालों की तुलना में रिकॉर्ड स्तर पर है, जो इंफ्रास्ट्रक्चर, रेलवे, जल आपूर्ति और शहरों के विकास के लिए खर्च किया जायेगा। केंद्रीय बजट में हालांकि आयकर स्लैब में कोई बड़ा बदलाव नहीं किया गया यानी कि कर की मूल संरचना अपरिवर्तित है, जिसका मतलब है कि कर धारक को सरकार ने तुरंत कोई राहत नहीं दी है। लेकिन दीर्घकालिक स्थिरता और प्रत्याशित राजस्व सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया है, जिससे मध्यमवर्ग और निवेशकों पर असर पड़ना लाजिमी है। हालांकि बजट में कुछ टैक्स कोषों पर बदलाव किए हैं, जैसे कि टीसीएस (टैक्स कॉलेक्टेड एट सॉर्स) दरों में कटौती की है। विशेष रूप से शिक्षा, चिकित्सा और विदेश यात्रा के लिए जिससे उपभोक्ता खर्च कम हो सके। कुछ दवाओं पर सरकार ने बुनियादी कर माफ करने की घोषणा की है जिसमें कैंसर की 17 दवाएं शामिल हैं। निश्चित रूप से इससे कैंसर के गंभीर मरीजों को राहत मिलेगी। कुछ और भी ऐसे उपाय जो कि ज्यादातर अप्रत्यक्ष हैं, के जरिये सरकार ने मध्यमवर्ग के खुदरा खर्चों पर सकारात्मक प्रभाव डालने की संभावना बढ़ायी है। लेकिन इसे पर्याप्त प्रत्यक्ष कर राहत के रूप में नहीं देखा जा सकता। जैसे कि कर रहित आय बढ़ाने से दिखती है। सरकार ने पूंजीगत निवेश की केंद्रित रणनीति और अवसंरचना के निवेश पर जोर दिया है, इसलिए इस बजट में पूंजीगत व्यय में भारी वृद्धि की संभावना है। सरकार ने 7 हाई स्पीड रेल कॉरिडोर की योजना बनायी है और राष्ट्रीय जलमार्गों का विस्तार करने की भी योजना है। इसी तरह देश के सभी जिलों में नौकरीपेशा महिलाओं के लिए हॉस्टल बनाने की योजना है तथा शहरों में लॉजिस्टिक हब्स की विकास की भी दीर्घकालिक योजना पर काम कर रही है, जिससे उत्पादन क्षमता, व्यापार कनेक्टिविटी और रोजगार सृजन में मदद मिलेगी। लेकिन यह सब तभी उत्पादक और उपयोगी साबित होगा, जब समय पर कार्यान्वयन हो और लागत नियंत्रित रहे। ऐसी योजनाओं में लागत पर काबू रखना बड़ी चुनौती होती है। सरकार ने साल 2026-27 के केंद्रीय बजट में टेक्नोलॉजी आधारित और रणनीतिक क्षेत्रों के विकास पर भी जोर दिया है। इंडिया सेमी कंडक्टर मिशन 2.0 देश को वैश्विक स्तर पर चिप निर्माण केंद्र बनने की महत्वाकांक्षा को साकार करेगा तथा रेयर अर्थ मिनिरल्स और उच्च प्रौद्योगिकी के निर्माण को भी समर्थन दिया है। इससे रोजगार के साथ-साथ निर्यात में भी प्रभावशाली वृद्धि की संभावना है। सरकार ने डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस समर्थित कृषि व कुटीर उद्योगों में बड़े पैमाने पर निवेश की योजना बनायी है, जो अंततः अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा। सरकार की नीतियों से साफ संकेत मिलता है कि भारत मैन्यूफैक्चरिंग, टेक्नोलॉजी और ग्लोबल वैल्यू चेन में अपनी उपस्थिति मजबूत करना चाहता है। क्योंकि लंबी अवधि की प्रतिस्पर्धात्मक अर्थव्यवस्था बनने और निर्यात में प्रभावशाली वृद्धि के लिए यह बहुत जरूरी है। लेकिन विशेषज्ञ सरकार की इस कदम की यह कहकर आलोचना कर रहे हैं कि सिर्फ बड़ी-बड़ी घोषणाओं से काम नहीं बनने वाला। इसके लिए बड़े पैमाने पर व्यवहारिक पूंजी, कौशल विकास और निरंतर नीति समर्थन की आवश्यकता होगी, जिससे वास्तव में उच्च तकनीकी रोजगार उत्पन्न हो सके। जिसकी अभी मौजूदगी कम दिखती है।

साल 2026 के केंद्रीय बजट में कृषि, ग्रामीण विकास और सामाजिक क्षेत्रों पर भी ध्यान दिया गया है। बजट में कृषि क्षेत्र को 1.63 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं और उच्च मूल्य वाली फसलों, समर्थन सेवाओं तथा तकनीक आधारित खेती को प्रोत्साहन देने का लक्ष्य रखा गया है। सरकार ने ग्रामीण रोजगार योजनाओं के लिए भी बजट में भारी आवंटन किया है। जी राम जी और मनरेगा के लिए निधि को बढ़ाया गया है, जो कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को स्थिर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। लेकिन वास्तविक परिवर्तन, वेतन, बाजार उपलब्धता और सिंचाई जैसे मूल चुनौतियों के समाधान से ही हासिल होगा। साल 2026 के बजट में गृह मंत्रालय को 2.55 लाख करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं। इस बजट में सीमा सुरक्षा और आंतरिक जांच क्षमताओं को बेहतर व सुदृढ़ करने की जरूरत पर बल दिया गया है। जाहिर है इसके लिए ज्यादा बजट की जरूरत होगी। सरकार द्वारा व्यवस्थित प्रशासनिक खर्चों में की गई वृद्धि से यह साफ होता है कि देश की सुरक्षा चुनौतियों को वित्तीय प्राथमिकता मिली है। लेकिन सवाल है क्या सामाजिक और आर्थिक क्षेत्रों को भी पर्याप्त संसाधन मिल रहे हैं?

## सोशल मीडिया

कपिलवस्तु महोत्सव स्थल, सिद्धार्थनगर में कपिलवस्तु महोत्सव द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न स्टालों का अवलोकन कर संबोधित किया व ट्राइसाइकिल वितरित की। केशवप्र. मौर्य.



बजट में विजन की कमी साफ दिखायी देती है। रोजगार का प्रश्न अनुत्तरित है। बजट में इस बात के कोई संकेत नहीं मिले कि रोजगार कैसे पैदा करने हैं। शशि थरूर.



युवाओं के पास नौकरी नहीं है। निवेशक पूंजी निकाल रहे हैं। घरेलू बचत घट रही, किसान संकट में हैं। लेकिन इस सरकार ने बजट में सभी को नजरअंदाज कर दिया है। राहुल गांधी.



# पश्चिमी संस्कृति

## अंतर्दृष्टि

भोग प्रधान संस्कृति के जो दास बन चुके हैं और वासनाओं ने मनोमस्तिष्क पर कब्जा कर लिया है, उनका चरित्र और व्यक्तित्व इससे बहुत प्रभावित होता है। वासनाएं व्यक्तित्व, चरित्र का क्षय करती हैं। जिन लोगों के मन पर वासनाओं ने अधिकार जमा लिया है और जो इसके फल स्वरूप इंद्रियों के दास बन चुके हैं, उनका छुटकारा सहज में नहीं होता। वे विषयों की बुराइयां जानकर भी निर्बलता अथवा मोह वश उनके फंदे से नहीं निकल पाते। ऐसे लोगों को निरन्तर सत्संगति और आध्यात्मिक चिंतन की आवश्यकता पड़ती है। इन वासनाओं में प्रायः काम वासना ही सर्व प्रधान होती है और सबसे पहले उसी के निग्रह की चेष्टा की जानीचाहिए। स्त्री की प्रतिमूर्ति अथवा स्मरण मन को क्षुब्ध करता है। काम वासना शक्तिशाली होती है। यह एक कुसुम धानुष साथ लेकर चलती है, जिसमें मोहन, स्तम्भन, उन्मादन, शोषण और तपन रूपी पांच वाण सजे होते हैं। विवेक, विचार, भक्ति और ध्यान इस घोर राग का मूलोच्छेद करते हैं। यदि काम पर विजय प्राप्त हुई तो क्रोध, लोभ, आदि जो उसके शस्त्र हैं, आप ही कुण्डित हो जायेंगे। राग का प्रथम अस्त्र रमणी है। यदि इसे मन से नष्ट किया गया तो इसके अनुवर्ती और परिजन बड़ी आसानी से जीते जायेंगे। यदि सेनापति मारा गया तो सैनिकों को मार डालना आसान हो जायेगा। वासना पर विजय प्राप्त करो। फिर क्रोध को जीत लेना आसन हो जायेगा। केवल क्रोध ही वासना का अनुवर्ती है। सैनिक जैसे ही दुर्ग से बाहर निकलें, उन्हें एक-एक करके मार डालो, अंत में तुम्हारा दुर्ग पर आधिपत्य हो जायेगा। इसी प्रकार प्रत्येक संकल्प को जो मन में उठे एक-एक करके नष्ट कर दो। अंत में तुम्हारा मन पर अधिकार हो जायेगा। विचार, शांति, ध्यान और क्षमता के द्वारा क्रोध पर विजय प्राप्त करो। जो मनुष्य तुम्हारी हानि करता हो, उसके ऊपर दया करो और उसे क्षमा कर दो। उलाहने को प्रसाद समझो, उसे आभूषण जानों तथा अमृत तुल्य मानो। भर्त्सना को सह लो। सेवा, दया और ब्रह्मभावना के द्वारा विश्वप्रेम का विकास करो। जब क्रोध पर विजय प्राप्त हो जायेगी तो धृष्टता, अहंकार और द्वेष नष्ट हो जायेंगे। प्रार्थना और भजन से भी क्रोध दूर हो जाता है। संतोष, अभेद, विराग, तथा दान के द्वारा लोभ का शमन करो। अभिलाषाओं को मत बढ़ाओ, तुम्हें कभी निराश नहीं होना पड़ेगा। संतोष के राज्य के चार संतरियों की सहायता से तुम ब्रह्म ज्ञान, जीवन के चरम लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हो। अनुराग के पीछे-पीछे शोक और दुख भी लगे रहते हैं। अनुराग शोक से मिश्रित होता है। सुख के पीछे दुख चलता है। जहां सुख है वहां दुख है। अनुराग के नाम पर मनुष्य दुख का विषमय बीज वपन करता है जिससे शीघ्र की स्नेह के अंकुर निकल आते हैं। जिसमें बिजली के समान भयानक दहकता होती है। इन अंकुरों से अनेक शाखाओं से युक्त दुख का वृक्ष उत्पन्न होता है।

# एक कुत्तान्वेषी से मुलाकात

## व्यंग्यलोक

बड़े दिनों से मन कर रहा था कि आदमियों से अलग होकर कुछ दिन किसी अच्छे से कुत्ते के साथ जी लिया जाए। इसे ऑफ जस्ट फॉर चेंज ही समझिए। इसी चेंज के लिए कहां-कहां सस्ते और अच्छे और सस्ते कुत्ते के लिए नहीं भटका? जिसने भी जहां बताया कि उसकी कुतिया ने बच्चे जने हैं, वहां वहां नंगे पांव दौड़ पड़ा। पर वहां जाकर देखा तो कहीं वे मन को पंसद नहीं आए तो कहीं जेब को पसंद नहीं आए। तब पता चला कि आजकल आदमियों के बच्चों से महंगे कुत्तों के बच्चे हो चले हैं। तय मानिए, जो अच्छा होता है वह सस्ता नहीं होता, और जो सस्ता होता है वह अच्छा नहीं होता। गलती से कोई अच्छा सस्ते में दे रहा हो तो वह बात जुदा है। ऐसे में वह या तो देशी पर इम्पोर्टिड का ठप्पा लगाकर उल्लू बना रहा है या फिर नंबर दो का माल दे रहा है पर मैं इस समाज के उस वर्ग से संबंध रखता हूं जो हर समय सस्ते और अच्छे की ताक में रहता है। मेरे जैसा बंदा सस्ती और अच्छी सब्जी के चक्कर में दो किलोमीटर बाजार तक मजे से घूम लेता है भीड़ में धक्का मुक्की करता हुआ और बाद में सड़ा सब्जी को ही ताजा मान अच्छे रेट में उसे खरीद घर आता है। सच पूछो तो यहां वोट के सिवाय कुछ भी सस्ता और अच्छा नहीं। इसी सस्ते और अच्छे के पाटों में पिसते सस्ते और अच्छे कुत्ते की ताक में अमेजन, फ्लिपकार्ट से लेकर हर धोखाधड़ी वाली साइट पर बहुत विचरण किया, पर मुझे सस्ता और अच्छा कुत्ता कहीं नहीं मिला। अरे बाजार को यह क्या हो गया? कहीं भी सस्ता और अच्छा कुत्ता नहीं। शर्ट देखो तो बाय वन एंड गेट फ्री फाइव! पतलून देखो तो बाय वन एंड गेट टेन फ्री। वे कुत्ता मर्मज्ञ हैं। कुत्तों की नस्लों और उनके स्वभाव के बारे में उन्हें अजब का ज्ञान है। वे कुत्तों के सिवाय किसी और में कतई भी दिलचस्पी नहीं रखते। वे किसी भी ऑफिस के गेट पर खड़े हों वहां के कुत्तों के पैरों के निशान देखकर ही मजे से बता सकते हैं कि वहां किस किस किस्म के कुत्ते हैं। वे सड़क से गुजरते हुए सड़क में कुत्तों के पंजों को देखकर सौ प्रतिशत सही बता सकते हैं कि अभी अभी जो यहां से गुजरा है वह किस किस्म का कुत्ता था। मैंने आदमियों से तंग आकर उन्हें सस्ता और अच्छा कुत्ता खरीदने की अपनी इच्छा जताई तो उनकी मुझमें दिलचस्पी जगी। गुड! कुत्ते के साथ रहना चाहते हो? सही सोच रहे हो। बंधु! कुत्ते के साथ रहने में जो आनंद है, वह समझदार से समझदार आदमी के साथ रहने में भी नहीं। समझदार से समझदार आदमी भी वक्त आने पर बदतमीजी कर ही जाता है। लेकिन कुत्ता रखने से पहले कुत्ता ज्ञान होना बहुत जरूरी है। किस टाइप का कुत्ता रखना चाहते हो? सोच रहा हूं विदेशी नस्ल का हो। अपनी नस्ल वालों के बीच रहते रहते अब ऊब गया हूं।



अशोक गौतम

# उभरते व्यवसायों के विकास के लिए पहल करे सरकार




## सामयिक

इंस एवं टेक्नोलॉजी के इस युग में जिस तरह सामाजिक और आर्थिक जीवन में बदलाव आ रहे हैं, उनके मुताबिक प्रगतिशील प्रशासनिक नीतियां बनाना, नये व्यवसायों का नियमन करना और उभरते व्यापार और आडियॉज को प्रोत्साहित कर उसमें अधिक से अधिक अवसर पैदा करने का प्रयास होना चाहिए। इसके लिए आवश्यक रूप से वैधानिक नियमन, नियोजन, प्रोत्साहन और कारोबारी इको-सिस्टम विकसित करने की जरूरत है। इस संदर्भ में ई-कॉमर्स के नियमन के लिए किये जा रहे प्रयास उचित हैं। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने हाल में ई-कॉमर्स क्षेत्र के लिए दिशानिर्देशों का मसौदा जारी किया है। बीआईएस का यह कदम स्वागत योग्य है और ऐसे समय में उठाया गया है जब देश में ऑनलाइन खरीदारी बहुत तेज रफ्तार से बढ़ रही है। इन दिशा-निर्देशों का उद्देश्य उपभोक्ताओं और अन्य हितधारकों की चिंता दूर करना है। इन नीतियों एवं नियम-कायदों को तैयार करने में विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों की भूमिका रही है। मगर कहीं न कहीं इनसे विरोधाभासी संकेत भी उभरे हैं। इसका कारण यह है कि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय फिलहाल ई-कॉमर्स नीति तैयार करने में जुटा है। हालांकि इसे अभी अंतिम रूप नहीं दिया गया है। इस तरह, जब तक एक व्यापक नीति बनकर तैयार नहीं हो जाती तब तक बीआईएस द्वारा तैयार दिशानिर्देशों का भी कोई विशेष मतलब नहीं रह जाएगा। बीआईएस एक स्वायत्त संस्था है जो उपभोक्ता मामलों, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अधीन काम करती है।

ई-कॉमर्स नीति शीघ्र आ आए तो इन दिशानिर्देशों में अधिक पारदर्शिता और प्रासांगिकता आयेगी। मसौदा दिशानिर्देशों पर ई-कॉमर्स उद्योग को फरवरी के मध्य तक अपनी प्रतिक्रिया देनी है। पिछले कई वर्षों के दौरान विभिन्न कारोबारी प्रारूप सामने आये हैं। किसी बड़ी ऑनलाइन कंपनी या मार्केटप्लेस के काम करने का तरीका फूड डिलिवरी कंपनी से अलग होता है। यहां उपभोक्ताओं की हितों की रक्षा करने के साथ ही छोड़े उद्यमों, छोटे व्यापारियों के साथ घरेलू उद्यमों के प्रति ई-कॉमर्स क्षेत्र को और अधिक व्यवहारिक बनाने की जरूरत है। भारत में ई-कॉमर्स का बाजार 137 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। देश के ई-कॉमर्स बाजार के 2025 और 2030 के बीच 20 प्रतिशत चक्रवृद्धि दर से भी अधिक तेजी से अपना आकार बढ़ाने का अनुमान है। बीआईएस ने स्व-संचालन के लिए मसौदा दिशानिर्देश तैयार करते वक्त इस वृद्धि दर को ध्यान में रखा है। बीआईएस ने इस प्रक्रिया में उपभोक्ता सुरक्षा एवं विश्वास की राह में पैदा होने वाली चुनौतियों का हवाला दिया है। इस मसौदे में तीन चरणों वाला दृष्टिकोण प्रस्तुत किया गया है। इनमें प्री-ट्रांजैक्शन अनुबंध से संबंधित जानकारी और पोस्ट ट्रांजैक्शन चरण शामिल किए गये हैं। प्रत्येक चरण में ई-कॉमर्स कंपनियों के लिए वृहद अनुपालन प्रक्रियाओं का पालन करना जरूरी होगा। इनमें कारोबारी साझेदार या विक्रेताओं से संबंधित जानकारियों (केवाईसी) की जांच करने, उत्पाद सूचीबद्धता, विक्रेता के संपर्क सूत्र की जानकारी, सभी हितधारकों के लिए कारोबार के समान अवसर सुनिश्चित करना आदि शामिल हैं। जिन कदमों के प्रस्ताव दिए गए हैं उनमें मदद या निर्देश के लिए सीधे संवाद की सुविधा बड़ी संख्या में ग्राहकों के लिए फायदेमंद होंगे। मगर उत्पादों के लेबल पर कार्बन उत्सर्जन से जुड़ी जानकारियां और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के नाम का जिक्र करना थोड़ा चुनौतीपूर्ण हो सकता है। वैसे देश में ई-कॉमर्स बाजार अब भी खुदरा क्षेत्र के मात्र एक छोटे हिस्से के बराबर है। पिछले साल देश में खुदरा क्षेत्र 950 अरब डॉलर रहने का अनुमान लगाया गया था।

इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि देश में ई-कॉमर्स क्षेत्र के लिए कारोबार करने की अपार संभावनाएं हैं, खासकर इंटरनेट और स्मार्ट फोन की बढ़ती पहुंच से इस क्षेत्र के लिए उम्मीदें प्रबल हो गई हैं। ई-कॉमर्स क्षेत्र में नियामकीय हस्तक्षेप होना जरूरी लेकिन यह व्यपार में सहयोगी और नरम होना चाहिए ताकि कारोबार करने वाली इकाइयों को अनुपालन से जुड़े अधिक झमेलों में नहीं फंसना पड़े। ई-कॉमर्स से जुड़े लोगों ओर छोटे कारोबारियों के हितों का भी ध्यान रखना बहुत जरूरी है।

**वीओएल.**

## आपकी बात

### बड़े बैकों का निर्माण

सरकारी बैंकों की संख्या लगातार कम हो रही है। अब बीस से घटकर दस-बारह की पीएसयू बैंक रह गये हैं। राष्ट्रीयकृत बैंकों में जिस तरह से खराब ऋण वितरण के कारण एनपीए बढ़ा उसके कारण अब सरकार को एक-एक करके बैंकों का विलय कर उनकी संख्या कम करनी पड़ी। अब बैंकों का बोझ उठाने के लिए सरकार तैयारनहीं है, यही कारण है कि बीते पांच-छह साल में करीब एक दर्जन सरकारी बैंक दूसरे बैंकों में विलीन हो गये हैं। अब कुल 12 राष्ट्रीयकृत बैंक बचे हैं और इन्हें भी कम करके चार-पांच रखने की कोशिश हो रही है। बैंकिंग व्यवस्था में रीढ़ की हड्डी रहे सरकारी क्षेत्र के बैंक अगर कराह रहे हैं और दिन प्रति दिन देश में प्राइवेट सेक्टर बैंकिंग ऊंचाईयां छू रही हैं तो इसके पीछे सरकारी बैंकों के अधिकारियरों एवं कर्मचारियों की घटिया कार्यप्रणाली भी जिम्मेदार है। आज भी सरकारी बैंक के कर्मचारी अपने को सरकारी कर्मचारी मानते हैं और ठीक से काम न करना अपना पुश्तैनी अधिकार मानते हैं। सरकारी बैंकों में जिस तरह सरकरी कल्चर हावी है उसे अगर दूर न किया गया तो प्राइवेट बैंकों के सामने टिक नहीं पायेंगे। देश के विकास में अहम भूमिका निभाने वाले सरकारी क्षेत्रों के बैंकों की स्थिति आजकल ठीक नहीं है। इनके प्रबंधकों एवं कर्मियों की मनमानी, भ्रष्टाचार और लापरवाही ने आज दुनिया के सबसे बड़े सरकारी बैंकिंग तंत्र को बीमार कर पूरी तरह से आईसीयू में डाल दिया था। लोग बड़े आराम से बैंक का पैसा पार कर दे रहे हैं। फिलहाल सरकार के प्रयासों से बैंकों की हालात सुधरी है। इसे अब और मजबूत करने और देश में बड़े आकार के बैंक बनाने के लिए कुछ सार्वजनिक बैंकों का विलय कर चार-पांच बड़े पीएसयू बैंक बनाने चाहिए।

**राजेश कुमार वर्मा, बाराबंकी.**

### हाइवे पर स्पीड लिमिट

हाइवे और एक्सप्रेस वे पर तेज रफ्तार के कारण बड़ी संख्या में दुर्घटनाएं होती हैं और यह इतनी भीषण होती हैं कि तेज रफ्तार के चक्कर में प्रायः जिंदगी की रफ्तार ही थम जाती है। आगरा एक्सप्रेस वे, ताज एक्सप्रसे वे, शहीद पथ, जैसे हाइवे दुर्घटनाओं का पर्याय बन गये हैं। अगले कुछ सालों में प्रदेश में चार-पांच और एक्सप्रेव शुरू होंगे। जाहिर है यहां भी रफ्तार का कहर हो सकता है। देश एवं प्रदेश में भी तेजी के साथ हाईवे परियोजनाओं पर काम हो रहा है। हाइवे बनने के साथ लोगों की रफ्तार बढ़ रही है और बढ़े पैमाने पर दुर्घटनाएं सामने आ रही हैं। लखनऊ में शहीद पथ, लखनऊ से आगरा जाने वाली लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे, आगरा से दिल्ली जाने वाली यमुना एक्सप्रेस पर आये दिन भीषण हादसे होते हैं। यहीं अभी नया-नया बनकर तैयार हुआ देश का पहला स्मार्ट एक्सप्रेस वे ईस्टर्न मेरीफेरल एक्सप्रे वे भीषण दुर्घटनओं के मार्ग बन गये हैं। हाइवे दरअसल त्वरित और सुरक्षित परिवहन के लिए होते लेकिन जब ये खतरों के पर्याय बन जायें तो फिर सोचना पड़ता है कि रफ्तार की इतनी भी क्या जरूरत जो जिंदगी सांसे थम दें। दरअसल देश में फर्राटा भरने वाली सड़कें तो तेजी के साथ बन एवं बढ़ रही हैं लेकिन लोगों को ट्रैफि क सेंस की कमी के कारण दुर्घटनाएं बढ़ गयी हैं। ये दुर्घटनाएं सिर्फ और सिर्फ तेज स्पीड के कारण होती हैं। हाइवे का मतलब यह नहीं होता कि उस पर हवाई जहाज की रफ्तार से फर्राटा भरने लगें। प्रायः यह देखा जाता है जाता है कि तेज रफ्तार के कारण गाड़िया आगे बढ़ने के चक्कर में बगल वाली गाड़ी टक्कर मार देती हैं और इस तरह खुद के और दूसरों के जान के लिए खतरा बनी रहती हैं। हाईवे निर्माण के साथ अब यह भी जरूरी है कि लोगों को ट्रैफिक नियमों पालन एवं यात्रा के दौरान आवश्यक सुरक्षा उपाय की भी जानकारी दी जाये। देश में हर साल लगभग डेढ़ लाख जानें दुर्घटनाओं में चली जाती हैं। अगर ट्रैफिक नियमों एवं सुरक्षा उपायों के साथ यात्रा की जाये तो इसमें भारी कमी आ सकती है। हाइवे पर स्पीड सबसे बड़ा दुर्घटना का कारण है इसलिए सरकार प्रत्येक सड़क पर अधिकतम और न्यूनतम स्पीड को तय करे और इसी पूरी निगरानी रखे।

**संजीव श्रीवास्तव, लखनऊ.**

संक्षेप

## अश्वनीपुरम में हुआ विराट हिंदू सम्मेलन

**अयोध्या।** संघ शताब्दी वर्ष के अवसर पर सप्त कार्यक्रमों की श्रृंखला में अश्विनी पुरम, माधवनगर में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन हुआ। महर्षि पब्लिक स्कूल जप्ती अयोध्या में आयोजित कार्यक्रम में अश्विनीपुरम बस्ती प्रमुख आशीष के संयोजन में एवं माधव नगर सहकार्यवाह डॉ पंकज के संचालन में विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित हुआ।

जिसमें मुख्य वक्ता डॉक्टर उपेंद्र मणि त्रिपाठी व विशिष्ट अतिथि शिक्षक देवेंद्र कुमार, कार्यक्रम अध्यक्ष चंद्रभान मौर्य रहे।

इस अवसर पर प्रमुख वक्ता के रूप में आमंत्रित वरिष्ठ होम्योपैथी चिकित्सक एवं महानगर सह सेवा प्रमुख डॉ उपेन्द्र मणि त्रिपाठी ने कहा आधुनिक भौतिकवादी युग में हमारी निर्भरता तकनीक पर निर्भर होती जा रही है ऐसे में इसका दुष्प्रयोग हमारी सांस्कृतिक जड़ों को कमजोर न करने पाए, इसलिए आवश्यकता है कि भारतीय संयुक्त परिवार की पद्धति का पालन करते हुए हमारी तीनों पीढ़ियों को एक साथ बैठकर अपनी सनातनी, पारिवारिक परम्पराओं से नई पीढ़ियों के साथ संवाद करें, यही कार्य एक दिन गांव या मोहल्ले में करें।

# बजट से कृषि अनुसंधान और कौशल विकास को मिलेगी गति

जिला संवाददाता



**अयोध्या।** बजट में केंद्र सरकार की ओर से किसानों की आय में वृद्धि, उत्पादकता एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण को लेकर प्रावधान किया गया है, जिसको कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने जमकर सराहा। कुलपति ने कहा कि यह बजट कृषि को ह्यज्ञान, तकनीक और उद्यमिता आधारित क्षेत्रह्न में परिवर्तित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। विवि इस दिशा में

**● केंद्रीय बजट को कुलपति ने सराहा, किसानों का होगा चौमुखी विकास**

अनुसंधान, नवाचार, कौशल विकास और किसानों के प्रशिक्षण के माध्यम से पूर्ण सहयोग प्रदान करेगा, जिससे पूर्वांचल सहित देश के किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिल सके। कुलपति का कहना है कि यह बजट पारंपरिक कृषि से आगे बढ़कर उच्च मूल्य कृषि, बागवानी, पशुपालन, मत्स्य पालन तथा कृषि प्रौद्योगिकी एकीकरण की दिशा में एक दूरदर्शी कदम है। यह बजट किसानों को केवल उत्पादकता के क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि कृषि उद्यमी के रूप में स्थापित करने की सोच को और मजबूत करेगा। विशेष फसलों के लिए यह योजनाएं मूल्य श्रृंखला विकास और प्रसंस्करण उद्योग को गति देंगी। स्थानीय स्तर पर चंदन की खेती एवं प्रसंस्करण से उच्च मूल्य कृषि को प्रोत्साहन भी प्रोत्साहन मिलेगा। पशु चिकित्सा सेवाओं, डायग्नोस्टिक लैब, ब्रीडिंग सुविधाओं तथा कौशल विकास के माध्यम से युवाओं के लिए, रोजगार और उद्यमिता के अवसर सृजित होंगे। कुलपति ने बताया कि इस केंद्रीय बजट से कृषि संरचना पोर्टल तथा आई.सी.ए.आर प्रणालियों के साथ-साथ ए.आई पर आधारित कृषि पैकेजों का एकीकरण होगा। जिससे एक संपूर्ण डेटाबेस बनाने में मदद मिलेगी और उनकी पहचान भूमि रिकार्ड, आय, ऋण फसल की जानकारी और बीमा इतिहास आदि के लिए किया जा सकेगा। 500 जलाशयों, अमृत सरोवरों के विकास, महिला समूहों एवं एफपीओ की भागीदारी से मत्स्य किसानों की आय दोगुणी होगी। 10,000 करोड़ रुपये से सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम को और प्रभावी एवं आत्मनिर्भर बनाया जा सकेगा। भारत फंड में 2,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त जोखिम पूंजी सूक्ष्म उद्यमों, कृषि स्टार्टअप और महिला उद्यमियों को समर्थन देगा। ह्यलखपति दीदीह्न योजना के तहत स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी ग्रामीण महिलाओं को लखपति आय वर्ग तक पहुंचाने के लिए कौशल विकास, वित्तीय सहायता और सूक्ष्म उद्यम स्थापना को भी बढ़ावा मिल सकेगा।

## मनोस्वास्थ्य पर बजटीय जोर स्वागत योग्य: डा. आलोक



**अयोध्या।** केंद्रीय बजट 2026-27 में उत्तर भारत में एक नया नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ मेन्टल हेल्थ एन्ड अलाइड साइंसेस-निम्हान्स स्थापित करने तथा रांची और तेजपुर में मौजूदा मानसिक स्वास्थ्य संस्थानों को उन्नत करने का प्रस्ताव मनोस्वास्थ्य उन्नयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि आत्मघात, नशाखोरी, मूड डिसआर्डर, डिप्रेशन व अन्य मनोविकार न केवल चिंता का विषय बन चुके ह बल्कि देश के मानव सम्पदा विकास में भी बाधक हो रहे हैं। प्रति घंटे एक छात्र आत्मघात तथा देश में प्रतिवर्ष आत्महत्या आंकड़ा 2 लाख के करीब पहुंचने की स्थिति इसकी विभीषिका को बताते हैं।

उत्तर भारत में मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान के क्षेत्र में मौजूद स्वास्थ्य सेवाओं की कमियों को दूर करने के लिए दूसरा राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान संस्थान-निम्हान्स स्थापित करने का बजटीय प्रस्ताव किया गया है। बेंगलुरु में 27 दिसंबर 1974 को स्थापित यह संस्थान मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान के क्षेत्र में अत्याधुनिक अनुसंधान, शिक्षा और रोगी देखभाल के लिए विश्व प्रसिद्ध है जिसे 2012 में ह्यराष्ट्रीय महत्व का संस्थानह्न घोषित किया गया। साथ ही, रांची व तेजपुर स्थित क्षेत्रीय मनोचिकित्सा संस्थान को उन्नत करने तथा जिला अस्पतालों में आपातकालीन और आघात देखभाल क्षमता में 50 प्रतिशत वृद्धि तथा युवा मनोतनाव व आघात निदान व समाधान हेतु बजट प्रस्ताव देश में मेन्टल हेल्थ सेवा की दिशा में शुभ व क्रान्तिकारी कदम है। बजट-संदर्भित वक्तव्य में जिला चिकित्सालय के माइंड-मेंटर व निम्हान्स फेलो-ट्रेनी डा आलोक मनदर्शन ने यह बातें कहीं।

## कर संबंधी शिकायतों के निस्तारण के लिए लगेगा शिविर

**अयोध्या।** कर संबंधी शिकायतों के निस्तारण के लिए नगर निगम अयोध्याधाम में शिविर लगाएगा। यह जानकारी जोनल अधिकारी अशोक कुमार गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया कि आगामी चार फरवरी को सुबह 10:30 बजे देवकाली वार्ड में पार्षद अनुज दास के मार्गदर्शन में मकसूदन विद्यालय में शिविर आयोजित होगा, जबकि सात जनवरी को सीताकुंड वार्ड में पार्षद विनय जायसवाल के मार्गदर्शन में विद्याकुंड के सामने शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने लोगों से कर संबंधित शिकायतो के निस्तारण के लिए समय से शिविर में आने की अपील की है।

## सदर विधायक व पूर्व सांसद ने मिस्टर इंडिया बिल्डिंग शो का किया शुभारंभ




**बाराबंकी।** माइन न्यूट्रिशन वर्ल्ड द्वारा आयोजित माइन क्लासिक के तत्वावधान में मिस्टर इंडिया 2026 बॉडीबिलि्डग शो का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सदर विधायक धर्मराज सिंह यादव व विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने फीता काटकर किया। उद्घाटन पश्चात देश के विभिन्न राज्यों से आए बॉडीबिल्डरों ने मंच पर अपनी बेहतरीन फिटनेस और सशक्त काया का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि सदर विधायक ने कहा कि बॉडीबिलि्डग केवल शरीर निर्माण नहीं, बल्कि अनुशासन, मेहनत और सकारात्मक जीवनशैली का प्रतीक है। युवाओं को नशे से दूर रहकर खेल और फिटनेस को अपनाना चाहिए। विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने विजेता और प्रतिभागी बॉडीबिल्डरों को सम्मानित करते हुए कहा कि खेलों से युवाओं का शारीरिक और मानसिक विकास होता है। इस मौके पर आयोजक मोहम्मद शहजाद ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि को बूके देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में डॉ0 सौरभ कुशवाहा, रजत रस्तोगी, अनुज धीमान, मो0 अरशद, प्राहर्ष सिंह, देव सैनी, डॉ0 शिवेंद्र, मो0 नसीम, सद्दाम, शाहरुख, दीपक, शुभम, सना शेख, मालती यादव मौजूद रहे।

## पद्मश्री केडी सिंह बाबू की जयंती पर खिलाड़ियों ने अर्पित किये श्रद्धासुमन



**बाराबंकी।** जनपद के गौरव पदमश्री के0डी0 सिंह बाबू के जन्मदिन पर स्थानीय के0डी0 सिंह बाबू स्टेडियम में बाराबंकी हॉकी एसोसिएशन सचिव मजहर अजीज खां ने बाबू साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। उन्होने खिलाड़ियो को सम्बोधित करते हुये कहा कि हर वर्ष एसोसिएशन द्वारा हॉकी मैच का आयोजन किया जाता था। लेकिन इस बार हॉकी ग्राउंड तैयार न होने के कारण श्रद्धाजंलि सभा का आयोजन कर नमन किया गया। इस अवसर पर मोहम्मद असलम, चंदा रानी, हॉकी कोच विवेक सिंह गौतम आदि ने श्रद्धासुमन अर्पित किये।

## खुले जूस की ब्रिकी करने वालो पर कार्यवाही न होना मिलावट और गंदगी को दे रही बढ़ावा



आसिफ अहमद खान

**बाराबंकी।** शहरों में गंदगी से भरे खुले जूस का बिकना एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है। जिसमें सड़े-गले फल, धूल-मिट्टी और बिना ग्लब्स पहने हाथो मे लगे कीटाणु सीधे जूस मे जाकर स्वास्थ्य के लिए खतरा बनते है। खासकर जब फल काटते या जूस निकालते हैं। लोग शरीर को फिट रखने और बीमारियों से बचने के लिए खूब फ्रूट जूस पीते हैं। लेकिन बाजार में मिलने वाले यह मिलावटी फ्रूट जूस फिट रखने की बजाय गंभीर बीमारियों का कारण बन सकते हैं। लेकिन ऐसे दुकानदारो पर खाद्य विभाग की कार्यवाही न होना मिलावट व गंदगी को बढ़ावा देती है। तो वही दुकानों की स्वच्छता पर गंभीर सवाल खड़े किये है? शहर के निबलेट, छाया, नाका चैराहा स्थित दुकानो पर सड़े-गले फल, धूल-मिट्टी और बिना ग्लब्स पहने गंदगी से भरे खुले जूस की ब्रिकी करने वालो पर कार्यवाही न होने से कारोबारियों का मनोबल बढ़ता है। और खुलेआम गंदगी से भरे खुले जूस की ब्रिकी कर लोगों की सेहत के साथ सरेआम खिलवाड़ किया जा रहा है।

## राम वन गमन पथ पर श्रद्धालुओं के लिए किफायती विश्राम गृह निर्माण की उठी मांग

जिला संवाददाता

**अयोध्या।** राज्यसभा सांसद व प्रदेश महामंत्री भाजपा अमर पाल मौर्य ने राम वन गमन पथ पर श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया है। उन्होंने सदन के माध्यम से अयोध्या से चित्रकूट तक जाने वाले पावन राम वन गमन पथ पर ह्यश्रीराम विश्राम गृहोंह्न के निर्माण की

**● राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्या ने राज्यसभा के सभापति को लिखा पत्र**

मांग की है। इसके लिए राज्यसभा के सभापति को पत्र लिखा है ।सांसद अमर पाल मौर्य ने बताया कि अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर के लोकार्पण के बाद राम वन गमन पथ पर श्रद्धालुओं की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। वर्तमान में प्रतिदिन 30 हजार से अधिक श्रद्धालु इस मार्ग से होकर यात्रा कर रहे हैं, जबकि पर्व और मेलों के दौरान यह संख्या लाखों में पहुंच जाती है। लगभग 210 किलोमीटर लंबा यह मार्ग सुलतानपुर, प्रतापगढ़, कौशाम्बी और प्रयागराज जैसे जिलों से होकर गुजरता है, लेकिन पूरे मार्ग पर पदयात्रियों और श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित व किफायती रात्रि विश्राम की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। उन्होंने प्रस्ताव रखा कि राम वन गमन पथ पर प्रत्येक 20 से 25 किलोमीटर की दूरी पर दोनों ओर विश्राम गृहों का निर्माण किया जाए। ये विश्राम गृह सशौचालय, प्राथमिक चिकित्सा तथा बैठने और विश्राम की समुचित सुविधाएं उपलब्ध हों। सांसद ने सुझाव दिया कि विश्राम गृहों के परिसरों में उत्तर प्रदेश सरकार की ह्यएक जनपद-एक उत्पादह्न योजना के तहत स्टॉल लगाए जाएं। इससे प्रतापगढ़ के आंवला, सुलतानपुर और प्रयागराज के मूंज शिल्प, कौशाम्बी के केले, अयोध्या के गुड़ और चित्रकूट के लकड़ी के खिलौनों को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही स्थानीय रेहड़ी-पटरी संचालकों और स्वयं सहायता समूहों को संगठित बाजार उपलब्ध होगा। अमर पाल मौर्य ने कहा कि इस योजना से हजारों स्थानीय युवाओं को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं।

उन्होंने सरकार से राम वन गमन मार्ग पर धर्मशालाओं के निर्माण के लिए उपयुक्त भूमि चिन्हित करने का भी आग्रह किया, ताकि सामाजिक सहभागिता और धार्मिक संस्थाओं के सहयोग से सस्ती आवास सुविधाएं विकसित की जा सकें।

## नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन

बहराइच। जिलाधिकारी के दूरभाषीय वातालर्प एवं निदेशों के क्रम में दिनांक 02 जनवरी 2026 को जनपद बहराइच के जरवल स्थित गुप्ता रोडवेज ढाबा पर परिवहन विभाग द्वारा नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में वाहन चालकों एवं आमजन की आंखों की जांच की गई, साथ ही उन्हें आंखों की सुरक्षा एवं नियमित परीक्षण के महत्व के बारे में जागरूक किया गया।

नेत्र परीक्षण शिविर के दौरान सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (ए.आर.टी.ओ.) श्री ओ.पी. सिंह एवं आर.आई. श्री प्रदीप कुमार सहित परिवहन विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के शिविरों का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना तथा वाहन चालकों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना है।

## रेलवे ट्रैक पर मिला शव अधेड़ का

**सोहावल-अयोध्या।** सोहावल और सलारपुर स्टेशन के बीच कटरौली के निकट रेलवे ट्रैक पर एक अधेड़ का शव मिला। मृतक की पहचान सुचित्तागंज पसियन टोला निवासी शिव शंकर पुत्र धनई के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजन परिस्थितियों को देखते हुए हत्या की आशंका जता रहे हैं। चैकी प्रभारी सुचित्तागंज चंद्रहास मिश्रा ने बताया कि घटना की हर एंगल से जांच पड़ताल की जा रही है। मृतक की मोबाइल की काल डिटेल का परीक्षण किया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट खुलासे में मददगार बन सकती है।

## रास्ता मिलने पर ग्रामीणों ने ली राहत की सांस



**अयोध्या।** विकासखंड मिल्कीपुर क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत भदोखरा के मजरे अवसेरी में ग्रामीणों को मुख्य मार्ग तक आने जाने का रास्ता न होने से काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। प्रशासन व ग्राम प्रधान की पहल पर ग्रामीणों को आखिकार वर्षों बाद रास्ता मिल गया। आने जाने के के लिए रास्ता मिलने पर ग्रार्मीणों ने राहत की सांस ली है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रामकुमार यादव व लालू यादव ने बताया कि वर्षों से अवसेरी गांव के रहने वाले 25 घरों के लोगों को मुख्य मार्ग तक आने जाने के लिए कोई रास्ता नहीं था। मजबूरी में यहां के लोगों को बाग से होकर आना जाना पड़ता था। इन लोगों के लिए जब रास्ता बनवाना शुरू किया तो गांव के ही एक व्यक्ति ने मार्ग निर्माण में अवरोध पैदा कर दिया। इसकी शिकायत कई बार अधिकारियों से की गई तब जाकर एसडीएम मिल्कीपुर सुधीर कुमार व थानाध्यक्ष इनायतनगर रतन कुमार शर्मा के हस्तक्षेप के बाद मार्ग का निर्माण पूरा कराया जा सका। रास्ता मिलने से क्षेत्र पंचायत सदस्य राजकुमार, छेदीलाल, झरखंडी पांडेय, वित्तू पांडेय, रोहित पांडेय, मदन यादव, मुरली कोरी सहित अन्य ग्रामीणों ने प्रशासन को शुक्रिया अदा किया।

## हाइटेक सुविधाओ से लैस हुए आबकारी निरीक्षक



**बाराबंकी।** विभागीय कार्यो मे पारदर्शिता व पेपरलेस व्यवस्था को लागू करने के उद्देश्य से आबकारी विभाग अब हाइटेक सुविधाओ का उपयोग कर त्वरित कार्य करने के लिये जाना जायेगा। डिजिटल युग मे अब जनपद का आबकारी विभाग भी किसी से कम नही होगा। आबकारी निरीक्षको

**● विभागीय कार्यो मे आयेगी पारदर्शिता, आबकारी अधिकारी ने सौपे लैपटाप**

**● हाइटेक सिस्टम से प्रवर्तन, बिक्री की वास्तविक समय मे संभव होगी निगरानी**

सहित कार्यालय सहायको को भी हाइटेक करने के उद्देश्य से लैपटाप का वितरण होने से विभागीय कार्यो मे पारदर्शिता एंव तेजी आयेगी। आज आबकारी निरीक्षको सहित कार्यालय सहायको को जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर द्वारा लैपटाप का वितरण किया गया। लैपटाप का वितरण करते हुये जिला आबकारी अधिकारी श्री दिनकर ने कहा कि डिजिटल पहल के माध्यम से सभी प्रकार की सूचनाएं और डेटा तुरंत ऑनलाइन पोर्टल पर लोड़ किया जा सकेगा। जिससे विभाग के कार्यो मे गति आयेगी।

आबकारी अधिकारी श्री दिनकर ने आबकारी निरीक्षक नवाबगंज श्रीमती इंगिता पाण्डे, आबकारी निरीक्षक रामनगर उमाशंकर चैधरी, आबकारी निरीक्षक हैदरगढ़ राजेश कुमार तिवारी, आबकारी निरीक्षक रामसनेहीघाट लक्ष्मीचन्द्र पाल, आबकारी निरीक्षक सिरौलीगौसपुर शिवानी सिंह चैहान, आबकारी निरीक्षक फतेहपुर गजेन्द्र प्रसाद सहित कार्यालय सहायक मुकुल शुक्ला को लैपटाप दिया। लैपटाप वितरण के बाद यह माना जा रहा है कि विभागीय कार्यप्रणाली मे पारदर्शिता बढ़ेगी। फील्ड मे मौजूद अधिकारियों द्वारा तत्काल उच्च अधिकारियो को सूचना रिपोर्ट साझा किये जाने मे भी सरलता तथा कागजी कार्यवाही प्रणाली मे कमी आयेगी।

## तहसील नानपारा के सीमा क्षेत्र में अवैध कब्जों पर बड़े एक्शन की तैयारी



**बहराइच ।** भारत-नेपाल सीमा से सटे 0 से 15 किलोमीटर के संवेदनशील क्षेत्र में सरकारी भूमि एवं नो-मेन्स लैंड पर किए गए अवैध अतिक्रमणों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई को लेकर तहसील नानपारा सभागार में उप जिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी ने राजस्व, पुलिस, एसएसबी एवं वन विभाग के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में कहा कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, विधिसम्मत, नियमो के अंतर्गत और समयबद्ध तरीके से संयुक्त रूप से संपन्न की जाए ताकि आम जनमानस में प्रशासन के प्रति विश्वास और मजबूत हो।

तहसीलदार नानपारा द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में बताया गया कि 0 से 15 किलोमीटर के दायरे में कुल 367 अवैध अतिक्रमण चिन्हित किए गए थे, जिनमें से 184 अतिक्रमण पहले ही हटवाए जा चुके हैं। वहीं 13 अवैध कब्जों को और हटाया जा रहा है। शेष मामलों में से 19 अतिक्रमणों को अगले तीन दिनों के भीतर हटाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जबकि बाकी पर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। एसडीएम नानपारा मोनालिसा जौहरी ने कहा की सीमा क्षेत्र में सुचारू प्रशासन, भूमि संरक्षण और कानून व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि हटाये गये कब्जों के स्थान पर दोबारा अवैध कब्जा करने वालों के विरूद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाये। बैठक में मौजूद अधिकारियों द्वारा फील्ड स्तर पर समन्वय बनाकर अभियान को प्रभावी बनाने का संकल्प भी लिया गया। इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी नानपारा, 42वीं वाहिनी एसएसबी बहराइच के प्रतिनिधि, उप प्रभागीय वनाधिकारी के प्रतिनिधि (वन क्षेत्राधिकारी), तहसीलदार नानपारा, नायब तहसीलदार नवाबगंज, थाना रूपईडीहा के प्रभारी निरीक्षक तथा नवाबगंज, चरदा व केवलपुर क्षेत्र के राजस्व निरीक्षक एवं संबंधित लेखपाल मौजूद रहे।

## एसपी ने सुनी जनसमस्याएं



**बहराइच ।** पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा *जनता दर्शन* में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बध में सम्बन्धित अधिकारियों/थाना प्रभारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण जाँच कर निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया ।

विभिन्न स्थानों पर भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति के उद्देश्यों के प्रति किया गया जागरुक अभियान के अन्तर्गत जनपद के सभी थानों पर गठित मिशन शक्ति टीमों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## के.डी सिंह बाबू ने हॉकी इण्डिया को दिलायी वैश्विक पहचानः गोप



**बाराबंकी।** महात्मा गांधी स्पोर्ट्स क्लब के तत्वाधान मे भारतीय हॉकी के खिलाडी कुंवर दिग्विजय सिंह के0डी0 सिंह बाबू की 104वीं जयन्ती पर श्रद्धाजंलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द कुमार सिंह गोप, क्लब संस्थापक राजनाथ शर्मा, क्लब अध्यक्ष एवं पूर्व हॉकी खिलाड़ी सलाउद्दीन किदवई ने पुलिस लाइन

**● पूर्व कैबिनेट मंत्री गोप ने ह्यबाबूह्न को ह्यभारत रत्न देने की उठाई मांग**

**● पुलिस लाइन चैराहा और गांधी भवन में प्रतिमा पर खेल प्रेमियों ने की पुष्पांजलि**

चैराहा स्थित के0डी0 सिंह बाबू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। पूर्व कैबिनेट मंत्री गोप ने केन्द्र सरकार से के0डी सिंह बाबू को मरणोपरांत भारत रत्न देने की मांग की। वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी सलाउद्दीन किदवई ने बताया कि के.डी. सिंह बाबू न केवल मैदान पर अपनी कलात्मक ड्रिब्लिंग और सटीक पासिंग के लिए जाने जाते थे, बल्कि उन्हें ह्यमेजर ध्यानचंदह्न का उत्तराधिकारी भी कहा जाता था। जिन्होंने भारत की स्वर्णिम परंपरा को आगे बढ़ाया। तो वही एक मैत्री हॉकी मैच सुबह बंकी स्थित खेल मैदान पर जूनियर और सीनियर खिलाड़ियों के बीच खेला गया। निर्धारित समय तक दोनों टीमों के बीच मुकाबला बेहद कड़ा रहा और स्कोर 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुआ। परिणाम का फैसला पेनल्टी शूटआउट से किया गया। जिसमें जूनियर टीम ने 3-2 से जीत दर्ज की।

इस अवसर पर सभासद अश्वनी शर्मा, पूर्व सपा जिलाध्यक्ष डॉ0 कुलदीप सिंह, शऊर कामिल किदवई, मो0 उमेर किदवई, सतीश जायसवाल, मृत्युंजय शर्मा, विनय कुमार सिंह, सत्यवान वर्मा, महफूज, नैतिक, नितिन, संतोष रावत, रंजय शर्मा मौजूद रहे।

# प्रदेश सरकार की सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम नीति से युवाओं को मिल रहा है रोजगार

**बहराइच ।** प्रदेश सरकार प्रदेश के शिक्षित एवं प्रशिक्षित युवाओं को स्वरोजगार/रोजगार से जोड़कर नये सूक्ष्म उद्योगों की स्थापना के लिए वित्तीय संसाधन उपलब्ध करा रही है। प्रदेश में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों की स्थापना से रोजगार के अवसर सृजित हुए है और युवा आत्मनिर्भर हो रहे है।

प्रदेश में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना में अधिकाधिक युवाओं विशेषकर विश्वविद्यालयों/इंजीनियरिंग/डिग्री कॉलेजों के अन्तिम वर्ष पासआउट छात्रों को विभिन्न इनोवेटिव बिजनेस अवसरों से जोड़कर उनको स्वरोजगार से आच्छादित करने हेतु दिनांक 30 जुलाई, 2025 से 01 अगस्त, 2025 तक प्रदेश के लाभार्थियों/छात्रों/युवाओं हेतु सीएम युवा कॉनक्लेव एण्ड एक्सपो का आयोजन इंदिरा गाँधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में किया गया। इस कॉनक्लेव में 150 से अधिक इनोवेटिव बिजनेस एवं फ्रेंचाइजी बॉण्ड्स/बिजनेस ऑन व्हील्स के प्रवर्तकों द्वारा अपने ब्रॉण्ड्स/उत्पादों का प्रदर्शन किया गया एवं युवाओं को उनके उत्पाद/ब्रॉण्ड से जुड़ने में फैसिलिटेट कराया गया है।

इस कॉनक्लेव का विस्तार करते हुए द्वित्तीय चरण में सीएम युवा कॉनक्लेव एण्ड एक्सपो का आयोजन यूपीआईटीएस-2025 में ग्रेटर नोएडा में दिनांक 25 से 29 सितम्बर, 2025 के बीच प्रदेश के 04 मण्डलों मेरठ, सहारनपुर, अलीगढ़ एवं आगरा हेतु आयोजित कराते हुये प्रदेश के लाभार्थियों/छात्रों/युवाओं को लाभान्वित कराया गया। प्रदेश सरकार द्वारा अधिकाधिक उद्यमों की स्थापना हेतु प्रोत्साहनात्मक वातावरण का सृजन किया गया है। एम.एस.एम.ई अधिनियम 2020 के माध्यम से इकाईयों को 1000 दिनों तक किसी भी विभाग से निरीक्षण से छूट प्रदान की गयी है। निवेश मित्र के माध्यम से उद्यमियों को उद्यम स्थापना के क्रम में वॉछित अनापत्ति/लाइसेन्स/अनुमति आदि को प्राप्त करने की पूर्णतया ऑनलाइन व्यवस्था की गयी है, जिससें उद्यमी समयबद्ध रूप से स्वीकृतियाँ आदि प्राप्त कर रहे हैं। प्रदेश सरकार द्वारा दी गई सुविधाओं एवं प्रयासों से प्रदेश में अब तक कुल लगभग 4554020 उद्यम पंजीकृत हुये है।

प्रदेश में 27.06.2025 को अन्तर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस के अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री जी ने लोकभवन के ऑडिटोरियम में सी०एम० युवा मोबाइल एप एवं यूथ अड्डा का लोकार्पण तथा बरेली व मुरादाबाद में 18 करोड की ओ०डी०ओ०पी० सीएफसी परियोजनाओं का उद्घाटन किया। विश्वकर्मा जयन्ती के अवसर पर मा० मुख्यमंत्री जी ने विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अन्तर्गत टूलकिट/ऋण वितरण/एमएसएमई लोन का वितरण किया है ।उत्तर प्रदेश इन्टरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) उत्तर प्रदेश इन्टरनेशनल ट्रेड शो का तृतीय संस्करण 25 से 29 सितम्बर 2025 को आईईएमएल ग्रेटर नोएडा में आयोजित किया गया। शो में लगभग 70 देशों के बायर्स द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस शो के माध्यम से प्रदेश में निवेश तथा एक्सपोर्ट बढ़ाने की दिशा में सफल प्रयास किया गया है। उत्तर प्रदेश इन्टरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) की भांति दिनांक 09 से 18 अक्टूबर 2025 के दौरान प्रदेश के प्रत्येक जनपद में यूपी नेशनल ट्रेड शो -2025 स्वदेशी मेला का आयोजन किया गया। दिनांक 14 से 27 नवम्बर, 2025 के मध्य भारत अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला का सफलता पूर्वक आयोजन नई दिल्ली में किया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश को कांस्य अवार्ड से पुरस्कृत किया गया ।मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) के ई-पोर्टल की लॉन्चिंग एवं युवा उद्यमियों को उद्यम की स्थापना हेतु ऋण/स्वीकृति पत्र वितरण किया गया। मार्च, 2024 को लोक भवन, लखनऊ में एमएसएमई क्षेत्र हेतु रू 30,826 करोड़ के मेगा ऋण विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत लाभार्थियों को टूलकिट का वितरण किया गया।

## मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक



**बहराइच।** जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और मिशन शक्ति के तहत उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जागरूक किया गया। अभियान के अन्तर्गत महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी०एम० स्वानिधि योजना, पी०एम० सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

संक्षेप

## कोतवाली प्रभारी को किया गया सम्मानित

**महराजगंज,रायबरेली।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की नगर इकाई के पदाधिकारियों ने कोतवाली प्रभारी द्वारा क्षेत्र में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया। नगर अध्यक्ष रिंकू जायसवाल की अगुवाई में पहुंचे व्यापारियों ने कोतवाल जगदीश यादव का माल्यार्पण, अंगवस्त्र व राधाकृष्ण की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया। नगर अध्यक्ष रिंकू जायसवाल ने कहा कि पुलिस प्रशासन के सहयोग से क्षेत्र में व्यापारियों और आम जनता के बीच सुरक्षा का भाव बढ़ा है। कोतवाली प्रभारी के कार्य करने की शैली और जनसुनवाई के प्रति उनकी गंभीरता सराहनीय है। इस अवसर पर अशोक साहू, कमल मौर्य, राजा जायसवाल, संतोष मौर्य, रंजीत कुशमेश, राजा श्रीवास्तव, बृजेश सोनी, शिवम प्रजापति आदि व्यापार मण्डल के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## जिला उद्योग बंधु की बैठक सम्पन्न

रायबरेली। मुख्य विकास अधिकारी अंजू लता की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में औद्योगिक क्षेत्रों में सड़कों की मरम्मत जल निकासी, अतिक्रमण, साफ-सफाई, भारी वाहनों के आवागमन, सड़क चैड़ीकरण, जल निकासी व निवेश मित्र पोर्टल आदि के महत्वपूर्ण बिंदुओ पर समीक्षा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी लंबित मामलों का त्वरित निस्तारण किया जाए, ताकि उद्यमियों को किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न न हो। बैठक में जिले में औद्योगिक निवेश, उद्यम स्थापना, लाइसेंस/अनापत्ति प्रमाणपत्र निर्गम, भूमि आवंटन, बुनियादी सुविधाओं के विकास तथा लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्य, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद स्वर्ण सिंह सहित संबंधित अधिकारीगण व उद्यमी उपस्थित रहे।

## पुलिस ने भैंस चोरी के तीन आरोपियों को भेजा जेल

लालगंज रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के शाहपुर गांव से चोरी गई भैंसों के मामले पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आरोपियो के कब्जे से पुलिस ने चोरी की दो भैंसे भी बरामद की है। ज्ञात हो कि शाहपुर गांव के पूर्व प्रधान शिवमोहन विश्वकर्मा की दो भैंसे शनिवार की रात चोरी हो गई थी। काफी खोजबीन के बाद चोरी गई भैंसे ऊंचगांव स्थित बाजार से बरामद हो गई थी। मामले में ग्रामीणो ने तीन लोगो को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया था। कोतवाली प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि भैस चोरी के मामले में शिवमोहन की तहरीर पर केस दर्ज किया गया है। घटना में शामिल मोनू यादव पुत्र रामशंकर निवासी शाहपुर व दीपू व उसका पिता रामसजीवन उर्फ सल्लर पासी निवासी भोनी रायखेड़ा पो० महरानीगंज थाना खीरों को नामजद किया है। आरोपियों के पास से चोरी गई दो भैंसे भी बरामद की गई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हे जेल भेज दिया है।

## रतिपाल चौधरी क्रिकेट टूर्नामेंट का रोमांचक समापन

# विधायक अदिति सिंह ने विजेताओं को सौंपी ट्रॉफी



**रायबरेली।** सदर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सरायदामू गांव में आयोजित स्वर्गीय रतिपाल चैधरी स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला बड़ा उत्साह और जोश के साथ संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता के समापन समारोह में सदर विधायक अदिति सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और विजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। विधायक अदिति सिंह ने फाइनल मैच देखने के बाद विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए कहा कि ऐसे खेल आयोजन युवाओं में खेल भावना, अनुशासन, टीमवर्क और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि खेलकूद न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी है, बल्कि यह युवा पीढ़ी को अनुशासित, जिम्मेदार और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाला नागरिक बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे टूर्नामेंट स्वस्थ समाज की नींव रखते हैं और आने वाले समय में उज्ज्वल भविष्य की मजबूत आधारशिला तैयार करते हैं।

यह टूर्नामेंट स्व. रतिपाल चैधरी की स्मृति में आयोजित किया गया था, जिनके योगदान को स्थानीय स्तर पर याद किया जाता है। प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न टीमों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और रोमांचक मुकाबलों ने दर्शकों का मनोरंजन किया। फाइनल में प्रदर्शन करने वाली टीमों ने अपनी प्रतिभा और कौशल का शानदार प्रदर्शन किया, जिसकी सराहना सभी ने की। विधायक अदिति सिंह ने इस सफल आयोजन के लिए सभी आयोजकों, प्रायोजकों, खिलाड़ियों, रेफरी और स्थानीय समर्थकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों को निरंतर बढ़ावा देने से ग्रामीण क्षेत्रों में खेल संस्कृति मजबूत होगी और युवा विकास को लेकर विधायक अदिति सिंह के निरंतर प्रयासों का एक और उदाहरण है। स्थानीय लोग और युवा वर्ग ने इस पहल की जमकर सराहना की है।

## मोबाइल कोर्ट में दिव्यांगजनों की सुनी गयी समस्याएं



**रायबरेली।** सामुदायिक केन्द्र, रतापुर में राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन उत्तर प्रदेश प्रो0 हिमांशु शेखर झा ने दिव्यांगजनों की समस्याओं के निराकरण हेतु आयोजित मोबाइल कोर्ट का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। मोबाइल कोर्ट में अपनी समस्याओं के साथ आए दिव्यांगजनों की समस्याओं पर राज्य आयुक्त द्वारा सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। मोबाइल कोर्ट में दिव्यांगजनों हेतु दिव्यांगता प्रमाणन (मेडिकल बोर्ड), यूडीआईडी, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, दिव्यांग पेंशन, रेल कन्सेशन प्रमाण-पत्र आदि के स्टॉल लगाए गए। शिविर में उपस्थित दिव्यांगजनों की कुल 182 प्रकरणों की सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण के लिए निर्देश दिये। उन्होंने दिव्यांगजन को विभिन्न सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किए जाने हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया। मोबाइल कोर्ट में समाज कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, पंचायतीराज विभाग, स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, पुलिस प्रशासन, परिवहन विभाग, नगर निकाय, विद्युत विभाग, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे साथ ही संबंधित बैंकों के अधिकारी एवं अग्रणी जिला प्रबन्धक बैंक आफ बड़ौदा भी उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में घायल मिल संविदा कर्मी की मौत



जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के बरूई गांव निवासी सहकारी चीनी मिल सुलतानपुर में संविदा पर कार्यरत एक कर्मी की सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। सोमवार को जब मृतक का शव गांव पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। बरूई गांव निवासी अमित पाण्डेय (42) पुत्र स्व. कृपाशंकर पाण्डेय बुधवार की शाम करीब सात बजे रात्रि ड्यूटी के लिए घर से निकले थे। जैसे ही वह लखनऊह्वबलिया राष्ट्रीय राजमार्ग पर गोसाईगंज थाना क्षेत्र के अन्नपूर्णा नगर गेट के पास पहुंचे, तभी वह सड़क हादसे का शिकार हो गए। दुर्घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद एंबुलेंस सेवा से उन्हें मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए लखनऊ रेफर कर दिया गया। लखनऊ में इलाज के दौरान रविवार को उनकी मौत हो गई। सोमवार को शव घर पहुंचते ही परिजनों में मातम छा गया। मृतक की पत्नी राधा पाण्डेय, माता रामावती देवी और दो मासूम बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। अमित अपने दो भाइयों में छोटे थे। बड़े भाई विपिन पाण्डेय प्रदेश में प्राइवेट नौकरी करते हैं। परिवार की जिम्मेदारियों का भार था। अमित पर बताया गया कि अमित के पिता स्व. कृपाशंकर पाण्डेय का लगभग पांच वर्ष पूर्व हार्ट अटैक से निधन हो चुका है। इसके बाद खेती-बाड़ी, पशुपालन सहित परिवार की अधिकांश जिम्मेदारियां अमित के कंधों पर आ गई थीं। वह सहकारी चीनी मिल में संविदा कर्मी के रूप में कार्य करने के साथ-साथ कृषि एवं पशुपालन से परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे। उनकी पत्नी राधा पाण्डेय आशा बहू के रूप में कार्यरत हैं। अमित के निधन से उनकी पुत्री रिद्धि और पुत्र विनायक के सिर से पिता का साया उठ गया है। इस संबंध में गोसाईगंज थाना के उप निरीक्षक प्रमोद मिश्रा ने बताया कि मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## विद्यालय का वार्षिकोत्सव संपन्न



शाहगढ़ अमेठी । विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय केशवपुर में वार्षिकोत्सव एवं खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पी एस पी एस ए के जिला अध्यक्ष महेन्द्र प्रताप मिश्र ब्लाक कोषाध्यक्ष अमित कुमार यादव ए आर पी रामसजीवन मिश्र एवं अन्य वरिष्ठ विद्यालयों के प्रधानाचार्यों द्वारा सरस्वती जी के विधिवत पूजन के बाद बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। अभिभावकों एवं ग्रामीणों में अपने नौनिहालों के इन गुणों को देखकर अति उत्साह दिखा। बच्चों के गीत, नृत्य,नाटक अपने में अनुकरणीय, शिक्षाप्रद एवं जनजागरूकता से ओतप्रोत थे। एआरपी जी द्वारा विभाग की योजनाओं के विषय में विस्तृत चर्चा की गयी। अध्यक्ष जी ने सरकारी विद्यालयों की वर्तमान स्थिति पर परिचर्चा करते हुए बताया यहां के ट्रेंड अध्यापक ही आपके बच्चों का सर्वांगीण विकास कर सकते हैं आप बिना किसी पूर्वाग्रह के अपने बच्चों का प्रवेश सरकारी विद्यालयों में ही कराएं। सहायक अध्यापक हरिनाथ पाण्डेय जी का मंच संचालन अनुकरणीय रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य विश्व बन्धु उपाध्याय ने सभी का आभार व्यक्त किया। बच्चों को सर्वाधिक उपस्थित एवं कार्यक्रम प्रस्तुतीतकरण हेतु पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर पारसनाथ त्रिपाठी, अर्जुन प्रसाद द्विवेदी, कार्तिकेय सिंह, संगीता, सपना एवं गांव के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## चोरी की कार के साथ दो गिरफ्तार



रायबरेली। थाना जगतपुर क्षेत्र में हुई एक कार चोरी की घटना का पुलिस ने मात्र 24 घंटे के भीतर सफलतापूर्वक खुलासा कर दिया है। चोरी की गई सफेद हुंडई ऑरा कार को बरामद करने के साथ ही दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि बीती एक फरवरी को शाम करीब 6ह्व30 बजे उत्तम प्रसाद पुत्र वंशीलाल, निवासी ग्राम उमरी (थाना जगतपुर), ने थाने में तहरीर देकर बताया कि वह राजदेव मौर्या की सफेद हुंडई ऑरा कार (रजिस्ट्रेशन नंबर यूपी33सीएम0817) का चालक है। वह कार लेकर ग्राम भीख से लक्ष्मणपुर रोड पर गुप्ता होटल के पास पहुंचा था। कार खड़ी करके वह कुछ दूरी पर पान-पुड़िया ले रहा था और कार की चाभी गाड़ी में ही लगी हुई थी। इसी दौरान अज्ञात चोर ने कार चुरा ली। काफी खोजबीन के बावजूद कार का कोई सुराग नहीं मिला। इस तहरीर के आधार पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर केवलपुर बरेठा मार्ग पर चोरी की कार के साथ अनुपम त्रिवेदी उर्फ टिल्लू, पुत्र रामदेव त्रिवेदी, निवासी ग्राम राजा तिवारीपुर, थाना जगतपुर व वीरेन्द्र यादव पुत्र जागेश्वर यादव, निवासी ग्राम नेवाजगंज, थाना डलमऊ, जनपद रायबरेली को वैधानिक कार्यवाही के बाद उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

## संकट मोचन धाम में विशाल भंडारा आयोजित

### विधि विधान से खाटू श्याम की प्रतिमा स्थापित



रायबरेली। राजकीय कालोनी में इन्दिरा उद्यान के समीप स्थित श्री संकट मोचन धाम के 26वें स्थापना दिवस पर आज जहां तमाम विभिन्न धार्मिक, आध्यात्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए, वहीं विशाल भंडारे में हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

श्री संकट मोचन धाम में आज सुबह से श्री रामभक्त बजरंग बली, शिवपरिवार, मां दुर्गा, लक्ष्मी, सरस्वती, शनिदेव सहित अन्य देवी देवताओं की पूजा अर्चना, आरती के साथ हनुमान चालीसा का संगीतमय संपुटी कृत पाठ हुआ। महामंडलेश्वर स्वामी गणेशानंद व शास्त्री जी की मंडली ने संगीतमय सुन्दरकांड का पाठ किया। इसी कड़ी में कला मर्मज्ञ महन्त कृष्णा बिहारी द्वारा मंदिर परिसर में नव निर्मित खाटू श्याम मंदिर और प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गयी। काशी की विद्वत मंडली द्वारा प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया। इस बीच वैदिक मंत्रोच्चार गूंजते रहे। भंडारे में पूड़ी, सब्जी, बूंदी का प्रसाद वितरण शुरू हुआ जो देर रात तक चलता रहा।

लोग कतार में प्रसाद ग्रहण करते रहे। प्रसाद वितरण में पुजारी दिनेश शुक्ला, श्री संकट मोचन धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष धर्मेन्द्र पाण्डेय, कोषाध्यक्ष शुभम पाण्डेय, संरक्षक संतोष कुमार पाण्डेय, अशोक कुमार पाण्डेय, व्यवस्थापक अभिषेक उर्फ सचिन पाण्डेय, प्रदीप मणि त्रिपाठी (चित्रकूट धाम), अनिल कुमार पाण्डेय का सराहनीय योगदान रहा।

इस भव्य कार्यक्रम में प्रबन्धक सुनील कुमार त्रिपाठी, विधिक सलाहकार उमेश चन्द्र पाण्डेय, जितेन्द्र कुमार पाण्डेय, शिवम पाण्डेय, शषिमणि त्रिपाठी, आदि मौजूद रहे।

## गैंगस्टर एक्ट में वांछित 02 अभियुक्त गिरफ्तार

अमेठी। पुलिस अधीक्षक अमेठी श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में थाना अमेठी पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्तों शिवपूजन चौरसिया उर्फ शेखू पुत्र कामता प्रसाद चौरसिया निवासी गंगागंज थाना व जनपद अमेठी,.अतुल यादव पुत्र स्व0 बलराम यादव निवासी मन्धर पट्टी थाना व जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया। थाना अमेठी पुलिस द्वारा अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर अपराधी हैं जिनके विरुद्ध जनपद अमेठी, प्रतापगढ़ व सुलतानपुर के विभिन्न थानों पर पूर्व में कई अभियोग पंजीकृत हैं। अभियुक्त शिवपूजन के विरुद्ध हत्या का प्रयास, मारपीट, चोरी, एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट सहित पूर्व में 16 अभियोग व अभियुक्त अतुल यादव के विरुद्ध हत्या का प्रयास, मारपीट, चोरी, गैंगस्टर एक्ट सहित पूर्व में 08 अभियोग पंजीकृत हैं

## ट्रस्ट की पुस्तकों के योगदान से बच्चों के चेहरे पर मुस्कान



महराजगंज, रायबरेली। प्राथमिक विद्यालय दौतरा का बाल पुस्तकालय आज ग्रामीण अंचल में पढ़ने की संस्कृति का प्रेरक केंद्र बन चुका है। एक वर्ष पूर्व इस पुस्तकालय का उद्घाटन स्वयं तत्कालीन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के करकमलों द्वारा हुआ था। तब शुरू हुई यह पहल आज जनसहयोग की मिसाल बन गई है। बीते एक वर्ष में 1000 से अधिक पुस्तकें बच्चों, अभिभावकों, ग्रामीण वासियों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों तथा दिल्ली एन सी आर स्थित भी एफ ए (बुक्स फार आल) ट्रस्ट के सहयोग से दान स्वरूप प्राप्त हुई हैं। हाल ही में ट्रस्ट द्वारा स्तरानुसार 100 कहानी पुस्तकों सहित आकर्षक वाल हैंगिंग लाइब्रेरी भेजी गई, जिसने बच्चों के बीच पढ़ने का उत्साह कई गुना बढ़ा दिया है। अब विद्यालय में अवकाश के क्षण हों या पुस्तकालय का समय बच्चे उत्सुकता से अपनी पसंद की पुस्तक चुनते दिखाई देते हैं। कहानियों के माध्यम से उनकी कल्पनाशक्ति पंख लगा रही है, भाषा कौशल निखर रहा है और सीखने की जिज्ञासा स्वाभाविक रूप से विकसित हो रही है। इस पुस्तकालय का लाभ वर्तमान विद्यार्थियों के साथ-साथ पूर्व छात्र एवं आसपास के अन्य विद्यालयों के बच्चे भी ले रहे हैं। इस प्रेरक प्रयास के पीछे विद्यालय परिवार का सतत समर्पण भी उल्लेखनीय है। विद्यालय के शिक्षक आशीष प्रताप सिंह, विष्णु साहू, संजीव कुमार बाजपेई, सुषमा पाण्डेय एवं शेष दत्त गुप्ता निरंतर बच्चों को पठन के लिए प्रेरित करते हुए इस अभियान को जीवंत बनाए हुए हैं।

विद्यालय परिवार ने सभी सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सामूहिक प्रयास बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की सुदृढ़ नींव है और पढ़ने की यह संस्कृति निरंतर आगे बढ़ती रहेगी।

## मैन ऑफ द टूर्नामेंट दीपू तिवारी को भेंट की रेंजर साइकिल

लालगंज रायबरेली। लालगंज क्षेत्र के ऐहार गांव में दानवीर पंडित बृजमोहन बाजपेई क्रीड़ांगन में पंडित बृजमोहन वाजपेई क्रिकेट टूर्नामेंट का सफल एवं भव्य आयोजन संपन्न हुआ है। टूर्नामेंट पिछले 15 दिनों से अनवरत चल रहा था। इस टूर्नामेंट में लगभग 32 टीमों ने प्रतिभाग किया। टूर्नामेंट का फाइनल मैच ऐहार और बैसन के पुरवा गेगासो के मध्य खेला गया जिसमें ऐहार उप विजेता एवं बैसन का पुरवा विजेता रही। पुरस्कार समारोह आयोजन के दौरान ग्राम सभा ऐहार के चंदन त्रिवेदी ने मैन ऑफ द सीरीज पूरे टूर्नामेंट में बैट और गेंद से अच्छा प्रदर्शन करने वाले संकट मोचन ऐहार टीम के खिलाड़ी दीपू तिवारी को रेंजर साइकिल सहित नगद पुरस्कार से सम्मानित किया है और विजेता टीम को प्रतीक चिन्ह सहित 11 हजार रुपए का नगद पुरस्कार वरिष्ठ समाजसेवी सधन त्रिवेदी के द्वारा प्रदान किया गया है। फाइनल मैच को देखने के लिए भारी संख्या में दर्शक मौजूद रहे। बड़े बाजपेई,छोटे बाजपेई, अभिषेक शुक्ल,रोमियो,रिशु शुक्ल, राजा शुक्ल सहित कमेटी के सदस्यों ने इस टूर्नामेंट में अपनी महती भूमिका सुनिश्चित की है।



## घर-घर पहुंचेगा गंगाजल: सेवार्थम फाउंडेशन का ऐतिहासिक अभियान, भव्य रथ रवाना



सुलतानपुर (वीओएल)। सनातन आस्था को जन-जन तक पहुँचाने और श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं को सशक्त करने के उद्देश्य से सेवार्थम फाउंडेशन ने एक अनुकरणीय पहल शुरू की है। फाउंडेशन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आशीष तिवारी के नेतृत्व में माघ मेला प्रयागराज से पवित्र गंगाजल लाकर श्रद्धालुओं के घर-घर तक पहुँचाने के लिए भव्य गंगाजल रथ रवाना किया गया। लंभुआ के मेला वाली बाग में आयोजित दिव्य धार्मिक समारोह की शुरूआत गंगा माता की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद विधि-विधान से भस्म आरती और गंगा आरती संपन्न हुई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। मंच पर सेवार्थम फाउंडेशन के पदाधिकारियों एवं अतिथियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आशीष तिवारी ने सभी का अभिनंदन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कपाली महाराज और प्रधान संघ अध्यक्ष कैलाश चंद्र दुबे रहे। दोनों अतिथियों का स्वागत डॉ. आशीष तिवारी ने माल्यार्पण और पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। इसके बाद विधिवत पूजा-अर्चना के साथ गंगाजल रथ को कस्बे के लिए रवाना किया गया, जो पूरे क्षेत्र में श्रद्धालुओं को गंगाजल वितरित करेगा। डॉ. आशीष तिवारी ने कहा कि सनातन धर्म में गंगाजल को मोक्षदायिनी, पवित्र औरजीवनदायिनी माना गया है। यह पहल उन श्रद्धालुओं के लिए वरदान साबित होगी, जो वृद्धावस्था, बीमारी या अन्य कारणों से स्वयं गंगा स्नान करने या गंगाजल लाने में असमर्थ हैं। यह अभियान आस्था, सेवा और संस्कृति के संरक्षण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। कार्यक्रम में सेवार्थम फाउंडेशन के विभिन्न प्रदेशों के अध्यक्ष, राष्ट्रीय एवं जिला टीम के पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी नागरिक उपस्थित रहे।

## फर्जी बैनामा कर पूर्व मंत्री से धोखाधड़ी करने के केस में गवाह तलब

सुलतानपुर (वीओएल)। फर्जी बैनामा करने के मामले में पूर्व मंत्री संदीप शुक्ल से हुई धोखाधड़ी के मामले में सीजेएम नवनीत सिंह से गवाह अनुज दुबे को गवाही के लिए तलब किया है। पूर्व मंत्री के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कि मामले में अगली सुनवाई 16 फरवरी को होगी। पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री संदीप शुक्ल के पास गोसाईगंज थाने के सैफुल्लागंज निवासी राजदेव निषाद आए थे और कहा था कि लाल बहादुर निषाद अपनी टाटियानगर स्थित जमीन को बेचना चाहते हैं। संदीप शुक्ल ने जमीन का बैनामा अपने लिखा लिया था। कुछ दिनों बाद जब वह जमीन की निशानदेही कराने पहुंचे तो स्थानीय लोगों ने बताया कि यह जमीन वास्तव में लाल बहादुर निषाद की है जो लंबे समय से गांव में नहीं रहते हैं। जानकारी करने पर पता चला कि बैनामा करने वाला व्यक्ति फर्जी था। संदीप शुक्ल ने धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया था। विवेचना में पुलिस ने सैफुल्लागंज के राजदेव निषाद, पखनपुर निवासी श्याम राज वर्मा, धनपतगंज थाने के हेम सिंह का पुरवा मौजा रामनगर निवासी हरि प्रसाद उर्फ विंडल व घारू शाह का पुरवा मौजा रामनगर निवासी सत्यदेव उर्फ मंत्री के विरुद्ध चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की थी।

## रोजगार अप्रेन्टिस मेला आज

अमेठी। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) गौरीगंज, अमेठी के प्रधानाचार्य विवेक कुमार ने बताया कि आईटीआई पास आउट प्रशिक्षार्थियों को रोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 3 फरवरी को संस्थान परिसर में रोजगार ,अप्रेन्टिस मेला आयोजित किया जा रहा है। इस मेले में मारूति सुजुकी (गुजरात प्लांट), श्रीराम पिस्टन (भिवाड़ी, राजस्थान), एल.के. फैक्ट्री (गुरुग्राम) तथा पृथ्वी प्रताप बिल्डीकान, अमेठी जैसी प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग करेंगी।

## विद्यालयों का कायाकल्प शासन की प्राथमिकता : एमएलसी

### धनपतगंज में ग्राम प्रधानों व प्रधानाध्यापकों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम संपन्न



सुलतानपुर (वीओएल)। विकास खंड धनपतगंज के बीआरसी परिसर में ग्राम प्रधानों एवं प्रधानाध्यापकों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य परिषदीय विद्यालयों के शैक्षिक स्तर में सुधार, आपसी समन्वय तथा विद्यालय कायाकल्प योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करना रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य शैलेन्द्र प्रताप सिंह एवं विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि त्रिनेत्र पाडेय रहे। खंड शिक्षा अधिकारी दिलीप कुमार ने अतिथियों का माल्यार्पण एवं बैज लगाकर स्वागत व सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रत्येक न्याय पंचायत से एक-एक अध्यापक को सम्मानित किया गया। सम्मानित शिक्षकों में रामस्वरूप, शारदा गोस्वामी, अनीता विश्वकर्मा, संगीता पांडेय, राम तीरथ रजक, विजय पाल सिंह एवं पीयूष शामिल रहे। मुख्य अतिथि शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालयों का कायाकल्प शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सरकार चाहती है कि प्रत्येक परिषदीय विद्यालय बुनियादी सुविधाओं से सुसज्जित हो और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि त्रिनेत्र पाण्डेय ने आश्वासन दिया कि विद्यालयों में शेष कायाकल्प कार्यों को क्षेत्र पंचायत एवं ग्राम पंचायत के सहयोग से शीघ्र पूर्ण कराया जाएगा। खंड शिक्षा अधिकारी दिलीप कुमार ने कहा कि निपुण भारत अभियान के अंतर्गत ब्लॉक को पूर्ण रूप से निपुण बनाया जाएगा। एआरपी अंजनी नंदन पाण्डेय ने ब्लॉक के शैक्षिक विकास का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान, प्रधान प्रतिनिधि, शिक्षक संगठनों के पदाधिकारी, एआरपी, व्यायाम शिक्षक, शिक्षा मित्र संगठन व राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी का सहयोग सराहनीय रहा।

## चिकित्सक हत्याकांड: गवाही पूरी, 10 को होगी बहस

सुलतानपुर (वीओएल)। चिकित्सक घनश्याम तिवारी हत्याकांड में सोमवार को बचाव पक्ष के वकील अरविंद सिंह राजा ने कहा कि उन्हें अब सफाई साक्ष्य नहीं देना है। इस पर एडीजे प्रथम संध्या चौधरी ने बहस के लिए 10 फरवरी की तिथि नियत कर दी है। अभियोजन पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने बताया कि 23 सितंबर 2023 को डॉक्टर घनश्याम तिवारी की हत्या कर दी गई थी। मामले में नरायनपुर गांव के अजय नारायण सिंह व मायंग गांव के दीपक सिंह के विरुद्ध कोर्ट में मुकदमा चल रहा है।

संक्षेप

## श्रद्धा से मनायी गयी संत शिरोमणि रविदास जयंती

**आगरा**। रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी फिरोजाबाद के पूर्व अध्यक्ष संदीप तिवारी के नेतृत्व में संत शिरोमणि रविदास (रैदास) जी की जयंती कोटला रोड स्थित आश्रम पर महाराज मुनीशनन्द जी एवं साधु-संतों साथ बड़ी ही श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाई गई। सर्व प्रथम उनके चित्र पर माल्यार्पण कर प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर निवर्तमान जिलाध्यक्ष संदीप तिवारी ने बताया कि संत रविदास (रैदास) मध्य काल के महान संत थे। जिन्होंने जात- पात को समाप्त करने के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए। संत रविदास जी ने जनसाधारण की भाषा का प्रयोग करते हुए अपने दोहो एवं पदों के माध्यम से समाज में जातिगत भेदभाव को दूर कर सामाजिक एकता पर बल देते हुए मानवतावादी मूल्यों की नींव रखी।

उन्होंने कहा कि संत रविदास ऐसे समाज की कल्पना करते थे जहां किसी भी प्रकार का लोभ, लालच, दुख, दरिद्रता और भेदभाव ना हो।

## देश हित में ऐतिहासिक बजट, विकसित भारत की ओर सशक्त कदमः आगरा व्यापार मंडल

**आगरा**। भारत सरकार द्वारा प्रस्तुत एवं पारित किया गया बजट वास्तव में सर्वस्पर्शी, सर्वसमावेशी और सर्वहितकारी बजट है। इस बजट में समाज के प्रत्येक वर्गकिसान, श्रमिक, मध्यम वर्ग, महिला, युवा और विशेष रूप से व्यापारी वर्ग का पूरा ध्यान रखा गया है। व्यापारियों के लिए यह बजट राहत और विश्वास लेकर आया है। आगरा व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने ऐतिहासिक बजट बताते हुए इसका स्वागत किया है कहा है कि जहां पहले अघोषित संपत्ति पर पेनल्टी, अतिरिक्त टैक्स और दंडात्मक प्रावधान थे, वहीं अब केवल 30 प्रतिशत टैक्स का स्पष्ट और सरल प्रावधान कर व्यापारियों को भयमुक्त वातावरण प्रदान किया गया है। यह निर्णय ईमानदार करदाता को सम्मान और व्यापार को गति देने वाला सिद्ध होगा। चिकित्सा क्षेत्र में भी यह बजटमानवीय संवेदनाओं से परिपूर्ण है। कैंसर एवं डायबिटीज जैसी गंभीर बीमारियों की दवाइयों के दाम कम करना, नए एम्स की घोषणाएं करना यह दशार्ता है कि सरकार केवल अर्थव्यवस्था ही नहीं, जनस्वास्थ्य को भी सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।बजट को सुनने के उपरांत भाजपा आगरा व्यापार मंडल के समस्त पदाधिकारियों एवं अध्यक्ष ने एक-दूसरे को बधाई दी और बजट की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। जब देश हित में कोई कार्य होता है, तो देश का प्रत्येक नागरिक गर्व और विश्वास से भर उठता है। इस ऐतिहासिक बजट के लिए सभी ने वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण को बधाई दी, और साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी बधाई एवं धन्यवाद दिया और कहा प्रधानमंत्री के सक्षम, दूरदर्शी और मजबूत नेतृत्व में भारत निरंतर विकास, विश्वास और विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है। यह बजट विकसित भारत का मजबूत आधार हैं। बजट पर चर्चा में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से अध्यक्ष टी एन अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जय पुरसनानी, कन्हैया लाल राठौड़, संगठन महामंत्री राकेश बंसल, उपाध्यक्ष संदीप गुप्ता, राजेश अग्रवाल, मंत्री राजीव गुप्ता, योगेश रखवानी, ब्रजमोहन रैपुरिया आदि मौजूद रहे।

## मातृत्व है ईश्वर का महान वरदान, गर्भ संस्कार से पाइये दिव्य संतान

**आगरा**। मातृत्व है ईश्वर का महान वरदान। गर्भ संस्कार से पाइये दिव्य संतान... इस मनोभाव के साथ रविवार को प्रताप नगर स्थित गभार्धान संस्कार एवं मेटरनिटी होम परिसर में चित्रलेखा द विलेज आफ आर्ट सोसाइटी और श्री चंद्रभान साबुन वाले सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित प्रकल्प गभार्धान संस्कार होम के संयुक्त तत्वावधान में गर्भ संस्कार जैसे अनूठे विषय पर संभवतः विश्व की पहली पेंटिंग वर्कशॉप और चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। ललित कला संस्थान आगरा की पूर्व निदेशक और वर्तमान में मेवाड़ विश्वविद्यालय राजस्थान की महानिदेशक प्रो. डॉ. चित्रलेखा सिंह के निर्देशन में आगरा और बाहर के डॉ. त्रिलोक शर्मा, डॉ. मंजू बघेल, डॉ. मधु गौतम, डॉ. त्रिगुणातीत जैमिनी, कमलेश्वर शर्मा, नरेश कुमार, सौम्य देव मंडल, राहुल, विपिन उपाध्याय और सुदेश सहित 11 वरिष्ठ और उदीयमान चित्रकारों ने लाइव पेंटिंग बनाकर गर्भ संस्कार और मातृत्व चेतना का अनुपम संदेश दिया। गर्भ संस्कार विषय पर ही आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता के लिए ललित कला संस्थान, आगरा कॉलेज, संतराम कृष्णा कन्या महाविद्यालय, सेंट जॉन्स कॉलेज, बैकुंठी देवी और बीडी जैन गर्ल्स डिग्री कॉलेज सहित विभिन्न महाविद्यालयों से प्राप्त 100 से अधिक चित्र प्रविष्टियों की प्रदर्शनी भी सबके आकर्षण का केंद्र रही। यह प्रदर्शनी 2 और 3 फरवरी को भी प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक खुली रहेगी। समारोह के दौरान इस अनूठे आयोजन से संबंधित एक रंगीन ब्रोशर को जारी करते हुए डॉ. चित्रलेखा सिंह ने कहा कि जैसा बीज होता है, वैसा ही वृक्ष बनता है। माँ का गर्भ, गर्भस्थ शिशु के लिए प्रथम पाठशाला है। शिशु के मस्तिष्क का 80 फीसदी विकास गर्भ के अंदर ही होता है। इसलिए गर्भ संस्कार बेहद महत्वपूर्ण हैमुख्य अतिथि, प्रमुख समाजसेवी वीडी अग्रवाल एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पा अग्रवाल (पुष्पांजलि ग्रुप) ने गर्भ संस्कार पर केंद्रित इस अनूठी पहल की भूरि भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम संयोजक सचिन गोयल, राजीव जैन और नूतन ज्योति ने सभी व्यवस्थाएँ संभालीं। श्री चंद्रभान साबुन वाले सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष एड. अशोक अग्रवाल, महामंत्री मनोज अग्रवाल, सुनील विकल, डॉ. सुनीता गर्ग, डॉ. सरोज भार्गव, वसंत गुप्ता एड., डॉ. कृशांश चौहान, डॉ. सुधा बंसल, शीला बहल, राजकुमार जैन, निधि विनय अग्रवाल, गिरीश कुमार अग्रवाल, नंद नंदन गर्ग, राजकुमार गर्ग, गुंजन अग्रवाल, सुमन सुराना, डॉ. पीयूष जैन, आशीष गर्ग, कुलदीप गहेटे और पूजा जैसवाल भी प्रमुख रूप से मौजूद रहीं।

## श्रीबांके बिहारी मंदिर रेलिंग का ठेका सलीम अहमद को देने का किया विरोध



**मथुरा**। बांके बिहारी मंदिर में स्टील रेलिंग का ठेका मुस्लिम को मिलने पर साधु संतों में आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है, श्रीकृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के अध्यक्ष दिनेश फलाहारी महाराज ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है कि जहां भगवान राधा कृष्ण ने महारास और माखन चोरी लीला की हो ,जहां बांके बिहारी विराजमान हों, उस स्थान पर गौ मांस खाने वाले, सनातन धर्म के विरोधी आएंगे तो ब्रज वासियों को सहन नहीं होगा, हमारे कृष्ण कन्हैया भी नाराज हो जाएंगे। फलाहारी महाराज ने लिखा है कि यह लोग सनातन धर्म के विरोधी हैं, हिंदुओं को काफिर कहते हैं, ऐसे लोगों को मंदिर प्रांगण से 1 किलोमीटर तक घुसने नहीं दिया जाएगा, हमारे सनातनियों में स्टील रेलिंग लगाने के लिए हजारों ठेकेदार हैं ,तो फिर हिंदुओं पर अत्याचार करने वाले और मथुरा, काशी, अयोध्या को तोड़कर वहां नमाज अदा करने वाले मुगलों के वंशजों को यह ठेका क्यों दिया गया है, इस पूरे प्रकरण की जांच करा कर, पहचान छुपा कर कनिका कंस्ट्रक्शन के मालिक सलीम अहमद का ठेका निरस्त करके, किसी सनातनी भाई को ये ठेका मिलना चाहिए। बांके बिहारी मंदिर में मुस्लिम ठेकेदार का ब्रजभूमि के सभी साधु संतों और ब्रज वासियों ने विरोध किया है।

# फर्जी लोन एप के माध्यम से ठगी करने और फर्जी सिम बेचने वाले 5 गिरफ्तार

जिला संवाददाता



**फिरोजाबाद**। थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम ने फर्जी लोन एप के माध्यम से फ्रॉड करने वाले एवं फर्जी सिम बेचने वाले अन्तर्राज्जीय गिरोह का पदार्फाश कर गिरोह के पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। जिनमें से 03 अभियुक्त लोन रिकवरी के नाम पर भोले-भाले लोगों को डरा धमका कर लोन की रिकवरी के नाम पर ठगी करते हैं, शेष 02 अभियुक्त भोल-भाले लोगों के नाम पर सिम निकाल कर मंहगे दामों में तथाकथित रिकवरी एजेन्ट्स को उपलब्ध कराते है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में जनपद में साइबर क्राइम एवं ठगी की घटनाओं पर अंकुश लगाने व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा भारत सरकार द्वारा संचालित समन्वय प्रतिबिम्ब पोर्टल से प्राप्त शिकायतों की जांच के आधार पर थाना साइबर अपराध पर पंजीकृत मुकदमे में प्रकाश में आये 5 अभियुक्त राघव पुर शिवनन्दन निवासी जहारवीर नगर थाना सिरसागंज, रजनीश पुत्र श्री कृष्ण यादव निवासी कौरारा रोड बाईपास थाना सिरसागंज, सोनू पुत्र सर्वेश कुमार जहारवीर नगर थाना सिरसागंज नीलेश पुत्र रामप्रवेश निवासी कुतुबपुर थाना नसीरपुर एवं पुष्पेन्द्र पुत्र रवीश कुमार निवासी नगला कन्ही थाना खैरगढ़ फिराजाबाद को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल, लैपटॉप, थम्ब इम्पैशन रीडिंग मशीन और भारी मात्रा में सिम बरामद किए गए। अपर पुलिस अधीक्षक नगर रवि शंकर प्रसाद ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा महान किट प्रा0लि0 नाम की फर्जी फर्म खोली गयी, जिसके माध्यम से अभियुक्त कई सारे फर्जी लोन एप बनवा कर प्ले स्टोर एवं एप्पल स्टोर पर लाँच करते हैं। जैसे ही कोई व्यक्ति उस एप को डाउनलोड करता है, ये लोग उसकी यूपीआई पर कुछ रुपये लोन के रूप में भेज देते है और परमिशन के नाम पर उसके फोन का सारा डेटा का एक्सेस ले लेते है। लोन रिकवरी के नाम पर ऊंची ब्याज दरों पर उनसे रिकवरी करते हैं, अगर कोई व्यक्ति लोन चुकाने से मना करता है तो उसके फोन से लिये गये फोटो को एडिट कर के उसे एवं उसके परिजनों को भेजते है। जिससे डर कर वह व्यक्ति इन्हें मनचाही रकम वापस कर देता था। यह काम ये लोग पिछले कई वर्षों से कर रहे थे। ये लोग लोन का रुपया विभिन्न खातों में ट्रांसफर करवाकर ग्राहकों का मोबाइल नम्बर ब्लॉक कर देते हैं। अभियुक्तों द्वारा पिछले कई वर्षों से लोन के नाम अब तक करीब 800 लोगों से ठगी कर चुके हैं। वहीं ये लोग बाहर से आये मजदूरों व अशिक्षित लोगों के पास जाकर उनकी सिम चालू करते हैं एवं मशीन चालू ना होने या कोई भी अन्य बहाना बना कर उन्हें सिम नही देते हैं, बाद में वही सिम ऊंचे दामों पर रिकवरी एजेन्ट्स को बेच देते है। अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुये न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

# हिंसस ने आयोजित किया हिन्दू सम्मेलन

**मथुरा**। व्यक्ति, व्यक्ति में राष्ट्र चेतना का भाव जागृत करने के उद्देश्य को लेकर, निरंतर समाज के मध्य कार्य कर रहे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और समग्र हिंदू समाज के कार्यकताओं ने माघ पूर्णिमा पर मथुरा महानगर के छत्ताबाजार गोपाल गली स्थित गोपाल घाटी पर शिवाजी बस्ती हिंदू सम्मेलन आयोजित किया।सम्मेलन का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भगवान श्री राम की छवि के समक्ष, पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलन परम पूज्य श्रीविष्णु स्वामी मतानुयायी गोपाल वैष्णव पीठाधीश्वर यदुनंदन लाला बाबा महाराज, भागवत भास्कर आचार्य अनमोल महाराज श्रीधाम वृंदावन, श्री अम्बिका प्रसादजी ब्रज प्रांत कुटुम्ब प्रबोधन प्रमुख, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, राष्ट्र सेविका समिति की डा.भारती चैधरी, संस्कृत भारती अध्यक्ष वरिष्ठ हिन्दू नेता आचार्य ब्रजेन्द्र नागर द्वारा किया गया।हिंदू सम्मेलन में, सनातन संस्कृति की मान, मयार्दा, संस्कृति, संस्कार और



परम्पराओं को संरक्षित, संवर्धित करने और अपने घर परिवार समाज के मध्य अपने दैनिक जीवन में सांस्कृतिक परंपराओं को आत्मसात करते हुए अपनी सनातन संस्कृति को कैसे जीवंत रखा जाए और भारत माता की एकता अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने एवं भारत माता को परम्वैभव पर ले जाने जैसे विषयों पर वक्ताओं द्वारा अपने विचार व्यक्त किए गए।कार्यक्रम की अध्यक्षता गोपाल वैष्णव पीठाधीश्वर यदुनंदन, लाला बाबा महाराज द्वारा की गई, मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कुटुम्ब प्रबोधन ब्रज प्रांत प्रमुख अम्बिका प्रसाद जी रहे, मातृ शक्ति के रूप में राष्ट्र सेविका समिति की पूर्व बौद्धिक प्रमुख डा. भारती चैधरी जी का उद्बोधन रहा, हिंदू सम्मेलन की भूमिका संस्कृत भारती मथुरा जिला अध्यक्ष आचार्य ब्रजेंद्र नागर द्वारा रखी गई, हिंदू सम्मेलन में गणेश वंदना, मनोज चतुर्वेदी, सरस्वती वंदना मनोज अग्रवाल, मां भारती को समर्पित गीत आचार्य मुरलीधर चतुर्वेदी, जागरण गीत बालकृष्ण चतुर्वेदी बालू भईया ने प्रस्तुत किया।हिंदू सम्मेलन में, देव कृष्ण दीक्षित श्री राम मंदिर वृंदावन, हित कन्हैया महाराज वृन्दावन, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महानगर कार्यवाह विजय अग्रवाल बंटा ,सह कार्यवाह ओम, दीनदयाल नगर संघ चालक ब्रजेश चतुर्वेदी एडवोकेट, श्रीदीर्घ विष्णु मंदिर के सेवायत महंत कान्तानाथ चतुर्वेदी, भाजपा विधि प्रकोष्ठ के ब्रज प्रांत संयोजक रामकिशन पाठक एडवोकेट, धर्म जागरण के विभाग संयोजक रामवीर यादव, व्यापारी नेता मदन मोहन श्रीवास्तव, भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू, महानगर मंत्री कुंज बिहारी चतुर्वेदी, पार्षद श्रीमती रचना रामकिशन पाठक, समाज सेविका, कविता अग्रवाल, तमन्ना गुप्ता, रजनी शर्मा, हरीश अग्रवाल, राजू चतुर्वेदी, मनोज चतुर्वेदी, मुकेश अग्रवाल, दिलीप गुप्ता, अशोक गुप्ता, गौरव जैन, संतोष अग्रवाल घीवाले, हरिओम शर्मा, रजत जी ,नैतिक, में सर्वसमाज के लोगों व मातृ शक्ति की गरिमामय माता सम्मेलन में सहभागिता करने वाली समाज की सज्जन शक्ति के लिए सहभोज स्वरूप प्रसादी का कार्यक्रम भी रखा गया।

# युधिष्ठिर पहुंचे संत प्रेमानंद के दरबार सुनाया संवाद तो मिला आशीर्वाद

जिला संवाददाता



मथुरा। दूरदर्शन पर प्रसारित महाभारत सीरियल महाभारत में युधिष्ठिर गजेंद्र चैहान सोमवार को वृंदावन में संत प्रेमानंद से आशीर्वाद लेने पहुंचे। संत प्रेमानंद ने कहा आपने हमारे धर्म के स्वरूप का अभिनय किया है। युधिष्ठिर साक्षात धर्म के अंश से ही प्रकट हुए थे। गजेंद्र चैहान ने संत प्रेमानंद को महाभारत का संवाद भी सुनाया।प्रेमानंद महाराज ने भी उनसे कहा, हम आपका स्वागत करते हैं, महाभारत बहुत बड़े धर्म का स्वरूप है, आपने अभिनय निभाया, युधिष्ठिर धर्म के अवतार थे इसीलिए उनका अवतार हुआ था। गजेंद्र चैहान ने संत प्रेमानंद महाराज से कहा एक समय आया था, जब महाभारत में पांचाली ने बनवास जाने से मना कर दिया युधिष्ठिर ने माता-पिता और भाइयों, पांचाली को समझाते हुए कहा कि श्री राम ने 14 साल का वनवास काटा. क्या सीताजी नहीं जानती थी कि मृग सोने का नहीं होता। जो होने वाला है वह हमारे कर्मों का फल है युधिष्ठिर ने कहा था ना मैं रोक सकता हूं, ना तुम, ना भीम का गदा रोक सकता है, ना अर्जुन के बात रोक सकते हैं। इसलिए जो लिखा है वह तो कर्म करना ही पड़ेगा उसी का फल मिलेगा। जेष्ठ पिताश्री को प्रतीक्षा करवाना मयार्दा का उल्लंघन होगा। इसलिए बनवास पर चलना ही पड़ेगा इस बात को सुनकर प्रेमानंद महाराज खिलखिला कर हंस पड़े। गजेंद्र चैहान ने कहा मेरा एक बहुत ही प्रिय और फेवरेट कथन है जो अटल बिहारी वाजपेई जी का भी था। पुत्र कोई भी पिता कोई भी परिवार कोई भी प्रतिज्ञा कोई भी परंपरा राष्ट्र से ऊपर नहीं हो सकता। प्रेमानंद महाराज जी ने अपनी सहमति बताते हुए कहा सही बात है राष्ट्र से ऊपर कुछ नहीं है. राष्ट्र के ऊपर जब कोई बात आती है तो प्रतिज्ञा भी तोड़नी पड़ती है। चैहान ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटलबिहारी वाजपेयी का प्रिय संवाद भी सुनाया जो इस तरह था, कि कोई भी पुत्र, कोई भी पिता, कोई भी परिवार, कोई भी प्रतीक्षा, कोई भी परंपरा हो। राष्ट्र से ऊपर नहीं हो सकती। संत प्रेमानंद ने गजेंद्र चैहान को श्रीजी का प्रसादी अंगवस्त्र व प्रसाद भेंट किया।

# कुंवर नरेंद्र सिंह बने पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन आयोग के सदस्य, मथुरा में खुशी की लहर

**मथुरा**। केंद्र सरकार ने मथुरा के वरिष्ठ समाजसेवी कुंवर नरेंद्र सिंह को पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन आयोग का सदस्य नियुक्त किया है। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर जिले में हर्ष और उत्साह का माहौल है।

इस अवसर पर सीसी क्लब की ओर से कुंवर नरेंद्र सिंह के सम्मान में भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व सीसी क्लब के मनोज शर्मा बॉबी डेरी ने किया।



कुंवर नरेंद्र सिंह लंबे समय से सामाजिक सरोकारों, पर्यावरण संरक्षण तथा जनहित से जुड़े कार्यों में सक्रिय रहे हैं। उनकी नियुक्ति से जिले सहित प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में प्रभावी कार्य होने की उम्मीद जताई जा रही है।समारोह में वक्ताओं ने कहा कि उनका अनुभव और समर्पण आयोग के कार्यों को नई दिशा देगा तथा पर्यावरण संरक्षण के अभियानों को मजबूती मिलेगी।

अपने संबोधन में कुंवर नरेंद्र सिंह ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करेंगे।

कार्यक्रम का संचालन महेंद्र चैधरी ने किया। इस अवसर पर डॉ अशोक अग्रवाल, राम सरीन एडवोकेट, रवि सरीन, बीके उपाध्याय, गिरधारी लाल, सतीश चैधरी, श्रीपाल शर्मा, क्लब अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, राजेश अग्रवाल राजू, राजीव अग्रवाल, राजकुमार बंसल, कन्हैया अग्रवाल, सागर शर्मा, आशुतोष वैद्य, आशीष अग्रवाल, गोविंद शर्मा, विमल अग्रवाल, अनिल अग्रवाल बर्तन, केपी शर्मा, अशोक चतुर्वेदी, रितेश अग्रवाल, प्रभात चतुर्वेदी एडवोकेट, सुभाष अग्रवाल, अनिल अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## अखिल भारतीय मांग दिवस पर एनसीआरएमयू ने किया प्रदर्शन



**टूंडला**। ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के आवाह्न पर नॉर्थ सेंट्रल रेलवे मेंस यूनियन टूंडला द्वारा रेल कर्मचारियों एवं पेंशनरों की लंबित मांगों को लेकर सोमवार को अखिल भारतीय मांग दिवस पर टूंडला में गार्ड एवं क्रू लॉबी से प्लेटफॉर्म नंबर तीन चार तक भोजनावकाश के समय जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने भाग लिया। इसके पश्चात प्रातः 12 बजे क्रू लॉबी, टूंडला पर केंद्रीय उपाध्यक्ष भारत सिंह यादव के नेतृत्व में धरना-प्रदर्शन एवं गेट मीटिंग आयोजित की गई। धरने में रेल कर्मचारियों एवं पेंशनरों की व्यापक भागीदारी रही।धरना-प्रदर्शन के दौरान 8वें वेतन आयोग को शीघ्र लागू करने, पेंशन विसंगतियां समाप्त करने टीए के अनुसार रनिंग कर्मचारियों का माइलेज 25 प्रतिशत बढ़ाये जाने बोनस की 7000 सीमा हटाने, ओपीएस के समान पेंशन सुविधाएं देने, रनिंग स्टाफ भत्तों में वृद्धि पदोन्नति, ट्रैक मेंटेनरों एवं पॉइंट्समैन को 4200 ग्रेड पे, आउटसोर्सिंग पर रोक, 8 घंटे से अधिक ड्यूटी न कराने, रिस्क एवं हार्ड ड्यूटी भत्ता, तथा रेल आवासों की समुचित मरम्मत जैसी प्रमुख मांगें उठाई गईं। मैकेनिकल शाखा के शाखा मंत्री जय किशन अजवानी ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। सरदार सिंह ने कार्यक्रम में सहयोग देने वाले सभी कर्मचारियों एवं पेंशनरों का आभार व्यक्त किया। विरोध प्रदर्शन में मंडल उपाध्यक्ष ओमवीर सिंह.शाखा मंत्री सरदार सिंह शाखा मंत्री गौरव यादव.शाखा मंत्री जयकिशन अजवानी अरविंद मीना.नाहर सिंह मीना सतेंद्र यादव.दीपक शर्मा.कैलाश चंद्र राजीव यादव.मनोज कुमार.बी.एल.मीना.कृष्णा मीना.मुकेश चंद मीना, विश्राम मीना, सोनू घुनावत मंटू मीना, आर डी मीना, इंद्राज मीना, रोशन लाल मीणा, संतोष सुमन आदि शामिल रहे।

## अवैध असलहे सहित एक गिरफ्तार

**टूंडला**। थाना टूण्डला पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक अभियुक्त को अवैध असलहा सहित गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में अवैध शस्त्रों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त हुब्बलाल उर्फ हुब्बा पुत्र फूलसिंह निवासी मोहम्मदपुर थाना टूण्डला जिला फिरोजाबाद को मय एक अदद तमंचा व 01 कारतूस जिन्दा के साथ वसई बम्बा पुलिया से प्रकाशानन्द कालोनी की ओर जाने वाले वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बरामदगी गिरफ्तारी के आधार पर थाना पर आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है ।

## कार और टैम्पू की भिड़ंत में टैम्पू चालक और उसका मालिक घायल

**टूंडला**। थाना टूंडला क्षेत्र के उसायनी के निकट टैम्पू व कार की भिड़ंत में चालक व उसका मालिक गंभीर घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए ट्रामा सेंटर फिरोजाबाद भेजा है। टैम्पू चालक इसलाम पुत्र मुन्नाखान व मुन्ना पुत्र बाबू खा टैम्पू में सामान लेकर आ रहे थे। तभी उसायनी के निकट पहुंचे ही थे कि पीछे से आ रही कार ने टक्कर मार दी। जिससे टैम्पू चालक व उसका मालिक गंभीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेज पुलिस आगे की आवश्यक कार्यवाई की है।

## यातायात पुलिस ने 937 वाहनों के चालान और 2 वाहन किए सीज

**फिरोजाबाद**। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाये जा रहे विशेष अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी यातायात के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम द्वारा जनपद में सड़क सुरक्षा को लेकर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं एवं यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में यातायात पुलिस टीम फिरोजाबाद द्वारा सोमवार को यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 937 वाहनों का चालान किया गया व 2 वाहन सीज किये गये।

## 101 दीपकों से की गई यमुना मैया की महाआरती

**आगरा**। विश्व शांति हिंदू महासम्मेलन समिति द्वारा आज बल्केश्वर पार्वती घाट पर यमुना मैया की महा आरती का आयोजन किया गया। यमुना मैया की विधि विधान द्वारा दुग्ध अभिषेक, पुष्प वर्षा, शंख ध्वनि से पूजा अर्चना कर आरती का शुभारंभ किया गया। 101 दीपकों से यमुना मैया की महाआरती की गई। क्षेत्रीय पार्षद मुरारी लाल गोयल व पार्षद श्रीमती पूजा बंसल ने बताया की 8 फरवरी 2026 को होने वाले महा विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर आज द्वितीय कार्यक्रम यमुना मैया की महा आरती महंत विष्णु दास जी ने सभी के साथ अरदास प्रार्थना की सब यही कामना कर रहे हैं कि मां यमुना मैया कृपा करना और महा विराट हिंदू सम्मेलन को सफल बनाना। सभी भक्तों व क्षेत्र वासियों को प्रसाद वितरण भी किया गया। सभी गणमान्य लोगों के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। मुख्य रूप से सुमन अग्रवाल, गिर्राज बंसल, रमन अग्रवाल, रवि अग्रवाल, ब्रह्मा गुप्ता, कुमकुम उपाध्याय, अनुपम शर्मा, मनीषा भारतीय, पूजा जैन, देवेंद्र चौहान, विश्वनाथ भारद्वाज, मयंक खंडेलवाल, राजा चौधरी, संतोष गुप्ता, विनय अग्रवाल, सुनील जी, साधना राठौर, राम गुप्ता, कुसुम लता आदि उपस्थित रहे।

## मथुरा के प्रिंस छौंकर ने 70 किलोग्राम भार उठाकर पाया कांस्य पदक, तीसरा स्थान पाकर किया नाम रोशन



**मथुरा**। उत्तर प्रदेश आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप 2026 का आयोजन गाजियाबाद स्थित हरित विश्वविद्यालय में हुआ और यह पीएएफआई (पीपुल्स आर्मरेसलिंग फेडरेशन इंडिया) से संबद्ध थी। इस प्रतियोगिता में कई जिला चैंपियनों ने भाग लिया। इनमें मथुरा के प्रिंस छोंकर ने 10 मुकाबलों में भाग लेकर 65-70 किलोग्राम भार वर्ग में कॉन्स पदक जीत कर जूनियर श्रेणी में तीसरा स्थान पाते हुए प्रदेश में नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता के दौरान प्रिंस छौंकर ने अपनी तकनीक, ताकत और आत्मविश्वास का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उनके प्रदर्शन से निर्णायक मंडल और दर्शक प्रभावित हुए। फाइनल मुकाबले में उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी को हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया। प्रिंस की इस सफलता पर मथुरा शहर में खुशी का माहौल है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, खेल संगठनों, शिक्षकों और समाजसेवियों ने उन्हें बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि क्षेत्र के नवयुवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। प्रिंस छौंकर ने अपनी जीत का श्रेय अपने माता-पिता, प्रशिक्षकों और सभी शुभचिंतकों को दिया। उन्होंने बताया कि उनका अगला लक्ष्य राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर जिले और प्रदेश का नाम रोशन करना है।

संक्षेप

## बजट से सीमेंट सेक्टर में आयेगी तेजी: सीएमए

बंगलुरु। सीमेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (सीएमए) ने केन्द्रीय बजट 2026-27 का स्वागत किया है। यह देश के विकास के लिए लोगों की उम्मीदों को मजबूत करने और सबको साथ लेकर चलते हुए लोगों की उम्मीदों को संतुलित करने के लिए है। यह बजट भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत और आत्मनिर्भरता के विजन से प्रेरित है। इस बजट पर सीमेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (सीएमए) के प्रेसिडेंट पार्थ जिंदल ने कहा कि जैसे-जैसे भारत एक विकसित देश बनने की ओर बढ़ रहा है, केन्द्रीय बजट में बताए गए तीन कर्तव्य देश की वृद्धि और उम्मीदों के लिए एक स्पष्ट संदर्भ देते हैं, जो इकोनॉमिक मोमेंटम को क्षमता निर्माण और समावेशी प्रगति के साथ जोड़ते हैं। सीमेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (सी एम ए) विनिर्माण प्रतिस्पर्धात्मकता, शहरी विकास और इंफ्रास्ट्रक्चर आधुनिकिकरण पर लगातार जोर देने के लिए केन्द्रीय 2026-27 की प्रशंसा करता है।

## सीए नीरज घेई को मिला सीए महिला लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड 2026

ग्रेटर नोएडा। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ने ग्रेटर नोएडा में आयोजित 'वर्ल्ड फोरम ऑफ अकाउंटेंट्स 2026' के दौरान सीए नीरज घेई को 'सीए महिला लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड 2025' से सम्मानित किया है। इस बारे में उन्होंने कहा एक सीए होना मेरे लिए केवल एक पेशा नहीं, बल्कि सीखने और जिम्मेदारी की एक जीवन भर की यात्रा रही है । कौशल और ज्ञान को अपडेट किया जा सकता है, लेकिन यदि ईमानदारी से समझौता किया जाए, तो उसे वापस पाना कठिन होता है समाज हम पर भरोसा करता है, और हमें उस भरोसे की रक्षा करनी चाहिए।

## क्लासिक लीजेंड्स के नेशनल ट्रेनिंग सेंटर का शुभारंभ

नई दिल्ली। क्लासिक लीजेंड्स ने तकनीकी क्षमता को मजबूत करने और सेवा उत्कृष्टता को आगे बढ़ाने की अपनी यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए इंदौर स्थित पीथमपुर प्लांट में एडवांस्ड नेशनल ट्रेनिंग सेंटर का उद्घाटन किया है। यह नया केंद्र भविष्य के लिए तैयार प्रतिभाओं को विकसित करने और विश्वस्तरीय ट्रेनिंग इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश के प्रति कंपनी की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हमारे सर्विस कैपेबिलिटी इकोसिस्टम को मजबूत करना बेहद जरूरी हो जाता है। एडवांस्ड नेशनल ट्रेनिंग सेंटर लोगों, कौशल और इंफ्रास्ट्रक्चर में एक रणनीतिक निवेश है, जिसका उद्देश्य भविष्य के लिए तैयार तकनीशियनों का निर्माण करना और हमारे नेटवर्क में सेवा उत्कृष्टता को मानकीकृत करना है। यह केंद्र यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा कि हर जावा, येजदी और बीएसए राइडर को एक समान और उच्च गुणवत्ता का ओनरशिप अनुभव मिले।

## यामाहा ने लॉन्च किया ईवी स्कूटर ईसी-06

चेन्नई। इंडिया यामाहा मोटर (आईवायएम) प्राइवेट लिमिटेड ने आज अपने पहले इलेक्ट्रिक स्कूटर ईसी-06 की कीमत 1,67,600 रुपये (एक्स-शोरूम, दिल्ली) की घोषणा की। यह स्कूटर ब्लूइश व्हाइट रंग में उपलब्ध होगा और इसे यामाहा के प्रीमियम ब्लू स्क्वेयर शोरूम्स के माध्यम से चुनिंदा शहरों में बेचा जाएगा। ईसी-06 यामाहा के इलेक्ट्रिक मोबिलिटी सेगमेंट में प्रवेश का रणनीतिक कदम है, जो पर्यावरणीय स्थिरता को लेकर कंपनी की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। यह लॉन्च भारत सरकार के ह्यनेशनल मिशन ऑन ट्रांसफॉर्मेटिव मोबिलिटीह्न में योगदान देता है और 2070 तक नेट-जीरो उत्सर्जन के देश के महत्वाकांक्षी लक्ष्य के साथ जुड़ता है। ईसी-06 के जरिए यामाहा भारतीय उत्सर्जन मानकों और हरित, आत्मनिर्भर भविष्य के दृष्टि के अनुरूप अपनी कार्बन-न्यूट्रैलिटी की व्यापक योजनाओं को मजबूत कर रहा है। इस स्कूटर को उन राइडर्स के लिए तैयार किया गया है जो रोजाना के लिए आधुनिक, स्टाइलिश और व्यावहारिक यात्रा का विकल्प चाहते हैं। ईसी-06 में प्रमाणित 169 किमी की रेंज है, जो हर दिन सफर करने के लिए आदर्श है। इसका डिजाइन यामाहा के मूल डीएनए को आधुनिक सौंदर्य के साथ जोड़ता है। इसमें स्थिर स्टांस और बेहतरीन प्रोपोर्शन हैं, जो ट्रैफिक में आसानी से नियंत्रण देते हैं। हॉरिजॉन्टल कोर लेआउट से संरचनात्मक संतुलन और सटीकता मिलती है।

# सेंसेक्स ने लगायी 943 अंक की छलांग



मुंबई। आम बजट के दिन भारी गिरावट का सामना करने वाले घरेलू शेयर बाजार ने सोमवार को जोरदार वापसी की। तेल एवं गैस, बैंक और वाहन कंपनियों के शेयरों में खरीदारी आने से बीएसई सेंसेक्स 943 अंक चढ़कर बंद हुआ, जबकि एनएसई निफ्टी में 263 अंक की तेजी दर्ज की गई। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 943.52 अंक यानी 1.17 प्रतिशत की बढ़त के साथ 81,666.46 अंक पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान एक समय यह l,009.31 अंक चढ़कर 81,732.25 अंक के उच्चस्तर तक पहुंच गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 262.95 अंक यानी 1.06 प्रतिशत बढ़कर 25,088.40 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 282.65 अंक चढ़कर 25,108.10 अंक तक पहुंच गया था। विशेषज्ञों के मुताबिक, कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में तेज गिरावट और बजट के दिन की भारी गिरावट से प्रमुख कंपनियों के शेयरों में मूल्य-आधारित खरीदारी आने से घरेलू शेयर बाजारों को राहत मिली। सेंसेक्स की कंपनियों में से पावर ग्रिड में 7.61 प्रतिशत और अदाणी पोर्ट्स में 4.76 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। इनके अलावा भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो, इंटरग्लोब एविएशन (यानी इंडिगो), आईसीआईसीआई बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट भी प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ एक्सिस बैंक, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, ट्रेंट और टाइटन के शेयर नुकसान के साथ बंद हुए। क्षेत्रवार सूचकांकों में उपयोगिता खंड में सर्वाधिक 2.66 प्रतिशत की तेजी रही जबकि बिजली खंड में 2.54 प्रतिशत, सेवा खंड में 2.38 प्रतिशत और ऊर्जा खंड में 1.98 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। जनवरी महीने में विनिर्माण गतिविधियों में हल्के सुधार के आंकड़ों ने भी बाजार धारणा को समर्थन दिया। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) दिसंबर के दो साल के निचले स्तर 55 से बढ़कर जनवरी में 55.4 रहा। हालांकि, कारोबारी भरोसा साढ़े तीन साल के सबसे निचले स्तर पर आ गया है। सोमवार को जारी मासिक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई। इससे पहले, रविवार को केंद्रीय बजट 2026-27 पेश होने के दिन प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) में बढ़ोतरी के प्रस्ताव से शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट आई थी। सेंसेक्स l,546.84 अंक यानी 1.88 प्रतिशत टूटकर 80,722.94 पर बंद हुआ था, जबकि निफ्टी 495.20 अंक यानी 1.96 प्रतिशत गिरकर 24,825.45 अंक पर रहा था।

# रुपया 42 पैसे चढ़कर 91.51 प्रति डॉलर पर



मुंबई। आम बजट 2026-27 पेश होने के एक दिन बाद सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 42 पैसे की मजबूती के साथ 91.51 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

रुपये में यह बढ़त मुख्य रूप से कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट के कारण देखी गई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) 92 रुपये प्रति डॉलर के स्तर को बचाने के लिए पूरी मजबूती से सक्रिय नजर आया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 91.95 पर खुला। कारोबार के दौरान इसने 91.45 का उच्चस्तर और 91.95 का निचला स्तर छुआ। अंत में रुपया 91.51 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद स्तर के मुकाबले 42 पैसे की बढ़त है। इससे पहले शुक्रवार को रुपया 92.02 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया था, जिसके बाद यह छह पैसे की मामूली बढ़त के साथ 91.93 पर बंद हुआ था। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, बजट ने रुपये को भरोसा दिया है। हालांकि, सरकार की भारी उधारी योजना (17.2 लाख करोड़ रुपये) आने वाले समय में निवेशकों की धारणा पर दबाव डाल सकती है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.09 प्रतिशत बढ़कर 97.07 पर कारोबार कर रहा था। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 4.46 प्रतिशत गिरकर 66.23 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। अमेरिका और ईरान के बीच सैन्य तनाव कम होने की चर्चाओं के चलते तेल की कीमतों में यह राहत मिली है निकट भविष्य में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 91.10 से 91.85 के दायरे में रह सकता है। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, रविवार को विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 588.34 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

## बिहार में ऋण-जमा अनुपात बढ़कर 56.54 प्रतिशत पर

पटना। बिहार में बैंक राज्य के लोगों को ऋण देने के मामले में पहले की तुलना में अधिक उदार हो रहे हैं, जिसके कारण राज्य के ऋणजमा (सीडी) अनुपात में लगातार सुधार दर्ज किया जा रहा है। 31 मार्च, 2025 को राज्य का सीडी अनुपात 53.50 प्रतिशत था, जो सितंबर, 2025 में बढ़कर 56.54 प्रतिशत हो गया। इस प्रकार छह महीनों के भीतर इसमें तीन प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। राज्य की आर्थिक समीक्षा में यह जानकारी दी गई है।

आर्थिक समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार, सितंबर, 2025 में बिहार के लिए बैंक समूहवार आंकड़े प्रस्तुत किए गए हैं, जिनमें जमा, अग्रिम (राज्य के बाहर स्थित शाखाओं सहित) तथा ऋणजमा अनुपात के विवरण शामिल हैं। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का कुल जमा राशि में सर्वाधिक 4,42,376 करोड़ रुपये तथा ऋण में 2,03,923 करोड़ रुपये का हिस्सा रहा। हालांकि, इनका ऋणजमा अनुपात 46.10 प्रतिशत रहा। निजी क्षेत्र के बैंकों ने कुल 91,600 करोड़ रुपये की जमा राशि जुटाई और 85,712 करोड़ रुपये का अग्रिम दिया, जिससे उनका ऋणजमा अनुपात 93.57 प्रतिशत रहा। सहकारी बैंकों की जमा राशि 6,354 करोड़ रुपये तथा दी गई अग्रिम राशि 5,205 करोड़ रुपये रही, जिससे इनका ऋणजमा अनुपात 81.93 प्रतिशत दर्ज किया गया।

## बिजली की खपत बढ़कर 142.74 अरब यूनिट पर

नयी दिल्ली। जनवरी महीने में देश के कई हिस्सों में कड़ाके की ठंड पड़ने से बिजली खपत 3.8 प्रतिशत बढ़कर 142.74 अरब यूनिट हो गई जबकि पिछले साल इसी महीने यह 132.5 अरब यूनिट थी।



आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी में बिजली की अधिकतम आपूर्ति भी बढ़कर 245.42 गीगावाट हो गई, जो जनवरी, 2025 में रिकॉर्ड 237.31 गीगावाट थी। देश में बिजली की अधिकतम मांग मई, 2024 में 250 गीगावाट दर्ज की गई थी, जबकि इससे पहले का उच्चतम स्तर 243.27 गीगावाट सितंबर, 2023 में रहा था। विशेषज्ञों के मुताबिक, जनवरी महीने में देश के उत्तरी हिस्सों में ठंड और बारिश के कारण गर्मी प्रदान करने वाले उपकरणों का इस्तेमाल बढ़ने से बिजली खपत बढ़ी। कुछ क्षेत्रों में बर्फबारी ने भी बिजली की मांग को बढ़ाया। बिजली की खपत में आया यह उछाल देश के विभिन्न हिस्सों में अत्यधिक ठंड के प्रभाव को दर्शाता है। भारतीय मौसम-विज्ञान विभाग ने शनिवार को कहा था कि फरवरी में देश में अपेक्षाकृत गर्म मौसम रहने और हिमालयी क्षेत्रों में सामान्य से कम बारिश होने का अनुमान है। ऐसे में फरवरी में बिजली की खपत में कमी आ सकती है।

## वाहन कंपनियों की बिक्री बढ़ी

नयी दिल्ली। मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स, महिंद्रा और हुंदै जैसी प्रमुख वाहन कंपनियों ने जनवरी में बिक्री में बढ़ोतरी दर्ज की है। पिछले साल त्योहारी सीजन के दौरान जीएसटी सुधारों से मिली गति के कारण बिक्री में यह तेजी बनी हुई है।

देश की अग्रणी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने बताया कि पिछले महीने विक्रेताओं को उसके घरेलू यात्री वाहनों की आपूर्ति बढ़कर l,74,529 इकाई रही, जो पिछले साल इसी महीने में l,73,599 इकाई थी। आल्टो और एस-प्रेसो जैसी छोटी कारों की बिक्री मामूली रूप से बढ़कर 14,268 इकाई रही। वहीं बलेनो, डिजायर, इग्निस और स्विफ्ट सहित मझोली (कॉम्पैक्ट) कारों की बिक्री पिछले साल की 82,241 इकाइयों से घटकर 72,738 इकाई रह गई। हालांकि, ग्रैंड विटारा, ब्रेजा और एर्टिगा जैसे वाहनों (यूटिलिटी) की बिक्री बढ़कर 75,609 इकाई हो गई, जो एक साल पहले 65,093 इकाई थी। मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन एवं बिक्री) पार्थो बनर्जी ने कहा कि कंपनी ने 2,36,963 इकाइयों की अब तक की सबसे अधिक मासिक कुल बिक्री दर्ज की है। हमें 2.78 लाख से अधिक इकाइयों की बुकिंग मिली है, जो सालाना आधार पर 25 प्रतिशत की वृद्धि है। बाजार से हमें हर दिन लगभग 9,000 से 10,000 बुकिंग मिल रही हैं। उन्होंने बताया कि नयी एसयूवी विक्टोरिस ने पांच महीने में 50,000 इकाइयों का आंकड़ा पार कर लिया है।

## बजट वैश्विक स्थिरता को लेकर प्रतिबद्धता दर्शाता है : फिच

नयी दिल्ली। भारत का बजट सरकारी कर्ज में क्रमिक कमी के जरिये व्यापक आर्थिक स्थिरता बनाए रखने की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसे वृद्धि संभावनाओं को मजबूत करने के लिए मजबूत पूंजीगत व्यय कार्यक्रम के साथ संतुलित किया गया है। फिच रेटिंग्स ने सोमवार को यह बात कही कि बजट में हालांकि किसी बड़े पैमाने के सुधार की विशेष घोषणा नहीं की गई लेकिन फिच का मानना है कि उसे आगे और सुधारों की उम्मीद है खासकर विनियमन में ढील देने के एजेंडे पर। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि मजबूत जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि भारत के कई संप्रभु ऋण मानकों में सकारात्मक गति ला रही है और यदि यह बनी रहती है।

तो शेष राजकोषीय चुनौतियों के बावजूद समय के साथ देश की ऋण खाके में सुधार हो सकता है। फिच ने कहा कि हालिया सुधारों की गति को आगे बढ़ाने से निजी निवेश में तेजी आने में मदद मिलेगी और भारत की संभावित वृद्धि को अधिक मजबूती मिलेगी। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि राजकोषीय समेकन बहुत सीमित रहने की संभावना है, क्योंकि वित्त वर्ष 2026-27 के लिए राजकोषीय घाटे का लक्ष्य जीडीपी का 4.3 प्रतिशत रखा गया है जो वित्त वर्ष 2025-26 के 4.4 प्रतिशत से थोड़ा कम है। फिच ने कहा, समेकन की रफ्तार का धीमा होना हमारे इस आकलन के अनुरूप है कि जीडीपी वृद्धि से अधिक समझौता किए बिना घाटे में और कमी लाना कठिन होता जा रहा है। सरकार ने अधिक कड़े समेकन की बजाय पूंजीगत व्यय को 2026-27 की जीडीपी के 3.1 प्रतिशत पर अपेक्षाकृत स्थिर रखने का विकल्प चुना है। यह कदम संभवतः निजी निवेश की सुस्त गति की भरपाई के प्रयास को दर्शाता है। भारत का बजट सरकारी कर्ज में क्रमिक कमी के रास्ते के जरिये व्यापक आर्थिक स्थिरता बनाए रखने की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसे वृद्धि संभावनाओं को बढ़ाने के लिए मजबूत पूंजीगत व्यय कार्यक्रम के साथ संतुलित किया गया है।

## देश के विनिर्माण क्षेत्र में हुआ सुधार : पीएमआई

नयी दिल्ली। देश की विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियों में जनवरी में मामूली सुधार देखने को मिला। हालांकि नए ऑर्डर में तेजी से वृद्धि के बावजूद कारोबारी विश्वास साढ़े तीन साल के सबसे निचले स्तर पर आ गया है। सोमवार को जारी मासिक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई।

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक दिसंबर के दो साल के निचले स्तर 55 से बढ़कर जनवरी में 55.4 रहा। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर का अंक विस्तार जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन दर्शाता है। भारतीय विनिर्माण कंपनियों में जनवरी में सुधार देखा गया, जिसका कारण नए ऑर्डर, उत्पादन एवं रोजगार में वृद्धि रही। कच्चे माल की लागत में मध्यम वृद्धि हुई जबकि फैक्ट्री-गेट कीमतों में बढ़ोतरी की रफ्तार धीमी पड़ी जिससे विनिर्माताओं के मुनाफे पर हल्का दबाव पड़ा। फैक्ट्री-गेट कीमत का मतलब वह कीमत है जिस पर कोई उत्पाद उसके विनिर्माता के कारखाने या गोदाम से निकलता है। सर्वेक्षण में शामिल प्रतिभागियों ने कहा कि मांग में मजबूती, नए कारोबार में वृद्धि और प्रौद्योगिकी में निवेश ने उत्पादन को समर्थन दिया। कुल बिक्री को मुख्य रूप से घरेलू बाजार से गति मिली। हालांकि, निर्यात के नए ऑर्डर में भी वृद्धि हुई।

## सैमसंग ने विजन एआई टीवी के लिए 'प्लस' कैंपेन लॉन्च किया

नयी दिल्ली। सैमसंग ने अपने 'मेड फॉर इंडिया' प्लस कैंपेन की घोषणा की है। यह खास पहल भारतीय उपभोक्ताओं के लिए टीवी खरीदने के अनुभव को और भी फायदेमंद बनाती है। इस कैंपेन के तहत बड़ी स्क्रीन, स्मार्ट विजन एआई तकनीक, फ्री टीवी चैनल्स, एक्सटेंडेड वारंटी और आसान फाइनेंस विकल्प एक ही पैकेज में मिलेंगे। यह भविष्य की जरूरतों के लिए तैयार समाधान देने की सैमसंग की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। यह कैंपेन लगातार 19 वर्षों से दुनिया के नंबर-1 टीवी ब्रांड के रूप में सैमसंग की लीडरशिप पर आधारित है। इसके तहत उपभोक्ताओं को 'सैमसंग टीवी प्लस' के जरिये 150 से ज्यादा नेशनल और इंटरनेशनल फ्री चैनल्स मिलेंगे। इनमें मनोरंजन, फिल्में और खबरें बिना किसी सब्सक्रिप्शन या डाउनलोड के देखी जा सकेंगी। ये टीवी बड़ी स्क्रीन पर सजीव व्यूइंग अनुभव देते हैं। सैमसंग विजन एआई तकनीक के जरिये पिक्चर क्वालिटी को स्मार्ट तरीके से बेहतर बनाया जाता है। साथ ही, इनमें 7 साल तक ऑपरेटिंग सिस्टम अपग्रेड का सपोर्ट मिलेगा, जिससे आपका टीवी सालों-साल नए फीचर्स के साथ काम करता रहेगा। मेड फॉर इंडिया प्लस कैंपेन भारतीय उपभोक्ताओं की पसंद और उनकी उम्मीदों की हमारी गहरी समझ का नतीजा है।

## सैमसंग ने की भारत में 100% बीस्पोक एआई एयर कंडीशनर्स लाइनअप की घोषणा

नई दिल्ली। सैमसंग ने आज 100% बीस्पोक एआई विंडफ्री एयर कंडीशनर्स के अपने 2026 लाइनअप को लॉन्च किया। इस नई रेंज में अलग-अलग सेगमेंट में 23 मॉडल हैं, जिसमें 4 स्टार एयर कंडीशनर्स को भी शामिल किया गया है। यह नया लाइनअप भारतीय घरों और जलवायु परिस्थितियों को ध्यान में रखकर विशेष रूप से तैयार किया गया है, जिसमें एडवांस्ड एआई टेक्नोलॉजी, प्रीमियम डिजाइन और स्मार्ट कनेक्टिविटी का संगम है। ये प्रोडक्ट शानदार आरामदायक कूलिंग देता है, जिसमें इंटेलिजेंट कूलिंग, एनर्जी एफिशिएंसी और ूमिडिटी मैनेजमेंट के साथ-साथ प्रिवेंटिव मेंटेनेंस भी शामिल है। बीस्पोक एआई विंडफ्री रेंज सैमसंग के उस फोकस को दर्शाती है जो इनोवेशन के माध्यम से रोजमर्रा की जिंदगी को बेहतर बनाता है वह भी ज्यादा स्मार्ट, अधिक कुशल और सहज होम-कूलिंग अनुभव के साथ।

## पेज एक का शेष

### मेट्रो के

सरकार का अंश लगभग 1450 करोड रुपये का होगा। फेज 1बी की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) के अनुसार, लखनऊ की लाइन-2 की अनुमानित एलिवेटेड लंबाई 4.286 किमी होगी जिसमें वसंत कुंज - ठाकुरगंज के बीच 5 स्टेशन होंगे। वहीं भूमिगत लंबाई 6.879 किमी होगी जिसमें चारबाग- निवाजगंज के बीच 7 स्टेशन होंगे। यूपीएमआरसी ने अगस्त 2025 में इसके डीडीसी कॉन्ट्रैक्ट के लिए बोलियां आमंत्रित की थीं, जिसकी अनुबंध अवधि 60 महीने (5 वर्ष) निर्धारित की गई है। अक्टूबर में तकनीकी बोलियां खोली गईं जिसमें दो कंपनियां (आयशा और सिस्ट्रा और अरदानुय जेवी) सामने आईं। 21 जनवरी को वित्तीय बोली खोलने पर आयशा सबसे कम बोली लगाने वाली कंपनी के रूप में उभरी। डीडीसी का काम सिविल, आर्किटेक्चरल, इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल और ट्रैक्शन कार्यों का डिजाइन करना होगा। इसमें 4.29 किमी का एलिवेटेड हिस्से में रैंप और 5 स्टेशनों सहित काम शामिल है साथ ही 6.88 किमी का भूमिगत हिस्सा, 7 भूमिगत स्टेशनों सहित और वसंत कुंज में एक डिपो का डिजाइन शामिल है। यूपीएमआरसी ने डिटेल डिजाइन कंसलटेंट का चयन कर लिया है। यह फर्म मेट्रो रूट के कामर्शियल उपयोग, स्टेशन पर उपलब्ध होने वाली सेवाओं सहित इससे जुड़े कई बिन्दुओं पर अपनी रिपोर्ट देगी। यूपीएमआरसी ने 4.6 किलोमीटर के एलिवेटेड सेक्शन के साथ ठाकुरगंज, बालागंज, सरफराजगंज, मूसाबाग और बसंतकुंज स्टेशनों के निर्माण और बसंतकुंज डिपो में पांच लाइनों की क्षमता वाला 740 मीटर लंबा रैंप बनाने का टेंडर जारी कर दिया है। वहीं, इंटरचेंज भूमिगत स्टेशन चारबाग, गौतमबुद्धनगर, अमीनाबाद, पांडेयगंज, सिटी रेलवे स्टेशन, मेडिकल चौराहा और चौक के निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। इसके साथ ही डिपो का निर्माण भी होगा।

### राहुल ने

की। उन्होंने एक्स पर कहा, यह इन जिद्दी राहुल गांधी के वैचारिक दिवालियापन की पराकाष्ठा है। उन्होंने कहा, विदेशी धरती से देश और भारतीय सेना की छवि खराब करने के बाद, राहुल गांधी ने अब संसद के अंदर भी देश को बदनाम करना और भारत के बहादुर सैनिकों का अपमान करना शुरू कर दिया है। बलूनी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता ने न केवल संसद की गरिमा को कम किया, बल्कि अपने लगातार झूठे आरोपों और गुमराह करने वाले बयानों से बहादुर भारतीय सैनिकों का मनोबल भी गिराया। भाजपा सांसद ने कहा, राहुल गांधी को कैसे पता चला कि उस किताब में क्या लिखा है जो अभी तक प्रकाशित भी नहीं हुई है? इसके अलावा, लोकसभा अध्यक्ष द्वारा मना किए जाने के बावजूद, सदन में बार-बार उसी निराधार दावे को दोहराना न केवल आसन का अपमान है, बल्कि देश और सशस्त्र बलों का भी अपमान है। बलूनी ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि लोकसभा अध्यक्ष के बार-बार हस्तक्षेप के बावजूद गांधी बिना किसी सबूत के सदन के पटल से देश को गुमराह कर रहे थे। भाजपा नेता ने कहा, पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज नरवणे ने कई मंचों पर बताया है कि कैसे हमारे बहादुर सैनिकों ने डोकलाम में चीन को मुंहतोड़ जवाब दिया और उसे पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। भाजपा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री रवि शंकर प्रसाद ने निचले सदन में राहुल गांधी के व्यवहार की निंदा की और आरोप लगाया कि सेना को बदनाम करना और सैनिकों के आत्मविश्वास को कमजोर करना कांग्रेस नेता की यह आदत बन गई है। प्रसाद ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा, पूर्व सेना प्रमुख ने कई न्यूज चैनलों को बताया है कि भारतीय सैनिकों ने गलवान में चीन को मुहतोड़ जवाब दिया। उन्होंने यह भी कहा कि गलवान में भारत की एक इंच भी जमीन नहीं गई। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने आरोप लगाया, राहुल गांधी रिकॉर्ड में मौजूद तथ्यों का हवाला नहीं दे रहे, बल्कि एक ऐसी किताब पर राजनीति कर रहे हैं, जो कभी प्रकाशित ही नहीं हुई। इस मुद्दे पर तृणमूल कांग्रेस की सदस्य महुआ मोइत्रा और कल्याण बनर्जी, राजद सांसद मनोज झा और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव सहित कई विपक्षी नेताओं ने गांधी का समर्थन किया।

### दलाई लामा को

और लेखक ट्रेवर नोआ (इंटू द अनकट ग्रास), केतनजी ब्राउन जैक्सन (लवली वन) और कैथी गार्वर (एल्विस रॉकी एडं मी) जैसे नाम शामिल थे। पुरस्कार की घोषणा के बाद अपनी प्रतिक्रिया देते हुए आध्यात्मिक संत दलाई लामा ने अपनी चिर-परिचित सादगी और विनम्रता का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि मैं इस सम्मान को कृतज्ञता और विनम्रता के साथ स्वीकार करता हूं। मैं इसे किसी व्यक्तिगत उपलब्धि के रूप में नहीं, बल्कि हमारी साझा वैश्विक जिम्मेदारी की पहचान के रूप में देखता हूं। मेरा मानना है कि शांति, करुणा, पर्यावरण की देखभाल और मानवता की एकता को समझना आज दुनिया के आठ अरब लोगों की भलाई के लिए अनिवार्य है। दलाई लामा की कृति मेडिटेशंस महज एक किताब का पाठ नहीं, बल्कि यह आत्म-चिंतन और शांति की एक यात्रा है। इसमें उनके गहरे आध्यात्मिक चिंतन और प्रवचनों का संग्रह है। इसमें उनके द्वारा 'निर्देशित ध्यान और करुणा के दर्शन को आवाज दी गई है। इस ऑडियो नैरेशन का उद्देश्य भागदौड़ भरी जिंदगी में मानसिक शांति प्रदान करना है।

### दुनिया की

वर्षों में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में किए गए प्रयासों से यह सुनिश्चित हुआ है कि सरकारी नीतियां और योजनाएं केवल कागजों तक सीमित न रहें, बल्कि उनका स्पष्ट प्रभाव जमीनी स्तर पर दिखाई दे। उन्होंने कहा कि जब नीतियां स्पष्ट हों व संकल्प दृढ़ हो, तो परिणाम भी स्पष्ट होते हैं और वैश्विक आर्थिक मंच पर भारत की तेज प्रगति इसी स्पष्टता तथा दृढ़ इच्छाशक्ति को दर्शाती है। योगी ने कहा कि यह बजट सुधार, विकास और राजकोषीय अनुशासन का संतुलित दस्तावेज है, जो नए भारत के निर्माण के साथ-साथ उत्तर प्रदेश को विकास, निवेश और रोजगार के नए अवसर प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि आम बजट 2026-27 उत्तर प्रदेश को विकसित भारत-2047 के लक्ष्य में अग्रणी भूमिका निभाने में सक्षम बनाएगा। उन्होंने कहा कि बजट का सबसे महत्वपूर्ण और दूरगामी प्रभाव डालने वाला पहलू एसएमई के लिए 10,000 करोड़ रुपये के प्रावधान की घोषणा है। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश इस क्षेत्र में देश का नेतृत्व करता है और प्रदेश के पास देश का सबसे बड़ा एमएसएमई आधार है।

### धर्मांतरण कानून

प्रधान न्यायाधीश ने नयी जनहित याचिका को इसी मामले में दाखिल अन्य याचिकाओं के साथ संबद्ध करने का निर्देश देते हुए कहा कि तीन न्यायाधीशों की पीठ इन सभी पर एक साथ सुनवाई करेगी। केंद्र सरकार का पक्ष रखने के लिए पीठ के समक्ष उपस्थित हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि राज्य के कानूनों को चुनौती देने वाली इसी तरह की याचिकाएं लंबित हैं। उन्होंने कहा, हमारा जवाब तैयार है और जल्द ही दाखिल किया जाएगा।

अरोड़ा ने दलील दी कि ओडिशा और राजस्थान ने भी अपने अलग-अलग कानून बनाए हैं जिन्हें पूर्व में दाखिल याचिकाओं में चुनौती नहीं दी गई है। उन्होंने कहा, अन्य अधिनियमों में भी संशोधन किया गया है जिन्हें चुनौती नहीं दी गई है। मैं सभी स्थायी अधिवक्ताओं को नोटिस देना चाहती हूं। पीठ ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद कहा कि नोटिस जारी करें। प्रत्येक नोटिस की एक प्रति राज्यों के महाधिवक्ताओं को भी भेजी जाए। केंद्र और 12 राज्यों की ओर से चार सप्ताह के भीतर जवाबी हलफनामा दाखिल किया जाए। प्रतिवादी एक संयुक्त जवाबी हलफनामा दाखिल करें। मामले के महत्व के मद्देनजर इसे तीन न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष प्रस्तुत किया जाए। ईसाई निकाय का पक्ष रखने के लिए पेश हुईं अरोड़ा ने दलील दी कि कुछ राज्य कानून ऐसे हैं जो तथाकथित धर्मांतरण के खिलाफ सतर्कता समूहों को शिकायत करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं , और इसलिए कई शिकायतें दर्ज की जा रही हैं। सॉलिसिटर जनरल ने इन दलीलों का विरोध करते हुए कहा कि ये कानून उच्चतम न्यायालय की पांच न्यायाधीशों की पीठ के फैसले के दायरे में आते हैं। केंद्र के अलावा, पीठ ने राजस्थान, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, छत्तीसगढ़, अरुणाचल प्रदेश, गुजरात, झारखंड, उत्तराखंड, हरियाणा, मध्य प्रदेश, कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश को भी नोटिस जारी किए। शीर्ष अदालत ने 16 सितंबर, 2025 को कई राज्यों द्वारा पारित धर्मांतरण रोधी कानूनों पर रोक लगाने का अनुरोध करने वाली याचिकाओं पर संबंधित राज्यों से जवाब तलब किया था। पीठ ने स्पष्ट किया था वह ऐसे कानूनों के संचालन पर रोक लगाने की प्रार्थना पर जवाब मिलने के बाद विचार करेगी। शीर्ष अदालत कई राज्यों द्वारा पारित धर्मांतरण रोधी कानूनों की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है।

मामले में संवाद को सुव्यवस्थित करने के लिए शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता सृष्टि को और प्रतिवादी राज्यों की ओर से अधिवक्ता रुचिरा को नोडल अधिवक्ता नियुक्त किया है। इससे पहले, केंद्र ने अंतरधार्मिक विवाहों के कारण धर्मांतरण को विनियमित करने वाले विवादास्पद राज्य कानूनों को चुनौती देने में कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ के गैर सरकारी संगठन सिटीजन्स फॉर जस्टिस एंड पीस की ओर से याचिका दाखिल करने पर सवाल उठाया था।

### बजट से

वरिष्ठ नागरिकों और वंचित समुदायों के लिए की गई व्यवस्थाएं समान अवसर और सामाजिक न्याय की दिशा में ठोस कदम हैं। उन्होंने कहा कि टियर-2 और टियर-3 शहरों के सुदृढ़ीकरण से उत्तराखंड के प्रमुख नगरों में शहरी सुविधाओं का विस्तार होगा। प्रत्येक जिला में प्रस्तावित महिला छात्रावासों से शिक्षा और सुरक्षा के साथ महिला सशक्तिकरण को भी गति मिलेगी। सरल नीतियों और पारदर्शी शासन व्यवस्था से निवेश का माहौल और अधिक अनुकूल बनेगा। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि पर्यटन, आयुष, फार्मा, हथकरघा, खादी और स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन देकर राज्य की ग्रामीण और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती दी जाएगी। ग्रीन एनर्जी पर विशेष ध्यान उत्तराखंड जैसे पर्यावरण-संवेदनशील राज्य में हरित विकास और सतत रोजगार के नए अवसर सृजित करेगा। उन्होंने बताया कि 16वें वित्त आयोग से जुड़े प्रावधानों में उत्तराखंड के हितों को समुचित स्थान मिला है। केंद्र और राज्य सरकार के बीच निरंतर संवाद और सहयोग इस बजट में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है, जो सहकारी संघवाद की भावना को मजबूत करता है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026-27 उत्तराखंड को निवेश, रोजगार, निर्यात, कौशल विकास और शहरी अवसंरचना के क्षेत्रों में नई संभावनाओं से जोड़ेगा और राज्य के संतुलित, समावेशी तथा पर्यावरण-अनुकूल विकास की दिशा में एक निर्णायक अध्याय जोड़ने वाला सिद्ध होगा।

### यूपी के लिए बुलेट

को आधुनिक, सुरक्षित, तेज और यात्री-केंद्रित बनाने के साथ-साथ रोजगार, निवेश और क्षेत्रीय विकास को भी नई गति प्रदान करेंगी।

### एसआईआर

तरीके से मृत घोषित कर दिया गया और उन लोगों के परिजनों के सदस्य भी शामिल हैं जिनकी कथित तौर पर एसआईआर के कारण मृत्यु हो गई। पार्टी सूत्रों ने बताया कि विरोध के प्रतीक के रूप में बनर्जी और अन्य लोगों ने काली शॉल ओढ़ रखी थी और अभिषेक बनर्जी ने काला स्वेटर पहन रखा था।




# गुजरात व दिल्ली की नजरें फाइनल पर

## गुजरात जायंट्स के खिलाफ मजबूती से उतरेगी, दिल्ली कैपिटल्स, चौथी बार फाइनल में जाने का करेगी प्रयास

एजेंसी

वडोदरा। लगातार तीन बार उपविजेता रही दिल्ली कैपिटल्स की टीम महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के एलिमिनेटर मुकाबले में मंगलवार को यहां जब पहली बार प्लेऑफ में पहुंची गुजरात जायंट्स के खिलाफ उतरेगी तो उसकी कोशिश चौथी बार फाइनल में पहुंचने की होगी। डब्ल्यूपीएल के छोटे से इतिहास में सबसे निरंतर प्रदर्शन करने वाली टीमों में शामिल दिल्ली कैपिटल्स ने एक बार फिर लीग चरण को सफलतापूर्वक पार करते हुए शीर्ष तीन में जगह बनाई। इसके साथ ही वह अब तक के सभी चार सत्रों में प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने वाली एकमात्र टीम बन गई है। मौजूदा सत्र में हालांकि दिल्ली का अभियान उतार-चढ़ाव भरा रहा है, जिसमें दबदबे वाले प्रदर्शन के साथ-साथ गिरावट भी देखने को मिली। टीम ने अब तक चार मैच जीते हैं और उसे इतने में हार का सामना करना पड़ा है। दिल्ली की गेंदबाजी की अगुवाई तेज गेंदबाज नंदिनी शर्मा ने की है।

मौजूदा सत्र में 14 विकेट लेने वाली इस गेंदबाज ने आखिरी ओवरों में काफी प्रभावित किया है। उन्हें बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरनी (14 विकेट) का अच्छा साथ मिला है, जबकि दक्षिण अफ्रीका की अनुभवी हरफनमौला मारिजेन कैप (10 विकेट) ने गेंदबाजी में नियंत्रण और भरोसेमंद प्रदर्शन जारी रखा है। बल्लेबाजी में कैप की हमवतन लौरा वोल्वार्ट (241 रन) और लिजेल ली (240 रन) ने शीर्ष क्रम में मजबूती प्रदान की है। भारतीय सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (208 रन) के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी हालांकि चिंता का विषय बनी हुई है। पिछले मैच में कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स ने दबाव की स्थिति में अपनी फॉर्म दोबारा हासिल की। वह इससे पहले पूरे सत्र में निरंतरता के लिए जूझती नजर आई थीं। गुजरात जायंट्स की टीम दूसरी ओर एलिमिनेटर में जबरदस्त आत्मविश्वास के साथ उतरेंगी। उन्होंने लगातार तीन मैचों की हार के बाद शानदार वापसी करते हुए जीत की हैट्रिक लगाई। टीम ने इस दौरान गत चैंपियन मुंबई इंडियंस के खिलाफ 11 रन की अहम जीत भी हासिल की। यह दो बार की चैंपियन टीम के खिलाफ उनकी पहली जीत थी। टीम ने इस जीत से ही नॉकआउट में अपनी जगह



पक्की की। लीग चरण के दोनों मुकाबलों में दिल्ली कैपिटल्स को हराने से भी गुजरात को आत्मविश्वास मिलेगा। इन दोनों मैचों में न्यूजीलैंड की अनुभवी खिलाड़ी सोफी डिवाइन ने निर्णायक भूमिका निभाई थी। डिवाइन इस टूर्नामेंट की सबसे शानदार खिलाड़ी रही हैं। वह आठ मैचों में 17 विकेट लेकर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज हैं।

उन्होंने इसके साथ ही दो अर्धशतक की मदद से 237 रन भी बनाये हैं। डिवाइन का हरफनमौला प्रदर्शन गुजरात जायंट्स के लिए सबसे बड़ा हथियार रहा है और पहली बार फाइनल में पहुंचने की उनकी उम्मीदों में उनकी भूमिका एक बार फिर अहम होगी। गुजरात को जॉर्जिया वेयरहैम की लय में वापसी से भी मजबूती मिली है। उन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 26 गेंदों में नाबाद 44 रन की आक्रामक पारी से टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। टीम को ऑस्ट्रेलिया की दिग्गज बेथ मूनी और कप्तान एश्ले गार्डनर से भी अहम योगदान की उम्मीद होगी। एलिमिनेटर का विजेता पांच फरवरी को होने वाले फाइनल में पूर्व चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से भिड़ेगा। मैच शाम 07:30 बजे शुरू होगा।

वहीं दूसरी ओर कप्तान शारदुल ठाकुर और भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को छह फरवरी से यहां कर्नाटक के खिलाफ होने वाले रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के लिए सोमवार को मुंबई की टीम में शामिल किया गया। मुंबई की टीम चार जीत और तीन ड्रॉ से एलीट ग्रुप डी में शीर्ष पर रही जबकि कर्नाटक ने ग्रुप ए के अपने अंतिम लीग मैच में पंजाब पर रोमांचक जीत की बदौलत अंतिम आठ में जगह बनाई। मुंबई और कर्नाटक के बीच क्वार्टर फाइनल छह से 10 फरवरी तक यहां एमसीए-बीकेसी मैदान पर खेला जाएगा क्योंकि वानखेड़े स्टेडियम सात फरवरी से शुरू हो रहे टी20 विश्व कप के मुकाबलों की मेजबानी करेगा। रणजी ट्रॉफी के मौजूदा सत्र में जायसवाल दूसरी बार मुंबई के लिए खेलते हुए नजर आएंगे।

### तिलक और मयंक यादव टी20 अभ्यास मुकाबलों के लिए भारत ए टीम में

मुंबई। आक्रामक बल्लेबाज तिलक वर्मा को सोमवार को टी20 विश्व कप के अभ्यास मुकाबलों के लिए भारत ए टीम में शामिल किया गया जबकि लंबे समय तक चोट के कारण बाहर रहने के बाद तेज गेंदबाज मयंक यादव की भी टीम में वापसी हुई। तिलक को ग्रोइन की चोट से पूरी तरह उबरने के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) से खेलने की स्वीकृति मिल गई है। वह सीनियर राष्ट्रीय टीम में फिर से शामिल होने से पहले दो अभ्यास मैच में से एक में खेलेंगे। यह बाएं हाथ का बल्लेबाज न्यूजीलैंड के खिलाफ हाल ही में हुई टी20 श्रृंखला में नहीं खेल पाया था जिसमें श्रेयस अय्यर को उनकी जगह मौका दिया गया था। बीसीसीआई ने टीम की घोषणा करते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, तिलक वर्मा सीनियर टीम में शामिल होने से पहले एक अभ्यास मैच खेलेंगे। भारत ए की टीम सोमवार को नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में अमेरिका से भिड़ेगी जबकि शुक्रवार को बेंगलुरु के सीओई में नामीबिया का सामना करेगी। आयुष बडोनी 15 सदस्यीय भारत ए टीम की कप्तानी करेंगे जिसमें नमन धीर, विपराज निगम और रियान पराग भी शामिल हैं। मयंक स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण एक साल से अधिक समय से टीम से बाहर थे। गत चैंपियन भारत सात फरवरी को टी20 विश्व कप के पहले दिन अमेरिका के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा।

## हरमनप्रीत, मंधाना व दिव्या बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्स वुमन अवाड्‌र्स के लिए नामांकित

नयी दिल्ली। भारत की महिला विश्व कप 2025 की ऐतिहासिक जीत में अहम भूमिका निभाने वाली कप्तान हरमनप्रीत कौर और उप-कप्तान स्मृति मंधाना तथा शतरंज की प्रतिभाशाली खिलाड़ी दिव्या देशमुख 2025 बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्सवुमन ऑफ द ईयर पुरस्कारों के लिए नामांकित हैं। पिस्टल निशानेबाजी में सनसनी मचाने वाली सुरुचि सिंह और ट्रैक एवं फील्ड एथलीट ज्योति याराजी इस प्रतिष्ठित वार्षिक पुरस्कार के लिए नामांकित अन्य दो खिलाड़ी हैं।

बीबीसी न्यूज की अंतरिम वैश्विक निदेशक फियोना क्रैक ने एक विज्ञप्ति





में कहा इंडियन स्पोर्ट्सवुमन ऑफ द ईयर पुरस्कार पूरे भारत में महिलाओं की खेल प्रतिभाओं के एक वर्ष का प्रतीक है और बीबीसी विश्व सेवा अन्य किसी भी मीडिया प्रदाता की तुलना में इन प्रयासों को प्रदर्शित करने और उनका जश्न मनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा हम इन महिलाओं को भारत और दुनिया भर के दर्शकों के सामने अपनी मेहनत से हासिल की गई उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करके रोमांचित हैं। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत ने नवंबर 2025 में देश को आईसीसी महिला विश्व कप का पहला खिताब दिलाया था। उन्होंने घरेलू सरजमीं पर खेले गये विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में 339 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए 88 गेंदों में 89 रनों की शानदार पारी खेली।

हरमनप्रीत की 2017 में इसी प्रतिद्वंदी के खिलाफ एक अन्य विश्व कप सेमीफाइनल में 171 रनों की नाबाद पारी को आज भी महिला क्रिकेट की महानतम पारियों में से एक माना जाता है। उन्हें टाइम पत्रिका की 2023 की शीर्ष 100 उभरते नेतृत्वकर्ताओं की सूची और बीबीसी की 100 सबसे प्रेरणादायक महिलाओं की सूची में शामिल किया गया है। इसी टीम की उप कप्तान 29 साल की मंधाना पहले से ही क्रिकेट के सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में अपना नाम दर्ज करा चुकी हैं।

## संक्षेप

### अनाहत ने वॉशिंगटन में जीता पीएसए कांस्य का खिताब

नयी दिल्ली। भारतीय युवा स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह ने शीर्ष वरीयता प्राप्त और दुनिया की 10वें नंबर की खिलाड़ी इंग्लैंड की जॉर्जिना केनेडी को 12 .10, 11 .5, 11 .7 से हराकर वॉशिंगटन में पीएसए कांस्य स्तर का खिताब जीता। विश्व रैंकिंग में 31वें स्थान पर काबिज 15 वर्ष की अनाहत ने स्क्वाश आन फायर ओपन जीता जो उनके कैरियर का 15वां खिताब है। जीत के बाद उसने कहा, मैं बहुत खुश हूं। मैं इन टूर्नामेंटों में अच्छा प्रदर्शन करके अपनी रैंकिंग बेहतर करना चाहती थी। मुझे खुशी है कि ऐसा कर सकी।

### चैंपियनशिप: बांग्लादेश के खिलाफ हारा भारत

पोखरा (नेपाल)। भारतीय अंडर-17 महिला राष्ट्रीय टीम को सोमवार को यहां पोखरा रंगशाला स्टेडियम में सैफ अंडर-19 महिला चैंपियनशिप 2026 में बांग्लादेश के खिलाफ 0-2 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। बांग्लादेश के लिए दोनों गोल पहले हाफ में अर्पिता बिश्वास (29वें मिनट) और अल्पी अख्तर (40वें मिनट) ने दागे।

## भारत-पाक मैच के बहिष्कार पर आईसीसी की चेतावनी

एजेंसी

नयी दिल्ली। बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने सोमवार को कहा कि टी20 विश्व कप में भारत के खिलाफ 15 फरवरी को कोलंबो में होने वाले मैच के बहिष्कार के गंभीर परिणाम की पाकिस्तान को चेतावनी देकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने सही किया। पाकिस्तान के फैसले की जानकारी आधिकारिक सरकारी बयान के मार्फत मिली जिसे टूर्नामेंट से बांग्लादेश को बाहर किये जाने के राजनीतिक विरोध के रूप में देखा जा रहा है। आईसीसी ने सुरक्षा कारणों से बांग्लादेश के मैच भारत से हटाकर श्रीलंका में कराने से इनकार किया था। आईसीसी ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चेता दिया है कि इस मैच के बहिष्कार के गंभीर परिणाम हो सकते हैं और यह फैसला खेल के हित में नहीं है। शुक्ला ने पत्रकारों से कहा आईसीसी ने इस मामले पर बड़ा बयान दे दिया है। इसमें खेल भावना की अहमियत को बताया गया है। हम आईसीसी से सहमत हैं। जब तक आईसीसी से बात नहीं हो जाती, बीसीसीआई कोई बयान नहीं देगा।

विवाद की शुरूआत बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान को बीसीसीआई के निर्देश पर आईपीएल से बाहर करने के फैसले के बाद हुई। इसके बाद बांग्लादेश ने सुरक्षा कारणों से भारत आने से इनकार कर दिया। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा, यह शर्मनाक है कि दोनों तरफ खेल का राजनीतिकरण हो रहा है। मुझे नहीं लगता कि मुस्ताफिजुर का कोलकाता में खेलने का करार रद्द किया जाना चाहिये था। यह राजनीति का दुर्भाग्यपूर्ण दखल है। थरूर ने कहा मुझे लगता है कि बांग्लादेश की प्रतिक्रिया अतिरंजित थी, लेकिन यह उसी बात का नतीजा भी है और पाकिस्तान बांग्लादेश के साथ अपनी एकजुटता दिखाने की कोशिश कर रहा है।

यह पूरी बात नियंत्रण से बाहर होती जा रही है। उन्होंने कहा मेरा मानना है कि सभी संबंधित पक्षों को तुरंत एक दूसरे से संपर्क करना चाहिये जिसके लिये आईसीसी मंच हो सकता है। इस बकवास को यहीं खत्म करें। हमेशा ऐसा नहीं चल सकता। भारत और

**टी20 विश्व मैच**

पाकिस्तान का मैच नहीं होने पर मेजबान प्रसारक को 200 से 250 करोड़ रूपये का नुकसान हो सकता है चूंकि इसके बीच 10 सेकंड के विज्ञापन की दर 40 लाख रूपये तक है। वॉकओवर मिलने पर भारत को पूरे अंक मिलेंगे जबकि आईसीसी पीसीबी पर वित्तीय दंड लगा सकता है।

### आईसीसी को पाकिस्तान पर कार्रवाई करनी चाहिये : गावस्कर, भज्जी

नयी दिल्ली। भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का अनुमान है कि पाकिस्तान यू टर्न लेगा लेकिन उन्होंने कहा कि भारत के खिलाफ 15 फरवरी को टी20 विश्व कप के मैच का बहिष्कार करने पर आईसीसी को उसके खिलाफ कानूनी कार्वाई करनी चाहिये। पाकिस्तान सरकार ने फैसला किया है कि उसकी टीम कोलंबो में भारत के खिलाफ यह मैच नहीं खेलेगी और इसका कोई आधिकारिक कारण भी नहीं दिया। ऐसा माना जा रहा है कि बांग्लादेश के साथ एकजुटता दिखाने के लिये यह कदम उठाया गया है। बांग्लादेश को विश्व कप से बाहर कर दिया गया है जिसने सुरक्षा कारणों से भारत में खेलने से इनकार किया था। गावस्कर ने इंडिया टुडे से कहा मुझे लगता है कि अगले चार या पांच दिन में दुनिया भर से प्रतिक्रिया आने लगेगी तो संभव है कि पाकिस्तान अपना फैसला बदल ले। टूर्नामेंट सात फरवरी से शुरू होगा और पाकिस्तान को सारे मैच श्रीलंका में खेलने हैं। गावस्कर ने कहा, इसमें क्या नया है। हम सभी को पता है कि पाकिस्तानी क्रिकेटर रिटायर होते हैं और चार दिन बाद फैसला बदलकर कहते हैं कि हमारे प्रशंसकों ने और खेलने के लिये कहा है।

### फार्मूला वन फिर शुरू करना चाहता है खेल मंत्रालय

नयी दिल्ली। खेल मंत्रालय भविष्य में बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर फार्मूला वन फिर शुरू करने का इच्छुक है और 2013 में आखिरी बार भारत में हुई रेस फिर शुरू करने के लिये ट्रैक अधिकारियों से बातचीत का सिलसिला शुरू हो चुका है। मंत्रालय के एक सूत्र ने बताया कि खेलमंत्री मनसुख मांडविया पिछले सप्ताह ग्रेटर नोएडा में ट्रैक का दौरा कर चुके हैं। उन्होंने यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिकारियों से बात भी की है जिसने अब दिवालिया को चुके ट्रैक के मालिक जेपी समूह से परिसर अपने नियंत्रण में ले लिया है। अडानी समूह जेपी समूह खरीदने की दौड़ में है और अगर ऐसा हो गया तो भारत में रेस को वापिस लाने की कोशिशों को बल मिलेगा। अब खेल मंत्रालय ने भी इसमें रूचि दिखाई है तो संभावनायें बढ गई है। भारत में 2011 से 2013 तक यह रेस हुई और फिर कर तथा नौकरशाही से जुड़े मसलों के कारण इसे फार्मूला वन कैलेंडर से बाहर कर दिया गया। सूत्र ने कहा खेलमंत्री ने पिछले सप्ताह ग्रेटर नोएडा में ट्रैक का दौरा किया और बुनियादी ढांचे से वह काफी प्रभावित हैं। उन्होंने प्रमोटरों से बात भी की कि रेस दोबारा कब शुरू हो सकती है। उन्होंने ट्रैक मालिकों से किसी खेल प्रबंधन कंपनी को दो तीन साल या कानूनी मामला खत्म होने तक ट्रैक सौंपने के लिये कहा।

## फेड कप : राष्ट्रमंडल खेलों का आखिरी चयन स्पर्धा से

एजेंसी

तिरुवनंतपुरम। रांची में 22 से 25 मई तक होने वाली सीनियर राष्ट्रीय फेडरेशन प्रतियोगिता 23 जुलाई से शुरू होने वाले ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों के लिए देश के ट्रैक एवं फील्ड एथलीटों के चयन की आखिरी प्रतियोगिता होगी।

भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने सोमवार को यहां 2026 राष्ट्रमंडल खेलों के लिए ट्रैक एवं फील्ड की क्वालीफिकेशन मानकों की घोषणा करते हुए कहा कि ग्लासगो में होने वाले सीमित स्तर के खेलों में कम संख्या में एथलीट हिस्सा लेंगे। एएफआई की वरिष्ठ उपाध्यक्ष अंजू बॉबी जॉर्ज ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, राष्ट्रमंडल खेलों आयोजन



समिति के प्रोटोकॉल के अनुसार एथलेटिक्स टीम की संख्या 32 से अधिक नहीं हो सकती। इसमें 16 महिला एथलीट शामिल होंगी। उन्होंने कहा कि ग्लासगो सत्र में ट्रैक एवं फील्ड की सीमित स्पर्धाएं होंगी, इसलिए एएफआई मई में अपनी-अपनी स्पर्धाओं में क्वालीफिकेशन मानक हासिल करने वाले एथलीटों में से ही टीम का चयन करेगा। पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ के राष्ट्रीय रिकार्डधारी तेजस शिर्से और महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ की धाविका ज्योति याराजी जैसे भारत के शीर्ष खिलाड़ियों को हालांकि क्वालीफिकेशन मानकों को हासिल करना मुश्किल हो सकता है। पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ का क्वालीफिकेशन मानक 13.39 सेकंड रखा गया है, जबकि शिर्से का राष्ट्रीय रिकॉर्ड 13.41 सेकंड है। इसी तरह महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ का मानक 12.67 सेकंड है।

## टीम का माहौल अच्छा व जीत का यकीन : सविता



एजेंसी

नयी दिल्ली। अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया ने स्वीकार किया कि अगले महीने हैदराबाद में होने वाला महिला हॉकी विश्व कप क्वालीफायर भारतीय टीम के लिये करो या करो की तरह है लेकिन उन्हें यकीन है कि कोच शोर्ड मारिन की टीम जीत के साथ इस चुनौतीपूर्ण वर्ष का आगाज करेगी। इस साल पद्मश्री सम्मान के लिये चुनी गई सविता ने भाषा को दिये इंटरव्यू में कहा हमारी टीम पहले भी अच्छी थी और आज भी अच्छी है।

हमने जो ट्रेनर मांगा, वह हमे मिला और जो कोच चाहा, वह भी मिला और टीम का माहौल बहुत अच्छा है। तीन सौ से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुकी इस गोलकीपर ने कहा पूरी टीम को पता है कि विश्व कप क्वालीफायर हमारे लिये करो या मरो की तरह है लेकिन इतना यकीन है कि हमें उस तरह की हॉकी खेलनी आती है कि इसे जीत सकें। एशिया कप के जरिये अगस्त में बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले

**मनचाहा कोच और ट्रेनर मिला**

विश्व कप के लिये सीधे क्वालीफाई करने में नाकाम रही भारतीय टीम को अब हैदराबाद में आठ से 14 मार्च तक क्वालीफायर खेलना होगा जिसमें इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, कोरिया, इटली, उरूग्वे वेल्स और आस्ट्रिया भी शामिल है। प्रत्येक क्वालीफायर में शीर्ष तीन टीमें विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी, साथ ही दोनों प्रतियोगिताओं में चौथे स्थान पर रहने वाली उच्च रैंकिंग वाली टीम भी क्वालीफाई करेगी। आगे की चुनौतियों के बारे में उन्होंने कहा कि प्रो लीग के लिये क्वालीफाई करना बहुत जरूरी है जिसके लिये नेशंस कप जीतना होगा। उन्होंने कहा प्रो लीग से बाहर होना बड़ा झटका है और अब नेशंस कप जीतकर इसके लिये क्वालीफाई करना है। हम इसके जरिये विश्व की शीर्ष आठ टीमों के खिलाफ खेल सकते हैं जिससे काफी अच्छा अनुभव मिलता है। पैतीस वर्ष की इस पूर्व कप्तान ने कहा इस साल विश्व कप और एशियाई खेल भी हैं। दोनों टूर्नामेंटों के बीच में काफी कम समय है लिहाजा फिटनेस पर काम करना होगा।

एशियाई खेलों में रजत और कांस्य है लेकिन अब नजरें स्वर्ण पर है ताकि लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिये सीधे क्वालीफाई कर सकें। उन्होंने कहा एशियाई खेलों में चीन से चुनौती मिलेगी लेकिन हमें उनकी और अपनी ताकत पता है। हमें विरोधी टीम की नहीं बल्कि अपनी ताकत पर फोकस करना है और इसी फलसफे से हमने नेशंस कप जीतकर प्रो लीग के लिये क्वालीफाई किया था और आगे भी करेंगे। तोक्यो ओलंपिक 2021 में चौथे स्थान पर रहने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम के प्रदर्शन में पिछले साल आई गिरावट के लिये सविता ने फिटनेस के खराब स्तर को कसूरवार ठहराया।

## खेलमंत्री मांडविया ने माय भारत बजट क्वेस्ट 2026 लांच



नयी दिल्ली। राष्ट्रीय आर्थिक चर्चा और विकास प्राथमिकताओं में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने और आम बजट को लेकर उनकी समझ बेहतर बनाने के लिये खेल मंत्रालय ने सोमवार को राष्ट्रीय स्तर पर माय भारत बजट क्वेस्ट 2026 शुरू किया जिसमें विजेता को विकसित भारत के विजन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संवाद का मौका मिलेगा।

खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने पत्रकारों से कहा इस साल बजटीय भाषण के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद के दौरान युवाओं द्वारा दिये गए सुझावों की सराहना की और बताया कि कुछ सुझावों को 2026 . 27 के आम बजट में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा माय भारत बजट क्वेस्ट 2026 के जरिये हम देश के युवाओं की आवाज को मजबूती देने की कोशिश जारी रखेंगे। मांडविया ने बताया कि इस प्रतिस्पर्धा की शुरूआत तीन फरवरी से माय भारत प्लेटफॉर्म पर राष्ट्रीय स्तर के आनलाइन क्विज के जरिये होगी जो आम बजट पर केंद्रित होगा। उन्होंने कहा इसमें भागीदारी के लिये 17 फरवरी तक की समय सीमा है और युवा माय भारत पोर्टल पर रजिस्टर कर सकते हैं। इसमें बजट पर आधारित 30 सवाल पूछे जायेंगे।

उन्होंने आगे बताया कि प्रत्येक राज्य और केंद्रशासित प्रदेश से विजेताओं को 17 फरवरी से तीन मार्च तक दूसरे दौर में भाग लेने का मौका मिलेगा जिसमें निबंध लेखन होगा। उन्होंने कहा इसमें युवाओं को विकसित भारत के विजन के साथ बजट से जुड़े आठ विषय दिये जायेंगे जिनमें से चुनकर एक पर उन्हें निबंध लिखना होगा। खेलमंत्री ने बताया कि दस मार्च को प्रदेश और केंद्रशासित प्रदेश स्तर पर मेरिट सूची जारी की जायेगी। उन्होंने बताया, विजेताओं को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से विकसित भारत बजट के विजन पर संवाद का मौका मिलेगा।



# बजट में वृद्धि को गति देने को निवेश पर जोर

## घाटे का लक्ष्य बताता है सरकार की प्राथमिकता : निर्मला सीतारमण

एजेंसी



नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि केंद्रीय बजट में आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए निवेश को प्राथमिकता दी गई है और राजकोषीय घाटे की स्थिति से पता चलता है कि सरकार की प्राथमिकता वृद्धि है। सीतारमण ने वित्त वर्ष 2026-27 का बजट पेश करने के एक दिन बाद संवाददाताओं से बातचीत में यह भी कहा कि सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव वैश्विक अनिश्चितता के कारण है और कई केंद्रीय बैंक पीली धातु में निवेश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, इससे यह भी पता चलता है कि निवेशकों को किसी एक विशेष मुद्रा पर भरोसा नहीं है और इसीलिए सोने की खरीदारी में होड़ मची है।

वायदा एवं विकल्प खंड में प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) में वृद्धि के बारे में वित्त मंत्री ने कहा कि यह सट्टेबाजी वाले वायदा एवं विकल्प कारोबार में कदम रखने वालों को हतोत्साहित करने के लिए है। बजट में वायदा अनुबंधों पर एसटीटी (प्रतिभूति सौदा कर) को 0.02 प्रतिशत से बढ़ाकर 0.05 प्रतिशत करने का प्रस्ताव है। विकल्प प्रीमियम और विकल्प उपयोग पर एसटीटी को मौजूदा क्रमशः 0.1 प्रतिशत और 0.125 प्रतिशत से बढ़ाकर 0.15 प्रतिशत करने का प्रस्ताव है। सेबी के अध्ययन के अनुसार, वायदा एवं विकल्प खंड में खुदरा निवेशकों के 90 प्रतिशत से अधिक सौदों में नुकसान होता है।

### सरकार बजट सत्र के दूसरे चरण में आईबीसी संशोधन विधेयक पेश करेगी : सीतारमण

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि सरकार की नौ मार्च से शुरू होने वाले बजट सत्र के दूसरे चरण में दिवाला एवं ऋण शोधन अक्षमता संहिता विधेयक, 2025 पेश करने की योजना है। संसदीय समिति ने अपनी रिपोर्ट दे दी है। दिवाला कानून में प्रस्तावित संशोधन समयबद्धता और दक्षता को और बेहतर बनाने में मदद करेंगे। साथ ही भारत की ज्ञ ण शोधन व्यवस्था को वैश्विक सर्वोत्तम गतिविधियों के अनुरूप बनाएंगे। उन्होंने लोकसभा में बजट 2026-27 पेश करने के एक दिन बाद मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि संसदीय समिति ने दिवाला एवं ज्ञ ण शोधन अक्षमता संहिता से संबंधित प्रस्तावित कानून पर अपनी रिपोर्ट दे दी है।

# गोयल ने एनएसई के सीईओ, उद्योग प्रतिनिधियों के साथ बैठक की



नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को मुंबई में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आशीष कुमार चौहान के साथ बजट 2026-27 के समग्र लाभों पर चर्चा के लिए बैठक की। इस बैठक में म्यूचुअल फंड और परिसंपत्ति प्रबंधन उद्योग से जुड़े निवेशक और प्रमुख उद्योग प्रतिनिधि भी शामिल हुए।

गोयल ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, एनएसई में आयोजित यह बैठक बेहद उपयोगी और संवादपूर्ण रही। बजट के बाद उद्योग जगत में दिख रही आशावादिता, इससे मिलने वाले वृद्धि अवसरों से जुड़ा उत्साह और बैठक में सामने आए नए विचार और सुझाव उत्साहजनक हैं। यह बैठक वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) में बढ़ोतरी से जुड़ा प्रस्ताव रखे जाने के एक दिन बाद हुई है। बजट में वायदा अनुबंधों पर एसटीटी को 0.02 प्रतिशत से बढ़ाकर 0.05 प्रतिशत करने का प्रस्ताव रखा गया है।

वहीं, विकल्प प्रीमियम पर एसटीटी 0.10 प्रतिशत से बढ़ाकर 0.15 प्रतिशत और विकल्प सौदे करने पर 0.125 प्रतिशत से बढ़ाकर 0.15 प्रतिशत कर लगाने का प्रस्ताव है। सरकार को वित्त वर्ष 2026-27 में एसटीटी से 73,700 करोड़ रुपये का राजस्व मिलने की उम्मीद है। हालांकि, शेयर बाजार को यह बजट घोषणा पसंद नहीं आई और रविवार को दोपहर के सत्र में बीएसई सेंसेक्स 2,370.36 अंक यानी 2.88 प्रतिशत टूटकर 79,899.42 पर आ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 748.9 अंक यानी 2.95 प्रतिशत गिरकर 24,571.75 पर आ गया था।


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

गणतंत्र दिवस, बसंत पंचमी एवं महाशिवरात्रि के अवसर पर सभी सम्मानित जनता को हार्दिक शुभकामनाएं
भारत भूषण जायसवाल
खण्ड शिक्षा अधिकारी
विकास खंड ब्रम्हपुर, गोरखपुर

विकास खण्ड क्षेत्र गोला की समस्त सम्मानित जनता को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
दिवाकर सिंह — खण्ड विकास अधिकारी
संजय कुमार — एडीओ पंचायत
विकास खंड ब्रम्हपुर, गोरखपुर

गणतंत्र दिवस, बसंत पंचमी एवं महाशिवरात्रि के अवसर पर सभी सम्मानित जनता को हार्दिक शुभकामनाएं
राधा मोहन सिंह
पूर्व जिला उपाध्यक्ष-हिंदू युवा वाहिनी, गोरखपुर
प्रबंधक
लीलावती सिंह स्मारक इंटर कॉलेज
भैसहा-गगहा, गोरखपुर

गणतंत्र दिवस, बसंत पंचमी एवं महाशिवरात्रि के अवसर पर सभी सम्मानित जनता को हार्दिक शुभकामनाएं
अरविंद कुमार
ग्राम पंचायत अधिकारी
विकास खंड-सरदार नगर
(गोरखपुर)
अनिरुद्ध प्रसाद
ग्राम प्रधान-बरही
विकास खंड-सरदार नगर
(गोरखपुर)






गणतंत्र दिवस, बसंत पंचमी एवं महाशिवरात्रि के अवसर पर सभी सम्मानित जनता को हार्दिक शुभकामनाएं
विनोद कुमार सिंह
प्रोपराइटर
अंशिका वस्त्रालय
बरगदवा, गोरखपुर

गणतंत्र दिवस, बसंत पंचमी एवं महाशिवरात्रि के अवसर पर सभी सम्मानित जनता को हार्दिक शुभकामनाएं
मोनू मोदनवाल
प्रोपराइटर-न्यू अंशु मोबाइल शॉप
पता- केडीआर शॉपिंग काम्प्लेक्स
(निकट-पुरानी पुलिस चौकी) कौड़ीराम, गोरखपुर।
मोबाइल नं-7755088808
नोट - हमारे यहां ब्रांडेड मोबाइल एसेसरीज के होलसेल एवं फुटकर विक्रेता एवं मोबाइल रिपेयरिंग की सुविधा उपलब्ध






गणतंत्र दिवस, बसंत पंचमी एवं महाशिवरात्रि के अवसर पर सभी सम्मानित जनता को हार्दिक शुभकामनाएं
अखिलानंद यादव
ग्राम पंचायत अधिकारी
विकास खंड-सरदार नगर
जिला-गोरखपुर

गणतंत्र दिवस, बसंत पंचमी एवं महाशिवरात्रि के अवसर पर सभी सम्मानित जनता को हार्दिक शुभकामनाएं
अमरजीत सिंह
प्रबंधक
अमर सिंह पब्लिक स्कूल
पता. करमौरा, गोरखपुर

गणतंत्र दिवस, बसंत पंचमी एवं महाशिवरात्रि के अवसर पर सभी सम्मानित जनता को हार्दिक शुभकामनाएं
संजय मोदनवाल
प्रोपराइटर-रिद्धि-सिद्धि स्वीट हाउस,
(अंडरपास के बगल में)
करवल-मझगांवा, गगहा, गोरखपुर। एवं
प्रधान पद प्रत्याशी
ग्राम सभा-करवल मझगांवा
विकास खण्ड-गगहा (गोरखपुर)

गणतंत्र दिवस, बसंत पंचमी एवं महाशिवरात्रि के अवसर पर सभी सम्मानित जनता को हार्दिक शुभकामनाएं
राकेश यादव
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत-मिश्रौलिया
विकास खंड-ब्रम्हपुर
(गोरखपुर)

विकास खण्ड क्षेत्र-सहजनवां की समस्त सम्मानित जनता को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
हेमन्त सिंह
ग्राम पंचायत अधिकारी
विकास खंड-सहजनवा
जिला-गोरखपुर

गणतंत्र दिवस, बसंत पंचमी एवं महाशिवरात्रि के अवसर पर सभी सम्मानित जनता को हार्दिक शुभकामनाएं
डा अभिमन्यु यादव
टिकरीया गीरमीट
चौराहा, गोरखपुर

गणतंत्र दिवस, बसंत पंचमी एवं महाशिवरात्रि के अवसर पर सभी सम्मानित जनता को हार्दिक शुभकामनाएं
बी. के. सिंह
प्रबंधक
राधिका महाविद्यालय
करवल-मंझगांवा, गगहा (गोरखपुर)






गणतंत्र दिवस, बसंत पंचमी एवं महाशिवरात्रि के अवसर पर सभी सम्मानित जनता को हार्दिक शुभकामनाएं
बालेश्वर यादव
भावी प्रत्याशी
जिला पंचायत सदस्य
वार्ड नंबर 6 (गोरखपुर)

गणतंत्र दिवस, बसंत पंचमी एवं महाशिवरात्रि के अवसर पर सभी सम्मानित जनता को हार्दिक शुभकामनाएं
अनिल शाही
ग्राम प्रधान-ग्राम पंचायत-डिहुलपार, गेरूआखोर
विकास खण्ड-गगहा
(गोरखपुर)

गोला क्षेत्र की समस्त सम्मानित जनता को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शुभांगी मिश्रा — जिला कोषाध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा गोरखपुर एवं प्रबन्धक-मां सरयू इण्डेन गैस सर्विस गोला बाजार, गोरखपुर
राजू वर्मा — व्यवसायी व समाजसेवी सौजन्य से राजू वर्मा ज्वैलर्स निकट सराय चौक नगर पंचायत गोला बाजार, गोरखपुर
कमलेश मिश्रा — ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत देईडिहा विकास खण्ड गोला, गोरखपुर
राम प्रकाश मौर्य — संस्थापक
विन्ध्यवासिनी देवी — प्रबंधक शिवपूजन मौर्य सेन्ट्रल अकादमी देईहिडहा, गोला, गोरखपुर
सत्यप्रकाश तिवारी — प्रबन्धक प्रभु परशुराम सेवा संस्थान, सडसडा खुर्द (तरयापार) विकास खण्ड, गोला गोरखपुर

आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
शशिभूषण राय
उर्फ मुन्नू राय
प्रोपराइटर- राय ट्रेडर्स
पता - अतायर मोड़, करवल मझगांवा, गोरखपुर।






आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
प्रदीप निषाद
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत- बिठुवा
विकास खण्ड- गगहा, गोरखपुर।

आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
संजय मोदनवाल
ग्राम प्रधान प्रत्याशी
ग्राम पंचायत- करवल मझगांवां विकास खण्ड- गगहा, गोरखपुर।

आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
विनोद मिश्रा
प्रधान प्रत्याशी
ग्राम पंचायत- बरईपार
विकास खण्ड- गगहा (गोरखपुर)


Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceofllucknow@gmail.com